बौद्धभारतीग्रन्थमाला-३५
Bauddha Bharati Series-35

सुत्तपिटक

दीघनिकायपालि

(२. महावग्ग)

[हिन्दीअनुवादसहित]

प्रधानसम्पादक
स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-३५
Bauddha Bharati Series-35

सुत्तपिटके

दीघनिकायपालि

(२. महावग्गो)

[हिन्दीअनुवादसहितो]

प्रधानसम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

Bauddha Bharati Series-35

The
DĪGHANIKĀYAPĀLI
(2. Mahā Vagga)

With

[Hindi Translation]

Edited & Translated By
Swāmī Dwārikādās Shāstrī

BAUDDHA BHARATI
VARANASI
1996

2539 B.] [V. 2052

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-३५

सुत्तपिटके

दीघनिकायपालि

(२. महावग्गो)

[हिन्दीरूपान्तरसहितो]

सम्पादक एवं अनुवादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारती

वाराणसी

बु० २५३९] १९९६ ई० [वि०२०५२

© बौद्धभारती
पो० बॉ० नं० १०४९
वाराणसी-२२१ ००१. (भारत)

© Bauddha Bharaati
P. B. No. 1049
VARANASI-221 001 [India]

सहसम्पादक :
धर्मकीर्त्तिशास्त्री
चन्द्रकीर्त्तिशास्त्री

प्रथम संस्करण-१९९६

First Edition-1996

मुद्रक :
साधना प्रेस
काटन मिल कालोनी
वाराणसी-२२१ ००२
फोन :- (0542) 333094

Printed By :
SADHANA PRESS
Cotton Mill Colony
VARANASI- 221 002
Ph. (0542) 333094

प्रकाशकीय वक्तव्य

"अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं" ति

— विनयपिटके, भगवा बुद्धो।

बौद्धभारती के स्थापनाकाल (सन् १९६८ ई०) से हमारा यह सङ्कल्प था कि समग्र त्रिपिटक (बुद्धवचन) का हिन्दी-रूपान्तर (अनुवाद) के साथ पुनः प्रकाशन होना चाहिये, जिससे वह अन्य भाषाओं के विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो सके। परन्तु यह कार्य स्वयं में इतना विशाल, गुरुतर एवं बहुजनसाध्य था कि बौद्धभारती जैसा अल्पसाधन वाला प्रतिष्ठान एकाकी इसके प्रकाशन का साहस नहीं कर पा रहा था।

एतदर्थ, हमने विगत पन्द्रह बर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; भारत के केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय से, उ०प्र० शासन के शिक्षा विभाग से, भारत के अनेक साधनसम्पन्न प्रकाशकों से तथा धनपतियों एवं बुद्धिजीवियों से इस कार्य के लिये आर्थिक साधन संगृहीत कराने हेतु निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी, इस कार्य हेतु, हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया।

अन्त में, हमने विवश होकर, बौद्धभारती के अपने अल्प साधनों के बल पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। तदनुसार, सर्वप्रथम सुत्तपिटक का मज्झिमनिकाय (सम्पूर्ण) हिन्दी अनुवाद के साथ पाँच भागों में प्रकाशित किया। जो कि पाँच वर्ष में पूर्ण हुआ।

उसी क्रम में, अब हम सुत्तपिटक का दीघनिकाय (सम्पूर्ण) (हिन्दी अनुवाद के साथ) तीन भागों में प्रकाशित कर रहे हैं।

'मज्झिमनिकाय' की तरह इसमें भी हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ सङ्गायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम (थाईलैण्ड) तथा पालिटैक्स्ट सोसाइटी लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९५६-६१ में 'पालि त्रिपिटिक प्रकाशन बोर्ड' नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित देवनागरी-संस्करण को आदर्श रूप में रखा है। इसमें हमने बहुत कम परिवर्तन किया है। कहीं-कहीं मुद्रणाशुद्धियों के संशोधन के अतिरिक्त अधिक कुछ नहीं किया है।

साथ ही हमने उक्त सभी बर्मा, नालन्दा एवं रोमन संस्करणों की पृष्ठ-संख्या रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है। अनुसन्धाता इससे लाभान्वित होंगे।

हमने हिन्दी-अनुवाद, आचार्य श्रीबुद्धघोष की अट्ठकथा एवं महापण्डित श्रीराहुल सांकृत्यायन कृत हिन्दी-अनुवाद को प्रमाण मान कर सम्पन्न करते हुए, उसे पालि-पाठ के साथ नीचे दिया है। इससे पाठक को पालि एवं उसकी हिन्दी—दोनों ही भाषाएँ अत्यन्त सरलता से हृदयङ्गम हो सकेंगी—ऐसा हमारा विश्वास है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय—वैशद्य (बात को समझाने) के लिये पालि में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषाच्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में फंस कर पाठक से मूल विषय दूर-दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों

(जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '....पे०....' की परम्परा रखी है। इस परम्परा का इससे पहले के संस्करणों में निर्भयता से उपयोग हुआ है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में स्वीकार किया है। परन्तु '....पे०....' का अनुवाद हमने '....पूर्ववत्....' करके दिया है, या प्रायः '....' इस चिह्न का प्रयोग किया है, ताकि पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जाय।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन (त्रिपिटक) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति रुचिकर व अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के समग्र ग्रन्थों का प्रकाशन इसी पद्धति से करेंगे।

एक कार्य हमने, इस प्रसङ्ग में और किया है। ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है। जिससे पाठक को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

इस तरह हम इस ग्रन्थमाला को पालि-हिन्दी-इंग्लिश तीनों ही भाषाओं के विद्वानों के लिये उपयोगी बना पाये हैं—ऐसा हमारा विश्वास है।

वसन्तपञ्चमी, २०५२ वि०
वाराणसी

अध्यक्ष
बौद्धभारतीपरिषद्

निदानकथा

आज से प्राय: २५०० वर्ष पूर्व लोक शास्ता भगवान् बुद्ध ने, बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद मध्यमण्डल में चारिका करते हुए निरन्तर ४५ वर्षों तक उस समय की लोक-भाषा में, बहुजनहिताय बहुजनसुखाय जो उपदेश किया था, सौभाग्य से त्रिपिटिक के रूप में वह आज भी सुरक्षित है। वे चाहते थे कि उनका सन्देश जनसाधारण तक पहुँचे, इसके लिये स्वयं उन्होंने लोकभाषा (अर्ध-मागधी) में उपदेश किया और साथ ही अपने शिष्यों को भी यह अनुमति प्रदान की कि वे उनके उपदेशों को अपनी-अपनी भाषा में परिवर्तित कर धारण कर सकते हैं। हो सकता है उन दिनों तत्कालीन अनेक भाषाओं में बुद्ध-वचनों के संग्रह हुए हों; किन्तु आज जो बुद्धवचन हमें मिलते हैं, वे एक ही भाषा में हैं, जिसे हम 'पालिभाषा' कहते हैं। कालान्तर में इसी भाषा में विस्तृत साहित्य की रचना हुई। त्रिपिटक पर अट्ठकथायें और इन अट्ठकथाओं पर टीका, अनुटीका, मधुटीका, योजना, गण्ठी आदि अनेक टीका-ग्रन्थ समय-समय पर निर्मित हुए। इनके अतिरिक्त अनुपिटक और उन पर अट्ठकथा, टीका आदि प्रचुर साहित्य भी हमें इसी पालिभाषा में मिलता है। इसी से समझा जा सकता है कि यह कितना विस्तृत साहित्य है। यह सम्पूर्ण साहित्य बर्मा, श्रीलङ्का, श्याम, कम्बोज आदि बौद्ध देशों में आज भी न केवल सुरक्षित ही है; अपितु अध्ययन-अध्यापन तथा नये-नये ग्रन्थलेखन आदि द्वारा दिनानुदिन वृद्धिङ्गत भी हो रहा है। वहाँ के मनीषी इस साहित्य की उसी प्रकार सुरक्षा कर रहे हैं, जिस प्रकार भारत में वेद और उसके उपजीव्य साहित्य की या अन्यत्र बाइबिल और कुरान साहित्य की सुरक्षा की जा रही है।

त्रिपिटक

भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के अनन्तर उनके प्रमुख शिष्यों ने बुद्ध-वचनों की सुरक्षा की दृष्टि से उनका तीन भागों में संग्रह किया। वे तीन भाग पिटारियों की भाँति हैं, अत: उन्हें 'त्रिपिटक' कहा जाता है। विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्मपिटक—ये तीन पिटक हैं। जिस पिटक में भिक्षु और भिक्षुणियों से सम्बद्ध पालनीय धर्मों के उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'विनय-पिटक' और जिसमें विद्वानों या साधारण समाज के लिये उपदेश सङ्गृहीत हैं उसे 'सुत्तपिटक' कहते हैं। तथा जिसमें विद्वानों द्वारा समझने योग्य गम्भीर और दार्शनिक सिद्धान्त उपदिष्ट हैं उसे 'अभिधम्मपिटक' कहते हैं। ये तीनों पिटक भी आगे चलकर अनेक उपविभागों में बाँटे गये।

'तिपिटक' के ग्रन्थों का विभाजन

तिपिटक

विनयपिटक	सुत्तपिटक	अभिधम्मपिटक
१. महावग्ग	१. दीघनिकाय	१. धम्मसङ्गणि
२. चुल्लवग्ग	२. मज्झिमनिकाय	२. विभङ्ग
३. पाराजिक	३. संयुत्तनिकाय	३. धातुकथा
४. पाचित्तिय	४. अङ्गुत्तरनिकाय	४. पुग्गलपञ्ञत्ति
५. परिवार	५. खुद्दकनिकाय	५. कथावत्थु
		६. यमक
	(१) खुद्दकपाठ	७. पट्ठान
	(२) धम्मपद	
	(३) उदान	
	(४) इतिवुत्तक	
	(५) सुत्तनिपात	
	(६) विमानवत्थु	
	(७) पेतवत्थु	
	(८) थेरगाथा	
	(९) थेरीगाथा	
	(१०) जातक	
	(११) निद्देस	
	(१२) पटिसम्भिदामग्ग	
	(१३) अपदान	
	(१४) बुद्धवंस	
	(१५) चरियापिटक	

प्रस्तुत ग्रन्थ का तिपिटक में स्थान

बुद्ध-वचन के जो तीन मुख्य भाग हैं, उन्हीं को 'तिपिटक' (तीन पिटारी) कहते हैं। उनके विषय और शैली एक दूसरे से भिन्न हैं।

भिक्षु-सङ्घ के निर्माणसम्बन्धी विवरण तथा अनुशासनसम्बन्धी नियम 'विनयपिटक' में संगृहीत हैं। बुद्ध द्वारा भिन्न-भिन्न स्तर के लागों को दिये गये उपदेशों का सङ्कलन 'सुत्तपिटक' में है और पारिभाषिक शब्दों में उपदिष्ट गम्भीर धर्मदर्शन का विवेचन 'अभिधम्मपिटक' में है।

इस **दीघनिकाय** में ३४ लम्बे-लम्बे 'सुत्त' हैं, जो तीन खण्डों में विभक्त हैं—सीलक्खन्धवग्ग, महावग्ग और पाथिकवग्ग।

प्रस्तुत ग्रन्थ इसी दूसरे खण्ड 'महावग्ग' का देवनागरी-संस्करण है। इस नाम से 'विनयपिटक' के इसी नाम वाले पहले ग्रन्थ का प्रायः भ्रम हो जाता है। अतः इस भ्रम के निवारणार्थ प्रस्तुत ग्रन्थ को 'दीघनिकाये महावग्गो' और दूसरे को 'विनयपिटके महावग्गो' कहा जा सकता है।

प्रस्तुत खण्ड के दस 'सुत्तों' में से सात 'सुत्तों' के नाम के पहले 'महा' शब्द लगा है। इसलिये इस खण्ड को 'महावग्ग' की संज्ञा प्रदान की गयी है।

'महापरिनिब्बान-सुत्त' नामक तीसरा 'सुत्त' बुद्ध के अन्तिम दिनों और समय का अत्यन्त मार्मिक एवं प्रेरणादायक विवरण उपस्थित करता है। इसीलिये बौद्ध देशों में अध्ययन एवं नित्य-पाठ की दृष्टि से इसका पृथक् से,एक स्वतन्त्र पुस्तक के रूप में भी,प्रकाशन होता रहता है। स्थविरवाद तथा महायान परम्पराओं में इस 'सुत्त' के अनेक संस्करण उपलब्ध हैं।

इस खण्ड का नवम 'सुत्त' 'महासतिपट्ठान-सुत्त' है, जिसमें आत्म-संयम की सम्पूर्ण विधियों का विधान है। समाधि-भावना तथा नित्य-पाठ के लिये सम्पूर्ण बुद्ध-वचन में इसका अपना एक स्वतन्त्र महत्त्व है। अतः श्रद्धालु शिष्यों ने इस 'सुत्त' के प्रति अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिये इसे बहुमूल्य रत्नजटित स्वर्ण-पट्टिकाओं पर उत्कीर्ण कराकर स्तूपों में भी रख छोड़ा है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के सूत्रों का महत्त्व

इस ग्रन्थ के दसों 'सुत्तों' पर दृष्टिपात करने मात्र से ही यह ज्ञात हो जाता है कि इसका महत्त्व इसके पूर्व-खण्ड से भिन्न है।

इस ग्रन्थ का अधिकांश देवता, यक्ष तथा पौराणिक आख्यानों के वर्णन से सम्बद्ध है। तत्कालीन ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक अध्ययन में यह निश्चय ही कुछ अंशों तक सहायक है।

'महापदान-सुत्त' नामक प्रथम 'सुत्त' ऐतिहासिक सिद्धार्थ गौतम बुद्ध के पहले छह बुद्धों का विस्तृत जीवन-वृत्त उपस्थित करता है। बौद्ध-साहित्य के विशेषज्ञ श्री रीज डेविड्स ने ठीक ही कहा है— ''इन आख्यानों में इतनी समानरूपता है कि इनमें के किसी भी विवरण को न छोड़ने पर इन्हें समानान्तर तालिकाओं में रखा जा सकता है।'' ये विवरण बौद्धधर्म के इस आधारभूत सिद्धान्त को कि सांसारिक क्रम में 'धम्म' का कार्य-व्यापार अनादि काल से चला आ रहा है— प्रतिपादित करने में सहायक हैं। साथ ही यह उस सामान्य भारतीय धारणा की ओर संकेत करता है, जिससे किसी वस्तु को अत्यधिक महत्त्व प्रदान करने के लिये उसे अत्यन्त प्राचीन सिद्ध किया जाता है।

'महासुदस्सन' नामक चौथा 'सुत्त' बौद्ध-पौराणिक कल्पना का विवरण उपस्थित करने के ही कारण महत्त्वपूर्ण नहीं है, प्रत्युत यह इसलिये भी महत्त्वपूर्ण है कि 'सुत्त' की उत्पत्ति सम्भवत: अत्यधिक प्राचीन है। वास्तव में पहले आये हुए 'महापरिनिब्बान-सुत्त' के इस सम्बन्ध में संकेत का ही यह विस्तार है। यही कथा 'महासुदस्सन-जातक' (फुसबोल संस्करण; जातक संख्या ९५) में भी आयी है। यद्यपि उसके कुछ प्रमुख विवरण इससे भिन्न हैं। इससे कुछ विद्वान् इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि सम्भवत: ये दोनों रूप किसी एक ही प्राचीन रूप से नि:सृत हुये हैं। 'महासुदस्सन' के ऐश्वर्य एवं वैभव का लम्बा वर्णन सूर्य-कथा में आये वर्णनों से बहुत साम्य रखता है। जिसके आधार पर श्री रीज डेविड्स ने कहा है— ''चाहे यह सम्पूर्ण कथा सूर्य-कथा पर आधृत हो या नहीं, अथवा इसके कुछ भाग या विवरण उन वस्तुओं से लिये गये हों, जिनकी चर्चा पहले सूर्य से ही सम्बद्ध है, अथवा नहीं; पर इतने पर भी यह तथ्य शीघ्र ही स्वीकार करना चाहिये कि यह कथा निश्चित रूप से बौद्ध है। इस कहानी के विषय के प्रतिपाद्य में अधिकांश का सूर्य-पूजा से कुछ भी सम्बन्ध नहीं है और जो कुछ भी सम्बन्ध परिलक्षित होता है, वह इस पुस्तक को एक स्वरूप प्रदान करते समय सम्पादकों के मस्तिष्क में विद्यमान नहीं था। यह कहानी सूर्य-कथा की ऋणी हो अथवा न हो, पर निश्चय ही यह उन लोगों के साधारण धार्मिक विश्वासों तथा मान्यताओं की प्रतीक है, जिनमें यह प्रचलित थी....''।

यह विचारणीय है कि आजकल मगध, गया तथा पटना, जो बौद्धधर्म के मूल केन्द्र थे और जहाँ के लोगों ने यद्यपि आज बौद्ध धर्म छोड़ दिया है, फिर भी उनके धार्मिक जीवन से सूर्य-पूजा का अविच्छिन्न सम्बन्ध है। इस प्रकार यह मत इस तथ्य से भी मेल खाता है। किन्तु इसका महत्त्व तब और भी प्रकट हो जाता है जब हम इस प्रान्त की सीमाओं को पार कर यह देखते हैं कि सूर्य-पूजा वहाँ अज्ञात-सी प्रतीत होती है।

यद्यपि इस 'सुत्त' में दिये गये विवरण आख्यानात्मक हैं तथापि वे यह निर्णय करने में सहायक हैं कि उस समय शक्तिशाली तथा धार्मिक राजाओं के वैभव-विलास की क्या कल्पना थी।

पाँचवा, छठा, सातवाँ तथा आठवाँ सुत्त— 'महागोविन्द', 'महासमय', 'सक्कपञ्ह', तथा 'जनवसभ'— इन्द्र, ब्रह्मा तथा अन्य दूसरे देवता, अप्सराएँ तथा यक्षादि विभिन्न प्रकार के शक्ति के स्रोतों की बौद्ध कल्पना के अध्ययन में प्रमुख रूप से सहायक हैं।

'महापरिनिब्बान-सुत्त' का प्रारम्भ सैद्धान्तिक मतभेद रखनेवाले मगध तथा वैशाली राज्यों के बीच चलने वाले सङ्घर्ष की ओर संकेत करते हुये होता है। यह उन परिस्थितियों का सजीव चित्र उपस्थित करता है, जिनके कारण गङ्गा के तट पर 'पाटलिपुत्र' नामक नगर का निर्माण हुआ था। यह बड़ा 'सुत्त' उस समय की संस्कृति तथा इतिहास के अध्ययन के लिये अपेक्षित तत्वों और तथ्यों की अमूल्य निधि है।

'महानिदान' नामक दूसरा 'सुत्त' बौद्धदर्शन की धुरी 'पटिच्चसमुप्पाद' की व्याख्या करता है।

'महासतिपट्ठान-सुत्त' का यह महत्त्व है कि यह आर्य 'अष्टाङ्गिक मार्ग' के सातवें अङ्ग 'सम्मासति' के अभ्यासार्थ है। पीढ़ियों से यह 'सुत्त' उन स्त्री, पुरुष, भिक्षु तथा उपासकों के लिये, जिन्होंने बुद्ध की शिक्षाओं को हृदयङ्गम कर अपने को परम लक्ष्य की प्राप्ति में लगा दिया है, प्रेरणादायक तथा दिग्दर्शक रहा है।

प्रस्तुत ग्रन्थ
की
विषयवस्तु

(१) महापदानसुत्त

भगवान् बुद्ध श्रावस्ती के जेतवन विहार की 'करेरी कुटी' में ठहरे हुये थे। वहाँ भिक्षुओं की प्रार्थना पर बुद्ध ने उनको पूर्वजन्म की स्मृति के विषय में उपदेश दिया। उन्होंने पूर्व-प्रादुर्भूत बुद्धों के नाम, कुल, जन्म-स्थान, बोधिवृक्ष तथा उनके दो प्रधान श्रावकों और जीवन की महत्त्वपूर्ण घटनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बातें बतायी।

तत्पश्चात् उन्होंने सम्यक्सम्बुद्ध 'विपस्सी' की जन्म से लेकर महापरिनिर्वाण तक की सम्पूर्ण जीवन-कथा सुनाते हुए बतलाया कि सभी बुद्धों के जीवन की विशेष बातें समान होती हैं। बुद्धों के जीवन की यह समानता 'धम्मता' कहलाती है। इस प्रकार जब बोधिसत्त्व माता की कोंख में प्रविष्ट होते हैं, तब इस लोक में देव-तेज से भी अधिक प्रकाशवान् एक अलौकिक दिव्य-आभा प्रकट होती है। बोधिसत्त्व की माता प्रकृति से ही शीलवती तथा सभी प्रकार के ऐश्वर्यों से सम्पन्न होती है। उनके जन्म ग्रहण करने के एक सप्ताह पश्चात् उनकी माता शरीर त्याग कर 'तुषित-देवलोक' में उत्पन्न होती है। जब वे जन्म ग्रहण करते हैं, तब सर्वप्रथम उन्हें देवता लोग हाथों में लेते हैं और तब उनकी उपमा काशी के रेशमी वस्त्र में रक्खे हुये मणि-रत्न से दी जा सकती है। उनके जन्म ग्रहण करने पर आकाश से दो शीत और उष्ण जलधारायें गिरती हैं, जिनसे बोधिसत्त्व और उनकी माता का उदक-कृत्य होता है। वे उत्पन्न होते ही समान पैरों पर खड़े हो उत्तर की ओर मुँह करके सात पद चलते हैं तथा सभी दिशाओं को देखकर इस श्रेष्ठ वचन से घोषणा करते हैं— ''इस लोक में मैं श्रेष्ठ हूँ। इस लोक में मैं अग्र हूँ। इस लोक में मैं सबसे ज्येष्ठ हूँ। यह मेरा अन्तिम जन्म है। अब मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा''।

'विपस्सी' के जन्म लेने के पश्चात् उनके पिता राजा बन्धुमान् ने ज्यौतिष-शास्त्र में पारङ्गत ब्राह्मणों को बुलाकर कुमार का भविष्य पूछा। उन्होंने राजा बन्धुमान् के पूछने पर बतलाया कि आपका पुत्र बड़ा भाग्यवान् है। कुमार महापुरुषों के बत्तीस लक्षणों से युक्त हैं, जिनसे युक्त महापुरुष की दो ही गतियाँ होती हैं— यदि वह घर में रहता है तो धार्मिक शान्ति स्थापित करने वाला सात रत्नों से युक्त चक्रवर्ती राजा होता है और यदि गृह त्यागकर प्रव्रजित होता है तो संसार के आवरण को हटाने वाला सम्यक्सम्बुद्ध अर्हत् होता है। राजा ने कुमार के वर्षा, शिशिर और ग्रीष्म निवास के लिये तीन प्रासाद निर्मित कराये। एक दिन कुमार रथ पर चढ़कर नगर-भ्रमण हेतु निकले। मार्ग में उन्होंने एक गत-यौवन वृद्ध को टेढ़े दण्ड का सहारा ले, काँपते हुये जाते देखा। अन्य अवसरों पर उन्होंने एक व्याधि-ग्रस्त मनुष्य को तथा उसके बाद अन्त्येष्टि-क्रिया के लिये अर्थी पर ले जाये जाने वाले मृत व्यक्ति को देखा। इन दृश्यों के माध्यम से जीवन की वास्तविकता देख राजकुमार जीवन के सम्बन्ध में चिन्तन करने लगे।

इसी प्रकार एक अन्य अवसर पर भ्रमणार्थ जाते हुए राजकुमार ने एक मुण्डित काषाय-वस्त्रधारी प्रव्रजित को देखा, जिसने उन्हें बतलाया कि उसने संसार के कष्टों और दुःखों को देख

शान्ति और निर्वाण प्राप्त करने के लिये प्रव्रज्या ग्रहण की है। तब परम सत्य के अन्वेषण के लिये कुमार 'विपस्सी' ने राज-प्रासाद से अपना महाभिनिष्क्रमण किया और प्रव्रजित हो गये। अपेक्षित प्रयत्न तथा समाधि से उन्हें भव-चक्र के प्रयत्नों में अन्तर्दृष्टि प्राप्त हुई। उनका अन्धकार सदा के लिये विनष्ट हो गया; 'बोधि' की प्राप्ति हुई और वे सम्यक्सम्बुद्ध हो गये। तब महाब्रह्मा ने उनके सामने प्रकट होकर उनसे इस दुःखी संसार पर कृपा कर अपने 'धम्म' को बतलाने और इस प्रकार संसार के प्राणियों को निर्वाण-मार्ग की ओर प्रवृत्त कराने के लिये कहा।

उनके 'खण्ड' और 'तिस्स' नामक दो अग्र-श्रावक हुये। इसके पश्चात् बन्धुमती नगरी के चौरासी सहस्र निवासी भी उनके शिष्य हुए। सुदूर प्रदेश तक भगवान् 'विपस्सी' के धर्म का प्रसार हुआ। उन्होंने सङ्घ में अनुशासन को चिरस्थायी बनाने के लिये 'पातिमोक्ख' तथा तत्सम्बन्धी अन्य विधानों की देशना की।

(२) महानिदानसुत्त

भगवान् बुद्ध कुरु देश के 'कम्मासदम्म' नामक नगर में साधना कर रहे थे। वहाँ उन्होंने आयुष्मान् आनन्द को 'पटिच्चसमुप्पाद' पर उपदेश दिया—

जरा-मरण जाति पर, जाति भव पर, भव उपादान पर, उपादान तृष्णा पर, तृष्णा वेदना पर, वेदना स्पर्श पर, स्पर्श नाम-रूप पर, नाम-रूप विज्ञान पर और विज्ञान नाम-रूप पर आधृत है।

बुद्ध ने इसी शृङ्खला की प्रत्येक कड़ी को और स्पष्ट रूप से समझाते हुये कहा— "यदि जाति न हो तो जरा-मरण न रहे; यदि भव न हो तो जाति न रहे। यदि उपादान न हो तो भव न रहे; यदि तृष्णा न हो तो उपादान न रहे। यदि वेदना न हो तो तृष्णा न रहे; यदि स्पर्श न हो ते वेदना न रहे। यदि नाम-रूप न हो तो स्पर्श न रहे; यदि विज्ञान न हो तो नाम-रूप न रहे और यदि नाम-रूप न हो ता विज्ञान न रहे"।

भगवान् बुद्ध ने नित्य तथा कूटस्थ आत्मा की स्थिति के विषय में प्रचलित विभिन्न मतों के विषय में अपना विचार प्रस्तुत करते हुये यह व्यक्त किया कि इस 'पटिच्चसमुप्पाद' के सिद्धान्त को न जानने से ही इस प्रकार की दृष्टियाँ उत्पन्न होती हैं।

(३) महापरिनिब्बानसुत्त

भगवान् बुद्ध राजगृह के 'गिज्झकूट' पर्वत पर विहार कर रहे थे। मगध-महामात्य वस्सकार ब्राह्मण ने भगवान् बुद्ध के पास जाकर उन्हें बतलाया कि सम्राट् अजातशत्रु वज्जियों को उच्छिन्न करने के लिये उन पर आक्रमण करने जा रहा है। तब बुद्ध ने 'वस्सकार' से कहा कि जब तक वज्जियों में निम्नलिखित सात गुण विद्यमान रहेंगे, तब तक उनका कोई अनिष्ट नहीं कर सकता— सम्मति के लिये अपनी सभा में एकत्र होना, एक होकर बैठना आदि तथा उत्थान और करणीय कर्त्तव्य करना; अप्रज्ञप्त को प्रज्ञप्त न मानना; अपने प्राचीन वज्जि-धर्म का अनुसरण करना; अपने वयोवृद्धों के प्रति श्रद्धा भाव रखना; स्त्री-वर्ग के सम्मान की रक्षा करना; अर्हतों के ठहरने का सुविधाजनक तथा सुरक्षित प्रबन्ध करना; अपने चैत्यों की पूजा करना।

ब्राह्मण 'वस्सकार' के जाने के पश्चात् सब भिक्षुओं को उपस्थानशाला में एकत्र कर बुद्ध ने उन्हें सात अपरिहाणीय धर्मों का उपदेश किया, जो सङ्घ के उत्थान के लिये परमावश्यक हैं। तत्पश्चात् उन्होंने शील, समाधि और प्रज्ञा के विषय में भी बतलाया। उन्होंने कहा कि शील से

परिभावित समाधि महाफलवती होती है, समाधि से परिभावित प्रज्ञा महाफलवती होती है तथा प्रज्ञा से परिभावित चित्त आस्त्रवों से विमुक्त हो जाता है।

राजगृह से बुद्ध 'अम्बलट्ठिका' आये और वहाँ 'राजागारिक' में ठहरे। वहाँ उन्होंने अपने शिष्यों को सम्बोधित करते हुए यह बतलाया कि सब दु:खों का मूल अविद्या है। अत: निर्वाण के साक्षात्कार के लिये इसका विनाश होना परमावश्यक है। इसके बाद बुद्ध नालन्दा के 'पावारिकाम्रवन' में आये। वहाँ आयुष्मान् 'सारिपुत्त' बुद्ध के पास गये और उन्हें अभिवादन करके उनसे कहा— "भन्ते, मेरा ऐसा विश्वास है कि 'सम्बोधि' में भगवान् से बढ़कर कोई दूसरा श्रमण ब्राह्मण न हुआ, न होगा और न इस समय है"। 'सारिपुत्त' का यह वक्तव्य धर्म की पूर्णता पर ही आश्रित था और इस पूर्णता में किसी सन्देह की आशङ्का नहीं थी।

नालन्दा से बुद्ध महान् भिक्षु-सङ्घ के साथ 'पाटलिग्राम' को गये। वहाँ उन्होंने अपने उपासकों को सदाचारी जीवन के सुपरिणाम तथा दुराचारी जीवन के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उस समय वज्जियों के आक्रमण की रोक-थाम के लिये 'पाटलिग्राम' में 'सुनीध' और 'वस्सकार' नामक मगध के प्रधानामात्य एक नगर बसा रहे थे। उन्होंने बुद्ध और उनके भिक्षु-सङ्घ को अपने निवास-स्थान पर भोजन के लिये आमन्त्रित किया। इसके पश्चात् जब बुद्ध उनके यहाँ से भोजनादि से निवृत्त होकर चलने लगे, तब वे दोनों यह निश्चय कर उनके पीछे चल दिये कि आज भगवान् जिस द्वार से निकलेंगे, उसे 'गोतम-द्वार' कहा जायगा और जिस तीर्थ (घाट) से गङ्गा नदी पार होंगे, वह 'गोतम-तीर्थ' के नाम से प्रसिद्ध होगा।

गङ्गा के उस पार भगवान् 'कोटिग्राम' तथा 'नादिका' में ठहरे। वहाँ उन्होंने चार आर्य सत्यों के विषय में तथा धर्म के आदर्श के सम्बन्ध में एक उपदेश भी दिया। वहाँ से चलकर वे वैशाली पहुँचे और 'अम्बपाली-वन' में ठहरे। वहाँ अम्बपाली गणिका ने सर्वप्रथम पहुँचकर भगवान् बुद्ध को भिक्षुसङ्घ सहित भोजन के लिये आमन्त्रित किया। जब वैशाली के लिच्छवियों ने सुना कि भगवान् बुद्ध ने अम्बपाली का आमन्त्रण स्वीकार कर लिया है, तो उन्हें ग्लानि हुई कि बुद्ध का सम्मान करने में एक गणिका ने उन्हें पराजित कर दिया। लिच्छवियों ने अम्बपाली से कहा कि यदि वह बुद्ध को पहले उनके यहाँ भोजन करने दे तो वे उसे इस बात के लिये शत-सहस्र कार्षापण देंगे; किन्तु अम्बपाली ने किसी भी मूल्य पर इस सम्मान से वञ्चित होना स्वीकार न किया।

'वेलुव-ग्राम' में पहुँचकर भगवान् बुद्ध ने कहा— "आनन्द, भिक्षुसङ्घ मुझसे क्या चाहता है? मैंने धर्म का स्पष्ट रूप से उपदेश कर दिया। तथागत ने धर्म के सम्बन्ध में कोई 'आचार्य-मुष्टि' नहीं छोड़ी। आनन्द, आत्मदीप, आत्मशरण, अनन्यशरण; धर्मदीप, धर्मशरण और अनन्यशरण होकर विहार करो"।

'चापाल-चैत्य' में भगवान् बुद्ध ने आनन्द को सम्बोधित करते हुये कहा— "वैशाली तथा 'उदयन चैत्य', 'गोतमक चैत्य', 'सारन्दद चैत्य' तथा 'चापाल चैत्य' कितने रमणीय हैं। आनन्द, जिसने चार ऋद्धिपाद सिद्ध कर लिये हैं, यदि वह चाहे तो इसी जन्म में वह कल्पभर अथवा कल्प के शेष काल तक ठहर सकता है। तथागत को भी ये चार ऋद्धिपाद सिद्ध हैं। अतएव यदि वे चाहे तो वे भी कल्पभर या कल्प के शेषकाल तक ठहर सकते हैं। बुद्ध के ऐसा कहने पर भी दुष्ट मार द्वारा प्रभावित चित्त वाले आनन्द भगवान् से यह प्रार्थना न कर सके कि तथागत संसार पर अनुकम्पा करने के लिये कल्पभर या कल्प के शेषकाल तक ठहरें।

वैशाली से बुद्ध 'भण्ड-ग्राम', 'हस्ति-ग्राम' तथा 'भोग-ग्राम' गये और वहाँ से वे 'पावा' पहुँचे। पावा में बुद्ध 'चुन्द-कम्मारपुत्त' के आम्रवन में ठहरे। चुन्द ने उन्हें अपने यहाँ भिक्षु-सङ्घ के साथ भोजन के लिये निमन्त्रित किया और इसके लिये उसने बहुत से उत्तम खाद्य-पदार्थों के साथ 'सूकरमद्दव' भी तैयार कराया। 'चुन्द' का भोजन ग्रहण करने के पश्चात् बुद्ध को रक्त-स्राव का भयङ्कर रोग हो गया और मरणान्तक पीड़ा होने लगी। तब भगवान् मार्ग से हटकर एक वृक्ष के नीचे गये और उन्होंने आयुष्मान् आनन्द से कहा कि मेरे लिये चार पर्त करके संघाटी बिछा दो। मैं थक गया हूँ और बैठना चाहता हूँ। आनन्द ने वैसा ही किया और भगवान् बिछे आसन पर विश्राम करने के लिये बैठ गये। बैठने के बाद बुद्ध ने आयुष्मान् आनन्द से पासवाली नदी से अपने पीने के लिये जल लाने को कहा। उस समय उस छिछली नदी से होकर पाँच सौ गाड़ियाँ गयी थीं। अतएव उनके चक्कों से मथकर जल गन्दा हो गया था। इसीलिये उनसे आनन्द ने यह कहा कि उस नदी से पानी लाने की अपेक्षा पास की रमणीय 'ककुत्था' नदी से पानी लाना अधिक उपयुक्त और सुन्दर होगा। पर बुद्ध ने उसी छिछली नदी से शीघ्र उन्हें पानी लाने का आदेश दिया। आनन्द ने नदी के पास पहुँचकर देखा कि उस छिछली नदी का जल स्वच्छ तथा निर्मल हो गया है। ऐसा बुद्ध के दिव्य प्रभाव के ही कारण हुआ था। आनन्द पात्र में जल भरकर भगवान् के पास ले गये और उन्होंने उसे ग्रहण किया। इसके पश्चात् 'पुक्कुस मल्लपुत्त' भगवान् से मिलने आया। उसने तथागत को उपहार-स्वरूप एक इंगुर वर्ण वाला चमकता दुशाला अर्पित किया। 'पुक्कुस मल्लपुत्त' के जाने के कुछ समय पश्चात् भगवान् का शरीर अत्यन्त परिशुद्ध तथा पर्यवदात सा होने लगा। उनके शरीर से आलोकमयी रश्मियाँ निकल रही थीं। आनन्द ने इसका विशेष कारण पूछा। बुद्ध ने कहा कि 'सम्बोधि' साक्षात् करने तथा 'निर्वाण' प्राप्त करने के समय तथागत के शरीर का वर्ण अत्यन्त परिशुद्ध तथा पर्यवदात हो जाता है। उन्होंने आनन्द को यह भी बतलाया कि आज रात के पिछले पहर 'कुसीनारा' के 'उपवत्तन' नामक मल्लों के शालवन में यमक शाल-वृक्षों के बीच तथागत का परिनिर्वाण होगा। इसके पश्चात् वे 'ककुत्थ' नदी के तट पर गये और उसमें स्नानादि कर उसके उसपार स्थित आम्रवन में जाकर लेट गये। तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा कि सम्भव है कि मेरे परिनिर्वाण के पश्चात् लोग 'चुन्द-कम्मारपुत्त' से जाकर यह कहें कि यह उसका दुर्भाग्य था तथा यह उसके लिये अच्छा नहीं था कि उसी के भोजन को ग्रहण करने के पश्चात् तथागत परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। अतएव उन्होंने आनन्द से 'चुन्द-कम्मारपुत्त' को इस बात के लिये उत्साहित करने को कहा कि उसी का भोजन स्वीकार करके ही भगवान् को परिनिर्वाण-लाभ हुआ। साथ ही उन्होंने चुन्द को यह भी समझाने के लिये कहा कि दो समय के ही भोजन अत्यन्त महाफलदायक होते हैं— १. जिस भोजन के पश्चात् 'सम्बोधि' की प्राप्ति होती है, तथा २. जिस भोजन के पश्चात् 'दुःख-कारण-रहित-निर्वाण' की प्राप्ति होती है।

इसके पश्चात् बुद्ध हिरण्यवती नदी के उस पार स्थित 'कुसीनारा' के 'उपवत्तन' नामक मल्लों के शालवन में पहुँचे। वहाँ वे आनन्द से बोले— "आनन्द, यमक शालों के बीच में उत्तर की ओर सिर कर मेरा आसन बिछा दो। मैं थका हूँ, लेटूँगा"। तब भगवान् दाहिनी करवट सिंह-शय्या से लेटे। उस समय अकाल ही में यमक शाल-वृक्ष पुष्पित थे तथा उनसे तथागत के शरीर पर पुष्प गिर रहे थे। उस समय आकाश से दिव्य मन्दारपुष्पों तथा दिव्य चन्दन चूर्ण की भी निरन्तर वृष्टि हो रही थी और उनकी पूजा के लिये गगन में दिव्य वाद्य बज रहे थे।

इन सबके विषय में चर्चा करते हुए तथागत ने आनन्द से कहा कि इन सबसे तथागत सत्कृत, गुरुकृत, मानित तथा पूजित नहीं होते; प्रत्युत शास्ता के धर्म-मार्ग पर आरूढ़ होकर जो भिक्षु-भिक्षुणी, उपासक-उपासिका अपना आचरण कर रहे हैं उन्हीं से तथागत सत्कृत, गुरुकृत, मानित तथा पूजित होते हैं। अतएव, आनन्द, इसी से तुम्हें शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये।

बुद्ध ने आनन्द से कहा कि तथागत का जन्म-स्थान **लुम्बिनी**, बोधि प्राप्त करने का स्थान **बोधगया**, धर्मचक्र-प्रवर्त्तन का स्थान **सारनाथ** तथा 'निर्वाण-धातु' प्राप्त करने का स्थान **कुसीनारा** श्रद्धालु कुलपुत्रों के लिये दर्शनीय तथा वैराग्यप्रद हैं।

उस समय आनन्द को अत्यन्त दुःखी सुनकर बुद्ध ने उन्हें अपने पास बुलाया और कहा— "आनन्द, शोक मत करो। मैंने तो पहले ही व्यक्त कर दिया है कि सभी प्रियों से वियोग अवश्यम्भावी है। इसलिए, आनन्द, वह कहाँ मिलने वाला है। जो कुछ जात, भूत तथा संस्कृत है, वह सभी नाशवान् है। ऐसा सम्भव नहीं कि यह नाश न हो। आनन्द, तूने चिरकाल से अप्रमाण मैत्रीपूर्ण कायिक, वाचिक तथा मानसिक कर्मों से तथागत की पूर्ण सेवा की है। आनन्द, तू कृतपुण्य है और तू निर्वाण-साधना में लगकर शीघ्र ही बन्धन-मुक्त होगा"। इसके पश्चात् भगवान् ने आनन्द के गुणों का वर्णन किया और उसके साथ ही चक्रवर्ती राजा के भी चार गुण बतलाये।

आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से यह कहा— "भन्ते, इस क्षुद्र जङ्गली तथा शाखानगरक में आप परिनिर्वाण को प्राप्त न हों। चम्पा, राजगृह, श्रावस्ती, साकेत, कौशाम्बी तथा वाराणसी आदि प्रमुख नगर हैं। उन्हीं स्थानों में भगवान् को परिनिर्वाण प्राप्त करना चाहिये; क्योंकि वहाँ बहुत से क्षत्रिय, ब्राह्मण तथा गृहपति महाशाल तथागत के भक्त हैं। वे तथागत के शरीर की पूजा करेंगे"।

बुद्ध ने आनन्द को ऐसा कहने से रोका तथा उन्हें यह बतलाया कि वह विशेष स्थान 'महासुदस्सन' नामक चक्रवर्ती राजा की विख्यात कुशावती नामक राजधानी था। उन्होंने यह भी बतलाया कि 'महासुदस्सन' राजा वे ही थे। इसके पश्चात् आनन्द ने बुद्ध के आदेशानुसार 'कुसीनारा' के मल्लों को तथागत के परिनिर्वाण की सूचना दी। इस सूचना के पाते ही वे भगवान् के पास दलबल सहित उनकी वन्दना करने पहुँचे।

उस समय 'कुसीनारा' में 'सुभद्द' नामक एक परिव्राजक रहता था। जब उसने यह सुना कि आज रात को पिछले प्रहर श्रमण गौतम का परिनिर्वाण होगा तो वह आनन्द के पास गया। उसने आनन्द से तथागत के दर्शन करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द तथा 'सुभद्द' परिव्राजक के वार्तालाप को सुन लिया और आनन्द से उसे मना करने को कहकर उसे अपने पास लाने को कहा। बुद्ध ने उसको अपने धर्म का उपदेश किया। इस तरह 'सुभद्द' अन्तिम शिष्य था, जिसे बुद्ध ने स्वयं अपने भिक्षु-सङ्घ में सम्मिलित किया और वह शीघ्र ही अर्हत्पद को प्राप्त हुआ।

इसके पश्चात् बुद्ध ने आनन्द को अपना अन्तिम उपदेश दिया— "आनन्द, मेरे परिनिर्वाण के पश्चात् यह न समझना कि अब हमारा शास्ता नहीं है। मैंने जो धर्म और विनय के उपदेश दिये और प्रज्ञप्त किये हैं— मेरे बाद वे ही तुम्हारे शास्ता होंगे....। इच्छा होने पर सङ्घ मेरे बाद क्षुद्र तथा अनुक्षुद्र शिक्षापदों को छोड़ दे तथा 'छन्न' भिक्षु को 'ब्रह्मदण्ड' दे"। तब आनन्द ने बुद्ध से यह पूछा कि 'ब्रह्मदण्ड' क्या है ? बुद्ध ने उत्तर दिया कि 'छन्न' भिक्षुओं को जो चाहे कहता रहे, पर भिक्षुओं को उससे न बोलना चाहिये और न उसका अनुशासन करना चाहिये। इसके पश्चात् बुद्ध ने

सब भिक्षुओं को आमन्त्रित करके यह पूछा कि यदि उनमें से किसी को भी बुद्ध, धर्म अथवा सङ्घ के सम्बन्ध में कोई शङ्का हो तो वे उनसे उसे पूछें। उनकी यह बात सुनकर सभी भिक्षु मौन रहे। इससे बुद्ध को प्रसन्नता हुई कि उनके भिक्षु-सङ्घ में कोई भी ऐसा नहीं है, जिसे उपयुक्त विषयों के सम्बन्ध में शङ्का न हो।

बुद्ध के अन्तिम वचन ये थे— "सभी संस्कार अनित्य हैं; आत्म-संयम कर जीवन के परम लक्ष्य का सम्पादन करो"।

भगवान् के परिनिर्वाण होने के समय भीषण लोमहर्षक महाभूचाल हुआ तथा देव-दुन्दुभियाँ बजने लगीं। उस समय जो भिक्षु अवीतराग थे, उनमें से कोई बाँह पकड़कर क्रन्दन कर रहा था, कुछ कटे वृक्ष की भाँति पृथ्वी पर गिरते और लोटते थे तथा वे सब यह कहते थे— "भगवान् बहुत शीघ्र परिनिर्वृत्त हो गये, सुगत बहुत शीघ्र परिनिर्वृत्त हो गये; लोकचक्षु शीघ्र ही अन्तर्हित हो गये!" परन्तु उनमें से जो वीतराग अर्हत् भिक्षु थे वे अपने दुःख को सहन करके कह रहे थे— "संस्कार अनित्य है। इसलिये वह कहाँ मिलेगा!" आयुष्मान् अनिरुद्ध तथा आनन्द ने शेष रात्रि धर्मकथा में व्यतीत की।

'कुसीनारा' के मल्लों को भगवान् के परिनिर्वृत्त हो जाने की सूचना जब आयुष्मान् आनन्द से प्राप्त हुई तो वे गन्ध, माला, वाद्य तथा पाँच सहस्र जोड़े वस्त्र लेकर कुसीनारा के अपने 'उपवत्तन' नामक शालवन में पहुँचे, जहाँ बुद्ध का शरीर रखा था। वहाँ जाकर उन्होंने वह दिन भगवान् के शरीर का नृत्य, गीत, वाद्य, माला तथा गन्ध से सत्कार एवं पूजा आदि करने में और कपड़े का वितान तथा मण्डपादि बनाने में व्यतीत किया। वे भगवान् के शरीर को नगर के उत्तर से उत्तर ले जाकर उत्तर द्वार से नगर में प्रविष्ट हो उसे नगर के बीच ले आकर पूर्व द्वार से निकल कर नगर के पूर्व की ओर 'मुकुटबन्धन' नामक प्रसिद्ध चैत्य के स्थान पर ले गये और वहीं भगवान् के शरीर को रख दिया। तत्पश्चात् उन्होंने भगवान् के शरीर को नवीन वस्त्र में लपेट कर पुनः धुने हुये कपास से उसे लपेटा। इसके बाद उसे पुनः नवीन वस्त्र में लपेटा। इसी प्रकार पाँच सौ जोड़ों में उसे लपेटकर लोहे की तेलवाली कड़ाही में रखकर गन्धकाष्ठ की एक चिता निर्मित की और भगवान् के शरीर को चिता पर रखा।

उस समय आयुष्मान् 'महाकस्सप' पाँच सौ भिक्षुओं के महासङ्घ के साथ 'कुसीनारा' से पावा आ रहे थे। वहीं एक आजीवक ने उन्हें 'कुसीनारा' से लाये हुये मन्दारव पुष्प को दिखाया तथा बुद्ध की अन्त्येष्टि क्रिया सम्बन्धी 'कुसीनारा' में हो रहे महोत्सवों के विषय में सूचना दी। यह सुनकर वहाँ जो अवीतराग भिक्षु थे, उनमें से कोई बाँह पकड़ कर क्रन्दन करने लगे और कुछ कटे वृक्ष की भाँति पृथ्वी पर गिरते और लोटते-पोटते यह कहने लगे कि भगवान् बहुत शीघ्र ही परिनिर्वृत्त हो गये....। उस समय वहाँ 'सुभद्द' नामक एक वृद्ध प्रव्रजित उस परिषद् में विद्यमान था। वह भिक्षुओं से कह रहा था—"आवुसो, शोक मत करो; अब हम उस महाश्रमण के कठिन नियन्त्रण से मुक्त हो गये। वे बराबर कहते थे— 'यह करना तुम्हें विहित है और यह नहीं'। अब हम स्वेच्छा से जो चाहेंगे करेंगे और जो नहीं चाहेंगे वह नहीं करेंगे। अतः आप लोग दुःखी न हों"।

आयुष्मान् 'महाकस्सप' तथा उनके अनुगमन करने वाले महाभिक्षुसङ्घ के चिता के पास आते ही तथा उनके द्वारा परम शास्ता के चरणों की वन्दना करते ही चिताग्नि प्रज्वलित हो उठी। जब

वह सम्पूर्णरूप से जल चुकी तो आकाश में मेघ ने प्रादुर्भूत हो चिता को शान्त किया। 'कुसीनारा' के मल्लों ने भी सर्व-गन्ध-मिश्रित जल से भगवान् की चिता को ठण्ढा किया।

इसके पश्चात् मगध के राजा अजातशत्रु, वैशाली के लिच्छवि, कपिलवस्तु के शाक्य, अल्लकप्प के बुलिय, रामग्राम के कोलिय, वेट्ठ-द्वीप के ब्राह्मण तथा पावा के मल्लों ने भगवान् के धात्ववशेष भाग को प्राप्त करने के लिये अपने अपने अधिकार प्रस्तुत किये। तब द्रोण नामक एक चतुर ब्राह्मण ने उन अवशेषों को आठ समान भागों में सुविभक्त कर उन सब को एक भाग दे दिया। अन्त में उसने स्वयं भी वह तुम्बा ले लिया जिसमें भगवान् के अवशेष सुरक्षित थे। 'पिप्पली-वन' के मौर्य भगवान् के अवशेष बँट जाने के पश्चात् आये। अतः उन्हें चिता के अवशेष कोयला इत्यादि ही प्राप्त हुये। इन सबने भगवान् के अवशेषों को ले जाकर स्तूप बनवाकर उन्हें सुरक्षित किया।

(४) महासुदस्सनसुत्त

भगवान् बुद्ध 'कुसीनारा' में मल्लों के 'उपवत्तन' नामक शालवन में यमक शाल वृक्षों के नीचे अपनी निर्वाणशय्या पर लेटे थे। आयुष्मान् आनन्द ने उस समय उनसे कहा— "भन्ते, इस क्षुद्र तथा शाखानगरक में आप परिनिर्वाण को प्राप्त न होवें। चम्पा, राजगृह, श्रावस्ती, साकेत, कौशाम्बी तथा वाराणसी आदि प्रमुख नगर हैं, जहाँ बहुत से क्षत्रिय, ब्राह्मण तथा गृहपति महाशाल तथागत के भक्त हैं। वे तथागत के शरीर की यथोचित पूजा एवं सत्कार करेंगे। अतः भगवान् को ऐसे ही किसी स्थान पर परिनिर्वाण प्राप्त करना चाहिये।"

बुद्ध ने आनन्द को ऐसा कहने से रोका तथा उन्हें बतलाया कि अतीतकाल में वह विशेष स्थान 'महासुदस्सन' नामक विख्यात चक्रवर्ती राजा की 'कुसावती' नामक राजधानी था। उन्होंने यह भी बतलाया कि 'महासुदस्सन' राजा वे स्वयं ही थे। बुद्ध ने 'कुसावती' राजधानी के सम्बन्ध में यह बतलाया कि यह सात प्राकार, चार द्वार तथा रत्न-निर्मित सात ताल-पंक्तियों से घिरी थी।

जब एक 'उपोसथ' पूर्णिमा की रात को राजा 'महासुदस्सन' सिर से स्नानकर 'उपोसथ' व्रत रख अपने प्रासाद के सर्वोपरि भाग में विराजमान थे, तो उनके सामने सहस्र अरों वाला नाभि नेमि से युक्त सर्वाकारपरिपूर्ण दिव्य चक्ररत्न प्रकट हुआ। इसे देखकर राजा 'महासुदस्सन' ने आसन से उठकर चादर को एक कन्धे पर कर, बायें हाथ में स्वर्ण-झारी लेकर दाहिने हाथ से उस चक्र-रत्न का अभिषेक किया। तब वह चक्र-रत्न पूर्व दिशा की ओर चला। राजा 'महासुदस्सन' ने भी अपनी चतुरङ्गिणी सेना के साथ उस चक्ररत्न का अनुगमन किया। पूर्व दिशा के सभी प्रतिद्वन्द्वी राजाओं ने राजा 'महासुदस्सन' के पास आकर कहा— "हे शक्तिशाली महाराज, आपका स्वागत है। हमारा यह सब आपका ही है और हम आपके अधीन हैं। आप हमें आज्ञा दीजिये"।

राजा 'महासुदस्सन' ने उन राजाओं से यह कहा— "तुम्हें जीव-हिंसा नहीं करनी चाहिये, चोरी नहीं करनी चाहिये, कामभोग में पड़कर दुराचार नहीं करना चाहिये, मिथ्या-भाषण तथा मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिये"। इस प्रकार पूर्व दिशा के सभी राजा 'महासुदस्सन' के अनुयुक्तक हुये।

इसी प्रकार वह चक्र-रत्न पूर्व के समुद्र में डुबकी लगाने के पश्चात् निकलकर दक्षिण की ओर चला.... पश्चिम दिशा की ओर....उत्तर दिशा की ओर....उन दिशाओं के सभी राजा 'महासुदस्सन' के अनुयुक्तक हुये।

इसके पश्चात् वह चक्र-रत्न समुद्र पर्यन्त पृथ्वी को विजित करके 'कुसावती' राजधानी में लौट आया और 'महासुदस्सन' के अन्तःपुर के द्वार के पास आँगन में स्थित हो गया। शो, उनका अन्तःपुर अत्यन्त शोभायमान होने लगा।

आगे चलकर 'महासुदस्सन' के सामने श्वेत हस्ति-रत्न प्रकट हुआ....श्वेत तथा काले सिर वाला अश्वरत्न प्रकट हुआ....शुभ्र तथा अच्छी जाति का मणि-रत्न प्रकट हुआ...अभिरूप दर्शनीय तथा परम सौन्दर्य सम्पन्न स्त्री-रत्न प्राप्त हुआ...। गृहपति-रत्न एवं परिणायक-रत्न प्रकट हुए....। यही उस राजा के सात रत्न थे।

तब देवेन्द्र शक्र ने देवपुत्र विश्वकर्मा को राजा 'महासुदस्सन' के लिये एक योजन लम्बा तथा आधा योजन चौड़ा एक धर्म-प्रासाद निर्मित कराने का आदेश दिया। इसके बाद तथागत ने क्रमशः राजा की ध्यान-भावना, ऐश्वर्य तथा मृत्यु आदि के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला।

इस प्रकार बुद्ध ने आयुष्मान् आनन्द को 'महासुदस्सन' के वैभवादि की कथा के सम्बन्ध में उपदेश देते हुए कहा— "आनन्द, देखो वे सभी संस्कार क्षीण हो गये, निरुद्ध हो गये, विपरिणत हो गये। आनन्द, इसी तरह सभी संस्कार अनित्य हैं, अध्रुव हैं, अविश्वसनीय हैं। इनमें राग करना और आसक्त होना व्यर्थ है"।

(५) जनवसभसुत्त

बुद्ध 'नातिका' में विहार कर रहे थे। उस समय वे 'काशी', 'कोसल', 'वज्जि', 'मल्ल', 'चेदि', 'वत्स', 'कुरु', 'पाञ्चाल', 'मत्स्य' और 'शूरसेन' प्रदेशों में चारों ओर घूमकर बुद्ध, धर्म और सङ्घ की सेवा करने वाले अतीत काल में मृतलोगों की परलोक-गति का व्याकरण कर रहे थे कि अमुक वहाँ उत्पन्न हुआ और अमुक वहाँ उत्पन्न हुआ, इत्यादि।

इसके पश्चात् लोगों ने बुद्ध से यह निवेदन किया कि वे मगध के 'परिचारकों' की परलोक-गति के सम्बन्ध में भी उसी प्रकार के अपने विचार व्यक्त करें। इस सम्बन्ध में भगवान् ने अपनी समाधि लगायी और उन्हें मगध के 'परिचारकों' द्वारा प्राप्त परलोक-गति का पता चल गया। इसके पश्चात् भगवान् सन्ध्या समय ध्यान से उठकर बाहर आये और विहार के पीछे छाया में बिछे आसन पर बैठ गये। उन्होंने आनन्द से वह पूरा विवरण कह सुनाया, जिसमें 'जनवसभ' नामक एक अदृश्य यक्ष (देवता)ने उनसे यह कहा था कि भगवान् मैं 'जनवसभ' हूँ। यह यक्ष राजा 'बिम्बिसार' के अतिरिक्त और कोई नहीं था। उस यक्ष ने यह भी बताया कि वह 'सोतापन्न' हो चुका है तथा 'सकदागामी' पद प्राप्त करने जा रहा है। उस यक्ष ने 'तावतिंस-देवलोक' में ब्रह्मा 'सनङ्कुमार' के प्रकट होने की बात बतायी और यह भी कहा कि उन्होंने अन्तरिक्ष में जा पद्मासन लगा, आसन ग्रहण करके तथागत तथा धर्म की प्रशंसा भी की। इसके पश्चात् उस यक्ष ने मगध के कई लक्ष 'परिचारकों' की मृत्यु के पश्चात् परलोक-गति के विषय में अपना विवरण उपस्थित करते हुए यह कहा कि उनकी उत्पत्ति उच्च लोकों में हुई है और उन्होंने उच्चपदों की भी प्राप्ति की है।

आयुष्मान् आनन्द ने बुद्ध से यह सब सुनकर इसे सभी भिक्षु-भिक्षुणी, उपासक और उपासिकाओं को अवगत कराया।

(६) महागोविन्दसुत्त

बुद्ध राजगृह के 'गिज्झकूट' पर्वत पर विहार कर रहे थे। उस समय 'पञ्चसिख' नामक

गन्धर्व-पुत्र रात में उनके पास आया और उन्हें प्रणाम कर उनकी आज्ञा से 'तावतिंस देवों' की सभा का अपना अनुभव सुनाया कि एक समय 'तावतिंस देव' सुधर्मा सभा में बैठे थे। महती देव-परिषद् उनके चारों ओर विद्यमान थी। वहाँ पूर्व के अधिपति 'धतरट्ठ' दक्षिण के अधिपति 'विरूळ्हक' पश्चिम के अधिपति 'विरूपक्ख' तथा उत्तर के अधिपति 'वेस्सवण' नामक चारों दिशाओं के महाराज विराजमान थे। बुद्ध के शासन में धर्म-लाभ कर जिन देवों ने उस समय 'तावतिंस देवलोक' में जन्म ग्रहण किया था, वे अन्य देवों की अपेक्षा वर्ण और यश में कहीं अधिक श्रेष्ठ थे। उस समय देवेन्द्र शक्र ने देवताओं से तथागत के आठ अपूर्व गुणों का वर्णन किया। कुछ देवों ने यह कहा कि यदि लोक में और भी अधिक तथागत उत्पन्न हुए होते तो यह और भी अच्छा हुआ होता। शक्र ने उन्हें बतलाया कि एक काल में एक से अधिक बुद्ध नहीं उत्पन्न होते।

उस समय उत्तर दिशा में दिव्यालोक उत्पन्न हुआ। तब शक्र ने देवों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार का निमित्त दिखलायी पड़ रहा है तथा जिस प्रकार का आलोक और आभा प्रकट हो रही है, उससे यही ज्ञात होता है कि ये ब्रह्मा के प्रकट होने के लक्षण हैं। अतः वे सभी देव शान्तिपूर्वक हाथ जोड़कर तथा आसन मार कर ब्रह्मा के प्रकट होने की प्रतीक्षा करने लगे। शीघ्र ही ब्रह्मा उस सभा के पास आये और अदृश्य रहते हुये ही उन्होंने तथागत की प्रशंसा में गाथाएँ सुनायी। इसके पश्चात् आकाश में आसनासीन ब्रह्मा उनके सामने प्रकट हुये और 'महागोविन्द' नामक पण्डित ब्राह्मण की यह कहानी सुनायी— "अतीतकाल में 'दिसम्पति' नामक एक राजा था। उसका 'गोविन्द' नामक एक ब्राह्मण मन्त्री था। राजा के 'रेणु' नामक एक कुमार तथा मन्त्री के 'जोतिपाल' नामक एक पुत्र था। राजकुमार, मन्त्री-पुत्र तथा छह युवक परस्पर घनिष्ठ मित्र थे।

मन्त्री गोविन्द की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र 'जोतिपाल' उस पद पर नियुक्त किया गया और राजा 'दिसम्पति' की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र 'रेणु' राजसिंहासन पर आसीन हुआ। 'रेणु' ने अपने राज्य को अपने सम्पूर्ण मित्रों में समान भागों में विभाजित कर दिया।

"आगे चलकर 'जोतिपाल' ने राजकीय कार्यों से छुट्टी ले अपने को 'ब्रह्म-विहार' की साधना में लगाया। वह गृह त्यागकर प्रव्रजित हो गया। उसके साथ उसकी एक बहुत बड़ी श्रावक-मण्डली भी थी। वे सब मृत्यु के पश्चात् अपनी अपनी साधना के अनुसार देवलोक के विभिन्न स्तरों में उत्पन्न हुए। जिन्होंने सबसे हीन शरीर पाया वे भी गन्धर्व-लोक में उत्पन्न हुये। इस प्रकार उन सभी कुलपुत्रों की प्रव्रज्या सफल, सार्थक तथा उन्नत हुई।

तब 'पञ्चसिख' ने भगवान् से यह पूछा कि क्या उन्हें इसका स्मरण है? बुद्ध ने इसका उत्तर दिया कि उन्हें इन सबका पूर्ण स्मरण है; क्योंकि वे स्वयं ही 'महागोविन्द' ब्राह्मण थे।

(७) महासमयसुत्त

बुद्ध शाक्य देश के कपिलवस्तु के महावन में पाँच सौ अर्हत् भिक्षुओं के महासङ्घ के साथ साधना कर रहे थे। उस समय दस सहस्र 'लोक-धातुओं' के बहुत से देवता भगवान् और भिक्षु-सङ्घ के दर्शन के निमित्त एकत्र हुए। 'शुद्धावास' देवलोक के चार देवता उस स्थान पर उपस्थित हुए और उनमें से प्रत्येक ने उनके सामने एक-एक गाथा कही।

बुद्ध ने भिक्षुओं को उपदेश दिया तथा उन्हें उन देवताओं का नाम बतलाया, जो उस अवसर पर वहाँ एकत्र हुए थे। ये देवता 'यक्ख, 'वेस्सामित्त', 'कुम्भेर', राजा 'धतरट्ठ', 'गन्धब्ब',

'विरूळ्ह', 'कुम्भण्ड', 'विरूपक्ख', 'नाग', 'कुबेर', 'माया', 'कुटेण्डु', 'वटेण्डु', 'विटु', 'विटुच्च', 'चन्दन', 'रामसेट्ठ', 'किन्नुघण्डु', 'निघण्डु', 'पनाद', 'मातलि' तथा 'चित्तसेन' आदि थे।

(८) सक्कपञ्हसुत्त

बुद्ध मगध के राजगृह से पूर्व स्थित 'अम्बसण्डा' नामक ब्राह्मण-ग्राम के उत्तर 'वेदियक' पर्वत पर स्थित 'इन्दसाल-गुहा' में साधना कर रहे थे।

उस समय देवेन्द्र शक्र 'तावतिंस-देवों' से मण्डलित तथा 'पञ्चसिख' गन्धर्व-पुत्र द्वारा परिचारित होते हुये सम्पूर्ण दिशाओं को देदीप्यमान करते हुए 'वेदियक' पर्वत पर आये। 'पञ्चसिख' ने अपनी 'वेलुवपण्डु' नामक वीणा उठाकर उस पर बुद्ध, धर्म, सङ्घ, अर्हत् तथा भोग-सम्बन्धी गाने गाये। बुद्ध उसका गान सुनकर अत्यन्त प्रसन्न हुए। तत्पश्चात् सभी देवताओं के साथ देवेन्द्र शक्र ने गुहा में प्रवेश करके बुद्ध की वन्दना की तथा उनकी आज्ञा से अपना यह प्रश्न पूछा— "मार्ष! देव, मनुष्य, असुर, नाग, गन्धर्व तथा अन्य प्राणी किस बन्धन में पड़े हैं? वे वैर, दण्ड, शत्रु और हिंसा के भाव को छोड़कर वैर-रहित हो विहार करने की इच्छा रखते हुए भी दण्ड-सहित, शत्रुता और हिंसा-भाव से युक्त होकर वैर-सहित ही रहते हैं"।

बुद्ध ने शक्र के इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सभी देव, मनुष्यादि ईर्ष्या और मात्सर्य के कारण ही उपर्युक्त अवस्थाओं से मुक्त नहीं हो पाते। शक्र ने भगवान् से दूसरा प्रश्न पूछा— "मार्ष, ईर्ष्या और मात्सर्य के निदान, समुदय, जाति तथा प्रभव क्या हैं? किसके होने से ईर्ष्या और मात्सर्य होते हैं और किसके न होने से ये नहीं होते"? बुद्ध ने उत्तर दिया कि प्रिय और अप्रिय के कारण ही ईर्ष्या और मात्सर्य की स्थिति होती है, इनके अभाव में ये नहीं होते।

इसके पश्चात् शक्र ने पूछा कि प्रिय-अप्रिय के कारण क्या हैं? तब बुद्ध ने बतलाया कि प्रिय तथा अप्रिय 'छन्द' के कारण होते हैं। तब शक्र के यह पूछने पर कि 'छन्द' के कारण क्या हैं? बुद्ध ने कहा कि 'छन्द', 'वितर्क' के कारण होता है। पुनः शक्र ने इस 'वितर्क' का भी कारण पूछा और तब बुद्ध ने उत्तर दिया कि 'वितर्क' सांसारिक प्रपञ्च के कारण होता है।

इस प्रकार शक्र द्वारा पूछे गये अन्य प्रश्नों के भी बुद्ध ने समुचित उत्तर दिये, जिससे इन्द्र की सभी शङ्काओं का समाधान हो गया और इसके साथ ही उन्हें परमसत्य का भी ज्ञान हो गया।

(९) महासतिपट्ठानसुत्त

बुद्ध कुरु देश में 'कम्मासदम्म' नामक कुरुओं के निगम में साधना कर रहे थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चारों 'सतिपट्ठान' सत्त्वों की विशुद्धि, शोक तथा कष्ट के विनाश, दुःख तथा दौर्मनस्य के अतिक्रमण, सभी बन्धनों से मुक्ति पाने तथा परम ज्ञान एवं निर्वाण का साक्षात्कार करने के लिये अकेले मार्ग हैं। ये चार स्मृतिपट्ठान हैं— कायानुपस्सना, वेदनानुपस्सना, चित्तानुपस्सना तथा धम्मानुपस्सना। बुद्ध ने इनकी क्रमशः व्याख्या भी की।

१. 'कायानुपस्सना' क्या है? भिक्षु अरण्य, वृक्ष के नीचे अथवा शून्यागार में जाकर आसन लगा शरीर को सीधा कर स्मृति को सामने रख शरीर की सम्पूर्ण अवस्थाओं में जागरूक रहता है।

वह 'आनापान-सति' की साधना करता है। इस प्रकार वह स्मरण रखते हुए साँस छोड़ता है और लेता है। लम्बी साँस लेते समय वह यह जानता रहता है कि वह लम्बी साँस ले रहा

है। छोटी साँस लेते समय वह यह जानता रहता है कि वह छोटी साँस ले रहा है। इसी प्रकार लम्बी साँस छोड़ते समय वह यह जानता रहता है कि वह लम्बी साँस छोड़ रहा है तथा छोटी साँस छोड़ते समय भी वह जानता रहता है कि वह छोटी साँस छोड़ रहा है।

वह उठते, बैठते, चलते तथा सोते समय इन सभी क्रियाओं से परिचित रहता है। वह प्रत्येक कार्य करते हुए उसे पूर्णरूप से जानते हुए करता है।

वह पैर के तलवे से ऊपर तथा केश-मस्तक से नीचे इस सम्पूर्ण काया को नाना प्रकार के मलों से पूर्ण देखता है। वह यह अनुभव करता है कि इस काया में केश, रोम, नख, दाँत, त्वचा, माँस, स्नायु, अस्थि, अस्थि-मज्जा, वृक्क, हृदय, यकृत, क्लोमक, प्लीहा, फुफ्फुस, आँत, छोटी आँत, उदरस्थ वस्तुएँ, मल, पित्त, कफ, पीव, रक्त, स्वेद, मेद, आँसू, वसा, लार, नासामल, लसीका और मूत्र विद्यमान हैं।

वह इस काया के विषय में सोचते हुये यह देखता है कि इस काया में 'पथवी धातु', 'आपो धातु', 'तेजो धातु' तथा 'वायु धातु' नामक चार धातुएँ विद्यमान हैं। वह विचित्र अवस्थाओं को प्राप्त श्मशान में फेंके हुये मृतक शरीरों को देखकर उसको अपने शरीर पर घटित करते हुये यह अनुभव करता है कि मेरी यह काया भी इसी कर्मवाली, ऐसी ही होनेवाली और इस अवस्था से बचकर न निकलनेवाली है।

२. 'वेदनानुपस्सना' क्या है ? भिक्षु सुख-वेदना को अनुभव करते हुये यह जानता है कि वह 'सुख-वेदना' का अनुभव कर रहा है। इसी प्रकार वह 'दुःख-वेदना', 'अदुःख-असुख-वेदना' इत्यादि को भी पूर्ण रूप से जानता है और उन सबसे जागरूक रहते हुए ही वह उनका अनुभव करता है।

३. 'चित्तानुपस्सना' क्या है ? भिक्षु 'सराग चित्त', 'विराग चित्त', 'सद्वेष चित्त', 'वीतद्वेष चित्त', 'समोह चित्त' तथा 'वीतमोहादि चित्तों' को पूर्ण रूप से समझते हुये ही उनका अनुभव करता है।

४. 'धम्मानुपस्सना' क्या है ? भिक्षु पञ्च नीवरण, पञ्च स्कन्ध, द्वादश आयतन, सात बोध्यङ्ग, चार आर्यसत्य—इन सभी के स्वरूप को जानते हुए ही इन का अनुभव करता है।

इस प्रकार ये ही चार 'सतिपट्ठान' हैं, जिनका क्रमशः अनुभव करते हुए मनुष्य अपने परम लक्ष्य तक पहुँच जाता है। इनकी विशेष उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए अन्त में बुद्ध ने यह भी कहा कि जो इन चार सतिपट्ठानों की भावना सात वर्ष तक करे तो उसे अर्हत्त्व का साक्षात्कार तथा 'उपधिशेष' होने पर 'अनागामित्व', इन दो फलों में से एक फल की अवश्य प्राप्ति होगी। बुद्ध ने यह भी बतलाया कि यदि छह वर्ष भी....पाँच वर्ष भी....चार वर्ष भी....एक वर्ष भी....एक मास भी....एक सप्ताह भी इन चार 'सतिपट्ठानों' का अभ्यास करे तो उसे 'अर्हत्त्व' की प्राप्ति या 'अनागामित्व' लाभ अवश्य हो जायगा।

(१०) पायासिराजञ्ञसुत्त

आयुष्मान् 'कुमारकस्सप' पाँच सौ भिक्षुओं के महासङ्घ के साथ चारिका करते हुए कोशल देश के 'सेतब्या' नामक नगर में पहुँचे और वहाँ नगर के उत्तर में स्थित 'सिंसपावन' में ठहरे। उस समय राजन्य 'पायासी' भी उसी नगर में निवास करता था, जिसे इस प्रकार की

मिथ्यादृष्टि उत्पन्न हो गयी थी कि यह लोक अथवा परलोक दोनों नहीं हैं तथा सुकृत तथा दुष्कृत कर्मों का कोई विपाक नहीं होता।

'पायासी' आयुष्मान् 'कुमार कस्सप' के पास गया और अपने इस मिथ्या मत का प्रतिपादन किया। इस सम्बन्ध में उसने यह भी कहा कि मरणासन्न अपने कई मित्र और सम्बन्धियों को उसने इस लोक के बाद दूसरे लोक में जन्म लेने के पश्चात् अपने अपने सन्देश भेजने के लिये कहा, पर आज तक किसी ने ऐसा नहीं किया।

आयुष्मान् 'कुमार कस्सप' ने उपयुक्त उपमाओं द्वारा उसे यह समझाया कि यदि वे दुष्कर्म करने वाले रहे हों और इससे नरक में पड़े हों, तो नरक के यमों ने उन्हें आपके पास अपने सन्देश कहने के लिये आने न दिया होगा। यदि वे सुकर्मी रहे होंगे तो उनकी उत्पत्ति स्वर्ग में हुई होगी। ऐसी अवस्था में वे वहाँ के सुखों की अवहेलना करके इस अवास्तविक जगत् में क्यों आना चाहते!

इसके पश्चात् 'पायासी' ने यह कहा कि परलोक नहीं है, क्योंकि यदि श्रमण-ब्राह्मणों को ऐसा विश्वास होता कि इस लोक के बाद सुगति विद्यमान है तो उसे शीघ्र ही प्राप्त करने के लिये वे आत्महत्या कर लेते।

आयुष्मान् 'कुमार कस्सप' ने इसका उत्तर देते हुए यह उपमा दी कि जिस प्रकार गर्भवती स्त्री का पेट चीर कर प्रसव में शीघ्रता करना असम्भव है; उसी प्रकार कोई आत्म-हत्या करके अपने कर्म-फल की प्राप्ति में शीघ्रता नहीं कर सकता।

तत्पश्चात् 'पायासी' ने अपने द्वारा किये गये उस प्रयोग का विवरण दिया, जिसके द्वारा उसने यह जानने की चेष्टा की थी कि क्या सचमुच जीव अथवा आत्मा नामक कोई तत्त्व मनुष्य में विद्यमान रहता है, जो मृत्यु के पश्चात् उसे छोड़कर चला जाता है। उसने बतलाया कि उसने एक मनुष्य को ,एक बड़े घड़े पर एक छोटा सा छेद किया और उसे जलते हुए चूल्हे पर चढ़ा दिया और उसके बाद ध्यानपूर्वक यह देखा कि उसमें से कोई तत्त्व बाहर निकलता है, अथवा नहीं। परन्तु उसे कोई भी तत्त्व बाहर निकलते नहीं दिखलायी दिया।

आयुष्मान् 'कुमारकस्सप' ने स्वप्न की उपमा देते हुये उससे यह कहा कि स्वप्न में मनुष्य विभिन्न स्थानों की यात्रा करता है तथा उसकी विभिन्न लोगों से भेंट भी होती है। पर क्या ऐसा करने में कोई जीव को शरीर से बाहर निकलते देखता है! जीव इसलिये नहीं दिखलायी पड़ता कि मनुष्य का व्यक्तित्व विज्ञानादि परम्परा में निहित रहता है। अत: उसकी कल्पना भौतिक रूप में नहीं की जा सकती।

सबसे अन्त में 'पायासी' राजन्य ने यह कहा कि वह अपनी इस धारणा का बहुत दिनों से प्रतिपादक है और उसका इससे इतना अनन्य सम्बन्ध है कि इस अवस्था में उसके लिये इसका छोड़ना नितान्त कठिन है। उसकी इस बात का निराकरण करते हुये 'कुमार कस्सप' ने यह कहानी सुनाई कि "एक बार कुछ मित्र धनोपार्जन के अभिप्राय से बाहर चले। मार्ग में उन्होंने एक स्थान पर पड़ा हुआ सन का ढेर देखा। तब एक मित्र ने दूसरे से कहा कि यहाँ बहुत सन पड़ा है। हम दोनों सन का एक एक गट्ठर बाँध कर ले चलें। दूसरे ने इसे स्वीकार कर लिया। तत्पश्चात् दोनों ने सन के गट्ठर बाँध वहाँ से प्रस्थान किया। सन के गट्ठर को लिये हुये वे दूसरे ग्राम में पहुँचे। वहाँ पर बहुत सा टाट पड़ा था। पहले मित्र ने दूसरे से कहा कि सन की अपेक्षा टाट अधिक मूल्यवान्

और उपयोगी है। अतः हमें चाहिये कि हम सन के गट्ठरों को फेंककर टाट के गट्ठर बाँध लें। दूसरे मित्र ने उत्तर दिया कि वह बहुत दूर से सन का गट्ठर का ला रहा है; इसके साथ ही वह अच्छी तरह से बाँधा हुआ और उसके लिये पर्याप्त भी है। यदि वह चाहे तो अपने लिये टाट ले ले। उसके इस उत्तर को सुनकर पहले ने सन को छोड़ कर टाट ले लिया।

इसके पश्चात् उन्हें मार्ग में क्रमशः क्षौम का कता सूत, क्षौम के वस्त्र, कपास, ताँबा, राँगा, सीसा, चाँदी तथा स्वर्णादि मिले और वहाँ भी ऐसा ही हुआ। पहला क्रमशः अपने गट्ठर को बदलता गया और दूसरा अन्त तक सन के ही गट्ठर को लादे रहा।

आयुष्मान् 'कुमार कस्सप' ने 'पायासी' राजन्य के कथन की उपमा उसी मूर्ख के कथन से देते हुये कहा कि वह अपनी उस प्रकार की मिथ्यादृष्टियों का परित्याग कर दे और उन्हें अपने भावी दुःखों का कारण न बनने दे।

राजन्य 'पायासी' ने अन्त में अपनी भूल को स्वीकार किया और आयुष्मान् 'कुमार-कस्सप' का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया।

The Present Volume : its Place in the Tipitaka

The three Piṭakas represent the three sections of the Canon. Their subject matter and way of treatment differ from one another. The Five books of the Vinaya Piṭaka deal with the rules and regulations of Monastic Discipline; the five Nikāyas of the Sutta Piṭaka are collections of the discourses delivered by the Buddha at different places, on different occasions, and addressed to different congregatios; and, the seven Pakaraṇas of the Abhidhamma Piṭaka are treatises on the technical psycho-ethical philosophy presented in terms and style suited to it.

The fitst Nikāya of the Sutta Piṭaka is the Dīgha Nikāya, a collection (Nikāya) of long (Dīgha) sermons. There are as many as 34 long sermons (Suttas) contained in it, divided in three books, called the Sīlakhandhavagga, the Mahāvagga and the Pāthikavagga.

The present volume is an edition of the Mahāvagga, the second book of the Dīgha Nikāya. This name, some times, confuses a beginner with the first book of the Vinaya Piṭaka of the same name. The distinction may be specified by calling the present volume as *Dīghanikāye Mahāvaggo* and the other as *Vinayapiṭake Mahāvaggo*. Out of the names of the ten Suttas contained in it, seven are conjoined with the epithet Mahā (great). This is why it has been given this name. Here, the word 'Mahā' indicates partly that they are great in length and partly that they are held in high esteem. As the third Sutta, the Mahāparinibbāna Sutta, gives a touching and inspiring record of the last days and hours of the life of the Buddha, it has been very often singled out as an independent book for study and recitation all over the Buddhist countries. Several editions of it have been available both in the Theravāda and in the Mahāyāna traditions.

The ninth Sutta, the Mahā Satipaṭṭhāna Sutta, which presents a full course of self-culture, has also borne an outstanding identity of its own as a piece of Word of the Buddha for daily recitation and meditation. Out of reverence for this Sutta, devoted disciples have, at places, got it inscribed on costly gold plates and the letters studded with grains of precious stones, and kept enshrined in Stūpas.

The Present Volume : Its importance

A glance at the list of these ten Suttas at once reveals that the importance of the present volume is principally different from that of the previous one.

A major portion of the book is dedicated to the description of and to the events connected with gods, spirits and legendary accounts. And, these, as they do to a certain extent, of course, present materials valuable for historical and cultural studies.

The first Sutta, the Mahāpadāna Sutta, gives detailed accounts of the lives of the six Buddhas previous to the historical one, Siddhārtha Gotama. Rhys Davids has rightly remarked— "So exactly do these legends follow one pattern that it has been possible, without the omission of any detail, to arrange them in paralled columns." These descriptions, at least, serve the great purpose of bringing into relief the basic principle of Buddhism that the functioning of the Law is without a beginning in the temporal series. This may also be attributed to the general Indian tendency of trying to glorify a thing by proving it to be ancient in origin.

२९. "सुखा पि खो, आनन्द, वेदना अनिच्चा सङ्खता पटिच्चसमुप्पन्ना खयधम्मा वयधम्मा विरागधम्मा निरोधधम्मा। दुक्खा पि खो, आनन्द, वेदना अनिच्चा सङ्खता पटिच्च-[R.67] समुप्पन्ना खयधम्मा वयधम्मा विरागधम्मा निरोधधम्मा। अदुक्खमसुखा पि खो, आनन्द, वेदना अनिच्चा सङ्खता पटिच्चसमुप्पन्ना खयधम्मा वयधम्मा विरागधम्मा निरोधधम्मा। तस्स सुखं वेदनं वेदियमानस्स 'एसो मे अत्ता' ति होति। तस्सा येव सुखाय वेदनाय निरोधा 'ब्यगा मे अत्ता' ति होति। दुक्खं वेदनं वेदियमानस्स 'एसो मे अत्ता' ति होति। तस्मा येव [N.54] दुक्खाय वेदनाय निरोधा 'ब्यगा मे अत्ता' ति होति। अदुक्खमसुखं वेदनं वेदियमानस्स 'एसो मे अत्ता' ति होति। तस्मा येव अदुक्खमसुखाय वेदनाय निरोधा 'ब्यगा मे अत्ता' ति होति। इति सो दिट्ठेव धम्मे अनिच्चसुखदुक्खवोकिण्णं उप्पादवयधम्मं अत्तानं समनुपस्समानो समनुपस्सति, यो सो एवमाह—'वेदना मे अत्ता' ति। तस्मातिहानन्द, एतेन पेतं नक्खमति—'वेदना मे अत्ता' ति समनुपस्सितुं।

३०. "तत्रानन्द, यो सो एवमाह—'न हेव खो मे वेदना अत्ता, अप्पटिसंवेदनो मे अत्ता' ति, सो एवमस्स वचनीयो—'यत्थ पनावुसो, सब्बसो वेदयितं नत्थि अपि नु खो, तत्थ अयमहमस्मी ति सिया' " ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"तस्मातिहानन्द, एतेन पेतं नक्खमति—'न हेव खो मे वेदना अत्ता, अप्पटिसंवेदनो मे अत्ता' ति समनुपस्सितुं।

३१. "तत्रानन्द, यो सो एवमाह—'न हेव खो मे वेदना अत्ता, नो पि [B.58] अप्पटिसंवेदनो मे अत्ता, अत्ता मे वेदियति, वेदनाधम्मो हि मे अत्ता' ति, सो एवमस्स वचनीयो—'वेदना च हि, आवुसो, सब्बेन सब्बं सब्बथा सब्बं अपरिसेसा निरुज्झेय्युं, सब्बसो वेदनाय

---

२९. "आनन्द! सुखा वेदना भी अनित्य, संस्कृत एवं सापेक्षजन्म वाली (प्रतीत्यसमुत्पन्न) है, अतः वह क्षयधर्म है, विनाशी है, वैराग्य एवं निरोध धर्म (स्वभाव) वाली है। दुःखा वेदना भी अनित्य ...निरोध धर्म वाली है। और अदुःखासुखा वेदना भी अनित्य...निरोध धर्म वाली है। उस (तत्त्वान्वेषी) को सुखा वेदना का अनुभव करते हुए यह (सुखा वेदना) मेरी आत्मा है; उस सुखा वेदना का निरोध होने पर 'मेरी आत्मा विगत (विनष्ट) हो गयी' ऐसा होता है। दुःखा वेदना को अनुभव करते हुए....पूर्ववत्....। अदुःखा सुखा वेदना का अनुभव करते हुए उसे होता है कि यही मेरी आत्मा है; परन्तु उसके निरुद्ध होने पर 'मेरी आत्मा विगत हो गयी'—ऐसा भी उसे ही अनुभव होता है। तो, आनन्द! वह इसी जन्म में आत्मा को अनित्य, सुख-दुःखमिश्रित, उत्पत्ति-विनाशस्वभाव वाला देखता है। तब उसका यह कहना कि—'वेदना मेरी आत्मा है'—यह ठीक नहीं। (क)

३०. "आनन्द! जो वह ऐसा कहता है—'वेदना (अनुभव) मेरी आत्मा नहीं, अप्रतिसंवेदन (अनुभव न होना) मेरी आत्मा है'; उससे यह पूछना चाहिये—'आयुष्मन्! जब तुम्हारे कथनानुसार सर्वत्र असंवेदयित है तो तुम्हारा यह कहना कैसे बनेगा कि—वह मैं हूँ?" "नहीं बनेगा, भन्ते!"

"तो तुम्हारा यह कहना भी उचित नहीं कि अप्रतिसंवेदन ही आत्मा है। (ख)

३१. "और जो (तीसरा) मतवादी यह कहता है कि न मेरी वेदना आत्मा है, न अप्रतिसंवेदन ही आत्मा है, अपितु जिस आत्मा को मैं अनुभव कर रहा हूँ वही मेरी आत्मा है; उससे भी यह पूछना चाहिये

असति वेदनानिरोधा अपि नु खो तत्थ अयमहमस्मी ति सिया' '' ति? ''नो हेतं, भन्ते''। [R.68] ''तस्मातिहानन्द, एतेन पेतं नक्खमति—'न हेव खो मे वेदना अत्ता, नो पि अप्पटिसंवेदनो मे अत्ता, अत्ता मे वेदियति, वेदनाधम्मो हि मे अत्ता' ति समनुपस्सितुं।

३२. ''यतो खो, आनन्द, भिक्खु नेव वेदनं अत्तानं समनुपस्सति, नो अप्पटिसंवेदनं अत्तानं समनुपस्सति, नो पि 'अत्ता मे वेदियति, वेदनाधम्मो हि मे अत्ता' ति समनुपस्सति; सो एवं न समनुपस्सन्तो न च किञ्चि लोके उपादियति। अनुपादियं न परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाति। एवं विमुत्तचित्तं खो, आनन्द, भिक्खुं यो एवं वदेय्य—'होति तथागतो परं मरणा इतिस्स दिट्ठी' ति, तदकल्लं; 'न होति तथागतो परं मरणा इतिस्स दिट्ठी' ति, तदकल्लं; [N.55] 'होति च न च होति तथागतो परं मरणा' इतिस्स दिट्ठी ति, तदकल्लं; 'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा' इतिस्स दिट्ठी ति, तदकल्लं। तं किस्स हेतु? यावता, आनन्द, अधिवचनं यावता अधिवचनपथो, यावता निरुत्ति, यावता निरुत्तिपथो, यावता पञ्ञत्ति, यावता पञ्ञत्तिपथो, यावता पञ्ञा, यावता पञ्ञावचरं, यावता वट्टं, यावता वट्टति, तदभिञ्ञाविमुत्तो भिक्खु। तदभिञ्ञाविमुखं भिक्खुं 'न जानाति न पस्सति इतिस्स दिट्ठी' ति, तदकल्लं।

३. सत्त विञ्ञाणट्ठितियो

३३. ''सत्त खो, आनन्द, विञ्ञाणट्ठितियो, द्वे आयतनानि। कतमा सत्त? (१)

कि जब एक समय आने पर सब वेदनाएँ निरुद्ध हो ही जाती है तो, तब 'यह मेरी आत्मा है'—इसका विषय बनने के लिये कोई अवशिष्ट रह जायगा?'' ''नहीं, भन्ते!''

''तो, आनन्द! इस युक्ति से यह समझना चाहिये कि इस तीसरे मतवादी का मत भी उचित नहीं।

३२. ''क्योंकि, आनन्द! साधक भिक्षु न वेदना को आत्मा समझता है, न अप्रतिसंवेदन (अनुभव न होना) को और न 'आत्मा मेरा वेदित है, वेदना धर्मवाला मेरा आत्मा है'—यह समझता है। इस प्रकार समझकर लोक में किसी को भी 'मैं,' 'मेरा' से ग्रहण नहीं करता। उसके न ग्रहण करने वालों से वह त्रास नहीं पाता। त्रास न पाता हुआ स्वयं परिनिर्वाण को प्राप्त होता है। (तब वह) 'मेरा जन्म (—परम्परा) समाप्त हो गया, धर्म-साधना (ब्रह्मचर्यवास) पूर्ण हो चुकी, (अब मेरे लिये) यहाँ कुछ करणीय अवशिष्ट नहीं है'—इसे जानता है। आनन्द! ऐसे मुक्तचित्त साधक भिक्षु के विषय में कोई यह कहे—'मरने के बाद तथागत होते हैं—यह इसका मत (दृष्टि) है'—वह कथन अयुक्त है। 'मरने के बाद तथागत नहीं होते'—....। 'मरने के बाद तथागत होते भी है, नहीं भी होते'— ....। 'मरने के बाद तथागत न होते हैं, न नहीं होते'—यह भी अयुक्त है; वह किस कारण? जितनी भी, आनन्द! नामसंज्ञा (अधिवचन) है, जितना पथ (वाग्व्यवहार) है, जितना निर्वचन (भाषा) है, जितनी प्रज्ञप्ति (रूढ़ि) है, जितना भी प्रज्ञप्ति—व्यवहार है, जितनी भी प्रज्ञा (ज्ञान) है या जितना भी प्रज्ञा का विषय संसार (वट्ट) में है, उस सब को जान कर भिक्षु मुक्त हो जाता है। ऐसे विमुक्त उस भिक्षु के विषय में यह कहना कि 'यह नहीं जानता है, नहीं देखता है'—यह कहना (सर्वथा) असङ्गत है।

३. सप्तविध विज्ञानस्थितियाँ

३३. ''आनन्द! विज्ञान (जीव) की सात स्थितियाँ (योनियाँ) है, और दो आयतन (क्षेत्र)। वे सात

सन्तानन्द, सत्ता नानत्तकाया नानत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि मनुस्सा, एकच्चे च देवा, [R.69] एकच्चे च विनिपातिका। अयं पठमा विञ्ञाणट्ठिति। (२) सन्तानन्द, सत्ता नानत्तकाया [B.59] एकत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा ब्रह्मकायिका पठमाभिनिब्बत्ता। अयं दुतिया विञ्ञाणट्ठिति। (३) सन्तानन्द, सत्ता एकत्तकाया नानत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा आभस्सरा। अयं ततिया विञ्ञाणट्ठिति। (४) सन्तानन्द, सत्ता एकत्तकाया एकत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि देवा सुभकिण्हा। अयं चतुत्थी विञ्ञाणट्ठिति। (५) सन्तानन्द, सत्ता सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनूपगा। अयं पञ्चमी विञ्ञाणट्ठिति। (६) सन्तानन्द, सत्ता सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनूपगा। अयं छट्ठी विञ्ञाणट्ठिति। (७) सन्तानन्द, सत्ता सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनूपगा। अयं सत्तमी विञ्ञाणट्ठिति। असञ्ञसत्तायतनं नेवसञ्ञानासञ्ञायतनमेव दुतियं।

३४. "तत्रानन्द, यायं पठमा विञ्ञाणट्ठिति नानत्तकाया नानत्तसञ्ञिनो, सेय्यथापि मनुस्सा, एकच्चे च देवा, एकच्चे च विनिपातिका, यो नु खो, आनन्द, तं च पजानाति तस्सा च समुदयं पजानाति तस्सा च अत्थङ्गमं पजानाति तस्सा च अस्सादं पजानाति तस्सा च आदीनवं पजानाति तस्सा च निस्सरणं पजानाति, कल्लं नु तेन तदभिनन्दितुं" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"तत्रानन्द, यमिदं असञ्ञसत्तायतनं, यो नु खो, आनन्द, तं च पजानाति तस्स च

योनियाँ कौन सी हैं? (१) "कोई–कोई सत्त्व नाना काय एवं नाना संज्ञा वाले, होते हैं; जैसे–मनुष्य, देवता, (कामधातु के छह) और विनिपातिक (पिशाच आदि नीच योनियों वाले) यह प्रथम विज्ञान स्थिति (योनि) है। (२) "और आनन्द! कोई कोई सत्त्व नाना कायवाले परन्तु एक संज्ञा वाले होते है; जैसे–प्रथम ध्यान के साथ उत्पन्न ब्रह्मकायिक देवता। वह दूसरी विज्ञानस्थिति है। (३) आनन्द! कोई सत्त्व ऐसे भी हैं जो एक काया परन्तु नाना संज्ञावाले हैं; जैसे–आभास्वर देवता। यह तृतीय विज्ञानस्थिति है। (४) ....एक काया तथा एक संज्ञा वाले हैं; जैसे– शुभकृत्स्न। यह चतुर्थ विज्ञानस्थिति है। (५) आनन्द! कोई सत्त्व ऐसे हैं जो रूप–संज्ञा के अतिक्रमण, प्रतिहिंसा (प्रतिघ–द्वेष) संज्ञा के अस्त हो जाने से नानात्व की संज्ञा का चित्त में ध्यान न करने से 'अनन्त आकाश'–इस आकाश–आयतन (वासस्थान) को प्राप्त करते हैं। यह पाँचवीं विज्ञान स्थिति हैं। (६) ....आकाश आयतन का भी सर्वथा अतिक्रमण कर विज्ञान अनन्त है, इस विज्ञान–आयतन को प्राप्त करते हैं। यह छठी विज्ञानस्थिति है। (७) आनन्द! कोई कोई सत्त्व विज्ञान आयतन का भी सर्वथा अतिक्रमण कर 'कुछ नहीं है'–इस आकिञ्चन्य आयतन को प्राप्त होते हैं। यह सातवीं विज्ञान स्थिति है। दो आयतन (क्षेत्र, वासस्थान) भी हैं–जैसे–एक असंज्ञी (संज्ञारहित) सत्त्व आयतन एवं दूसरा नैव संज्ञा नासंज्ञा–आयतन (न संज्ञा वाला न असंज्ञावाला) सत्त्वों का आवास।

३४. "आनन्द! वहाँ यह जो प्रथम विज्ञानस्थिति है, जहाँ नाना काय एवं नाना संज्ञावाले प्राणी जन्म लेते है, जैसे मनुष्य, देव एवं विनिपातिक; आनन्द! जो साधक उसे जानता है, उसके समुदय (उत्पत्ति) को जानता है, उसके अस्तगमन (नाश या निरोध) को जानता है, उसके आस्वाद को जानता है, उसके दुष्परिणामों (दोषों) को जानता है, उससे निःसरण (छूटने का मार्ग) को जानता है, क्या ऐसे उस ज्ञाता को इस विज्ञानस्थिति का अभिनन्दन (हर्षोल्लास) करना उचित है?" "नहीं भन्ते!"

[N.56] समुदयं पजानाति तस्स च अत्थङ्गमं पजानाति तस्स च अस्सादं पजानाति तस्स च आदीनवं पजानाति तस्स च निस्सरणं पजानाति, कल्लं नु तेन तदभिनन्दितुं'' ति?

[R.70] ''नो हेतं, भन्ते''।

''तत्रानन्द, यमिदं नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं, यो नु खो, आनन्द, तं च पजानाति तस्स च समुदयं पजानाति तस्स च अत्थङ्गमं पजानाति तस्स च अस्सादं पजानाति तस्स च आदीनवं पजानाति तस्स च निस्सरणं पजानाति, कल्लं नु तेन तदभिनन्दितुं'' ति? ''नो हेतं, भन्ते''।

''यतो खो, आनन्द, भिक्खु इमासं च सत्तन्नं विञ्ञाणट्ठितीनं इमेसं च द्विन्नं आयतनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं विदित्वा अनुपादा विमुत्तो होति, अयं वुच्चतानन्द, भिक्खु पञ्ञाविमुत्तो।

४. अट्ठ विमोक्खा

[B.60] ३५. ''अट्ठ खो इमे, आनन्द, विमोक्खा। कतमे अट्ठ? (१) रूपी रूपानि पस्सति, [R.71]अयं पठमो विमोक्खो। (२) अज्झत्तं अरूपसञ्ञी बहिद्धा रूपानि पस्सति, अयं दुतियो विमोक्खो। (३) सुभन्तेव अधिमुत्तो होति, अयं ततियो विमोक्खो। (४) सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति, अयं चतुत्थो विमोक्खो। (५) सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति, अयं पञ्चमो विमोक्खो। (६) सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म 'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति, अयं छट्ठो विमोक्खो। (७) सब्बसो आकिञ्चञ्ञायतनं

इसी तरह, आनन्द! जो दूसरी....तीसरी....चौथी....पाँचवी....छठी....सातवी....आँठवीं ....पूर्ववत्....।

''आनन्द! वहाँ जो असंज्ञी सत्त्वायतन है, उसे जो जानता है, उसका समुदय, विनाश, आस्वाद, आदीनव, एवं निःसरण जानता है उसे उसका अभिनन्दन करना उचित है?'' ''नहीं, भन्ते!''

''आनन्द! वहाँ जो नैवसंज्ञानासंज्ञायतन है ....पूर्ववत्....?'' ''नहीं, भन्ते!''

''क्योंकि, आनन्द! जो साधक भिक्षु इन सात विज्ञानस्थितियों का, इन दो आयतनों का समुदय, विनाश, आस्वाद, आदीनव एवं निःसरण को यथातथ रूप से जानकर इन उपादानों को न ग्रहण कर मुक्त हो जाता है, वह भिक्षु 'प्रज्ञा द्वारा विमुक्त' कहलाता है।

३. आठ विमोक्ष

३५. ''आनन्द! ये आठ विमोक्ष हैं। कौन से आठ? (१) स्वयं रूपवान् (होता हुआ) दूसरे रूपों को देखता है।—यह प्रथम विमोक्ष है। (२) स्वयं आन्तरिक रूपरहित संज्ञा वाला होता हुआ, बाहर के रूपों को देखता है—यह द्वितीय विमोक्ष है। (३) 'शुभ है'—इस से विमुक्त रहता है—यह तृतीय विमोक्ष है। (४) ''रूप-संज्ञा का सर्वथा अतिक्रमण कर, प्रतिघ (प्रतिहिंसा) संज्ञा के अस्त (विनष्ट) हो जाने से नानात्व संज्ञा को मन में न करने से 'आकाश अनन्त है'—इस अनन्त आकाश के आयतन को प्राप्त हो कर साधना करता है—यह चतुर्थ विमोक्ष है। (५) 'अनन्त आकाश के आयतन का भी सर्वथाअतिक्रमण कर विज्ञान अनन्त है'—इस अनन्त विज्ञान आयतन को प्राप्त कर साधना करता है—यह पञ्चम विमोक्ष है। (६) 'वह विज्ञान आयतन का भी सर्वथा अतिक्रमण कर 'कुछ भी नहीं है'—यह आकिञ्चन्य आयतन प्राप्त कर साधना करता है—यह षष्ठ विमोक्ष है। (७) (साधना करते-करते) इस आकिञ्चन्य आयतन का भी सर्वथा

समतिक्कम्म नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति, अयं सत्तमो विमोक्खो। (८) सब्बसो नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समतिक्कम्म सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति, अयं अट्ठमो विमोक्खो। इमे खो, आनन्द अट्ठ विमोक्खा।

३६. "यतो खो, आनन्द, भिक्खु इमे अट्ठ विमोक्खे अनुलोमं पि समापज्जति, पटिलोमं पि समापज्जति, अनुलोमपटिलोमं पि समापज्जति, यत्थिच्छकं यदिच्छकं यावतिच्छकं समापज्जति पि वुट्ठाति पि, आसवानं च खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चतानन्द, भिक्खु उभतोभाग-[N.57] विमुत्तो। इमाय च, आनन्द, उभतोभागविमुत्तिया अञ्ञा उभतोभागविमुत्ति उत्तरितरा वा पणीततरा वा नत्थी" ति।

इदमवोच भगवा। अत्तमनो आयस्मा आनन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दी ति॥

महानिदानसुत्तं निट्ठितं दुतियं॥

साधना करता है—यह सातवाँ विमोक्ष है। (८) "और इसी तरह नैवसंज्ञानासंज्ञायतन का भी अतिक्रमण कर, संज्ञा की वेदना के निरोध (संज्ञावेदितनिरोध) को प्राप्त कर साधना करता है— यह अष्टम विमोक्ष है।

३६. "जब आनन्द! इन आठ विमोक्षों को, साधक भिक्षु, अनुलोम (१,२,३) क्रम से प्राप्त कर समाधिरत रहता है, प्रतिलोम क्रम से (८,७,६) भी साधनारत रहता है तथा अनुलोम से भी और प्रतिलोम क्रम से (१,८,१) भी साधनारत रहता है, जैसे चाहता है, जब चाहता है, जितना चाहता है उतनी समाधि प्राप्त करता है, उतनी समाधि से उठता है। आश्रवों (राग–द्वेषादि चित्त–मलों) के क्षय से इसी जन्म में अनाश्रव (आश्रवरहित) चित्तविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जान कर, साक्षात् कर साधनारत रहता है; आनन्द! ऐसा साधक भिक्षु 'उभतोभागविमुक्त' कहलाता है। आनन्द! ऐसा, इस उभतोभागविमुक्ति से प्राप्त हुए ज्ञान से बढ़ कर, दूसरा कोई ज्ञान नहीं है।"

भगवान् ने यह कहा। आप्तमना आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् की इस देशना का अभिनन्दन किया।।

द्वितीय महानिदानसूत्र समाप्त॥

३. महापरिनिब्बानसुत्तं

१. वज्जीनं सत्त अपरिहानिया धम्मा

[N.58, B.61, R.72] १. "एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति गिज्झकूटे पब्बते। तेन खो पन समयेन राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो वज्जी अभियातुकामो होति। सो एवमाह— "अहं हिमे वज्जी एवंमहिद्धिके एवंमहानुभावे उच्छेच्छामि वज्जी, विनासेस्सामि वज्जी, अनयब्यसनं आपादेस्सामि वज्जी" ति।

२. अथ खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो वस्सकारं ब्राह्मणं मगधमहामत्तं आमन्तेसि— "एहि त्वं, ब्राह्मण, येन भगवा तेनुपसङ्कम; उपसङ्कमित्वा मम वचनेन भगवतो पादे सिरसा वन्दाहि, अप्पाबाधं अप्पातङ्कं लहुट्ठानं बलं फासुविहारं पुच्छ— 'राजा, भन्ते, मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो भगवतो पादे सिरसा वन्दति, अप्पाबाधं अप्पातङ्कं लहुट्ठानं बलं फासुविहारं पुच्छती' ति। एवं च वदेहि— 'राजा, भन्ते, मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो वज्जी अभियातुकामो। सो एवमाह— अहं हिमे वज्जी एवंमहिद्धिके एवंमहानुभावे उच्छेच्छामि [R.73] वज्जी, विनासेस्सामि वज्जी, अनयब्यसनं आपादेस्सामि वज्जी' ति। यथा ते भगवा ब्याकरोति तं साधुकं उग्गहेत्वा मम आरोचेय्यासि। न हि तथागता वितथं भणन्ती' " ति।

३. "एवं, भो" ति खो वस्सकारो ब्राह्मणो मगधमहामत्तो रञ्ञो मागधस्स अजातसत्तुस्स वेदेहिपुत्तस्स पटिस्सुत्वा भद्दानि भद्दानि यानानि योजेत्वा भद्दं भद्दं यानं अभिरुहित्वा भद्देहि भद्देहि यानेहि राजगहम्हा निय्यासि, येन गिज्झकूटो पब्बतो तेन पायासि। यावतिका यानस्स

---

३. महापरिनिर्वाणसूत्र

१. अजातशत्रु का वज्जियों के विरुद्ध अभियान

गृध्रकूट पर्वत पर— १. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय राजा मागध अजातशत्रु वैदेहीपुत्र वज्जिप्रदेश पर चढ़ाई (आक्रमण=अभियान) करना चाहता था। वह यों बोला— "मैं इन ऐसे वैभवशाली (=महर्द्धिक) और ऐसे अतितेजस्वी (महानुभाव) वज्जियों को नष्ट-भ्रष्ट (उच्छिन्न) कर डालूँगा। उन को घोर सङ्कट में डाल दूँगा।"

२. तब मागध राजा अजातशत्रु वैदेहीपुत्र ने मगध राज्य के महामन्त्री वर्षकार ब्राह्मण को यह आदेश दिया— "ब्राह्मण! जहाँ भगवान् (बुद्ध) विराजमान हैं वहाँ जाओ, जाकर उन भगवान् के श्रीचरणों में मेरी तरफ से प्रणाम करो और उनसे कुशल-प्रश्न एवं स्वास्थ्यकामना करने के बाद कहना— 'भन्ते! मागध राजा अजातशत्रु आपके श्रीचरणों में प्रणाम करता हुआ आप का कुशल-क्षेम एवं मङ्गल-कामना करता है'। और यह कहना— 'भन्ते! राजा अजातशत्रु वज्जिप्रदेश पर चढ़ाई करना चाहता है। उसने यह पूछा है— मैं इन समृद्धशाली अत्यन्त तेजस्वी वज्जिप्रदेशवासियों को उच्छिन्न कर डालना चाहता हूँ, घोर सङ्कट में डाल देना चाहता हूँ; (इस के लिए मुझे क्या करना चाहिये?) (इस प्रश्न पर) भगवान् जैसा कहें, उसे ठीक से समझ कर यहाँ मुझे आकर बताओ। तथागत अयथार्थ (=मिथ्या) नहीं बोला करते।"

३. वह मगधमहामात्य वर्षकार ब्राह्मण मगधराज अजातशत्रु को "अच्छा, श्रीमन्"— यों उत्तर देकर अच्छे अच्छे यात्रायोग्य यान तय्यार करवा कर, उन में से अच्छे से अच्छे यान पर चढ़कर, राजगृह

भूमि यानेन गन्त्वा, याना पच्चोरोहित्वा पत्तिको व येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। [B.62] एकमन्तं निसिन्नो खो वस्सकारो ब्राह्मणो मगधमहामत्तो भगवन्तं एतदवोच— ''राजा, भो गोतम, मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो भोतो गोतमस्स पादे सिरसा वन्दति, अप्पाबाधं अप्पातङ्कं लहुट्ठानं बलं फासुविहारं पुच्छति। राजा, भो गोतम, मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो वज्जी अभियातुकामो एवमाह— 'अहं हिमे वज्जी एवंमहिद्धिके एवंमहानुभावे उच्छेच्छामि [N.59] वज्जी, विनासेस्सामि वज्जी, अनयब्यसनं आपादेस्सामि वज्जी' '' ति।

४. तेन खो पन समयेन आयस्मा आनन्दो भगवतो पिट्ठितो ठितो होति, भगवन्तं बीजयमानो। अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि— ''किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी अभिण्हं सन्निपाता सन्निपातबहुला' '' ति?

''सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जी अभिण्हं सन्निपाता सन्निपातबहुला' '' ति।

''यावकीवं च, आनन्द, वज्जी अभिण्हं सन्निपाता सन्निपातबहुला भविस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (१)

''किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी समग्गा सन्निपतन्ति समग्गा वुट्ठहन्ति [R.74] समग्गा वज्जिकरणीयानि करोन्ती' '' ति?

''सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जी समग्गा सन्निपतन्ति समग्गा वुट्ठहन्ति समग्गा वज्जिकरणीयानि करोन्ती' '' ति।

''यावकीवं च, आनन्द, वज्जी समग्गा सन्निपतिस्सन्ति समग्गा वुट्ठहिस्सन्ति समग्गा वज्जिकरणीयानि करिस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (२)

से गृध्रकूट पर्वत की तरफ चल पड़ा। यान में बैठकर जाने योग्य भूमि तक यान से जाकर फिर यान से उतर कर पैदल ही, जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा। पहुँचकर भगवान् से सर्वप्रथम उनका कुशल–मङ्गल पूछा। कुशल–मङ्गल पूछने के बाद वह एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे हुए उसने भगवान् से यों निवेदन किया— ''भो गौतम! मागध राजा अजातशत्रु आपके श्रीचरणों में प्रणाम.....पूर्ववत्..... वज्जियों को छिन्न–भिन्न कर दूँगा, घोर सङ्कट में डाल दूँगा।''

४. उस समय, आयुष्मान् आनन्द भगवान् के पीछे खड़े होकर उन पर पंखा झल रहे थे। तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से पूछा— ''आनन्द! क्या तुमने सुना है कि वज्जिप्रदेशवासी नागरिक (परस्पर परामर्श हेतु) बराबर एकत्र होकर मिलते रहते हैं? यों यह ऐसे मिलना–जुड़ना उनके स्वभाव में सम्मिलित हो गया है?''

''हाँ, भन्ते! मैंने सुना है कि वज्जिप्रदेशवासी नागरिक...सम्मिलित हो गया है।''

''तो, आनन्द! ये वज्जिप्रदेशवासी जब तक परस्पर परामर्श हेतु एकत्र (समग्र) होकर बैठते रहेंगे, एकत्र होकर बैठना इनका स्वभाव बना रहेगा तब तक इनकी निरन्तर वृद्धि (उन्नति) ही होती रहेगी, किसी प्रकार की हानि (अवनति) की सम्भावना नहीं। (१)

''और क्या, आनन्द! तुमने यह भी सुना है— वज्जी एक होकर (सभाओं में) बैठते हैं, एक हो कर (सभाओं से) उठते हैं, एक होकर अपना कर्तव्य (कर्म) करते हैं?''

''सुना है, भन्ते ! वज्जी....करते हैं।''

"किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी अपञ्ञत्तं न पञ्ञापेन्ति, पञ्ञत्तं न समुच्छिन्दन्ति, यथापञ्ञत्ते पोराणे वज्जिधम्मे समादाय वत्तन्ती' " ति?

"सुत्तं मेतं, भन्ते— 'वज्जी अपञ्ञत्तं न पञ्ञापेन्ति, पञ्ञत्तं न समुच्छिन्दन्ति, यथापञ्ञत्ते पोराणे वज्जिधम्मे समादाय वत्तन्ती' " ति।

"यावकीवं च, आनन्द, वज्जी अपञ्ञत्तं न पञ्ञापेस्सन्ति, पञ्ञत्तं न समुच्छिन्दिस्सन्ति, यथापञ्ञत्ते पोराणे वज्जिधम्मे समादाय वत्तिस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (३)

[B.63] "किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी ये ते वज्जीनं वज्जिमहल्लका ते सक्करोन्ति गरुं करोन्ति मानेन्ति पूजेन्ति तेसं च सोतब्बं मञ्ञन्ती' " ति?

"सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जी ये ते वज्जीनं वज्जिमहल्लका ते सक्करोन्ति गरुं करोन्ति मानेन्ति तेसं च सोतब्बं मञ्ञन्ती' " ति।

"यावकीवं च, आनन्द, वज्जी ये ते वज्जीनं वज्जिमहल्लका ते सक्करिस्सन्ति गरुं करिस्सन्ति मानेस्सन्ति पूजेस्सन्ति तेसं च सोतब्बं मञ्ञिस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (४)

[N.60] "किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी या ता कुलित्थियो कुलकुमारियो ता न ओक्कस्स पसय्ह वासेन्ती' " ति?

"सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जी या ता कुलित्थियो कुलकुमारियो ता न ओक्कस्स पसय्ह वासेन्ती' " ति।

"तो, आनन्द! ये वज्जिप्रदेशवासी एक होकर....जब तक कर्तव्य कर्म करते रहेंगे तब तक इन की वृद्धि ही होती रहेगी, किसी प्रकार की हानि की कोई सम्भावना नहीं। (२)

"आनन्द! क्या तुमने सुना है कि वज्जीगण अप्रज्ञप्त (अवैध) को प्रज्ञप्त (वैध) नहीं कहते और न प्रज्ञप्त को अप्रज्ञप्त ही कहते हैं?"

"हाँ, भन्ते! सुना है कि वज्जी....अप्रज्ञप्त ही कहते हैं।"

"तो, आनन्द! ये वज्जीगण जब अप्रज्ञप्त को प्रज्ञप्त नहीं कहेंगे या प्रज्ञप्त को अप्रज्ञप्त सिद्ध करने का प्रयास नहीं करेंगे तब तक इनकी वृद्धि (उन्नति) ही होगी, हानि (अवनति) नहीं। (३)

"क्या, आनन्द! तुमने सुना है कि ये वज्जिगण अपने से अवस्थावृद्धों तथा ज्ञानवृद्धों का सत्कार करते हैं, उनकी मर्यादा रखते हैं, उनका गौरव बढ़ाते हैं, उनका पूजा–मान करते हैं एवं उनके कहे हुए को सादर सुनते हैं?"

"हाँ, भन्ते! सुना है कि....कहे हुए को सादर सुनते हैं।"

"तो, आनन्द! जब तक ये अपने से....कहे हुए को सुनते रहेंगे तब तक इनकी वृद्धि ही होगी, कोई हानि होने की सम्भावना नहीं है। (४)

"तो क्या, आनन्द! तुमने सुना है कि ये वज्जिजन दूसरों की कुलस्त्रियों (सन्नारियों) या कुलकुमारियों (सत्पुत्रियों) को बलात् अपने घरों में लाकर नहीं बसाते?"

"हाँ, भन्ते! सुना तो है....अपने घरों में लाकर नहीं बसाते।"

"तो, आनन्द! जब तक वज्जिजन दूसरों की कुलस्त्रियों या कुलकुमारियों को हठात् अपने घरों में लाकर नहीं बसाते तब तक इनकी वृद्धि ही होती रहेगी, हानि की कोई सम्भावना नहीं। (५)

"यावकीवं च, आनन्द, वज्जी या ता कुलित्थियो कुलकुमारियो ता न ओक्कस्स पसय्ह वासेस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (५)

"किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जी यानि तानि वज्जीनं वज्जिचेतियानि अब्भन्तरानि चेव बाहिरानि च, तानि सक्करोन्ति गरुं करोन्ति मानेन्ति पूजेन्ति, तेसं च दिन्नपुब्बं कतपुब्बं धम्मिकं बलिं नो परिहापेन्ती' " ति?

"सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जी यानि तानि वज्जीनं वज्जिचेतियानि अब्भन्तरानि [R.75] चेव बाहिरानि च, तानि सक्करोन्ति गरुं करोन्ति मानेन्ति पूजेन्ति, तेसं च दिन्नपुब्बं कतपुब्बं धम्मिकं बलिं नो परिहापेन्ती' " ति।

"यावकीवं च, आनन्द, वज्जी यानि तानि वज्जीनं वज्जिचेतियानि अब्भन्तरानि चेव बाहिरानि च, तानि सक्करिस्सन्ति गरुं करिस्सन्ति मानेस्सन्ति पूजेस्सन्ति, तेसं च दिन्नपुब्बं कतपुब्बं धम्मिकं बलिं नो परिहापेस्सन्ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (६)

"किन्ति ते, आनन्द, सुतं— 'वज्जीनं अरहन्तेसु धम्मिका रक्खावरणगुत्ति सुसंविहिता, किन्ति अनागता च अरहन्तो विजितं आगच्छेय्युं, आगता च अरहन्तो विजिते फासु विहरेय्युं' " ति?

"सुतं मेतं, भन्ते— 'वज्जीनं अरहन्तेसु धम्मिका रक्खावरणगुत्ति सुसंविहिता, किन्ति अनागता च अरहन्तो विजितं आगच्छेय्युं, आगता च अरहन्तो विजिते फासु विहरेय्युं' " ति।

"यावकीवं च, आनन्द, वज्जीनं अरहन्तेसु धम्मिका रक्खावरणगुत्ति सुसंविहिता भविस्सति, किन्ति अनागता च अरहन्तो विजितं आगच्छेय्युं, आगता च अरहन्तो [B.64] विजिते फासु विहरेय्युं ति, वुद्धियेव, आनन्द, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानी" ति। (७)

"तो क्या, आनन्द! तुमने यह भी सुना है कि ये वज्जी लोग अपने बाहरी (सार्वजनीन) एवं आभ्यन्तर (अपने–अपने घरों में बने) चैत्यों (देव–मन्दिरों) को सत्कार करते हैं....पूजा करते हैं? और उनके पूर्वजों द्वारा उन देवमन्दिरों के लिये निकाली गयी दानवृत्ति एवं बलिकर्म के लिये दी गयी धनराशि में कोई कटौती नहीं करते?"

"हाँ, भन्ते! सुना तो है कि ये....कोई कटौती नहीं करते।"

"तो, आनन्द! जब तक ये वज्जिजन अपने....चैत्यों का सत्कार करते रहेंगे....कोई कटौती नहीं करेंगे तब तक....इनकी कोई हानि नहीं होगी। (६)

"तो, क्या, आनन्द! तुमने यह सुना है कि ये वज्जीजन यह सोचकर अपने प्रदेश में अर्हतों (ज्ञानियों) की धर्मानुसार (धार्मिक) रक्षा (पालन) करते हैं कि ये अर्हज्जन फिर कभी भी हमारे प्रदेश में जनता को धर्मोपदेश करने हेतु आते रहें?"

"हाँ, भन्ते! मैंने भी सुना है कि ये अर्हतों की धर्मानुसार रक्षा करने में पूरा ध्यान देते हैं कि ये अर्हज्जन अभी शान्तिपूर्वक धर्मोपदेश कर सकें तथा फिर भी किसी समय इस प्रदेश में धर्मोपदेश हेतु आते रहें।"

"तो, आनन्द! जब तक ये वज्जिजन अर्हतों की....धर्मोपदेश हेतु आते रहें— ऐसा ही व्यवहार करते रहेंगे, तब तक इनकी उन्नति ही होगी, हानि की कोई सम्भावना नहीं।" (७)

५. अथ खो भगवा वस्सकारं ब्राह्मणं मगधमहामत्तं आमन्तेसि— ''एकमिदाहं, ब्राह्मण, समयं वेसालियं विहरामि सारन्ददे चेतिये। तत्राहं वज्जीनं इमे सत्त अपरिहानिये धम्मे देसेसिं। यावकीवं च, ब्राह्मण, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा वज्जीसु ठस्सन्ति, इमेसु च [N.61] सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु वज्जी सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, ब्राह्मण, वज्जीनं पाटिकङ्खा, नो परिहानी'' ति।

एवं वुत्ते, वस्सकारो ब्राह्मणो मगधमहामत्तो भगवन्तं एतदवोच— ''एकमेकेन पि, भो गोतम, अपरिहानियेन धम्मेन समन्नागतानं वज्जीनं वुद्धियेव पाटिकङ्खा, नो पारिहानि; को [R.76] पन वादो सत्तहि अपरिहानियेहि धम्मेहि! अकरणीया व, भो गोतम, वज्जी रञ्ञा मागधेन अजातसत्तुना वेदेहिपुत्तेन यदिदं युद्धस्स, अञ्ञत्र उपलापनाय, अञ्ञत्र मिथुभेदाय। हन्द च दानि मयं, भो गोतम, गच्छाम, बहुकिच्चा मयं बहुकरणीया'' ति।

''यस्स दानि त्वं, ब्राह्मण, कालं मञ्ञसी'' ति।

अथ खो वस्सकारो ब्राह्मणो मगधमहामत्तो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना पक्कामि।

२. भिक्खूनं सत्त अपरिहानिया धम्मा

६. अथ खो भगवा अचिरपक्कन्ते वस्सकारे ब्राह्मणे मगधमहामत्ते आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि— ''गच्छ त्वं, आनन्द, यावतिका भिक्खू राजगहं उपनिस्साय विहरन्ति ते सब्बे उपट्ठानसालायं सन्निपातेही'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पटिस्सुत्वा

---

५. तब भगवान् ने वर्षकार ब्राह्मण को सम्बोधित किया— ''ब्राह्मण! एक समय मैं वैशाली नगर के सारन्दद चैत्य में साधना हेतु ठहरा हुआ था। उसी समय मैंने इन वज्जियों को उपर्युक्त सात अपरिहाणीय (किसी भी स्थिति में न छोड़ने योग्य) धर्मों का उपदेश किया था। अतः ब्राह्मण! जब तक ये सात धर्म इन वज्जियों में रहेंगे, इन सात अपरिहेय धर्मों का ये वज्जी जब तक पालन करते रहेंगे तब तक, ब्राह्मण! इन वज्जियों की उन्नति ही उन्नति है, इन धर्मों का पालन करते हुए इन का कोई कुछ भी अपकार (हानि) नहीं कर सकता।''

भगवान् द्वारा ऐसा कहे जाने पर वर्षकार ब्राह्मण बोला— ''तब तो, भो गोतम! वे वज्जी लोग इन सातों में एक भी अपरिहाणीय धर्म का जब तक पालन करते रहेंगे, तब तक इनकी चहुँमुखी उन्नति ही होती रहेगी, इनको कोई किसी प्रकार की हानि नहीं पहुँचा सकता। सातों धर्मों के पालन करने पर तो बात ही क्या! भो गोतम! इन धर्मों के रहते राजा अजातशत्रु अब इन वज्जियों को न युद्ध कर के जीत सकता है न इनमें एकता के रहते इनको (रिश्वत आदि देकर) बहका सकता है। अब तो इनमें किसी प्रकार फूट डालना (उपलापन) ही राजा के लिये एकमात्र उपाय रह गया है। अच्छा तो, भो गौतम! आज्ञा दीजिये। अब हम चलेंगे; क्योंकि हमें और भी बहुत से कार्य हैं।''

''ब्राह्मण! जैसा आप उचित समझें।''

तब वह मगध-महामात्य वर्षकार ब्राह्मण भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन करता हुआ आसन से उठकर चला गया।

२. भिक्षुओं के लिये सात अपरिहेय धर्म (क)

६. तब, वर्षकार ब्राह्मण के चले जाने के कुछ ही समय बाद, भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से

यावतिका भिक्खू राजगहं उपनिस्साय विहरन्ति ते सब्बे उपट्ठानसालायं सन्निपातेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच— "सन्निपतितो, भन्ते, भिक्खुसङ्घो। यस्स दानि, भन्ते, भगवा कालं मञ्ञती" ति।

अथ खो भगवा उट्ठायासना येन उपट्ठानसाला तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा [B.65] पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि— "सत्त वो, भिक्खवे, अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू अभिण्हंसन्निपाता सन्निपातबहुला भविस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो पारिहानि। (१)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू समग्गा सन्निपतिस्सन्ति समग्गा [N.62, R.77] वुट्ठहिस्सन्ति समग्गा सङ्घकरणीयानि करिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (२)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू अपञ्ञत्तं न पञ्ञपेस्सन्ति पञ्ञत्तं न समुच्छिन्दिस्सन्ति, यथापञ्ञत्तेसु सिक्खापदेसु समादाय वत्तिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो पारिहानि। (३)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू ये ते भिक्खू थेरा रत्तञ्ञू चिरपब्बजिता सङ्घपितरो

कहा— "जाओ, आनन्द! तुम, जितने भी भिक्षु राजगृह या उस के आस–पास साधनाहेतु ठहरे हुए हैं उन सबको, उपस्थानशाला (सभा–भवन) में एकत्र करो!"

"अच्छा, भन्ते!" आनन्द ने भगवान् को यों उत्तर देकर उनकी आज्ञा मानते हुए (राजगृह के) समग्र भिक्षु–सङ्घ को एकत्र कर, इसकी सूचना देने के लिये भगवान् के पास जा कर उनको प्रणाम कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे आनन्द ने भगवान् से निवेदन किया— "भन्ते! भिक्षु–सङ्घ एकत्र हो गया है, अब आप जैसा उचित समझें।"

तब भगवान् आसन से उठकर उपस्थानशाला में पधारे और उनके लिये बिछे आसन पर विराजे और भिक्षुओं से यों बोले— "भिक्षुओ! मैं अब तुम्हें सात अपरिहाणीय (कभी न त्यागने योग्य) धर्मों का उपदेश करता हूँ। उन्हें सुनो और भलीभाँति मन बैठा लो। मैं कहता हूँ।"

"अच्छा, भन्ते!" भगवान् बोले—

"भिक्षुओ! जब तक सभी भिक्षु (किसी धर्म–चर्चा हेतु) बार–बार (अभीक्ष्ण) एकत्र हो कर बैठते रहेंगे, समग्र (सन्निपतित) होकर बैठते रहेंगे तब तक भिक्षुओं की सर्वतः वृद्धि (उन्नति) ही होगी, हानि (अवनति) नहीं। (१)

"भिक्षुओ! .... समग्र होकर बैठते, उठते रहेंगे, समग्र होकर ही सङ्घ के सभी कर्तव्य कर्म करते रहेंगे...(अवनति) नहीं। (२)

"भिक्षुओ! सभी भिक्षु जब तक अप्रज्ञप्त (अवैध तथा अविहित) को प्रज्ञप्त (वैध) बताने का प्रयास नहीं करेंगे या फिर प्रज्ञप्त को अप्रज्ञप्त बता कर उन्हें उच्छिन्न करने का प्रयास नहीं करेंगे, और शिक्षापद जैसे बताये गये हैं, उन्हें उसी तरह धारण करते रहेंगे, तब तक भिक्षुओं की....हानि नहीं। (३)

सङ्घपरिणायका ते सक्करिस्सन्ति गरुं करिस्सन्ति मानेस्सन्ति पूजेस्सन्ति तेसं च सोतब्बं मञ्ञिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (४)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू उप्पन्नाय तण्हाय पोनोब्भविकाय न वसं गच्छिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (५)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू आरञ्ञकेसु सेनासनेसु सापेक्खा भविस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (६)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू पच्चत्तञ्ञेव सतिं उपट्ठपेस्सन्ति— 'किन्ति अनागता च पेसला सब्रह्मचारी आगच्छेय्युं, आगता च पेसला सब्रह्मचारी फासु विहरेय्युं' ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (७)

"यावकीवं च, भिक्खवे, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, इमेसु च सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (क)

अपरे पि सत्त

[B.66] ७. "अपरे पि खो, भिक्खवे, सत्त अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

[R.78] "यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न कम्मारामा भविस्सन्ति न कम्मरता न कम्मारामतमनुयुत्ता, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (१)

"भिक्षुओ! जब तक (सङ्घ में) नव (आगत) भिक्षु पुराने स्थविर भिक्षुओं, जो कि धर्मानुरागी हैं, चिरप्रवजित हैं, सङ्घ के पिता या सङ्घ के मार्गदर्शक (परिणायक) हैं, उनका सत्कार करेंगे, और गौरव बढ़ायेंगे, सम्मान व पूजा करेंगे, उनके कथन को सुनने (ध्यान देने) योग्य समझेंगे, तब तक उन भिक्षुओं की....हानि नहीं। (४)

"भिक्षुओ! जब तक भिक्षु पुनः पुनः उत्पन्न होने वाली सांसारिक तृष्णा के वश में न होंगे तब तक उन भिक्षुओं की...हानि नहीं। (५)

"भिक्षुओ! जब तक भिक्षु अरण्य (एकान्त) वास में उत्सुक रहेंगे, तब तक उन भिक्षुओं की....हानि नहीं। (६)

"जब तक भिक्षुओ! प्रत्येक भिक्षु की यह हार्दिक भावना रहेगी कि भविष्य में भी सुलझे विचारों वाले भिक्षु ही इस सङ्घ में सम्मिलित हों और वे भी यहाँ सुखपूर्वक साधना करें तो तब तक उनकी....हानि नहीं। (७)

"भिक्षुओ! जब तक ये सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं में पाये जाते रहेंगे या सभी भिक्षु इन सातों धर्मों का ध्यान रखेंगे कि ये कहीं से खण्डित न होने पावें, तब तक भिक्षुओ! भिक्षुसङ्घ की सर्वथा उन्नति ही होगी, हानि नहीं।।

अन्य सात अपरिहानीय धर्म (ख)

७. "भिक्षुओ! मैं दूसरे प्रकार से भी सात अपरिहाणीय धर्म तुम्हें बता रहा हूँ। उन्हें भी तुम ध्यान लगा कर सुनो।"

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न भस्सारामा भविस्सन्ति न भस्सरता न भस्सारामतमनुयुत्ता, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (२)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न निद्दारामा भविस्सन्ति न निद्दारता न [N.63] निद्दारामतमनुयुत्ता, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो, परिहानि। (३)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न सङ्गणिकारामा भविस्सन्ति न सङ्गणिकारता न सङ्गणिकारामतमनुयुत्ता, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (४)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न पापिच्छा भविस्सन्ति न पापिकानं इच्छानं वसं गता, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (५)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न पापमित्ता भविस्सन्ति न पापसहाया न पापसम्पवङ्का, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (६)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू न ओरमत्तकेन विसेसाधिगमेन अन्तरावोसानं आपज्जिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (७)

"यावकीवं च, भिक्खवे, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, इमेसु च सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (ख)

अपरे पि सत्त

८. "अपरे पि खो, भिक्खवे, सत्त अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि....पे०.... यावकीवं

"अच्छा भन्ते!" भिक्षुओं ने उत्तर दिया। भगवान् बोले–

(१) "....जब तक भिक्षु कर्माराम (दिन–रात चीवर आदि कार्यों में लगे रहना) न करेंगे या कर्माराम में सुख मानने वाले न होंगे तब तक उनकी....हानि नहीं होगी।

(२) "....जब तक भिक्षु दिन–रात व्यर्थ का आलाप (वितण्डा) न करेंगे या व्यर्थ–आलाप करने में सुख नहीं मानेंगे तब तक....हानि नहीं होगी।

(३) "....जब तक भिक्षु दिन रात सोते–ऊँघते रह कर समय नहीं बितायेंगे या उसी में सुख नहीं मानेंगे तब तक....।

(४) "....जब तक भिक्षु दिन–रात भीड़ को न चाहने वाले या भीड़ में ही सुख न मानने वाले होंगे तब तक....।

(५) "....जब तक भिक्षु पाप कर्म न करने की इच्छा वाले, पापमय कर्म न करने में ही सुख मानने वाले होंगे तब तक....।

(६) "....जब तक भिक्षु अपने पापमित्र न बनायेंगे या पापमित्रों के साथ बैठने–उठने में सुख न मानेंगे तब तक....हानि नहीं होगी।

(७) "....जब तक भिक्षु ब्रह्मचर्य–साधना में कुछ सफलता मिल जाने पर ही उसे छोड़ना चाहेंगे या उसके छोड़ने में ही सुख न मानेंगे तब तक उनकी वृद्धि ही होगी, हानि नहीं।

"इस तरह, भिक्षुओ! जब तक ये सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं के आचरण में अपनी स्थिति बनाये रखेंगे या भिक्षुजन इन सातों धर्मों में गम्भीरता प्रदर्शित करेंगे, तब तक भिक्षुओं की उन्नति ही होगी, हानि नहीं।

च, भिक्खवे, भिक्खू (१) सद्धा भविस्सन्ति....पे०....(२) हिरिमना भविस्सन्ति..... (३) [R.79] ओत्तप्पी भविस्सन्ति.... (४) बहुस्सुता भविस्सन्ति....(५) आरद्धविरिया [B.67]भविस्सन्ति....(६) उपट्ठितस्सती भविस्सन्ति.... (७) पञ्ञवन्तो भविस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि।

"यावकीवं च, भिक्खवे, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, इमेसु च सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (ग)

अपरे पि सत्त

९. "अपरे पि खो, भिक्खवे, सत्त अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

[N.64] "एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू (१) सतिसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति....पे०....(२) धम्मविचयसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति....(३) विरियसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति....(४) पीतिसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति....(५) पस्सद्धिसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति....(६) समाधिसम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति ....(७) उपेक्खासम्बोज्झङ्गं भावेस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। यावकीवं च, भिक्खवे, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, इमेसु च सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (घ)

अपरे पि सत्त

१०. "अपरे पि खो, भिक्खवे, सत्त अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

अन्य भी सात अपरिहाणीय धर्म (ग)

८. "भिक्षुओ! इसी तरह मैं तुम्हें अन्य सात अपरिहाणीय धर्म भी बताता हूँ....। (१) "भिक्षुओ! जब तक भिक्षु (शिक्षापदों में) श्रद्धालु होंगे....। (२) .... लज्जालु होंगे....। (३) ....पाप से भय खाने वाले होंगे....। (४) ....बहुश्रुत होंगे.....। (५) ....निरन्तर कुशल के लिये प्रयत्न करते रहेंगे....। (६) ....स्मृतिमान् रहेंगे....। (७) ....प्रज्ञावान् होंगे....।

भिक्षुओ! जब तक ये सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं के आचरण में अपना स्थान बनाये रखेंगे...हानि नहीं।

अन्य भी सात अपरिहाणीय धर्म (घ)

९. "भिक्षुओ! इसी तरह मैं तुम्हें अन्य भी सात अपरिहाणीय धर्म बताता हूँ...। (१) "जब तक भिक्षुओ! भिक्षु स्मृतिसम्बोध्यङ्ग की भावना करता रहेगा....। (२) .... धर्मविचयसम्बोध्यङ्ग की....। (३) .... वीर्यसम्बोध्यङ्ग की....। (४) .... प्रीतिसम्बोध्यङ्ग की....। (५) .... प्रश्रब्धिसम्बोध्यङ्ग की....। (६) .... समाधिसम्बोध्यङ्ग की....। (७) .... उपेक्षासम्बोध्यङ्ग की....। जब तक भिक्षुओ! ये सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं की.... हानि नहीं।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू (१) अनिच्चसञ्ञं भावेस्सन्ति...पे०....(२) अनत्तसञ्ञं भावेस्सन्ति....(३) असुभसञ्ञं भावेस्सन्ति.... (४) आदीनवसञ्ञं भावेस्सन्ति....(५) पहानसञ्ञं भावेस्सन्ति... (६) विरागसञ्ञं भावेस्सन्ति....(७) निरोधसञ्ञं भावेस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि।

"यावकीवं च, भिक्खवे, इमे सत्त अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, [R.80] इमेसु च सत्तसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (ङ)

३. भिक्खूनं छ अपरिहानिया धम्मा

११. "छ, भिक्खवे, अपरिहानिये धम्मे देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू मेत्तं कायकम्मं पच्चुपट्ठापेस्सन्ति [B.68] सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (१)

"यावकीवं च भिक्खवे, भिक्खू मेत्तं वचीकम्मं पच्चुपट्ठापेस्सन्ति....पे०...मेत्तं मनोकम्मं पच्चुपट्ठापेस्सन्ति सब्रह्मचारीसु आवि चेव रहो च, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (२-३)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू, ये ते लाभा धम्मिका धम्मलद्धा अन्तमसो [N.65] पत्तपरियापन्नमत्तं पि तथारूपेहि लाभेहि अप्पटिविभत्तभोगी भविस्सन्ति सीलवन्तेहि सब्रह्म-चारीहि साधारणभोगी, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (४)

दूसरे भी सात अपरिहाणीय धर्म (ङ)

१०. "भिक्षुओ! मैं तुम्हें दूसरे भी सात अपरिहाणीय धर्म बताता हूँ, सुनो....। (१) जब तक भिक्षुओ! भिक्षु अनित्यसंज्ञा की भावना करता रहेगा....। (२) .... अनात्मसंज्ञा की....। (३) .... अशुभसंज्ञा की ....। (४) .... आदीनवसंज्ञा की....। (५) .... प्रहाणसंज्ञा की....। (६) .... विरागसंज्ञा की....। (७) .... निरोधसंज्ञा की....। "जब तक भिक्षुओ! ये सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं के आचरण में....।

३. भिक्षुओं के छह अपरिहाणीय धर्म

११. "भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें छह अपरिहाणीय धर्मों का उपदेश करता हूँ। उन्हें सुनो और अपने मन में भलीभाँति बैठा लो।"

"अच्छा, भन्ते!" भिक्षुओं ने उत्तर दिया।

भगवान् बोले— "भिक्षुओ! जब तक भिक्षु अपने समानधर्माराधकों (सब्रह्मचारियों) के साथ गुप्त और प्रकट— दोनों तरह से मैत्रीपूर्ण कायिक कर्म करेंगे, भिक्षुओ! तब तक इन की वृद्धि (उन्नति) ही होती रहेगी, हानि (अवनति) नहीं। (१)

"भिक्षुओ! ...मैत्रीपूर्ण वाक्कर्म करेंगे....हानि नहीं। (२)

"भिक्षुओ! ...मैत्रीपूर्ण मनःकर्म करेंगे....हानि नहीं। (३)

"भिक्षुओ! जब तक सभी भिक्षु अपने धार्मिक (धर्म से प्राप्त) लाभों— यहाँ तक कि पात्र में लगे

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू यानि कानि सीलानि अखण्डानि अच्छिद्दानि असबलानि अकम्मासानि भुजिस्सानि विञ्ञूपसत्थानि अपरामट्ठानि समाधिसंवत्तनिकानि तथारूपेसु सीलेसु सीलसामञ्ञगता विहरिस्सन्ति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (५)

"यावकीवं च, भिक्खवे, भिक्खू यायं दिट्ठि अरिया निय्यानिका, निय्याति तक्करस्स सम्मा दुक्खक्खयाय, तथारूपाय दिट्ठिया दिट्ठिसामञ्ञगता विहरिस्सन्ति सब्रह्मचारीहि आवि चेव रहो च, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानि। (६)

[R.81] "यावकीवं च, भिक्खवे, इमे छ अपरिहानिया धम्मा भिक्खूसु ठस्सन्ति, इमेसु च छसु अपरिहानियेसु धम्मेसु भिक्खू सन्दिस्सिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, नो परिहानी" ति।

१२. तत्र सुदं भगवा राजगहे विहरन्तो गिज्झकूटे पब्बते एतदेव बहुलं भिक्खूनं धम्मिं कथं करोति— "इति सीलं, इति समाधि, इति पञ्ञा, सीलपरिभावितो समाधि महप्फलो होति महानिसंसो, सामाधिपरिभाविता पञ्ञा महप्फला होति महानिसंसा, पञ्ञापरिभावितं चित्तं सम्मदेव आसवेहि विमुच्चति, सेय्यथिदं— कामासवा, भवासवा, अविज्जासवा" ति।

[B.69] १३. अथ खो भगवा राजगहे यथाभिरन्तं विहरित्वा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि— "आयामानन्द, येन अम्बलट्ठिका तेनुपसङ्कमिस्सामा" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन अम्बलट्ठिका

रहने योग्य द्रव्य को भी परस्पर शीलवान् सब्रह्मचारियों में बाँट कर उनका उपभोग करते रहेंगे, तब तक.... हानि नहीं। (४)

"भिक्षुओ! जब तक सभी भिक्षु अखण्ड (अविभक्त), अछिद्र (निर्दोष), अकल्मष (निष्कलङ्क), शुद्ध, सेवनीय (= भुजिस्स), विद्वत्प्रशंसित, अनिन्दित समाधि की तरफ आगे बढ़ाने वाले शील (सदाचार) से, शीलश्रामण्य से युक्त रह कर अपने सब्रह्मचारियों के साथ गुप्त या प्रकट भाव से व्यवहार करते रहेंगे, तब तक इनकी उन्नति ही होगी, हानि नहीं। (५)

"और, भिक्षुओ! जब तक भिक्षु उत्तम (आर्य), भव-सागर पार करने वाली (नैर्याणिक), दुःखक्षय की तरफ ले जाने वाली प्रज्ञा के सहारे अपने सब्रह्मचारियों के साथ ही प्रकट या गुप्त दैनिक व्यवहार रखते रहेंगे, उन की उन्नति ही होगी, हानि नहीं। (६)

"भिक्षुओ! जब तक भिक्षु इन छह अपरिहाणीय धर्मों के साथ अपना सम्बन्ध बनाये रखेंगे, इन छह धर्मों के प्रति अपनी श्रद्धा तथा सम्मान प्रदर्शित करते रहेंगे, तब तक उनकी उन्नति होगी, हानि नहीं"।

१२. वहाँ राजगृह में गृधकूट पर्वत के आस-पास चारिका करते हुए भगवान् भिक्षुओं को प्रायः इन्हीं विषयों पर धर्मोपदेश करते थे; जैसे-शील का आचरण ऐसे किया जाने से फलदायक होता है, समाधि की भावना इस तरह की जाती है, प्रज्ञा को इस तरह प्राप्त किया जाता है, प्रज्ञायुक्त चित्त बनाने से ही वह इन आश्रवों (विकारों) से रहित होता है; जैसे कामाश्रव, भवाश्रव, एवं अविद्याश्रव"।

अम्बलट्ठिका में— १३. तब भगवान् ने राजगृह में यथानुकूल चारिका करते हुए, आनन्द से कहा— "चलो, आनन्द! जहाँ अम्बलट्ठिका है वहाँ चलें।" "अच्छा, भन्ते" यों आनन्द ने भगवान् को उत्तर दिया।

तदवसरि। तत्र सुदं भगवा अम्बलट्ठिकायं विहरति राजागारके। तत्रापि सुदं भगवा अम्बलट्ठिकायं विहरन्तो राजागारके एतदेव बहुलं भिक्खूनं धम्मिं कथं करोति— ''इति सीलं, इति समाधि, इति पञ्ञा, सीलपरिभावितो समाधि महप्फलो होति महानिसंसो, समाधिपरिभाविता [N.66] पञ्ञा महप्फला होति महानिसंसा, पञ्ञापरिभावितं चित्तं सम्मदेव आसवेहि विमुच्चति, सेय्यथिदं— कामासवा, भवासवा, अविज्जासवा'' ति।

१४. अथ खो भगवा अम्बलट्ठिकायं यथाभिरन्तं विहरित्वा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि— ''आयामानन्द, येन नाळन्दा तेनुपसङ्कमिस्सामा'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन नाळन्दा तदवसरि। तत्र सुदं भगवा नाळन्दायं विहरति पावारिकम्बने।

४. सारिपुत्तस्स सीहनादो

१५. अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं [R.82] एतदवोच— ''एवं पसन्नो अहं, भन्ते, भगवति! न चाहु न च भविस्सति न चेतरहि विज्जति अञ्ञो समणो वा ब्राह्मणो वा भगवतो भिय्योभिञ्ञतरो, यदिदं सम्बोधियं'' ति।

''उळारा खो ते अयं, सारिपुत्त, आसभी वाचा भासिता! एकंसो गहितो। सीहनादो नदितो—'एवंपसन्नो अहं, भन्ते, भगवति! न चाहु न च भविस्सति न चेतरहि विज्जति अञ्ञो समणो वा ब्राह्मणो वा भगवता भिय्योभिञ्ञतरो यदिदं सम्बोधियं' ति। किं ते, [B.70] सारिपुत्त, ये ते अहेसुं अतीतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा सब्बे ते भगवन्तो चेतसा चेतो

तब भगवान् बृहत् भिक्षुसङ्घ के साथ, जहाँ अम्बलट्ठिका थी वहाँ, पहुँचे। अम्बलट्ठिका के राजागारक में साधनाहेतु विराजमान रहते हुए भी उन्होंने प्रायः उन्हीं पूर्व विषयों को आधार बनाकर धर्मचर्चा की। जैसे— शील, शील से परिभावित समाधि, समाधिपरिभावित प्रज्ञा एवं प्रज्ञापरिभावित चित्तों का कामाश्रव आदि से विमुक्त होना आदि।

१४. तब भगवान्, कुछ समय अम्बलट्ठिका में धर्म–साधना करने के बाद, आनन्द से कहने लगे— 'आओ, आनन्द! अब नालन्दा चलें।' ''अच्छा, भन्ते! कहकर आनन्द ने भगवान् का आदेश स्वीकार किया। तब भगवान् उस विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ चारिका करते हुए नालन्दा पहुँचे। और वहाँ प्रावारिक आम्रवन में साधना हेतु विराजे।

४. सारिपुत्र का सिंहनाद

नालन्दा के प्रावारिकाम्रवन में— १५. तब जहाँ भगवान् विराजमान थे वहाँ (नालन्दा के प्रावारिकाम्रवन में) आयुष्मान् सारिपुत्र आये, आकर भगवान् को प्रणाम कर, एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् सारिपुत्र ने भगवान् के विषय में ये निर्भीक वचन कहे— ''भन्ते! मेरा ऐसा विश्वास है कि सम्बोधि (परम ज्ञान की प्राप्ति) में भगवान् से बढ़कर (=भिय्योभिञ्ञतरो) कोई दूसरा श्रमण–ब्राह्मण न पहले हुआ है, न इस समय है, न आगे होगा।''

(भगवान् बोले—) ''सारिपुत्र! तुमने यह बहुत ही स्पष्ट (=उदार) एवं वृषभ की तरह निर्भीक वाणी प्रयुक्त की कि जिसका किसी के पास उत्तर ही नहीं है। यह तो एक तरह से तुम्हारा सिंहनाद लग रहा है (जो तुम कह रहे हो) कि 'मेरा ऐसा विश्वास है....न आगे होगा'। परन्तु यह तो बताओ, सारिपुत्र! कि

परिच्च विदिता—'एवंसीला ते भगवन्तो अहेसुं इति पि, एवंधम्मा एवंपञ्ञा एवंविहारी एवंविमुत्ता ते भगवन्तो अहेसुं इति पी' '' ति? ''नो हेतं, भन्ते''।

''किं पन, सारिपुत्त, ये ते भविस्सन्ति अनागतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा सब्बे ते भगवन्तो चेतसा चेतो परिच्च विदिता—'एवंसीला ते भगवन्तो भविस्सन्ति इति पि, एवंधम्मा एवंपञ्ञा एवंविहारी एवंविमुत्ता ते भगवन्तो भविस्सन्ति इति पी' '' ति? ''नो हेतं, भन्ते''।

''किं पन ते, सारिपुत्त, अहं एतरहि अरहं सम्मासम्बुद्धो चेतसा चेतो परिच्च विदितो—'एवंसीलो भगवा इति पि, एवंधम्मो एवंपञ्ञो एवंविहारी एवंविमुत्तो भगवा इति पी' '' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

[N.67] ''एत्थ च हि ते, सारिपुत्त, अतीतानागतपच्चुप्पन्नेसु अरहन्तेसु सम्मासम्बुद्धेसु चेतोपरियञाणं नत्थि। अथ किञ्चरहि ते अयं, सारिपुत्त, उळारा आसभी वाचा भासिता, [R.83] एकंसो गहितो, सीहनादो नदितो—'एवंपसन्नो अहं, भन्ते, भगवति! न चाहु न च भविस्सति न चेतरहि विज्जति अञ्ञो समणो वा ब्राह्मणो वा भगवता भिय्योभिञ्ञतरो, यदिदं सम्बोधियं' '' ति?

१६. ''न खो मे, भन्ते अतीतानागतपच्चुप्पन्नेसु अरहन्तेसु सम्मासम्बुद्धेसु चेतोपरियञाणं अत्थि। अपि च मे धम्मन्वयो विदितो। सेय्यथापि, भन्ते, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं दळ्हुद्धापं दळ्हपाकारतोरणं एकद्वारं। तत्रस्स दोवारिको पण्डितो वियत्तो मेधावी, अञ्ञातानं निवारेता ञातानं पवेसेता। सो तस्स नगरस्स सामन्ता अनुपरियायपथं अनुक्कममानो न पस्सेय्य पाकारसन्धिं वा पाकारविवरं वा, अन्तमसो बिळारनिक्खमनमत्तं पि। तस्स एवमस्स—'ये खो केचि ओळारिका पाणा इमं नगरं पविसन्ति वा निक्खमन्ति वा सब्बे ते इमिना व द्वारेन पविसन्ति वा [B.71] निक्खमन्ति वा' ति। एवमेव खो मे, भन्ते धम्मन्वयो विदितो—'ये ते, भन्ते, अहेसुं

क्या तुम ने अपने चित्त से उन पूर्व बुद्धों को भी जान लिया है कि वे सभी बुद्ध भगवान् ऐसे शीलवाले, ऐसी समाधि वाले, ऐसी प्रज्ञा वाले या ऐसे प्रज्ञाबल से आश्रवविमुक्त चित्तवाले थे?''

''नहीं, भन्ते!''

''तो फिर, सारिपुत्र! तुमने स्वचित्त से भविष्य में होने वाले बुद्धों के विषय में जान लिया है कि वे.... आश्रवविमुक्त चित्त वाले होंगे?''

''नहीं, भन्ते!

''तो फिर, सारिपुत्र! तुमने इस समय वर्तमान मुझ भगवान् बुद्ध के विषय में स्वचित्त से जान लिया है कि मैं....ऐसे चित्त वाला हूँ?'' ''नहीं भन्ते!''

''तो फिर, सारिपुत्र! जब तुम्हारा अतीत, अनागत तथा वर्तमान बुद्धों के विषय में कोई चित्तज्ञान ही नहीं है तो तुमने ऐसी उदार एवं निर्भीक वाणी से सिंहनाद कैसे कर दिया कि 'मेरा विश्वास है कि सम्बोधि में आपके समान....कोई दूसरा नहीं है'।''

१६. ''भन्ते! यद्यपि यह बात सत्य है कि मुझे अतीत, अनागत एवं वर्तमान बुद्धों के विषय में स्वचित्तज्ञान नहीं है, तो भी मुझे आप सब (अतीत–वर्तमान–अनागत) बुद्धों की धर्म–साधना में समानता (=धर्मान्वय) तो सर्वथा विदित है ही। जैसे कि, भन्ते! किसी राजा का सीमान्त–नगर दृढ़ नींव (उद्धाप) वाला, दृढ़ प्राकार वाला एवं एक ही द्वार वाला हो। वहाँ कोई अपरिचितों को उस नगर में जाने से रोकने

अतीतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा सब्बे ते भगवन्तो पञ्च नीवरणे पहाय चेतसो उपक्किलेसे पञ्ञाय दुब्बलीकरणे, चतूसु सतिपट्ठानेसु सुपतिट्ठितचित्ता, सत्त बोज्झङ्गे यथाभूतं भावेत्वा अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुझिंसु। ये पि ते, भन्ते, भविस्सन्ति अनागतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा सब्बे ते भगवन्तो पञ्च नीवरणे पहाय चेतसो उपक्किलेसे पञ्ञाय दुब्बलीकरणे, चतूसु सतिपट्ठानेसु सुपतिट्ठितचित्ता, सत्त बोज्झङ्गे यथाभूतं भावेत्वा अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुज्झिस्सन्ति। भगवा पि, भन्ते एतरहि अरहं सम्मासम्बुद्धो पञ्च नीवरणे पहाय चेतसो उपक्किलेसे पञ्ञाय दुब्बलीकरणे, चतूसु सतिपट्ठानेसु सुपतिट्ठितचित्तो, सत्त बोज्झङ्गे यथाभूतं भावेत्वा अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो'' ति।

१७. तत्र पि सुदं भगवा नाळन्दायं विहरन्तो पावारिकम्बवने एतदेव बहुलं [R.84] भिक्खूनं धम्मिं कथं करोति—''इति सीलं, इति समाधि, इति पञ्ञा, सीलपरिभावितो समाधि महप्फलो महानिसंसो, समाधिपरिभाविता पञ्ञा महप्फला होति महानिसंसा, पञ्ञा-[N.68] परिभावितं चित्तं सम्मदेव आसवेहि विमुच्चति, सेय्यथिदं—कामासवा, भवासवा, अविज्जासवा ति।

५. पाटलिगामिकानं भगवतो ओवादो

१८. अथ खो भगवा नाळन्दायं यथाभिरन्तं विहरित्वा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''आयामानन्द, येन पाटलिगामो तेनुपसङ्कमिस्सामा'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं येन पाटलिगामो तदवसरि। अस्सोसुं खो पाटलिगामिका उपासका—''भगवा किर पाटलिगामं अनुप्पत्तो''

वाला, परिचितों को ही उसमें प्रवेश की अनुमति देने वाला पण्डित, चतुर, बुद्धिमान् द्वारपाल हो। वहाँ वह नगर के चारों ओर क्रमशः सभी ओर जाकर सूक्ष्मतया निरीक्षण कर यह जान ले कि इस प्राकार में किधर से भी जाने के लिये इतना भी मार्ग (=सन्धि) या छिद्र नहीं है कि जिसमें होकर कोई बिल्ली भी अन्दर आ सके। तब उसको यह ध्यान में आवे— 'जो भी छोटे-बड़े प्राणी इस नगर में प्रविष्ट होते हैं, वे सब इसी एक द्वार से ही प्रविष्ट होते हैं। ऐसे ही भन्ते! मैंने यह धर्मान्वय जान लिया कि अतीत काल में जो अर्हत् ज्ञानी, सम्यक्सम्बुद्ध हुए उनमें से सभी ने चित्त के उपक्लेशों को दुर्बल करने वाले, पाँचों नीवरणों को छोड़, चारों स्मृतिप्रस्थानों को सुप्रतिष्ठित कर, सात बोध्यङ्गों की यथार्थतः भावना कर, सर्वश्रेष्ठ सम्यक्सम्बोधि (परम ज्ञान) का साक्षात्कार किया और भन्ते! अनागत (भविष्यत्) काल में भी जो अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध होंगे वे सभी चित्त के उपक्लेशों को.... साक्षात्कार करेंगे। इस समय वर्तमान आप भी अर्हत्...साक्षात्कार कर चुके हैं।''

१७. वहाँ नालन्दा के प्रावारिक आम्रवन में जब तक भगवान् विराजे तब तक वे भिक्षुओं से इसी तरह शील, समाधि एवं प्रज्ञा तथा प्रज्ञापरिभावित चित्त आदि के विषय में धर्म-चर्चा करते रहे।

५. पाटलिग्रामवासियों को भगवान् का उपदेश

१८. तब भगवान् ने नालन्दा में जब तक चाहा तब तक धर्म-साधना करते हुए, (एक दिन) आयुष्मान् आनन्द को कहा— ''चलो, आनन्द! जहाँ पाटलिग्राम है, वहाँ चलें।'' ''अच्छा, भन्ते!'' तब भगवान्, बृहत् भिक्षुसङ्घ के साथ, जहाँ पाटलिग्राम था वहाँ गये। (उधर) पाटलिग्राम के उपासकों ने सुना कि भगवान् पधारे हैं, तो वे सब जहाँ भगवान् थे वहाँ गये। जाकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ

ति। अथ खो पाटलिगामिका उपासका येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो पाटलिगामिका उपासका भगवन्तं एतदवोचुं—"अधिवासेतु नो, भन्ते, भगवा आवसथागारं" ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन।

अथ खो पाटलिगामिका उपासका भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं [B.72] अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा येन आवसथागारं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा सब्बसन्थरिं आवसथागारं सन्थरित्वा आसनानि पञ्ञापेत्वा उदकमणिकं पतिट्ठापेत्वा तेलप्पदीपं आरोपेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु, उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। एकमन्तं ठिता खो पाटलिगामिका उपासका भगवन्तं एतदवोचुं—"सब्बसन्थरिसन्थतं, भन्ते, आवसथागारं। आसनानि पञ्ञत्तानि, उदकमणिको पतिट्ठापितो, तेलपदीपो आरोपितो; यस्स दानि, भन्ते, भगवा कालं मञ्ञती" ति।

[R.85] अथ खो भगवा सायण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सद्धिं भिक्खुसङ्घेन येन आवसथागारं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पादे पक्खालेत्वा आवसथागारं पविसित्वा मज्झिमं थम्भं निस्साय पुरत्थाभिमुखो निसीदि। भिक्खुसङ्घो पि खो पादे पक्खालेत्वा आवसथागारं पविसित्वा पच्छिमं भित्तिं निस्साय पुरत्थाभिमुखो निसीदि, भगवन्तमेव पुरक्खत्वा। पाटलिगामिका पि खो उपासका पादे पक्खालेत्वा आवसथागारं पविसित्वा पुरत्थिमं भित्तिं निस्साय पच्छिमाभिमुखा निसीदिंसु, भगवन्तमेव पुरक्खत्वा।

१९. अथ खो भगवा पाटलिगामिके उपासके आमन्तेसि—"पञ्चिमे, गहपतयो, आदीनवा दुस्सीलस्स सीलविपत्तिया। कतमे पञ्च? इध, गहपतयो, दुस्सीलो सीलविपन्नो [N.69] पमादाधिकरणं महतिं भोगजानिं निगच्छति। अयं पठमो आदीनवो दुस्सीलस्स सीलविपत्तिया। (१)

गये। एक ओर बैठे उन पाटलिग्रामवासियों ने भगवान् से निवेदन किया— "भन्ते! भगवान् हमारी अतिथिशाला (आवसथागार) में पधारें।" भगवान ने मौन भाव से उनका निवेदन स्वीकार कर लिया। तब वे उपासक भगवान् की स्वीकृति जानकर, आसन से उठ, भगवान् को अभिवादन एवं प्रदक्षिणा कर जहाँ आवसथागार था वहाँ गये। वहाँ जाकर उस आवसथागार में चारों ओर बिछायत बिछा कर, आसन लगाकर, जल का घड़ा (उदकमणि) भरकर, तैल का दीपक जलाकर पुनः जहाँ भगवान् थे वहाँ गये। जाकर, भगवान् को अभिवादन कर, एक ओर खड़े होकर भगवान् से उन्होंने निवेदन किया— "भन्ते! आवासथागार में बिछायत बिछा दी....दीपक जला दिया। अब, भन्ते! जैसा उचित समझें।"

तब भगवान् शरीर पर वस्त्र डालकर, पात्र–चीवर ले भिक्षुसङ्घ के साथ उस आवसथागार में पहुँचे। पहुँच कर, पैर धोकर, आवसथागार में प्रविष्ट हो बीच के खम्भे का सहारा लेकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठे। उधर भिक्षुसङ्घ पैर पखार कर, आवसथागार में जाकर पश्चिम दीवार की तरफ पूर्व की तरफ मुख कर, भगवान् को आगे कर बैठ गया। और तब पाटलिग्रामवासी उपासक उसी तरह पैर धोकर आवसथागार में प्रविष्ट होकर पूर्व की दीवार (भित्ति) के सहारे पश्चिम की ओर (भगवान् को सामने कर) मुख कर के बैठे।

१९. तब भगवान् ने उन पाटलिग्राम के उपासकों को उपदेश करना प्रारम्भ किया—"गृहपतियो! दुराचारी (दुःखशील) पुद्गल के लिये दुराचार (शील के अभाव) के कारण ये पाँच दुष्परिणाम (आदीनव)

"पुन च परं, गहपतयो, दुस्सीलस्स सीलविपन्नस्स पापको कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छति। अयं दुतियो आदीनवो दुस्सीलस्स सीलविपत्तिया। (२)

गोतमे। पहोति मे समणो गोतमो तथा धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' '' ति। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको येन उपवत्तनं मल्लानं सालवनं येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''सुतं मेतं, भो आनन्द, परिब्बाजकानं वुड्ढानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—'कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा' ति। अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अत्थि च मे अयं कङ्खाधम्मो उप्पन्नो—'एवं पसन्नो अहं समणे गोतमे, पहोति मे समणो गोतमो तथा धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' ति। साधाहं, भो आनन्द, लभेय्यं समणं गोतमं दस्सनाया'' ति। एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''अलं, आवुसो सुभद्द, मा तथागतं विहेठेसि। किलन्तो भगवा'' ति। दुतियं पि खो सुभद्दो परिब्बाजको....पे०....ततियं पि खो सुभद्दो परिब्बाजको आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''सुतं मेतं, भो आनन्द, परिब्बाजकानं वुड्ढानं महल्लकानं आचरियपाचरियकानं [B.124] भासमानानं —'कदाचि करहचि तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा' ति। [R.150] अज्जेव रत्तिया पच्छिमे यामे समणस्स गोतमस्स परिनिब्बानं भविस्सति। अत्थि च मे अयं कङ्खाधम्मो उप्पन्नो—एवं पसन्नो अहं समणे गोतमे, पहोति मे समणो गोतमो तथा [N.116] धम्मं देसेतुं यथाहं इमं कङ्खाधम्मं पजहेय्यं' ति। साधाहं, भो आनन्द, लभेय्यं समणं गोतमं दस्सनाया'' ति। ततियं पि खो आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''अलं, आवुसो सुभद्द, मा तथागतं विहेठेसि। किलन्तो भगवा'' ति।

८६. अस्सोसि खो भगवा आयस्मतो आनन्दस्स सुभद्देन परिब्बाजकेन सद्धिं इमं कथासल्लापं। अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''अलं, आनन्द, मा सुभद्दं वारेसि। लभतं, आनन्द, सुभद्दो तथागतं दस्सनाय। यं किञ्चि मं सुभद्दो पुच्छिस्सति सब्बं तं अञ्ञापेक्खो व पुच्छिस्सति, नो विहेसापेक्खो। यं चस्साहं पुट्ठो ब्याकरिस्सामि, तं खिप्पमेव आजानिस्सती'' ति। अथ खो आयस्मा आनन्दो सुभद्दं परिब्बाजकं एतदवोच—''गच्छावुसो सुभद्द, करोति ते भगवा ओकासं'' ति। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको येन भगवा तेनुपसङ्कमि;

श्रमण गौतम से इतना प्रसन्न (श्रद्धावान्) हूँ कि (मुझे विश्वास है कि) उनकी धर्मदेशना से ही मेरा यह सन्देह दूर हो सकेगा।'' तब सुभद्र परिव्राजक जहाँ मल्लों का शालवन उपवत्तन था, जहाँ आयुष्मान् आनन्द थे, वहाँ पहुँचा। पहुँचकर वह आनन्द से बोला— ''भो आनन्द! मैंने बड़े–बूढ़े आचार्य–प्राचार्य....पूर्ववत्.... सन्देह दूर हो सकेगा। अतः कोई ऐसी व्यवस्था करें कि मैं श्रमण गौतम के दर्शन पा सकूँ। सुभद्र परिव्राजक के ऐसा कहने पर, आयुष्मान् आनन्द ने कहा— ''जाने दो, सुभद्र! तथागत को त्रस्त न करो। भगवान् इस समय रोगाक्रान्त हैं।'' दूसरी बार भी.....तीसरी बार भी सुभद्र ने आनन्द से कहा— ''भो आनन्द! मैंने बड़े–बूढ़े....सन्देह दूर हो सकेगा....रोगाक्रान्त हैं।''

८६. भगवान् ने सुभद्र परिव्राजक का आनन्द के साथ हो रहा यह कथोपकथन सुन लिया। तब आयुष्मान् आनन्द को कहा— ''नहीं, आनन्द! सुभद्र को निषेध न करो। सुभद्र को तथागत का दर्शन पाने दो। उसका सन्देह परम ज्ञान की प्राप्ति के लिये ही होगा, मुझे कष्ट देने के लिये नहीं। मुझसे पूछने पर जो मैं उसे बताऊँगा वह उसे तत्काल समझ लेगा।'' तब आयुष्मान् आनन्द ने सुभद्र परिव्राजक से कहा—

उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवन्तं एतदवोच—"येमे, भो गोतम, समणब्राह्मणा सङ्घिनो गणिनो गणाचरिया ञाता यसस्सिनो तित्थकरा साधुसम्मता बहुजनस्स, सेय्यथिदं— पूरणो कस्सपो, मक्खलि गोसालो, अजितो केसकम्बलो, पकुधो कच्चायनो, [R.151] सञ्जयो बेलट्ठपुत्तो, निगण्ठो नाटपुत्तो, सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञिंसु? सब्बेव न अब्भञ्ञिंसु? उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञिंसु एकच्चे न अब्भञ्ञिंसु" ति?

"अलं, सुभद्द; तिट्ठतेतं— सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञिंसु, सब्बेव न अब्भञ्ञिंसु, उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञिंसु एकच्चे न अब्भञ्ञिंसू ति। धम्मं ते, सुभद्द, देसेस्सामि, तं सुणाहि, साधुकं मनसिकरोहि, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

८७. "यस्मिं खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो न उपलब्भति, समणो पि तत्थ न उपलब्भति। दुतियो पि तत्थ समणो न उपलब्भति। ततियो पि तत्थ समणो [B.125] न उपलब्भति। चतुत्थो पि तत्थ समणो न उपलब्भति। यस्मिं च खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो उपलब्भति, समणो पि तत्थ उपलब्भति। दुतियो पि तत्थ [N.117] समणो उपलब्भति। ततियो पि तत्थ समणो उपलब्भति। चतुत्थो पि तत्थ समणो उपलब्भति। इमस्मिं खो, सुभद्द, धम्मविनये अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो उपलब्भति। इधेव, सुभद्द, समणो, इध दुतियो समणो, इध ततियो समणो, इध चतुत्थो समणो। सुञ्ञा परप्पवादा समणेभि अञ्ञेहि। इमे च, सुभद्द, भिक्खू सम्मा विहरेय्युं, असुञ्ञो लोको अरहन्तेहि अस्सा" ति।

"जाओ, आयुष्मन् सुभद्र! भगवान् आपको बुला रहे हैं।" तब सुभद्र परिव्राजक जहाँ भगवान् थे वहाँ गया। जाकर भगवान् से कुशल–मङ्गल पूछा। यह सब पूछकर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे उस सुभद्र परिव्राजक ने भगवान् से प्रश्न किया— "भो गौतम! सभी श्रमण–ब्राह्मण, गणी, गणाचार्य, ज्ञानी, यशस्वी (ख्यातिलब्ध) तीर्थंकर, समाज में सम्मानप्राप्त, जैसे— पूरण काश्यप, मक्खलि गोसाल, अजित केशकम्बल, प्रक्रुध कात्यायन, सञ्जय वेलट्ठिपुत्र एवं निगण्ठ नाटपुत्र, क्या ये सभी अपने उपदेश में बताये गये (प्रतिज्ञात) सिद्धान्तों को स्वयं साक्षात्कार करके जानते हैं? या सभी नहीं जानते? या इनमें से कुछ जानते हैं? कुछ नहीं भी जानते?"

सुभद्र का सन्देह-निराकरण— "जाने दो, सुभद्र! कि वे लोग अपने कहे हुए प्रतिज्ञा–सिद्धान्तों को जानते हैं?....या कुछ नहीं भी जानते? मैं तुम्हें स्वतन्त्र रूप से धर्म (का गूढ़ रहस्य) बताऊँगा, तू उसे ध्यान से सुन और मन में बैठा ले।"

"अच्छा भन्ते!" कहकर सुभद्र ने भगवान् की आज्ञा मान ली। भगवान् ने कहा–

८७. "जिस (आचार्य के) धर्मानुशासन में आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग उपलब्ध नहीं होता वहाँ प्रथम श्रमण (स्रोतआपन्न) भी उपलब्ध नहीं होता। दूसरा (सकृदागामी) एवं तीसरा (अनागामी) श्रमण भी नहीं मिलता। और चतुर्थ श्रमण (अर्हत्) तो मिलेगा ही क्या! और सुभद्र! जिस (आचार्य के धर्मानुशासन में आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग उपलब्ध है (उसके सहारे धर्मसाधना की जाती है) वहाँ प्रथम श्रमण.... द्वितीय....तृतीय....चतुर्थ श्रमण भी मिलता है। सुभद्र! क्योंकि मेरे धर्मानुशासन में अष्टाङ्गिक मार्ग के सहारे साधना की जाती है,

एकूनतिंसो वयसा सुभद्द, यं पब्बजिं किंकुसलानुएसी।
वस्सानि पञ्ञास समाधिकानि, यतो अहं पब्बजितो, सुभद्द!
ञायस्स धम्मस्स पदेसवत्ती, इतो बहिद्धा समणो पि नत्थि॥

"दुतियो पि समणो नत्थि। ततियो पि समणो नत्थि। चतुत्थो पि समणो [R.152] नत्थि। सुञ्ञा परप्पवादा समणेहि अञ्ञेहि। इमे च, सुभद्द, भिक्खू सम्मा विहरेय्युं, असुञ्ञो लोको अरहन्तेहि अस्सा" ति।

८८. एवं वुत्ते, सुभद्दो परिब्बाजको भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भन्ते, अभिक्कन्तं, भन्ते! सेय्यथापि, भन्ते, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य— चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती ति; एवमेवं भगवता अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि धम्मं च भिक्खुसङ्घं च। लभेय्याहं, भन्ते भगवतो सन्तिके पब्बज्जं लभेय्यं उपसम्पदं" ति।

"यो खो, सुभद्द, अञ्ञतित्थियपुब्बा इमस्मिं धम्मविनयं आकङ्खति पब्बज्जं [B.126] आकङ्खति उपसम्पदं, सो चत्तारो मासे परिवसति। चतुन्नं मासानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्ति उपसम्पादेन्ति भिक्खुभावाय। अपि च मेत्थ पुग्गलवेमत्तता विदिता" ति।

"सचे, भन्ते, अञ्ञतित्थियपुब्बा इमस्मिं धम्मविनये आकङ्खन्ता पब्बज्जं आकङ्खन्ता उपसम्पदं चत्तारो मासे परिवसन्ति, चतुन्नं मासानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्ति

अतः इसी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ (सभी प्रकार के) श्रमण (बाहुल्येन) उपलब्ध होते हैं। दूसरे आचार्यों के मतों में ऐसे श्रमण नहीं मिलते। (सुञ्ञा परप्पवादा)। सुभद्र! मेरे इस धर्मविनय को मानने वाले भिक्षु यदि ठीक ढंग से धर्माराधना करें तो इस लोक में कभी ज्ञानियों अभाव न रहे।

"सुभद्र! उनतीस वर्ष की आयु में मैं 'क्या कुशल है'— इस बात की खोज में जब निकला था, तब से आज इकावन वर्ष हुए।

'न्याययुक्त (तर्कसंगत=तर्क की कसौटी पर खरा उतरने वाला आर्य सत्य) धर्म एक अंश में भी शुद्ध, मेरे बताये धर्म से अन्य कोई धर्म नहीं है। अन्य धर्मों में न कोई प्रथम कोटि का श्रमण मिलता है, न द्वितीय....तृतीय....एवं न चतुर्थ कोटि का श्रमण ही मिलता है। दूसरों के मत तो श्रमणों) से शून्य हैं। मेरा तो यही कहना है कि मेरे बताये धर्म के अनुसार यदि कोई आराधना करता रहे तो यह पृथ्वी अर्हतों (ज्ञानियों) से कभी शून्य न हो।"

सुभद्र की प्रव्रज्या—८८. भगवान् द्वारा ऐसा उपदेश किये जाने पर, वह सुभद्र परिव्राजक भगवान् से विनयपूर्वक यह बोला— "आश्चर्य है, भन्ते!....पूर्ववत्....भिक्षुसङ्घ की शरण में जाता हूँ। क्या ही अच्छा हो भन्ते! मैं भगवान् से प्रवज्या एवं उपसम्पदा पा जाऊँ।"

"सुभद्र! मेरे धर्म विनय में (प्रव्रज्या—दीक्षाप्राप्ति का) यह विशेष नियम है कि पहले किसी अन्य धर्म में दीक्षित परिव्राजक यदि मेरे धर्म में दीक्षित होना चाहता है तो उसे चार महीने तक प्रतीक्षा करते हुए विशेष नियमों के साथ रहना पड़ता है। इन महीनों के बीत जाने के बाद, यदि भिक्षु उसके व्यवहार से सन्तुष्ट हों तो वे उसे भिक्षु होने के लिये प्रव्रज्या देंगे उपसम्पदा देंगे। यहाँ मेरा प्रत्येक प्रव्रज्याकांक्षी में भेद करना सबको विदित है।"

"यदि, भन्ते! आप के धर्मविनय यह विशेष नियम है— कि....पूर्ववत्....तो मैं चार मास नहीं चार

उपसम्पादेन्ति भिक्खुभावाय; अहं चत्तारि वस्सानि परिवसिस्सामि, चतुन्नं वस्सानं अच्चयेन आरद्धचित्ता भिक्खू पब्बाजेन्तु उपसम्पादेन्तु भिक्खुभावाया'' ति।

[N.118] अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''तेनहानन्द, सुभद्दं पब्बाजेही'' ति।''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो सुभद्दो परिब्बाजको आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—''लाभा वो, आवुसो आनन्द; सुलद्धं वो, आवुसो आनन्द, ये [R.153] एत्थ सत्थु सम्मुखा अन्तेवासिकाभिसेकेन अभिसित्ता'' ति। अलत्थ खो सुभद्दो परिब्बाजको भगवतो सन्तिके पब्बज्जं अलत्थ उपसम्पदं। अचिरूपसम्पन्नो खो पनायस्सा सुभद्दो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव --यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति, तदनुत्तरं--ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि।''खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं नापरं इत्थत्ताया'' ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो खो पनायस्मा सुभद्दो अरहतं अहोसि। सो भगवतो पच्छिमो सक्खिसावको अहोसी ति॥

पञ्चमो भाणवारो॥

तथागतस्सपच्छिमावाचा

[R.154] ८९. अथ खो भगवा आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''सिया खो पनानन्द, तुम्हाकं एवमस्स—'अतीतसत्थुकं पावचनं। नत्थि नो सत्था' ति। न खो पनेतं, आनन्द, एवं दट्ठब्बं।

वर्ष तक भी प्रतीक्षा कर सकता हूँ। चार वर्ष बीतने के बाद ही भिक्षु मुझे प्रव्रज्या उपसम्पदा देंगे— यही मेरे लिये हर्ष की बात होगी।''

तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द को आदेश दिया कि ''सुभद्र को प्रव्रजित (दीक्षाहेतु व्यवस्था) करो।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् का आदेश स्वीकार किया।

तब सुभद्र परिव्राजक ने आयुष्मान् आनन्द से यों कहा— ''आयुष्मन् आनन्द! तुम्हें बहुत अधिक लाभ मिला है, तुम्हें बहुत अच्छा सुयोग मिला है कि तुम सब शास्ता के सम्मुख अन्तेवासी (=शिष्य) के रूप में अभिषिक्त हो चुके हो।''

सुभद्र परिव्राजक ने भगवान् से प्रव्रज्या पायी, उपसम्पदा पायी। उपसम्पन्न होने के कुछ ही समय बाद आयुष्मान् सुभद्र....आत्मसंयमी होकर साधना करते हुए शीघ्र ही, जिसके लिये कुलपुत्र....प्रव्रजित होते हैं, उस अनुत्तर ब्रह्मचर्यफल को इसी जन्म में स्वयं जानकर साक्षात्कार कर, प्राप्त कर, साधना में रत रहे। अन्त में ये सुभद्र भी ज्ञानियों में से एक हुए। ये सुभद्र भगवान् सबसे अन्तिम (=पश्चिम) साक्षात् श्रावक (सक्खिसावक[1]) हुए॥

पञ्चम भाणवार समाप्त॥

तथागत की अन्तिम वाणी (देशना)

८९. तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा— (१) ''आनन्द! सम्भवतः तुम्हें यह लगे— 'यह वचन तो अतीत शास्ता (चले गये गुरु) का है, (अब) हमारा कोई शास्ता नहीं है।' आनन्द! ऐसा विचार

---

१. अट्ठकथा के अनुसार 'सक्खिसावक' का अर्थ है— जो भगवान् के रहते (परिनिर्वाण से पूर्व) उनके सम्मुख ही अर्हत् प्राप्त कर ले।

विशेष : ये सुभद्र परिव्राजक अञ्ञासिकोण्डञ्ञ (धर्मचक्रप्रवर्तन के समय बने पाँच भिक्षुओं में एक) स्थविर के सहोदर भ्राता थे— ऐसा अट्ठकथाकार बतलाते हैं।

यो वो, आनन्द, मया धम्मो च विनयो च देसितो पञ्ञत्तो, सो वो ममच्चयेन सत्था। [B.127] यथा खो पनानन्द, एतरहि भिक्खू अञ्ञमञ्ञं आवुसोवादेन समुदाचरन्ति, न खो ममच्चयेन एवं समुदाचरितब्बं। थेरतरेन, आनन्द, भिक्खुना नवकतरो भिक्खु नामेन वा गोत्तेन वा आवुसोवादेन वा समुदाचरितब्बो। नवकतरेन भिक्खुना थेरतरो भिक्खु 'भन्ते' ति वा 'आयस्मा' ति वा समुदाचरितब्बो। आकङ्खमानो, आनन्द, सङ्घो ममच्चयेन खुद्दानुखुद्दकानि सिक्खापदानि समूहनतु। छन्नस्स, आनन्द, भिक्खुनो ममच्चयेन ब्रह्मदण्डो दातब्बो'' ति।

''कतमो पन, भन्ते, ब्रह्मदण्डो'' ति?

''छन्नो, आनन्द, भिक्खु यं इच्छेय्य तं वदेय्य, सो भिक्खूहि नेव वत्तब्बो न ओवदितब्बो न अनुसासितब्बो'' ति।

९०. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा, पुच्छथ, [R.155] भिक्खवे, मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'सम्मुखीभूतो नो सत्था अहोसि, [N.119] न मयं सक्खिम्हा भगवन्तं सम्मुखा पटिपुच्छितुं' '' ति। एवं वुत्ते, ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं। दुतियं पि खो भगवा....पे०....ततियं पि खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा, पुच्छथ, भिक्खवे, मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुवत्थ—'सम्मुखीभूतो नो सत्था अहोसि, न मयं सक्खिम्हा भगवन्तं सम्मुखा पटिपुच्छितुं' '' ति। ततियं पि खो ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं। अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—''सिया खो पन, भिक्खवे, सत्थुगारवेन पि न पुच्छेय्याथ। सहायको पि, भिक्खवे, सहायकस्स आरोचेतू'' ति। एवं वुत्ते, ते भिक्खू तुण्ही अहेसुं।

मन में न लाना। मैंने जो तुम्हें अब तक धर्म और विनय के जो उपदेश किये हैं प्रज्ञप्त किये हैं, वही मेरे बाद, तुम्हारे शास्ता (गुरु) होंगे। (२) आनन्द! भिक्षु जैसे आज कल (मेरे सामने) एक दूसरे को 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करते हैं, मेरे परिनिर्वाण के बाद, ऐसा न करें। अपितु आनन्द! स्थविर भिक्षु अपनी अपेक्षा नये भिक्षु को नाम, गोत्र या 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करें और नये भिक्षु अपने से अपेक्षाकृत 'स्थविर' को 'भन्ते' या 'आयुष्मन्' कहकर सम्बोधन करें। (३) इच्छा हाने पर सङ्घ मेरे बाद छोटे–छोटे (क्षुद्र–अनुक्षुद्र) शिक्षापदों (भिक्षुनियमों) को छोड़ दे। (४) और आनन्द! मेरे बाद छन्न नामक भिक्षु को ब्रह्मदण्ड करना चाहिये।''

''भन्ते! यह 'ब्रह्मदण्ड' क्या है?''

''आनन्द! छन्न भिक्षु अन्य भिक्षुओं को जो कुछ भी कहे; परन्तु भिक्षुओं को उसके उत्तर में न कुछ बोलना चाहिये, न कुछ अनुशासन या आदेश ही करना चाहिये।''

९०. तब भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित किया— ''भिक्षुओ! यदि तुम में किसी एक को भी बुद्ध, धर्म या सङ्घ, मार्ग या उपाय के विषय में कोई सन्देह हो, आकांक्षा हो, शङ्का हो तो उसका अभी मुझसे पूछकर निराकरण कर लो। बाद में तुम्हें यह पश्चात्ताप न हों कि 'शास्ता हमारे सम्मुख भी थे, परन्तु उनसे हम कुछ पूछ न सके'।'' भगवान् द्वारा ऐसा कहने पर सभी भिक्षु चुप रहे। (किसी ने कुछ नहीं पूछा।) भगवान् ने दूसरी बार भी....तीसरी बार भी....चुप रहे। तब भगवान् ने भिक्षुओं से कहा—''तुम में से

अथ खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"अच्छरियं, भन्ते, अब्भुतं, भन्ते! एवं पसन्नो अहं, भन्ते, इमस्मिं भिक्खुसङ्घे, नत्थि एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा" ति।

"पसादा खो त्वं, आनन्द, वदेसि। ञाणमेव हेत्थ, आनन्द, तथागतस्स। नत्थि इमस्मिं भिक्खुसङ्घे एकभिक्खुस्सा पि कङ्खा वा विमति वा बुद्धे वा धम्मे वा सङ्घे वा मग्गे वा पटिपदाय वा। इमेसं हि, आनन्द, पञ्चन्नं भिक्खुसतानं यो पच्छिमको भिक्खु सो सोतापन्नो अविनिपातधम्मो नियतो सम्बोधिपरायणो" ति।

[B.128, R.156] ९१. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"हन्द दानि, भिक्खवे, आमन्तयामि वो—वयधम्मा सङ्खारा, अप्पमादेन सम्पादेथा" ति। अयं तथागतस्स पच्छिमा वाचा।

परिनिब्बुतकथा

९२. अथ खो भगवा पठमं झानं समापज्जि। पठमज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा आकासानञ्चायतनं समापज्जि। आकासानञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा विञ्ञाणञ्चायतनं समापज्जि। विञ्ञाणञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकिञ्चञ्ञायतनं समापज्जि। आकिञ्चञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समापज्जि। नेवसञ्ञानासञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जि।

[N.120] अथ खो आयस्मा आनन्दो आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोच—"परिनिब्बुतो, भन्ते अनुरुद्ध, भगवा" ति।

कोई भिक्षु स्वयं मुझसे सङ्कोच करता हो तो अपने साथी की सहायता से पूछ कर अपना सन्देह निवृत्त कर ले।" भगवान् द्वारा ऐसा कहने पर भी सभी भिक्षु चुप रहे।

तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् से यों निवेदन करने लगे— "भन्ते! आज मुझे इस सङ्घ के प्रति यह देखकर अत्यन्त श्रद्धा हो रही है कि इस (इतने बड़े) भिक्षुसङ्घ में एक भी भिक्षु ऐसा नहीं है जिसे बुद्ध, धर्म, सङ्घ, मार्ग या उपाय के विषय में कोई शङ्का, सन्देह या वैमत्य (मतभेद) हो।"

"आनन्द! तुम तो श्रद्धापूर्वक ऐसा कह रहे हो; परन्तु तथागत इसे प्रत्यक्ष जानते हैं कि इस भिक्षुसङ्घ में उपस्थित एक भी भिक्षु को बुद्ध, धर्म, सङ्घ, मार्ग या आचरण के विषय में कोई भी, शङ्का, सन्देह, आकांक्षा या वैमत्य नहीं है। इन पाँच सौ भिक्षुओं में पश्चिमक (सबसे अन्त में प्रव्रज्या प्राप्त) भिक्षु भी स्रोतआपन्न, दुर्गति में न पड़ने वाला, नियत सम्बोधि प्राप्त करने वाला होगा।"

९१. तब भगवान् ने अन्तिम उपदेश किया— "भिक्षुओ! सभी संस्कार व्यय-स्वभाव वाले (नाश वाले) हैं अतः उनके लिये न दौड़कर उनसे छुटकारा पाने के लिये अप्रमाद (सावधानता) पूर्वक प्रयत्न करो।" यही तथागत की अन्तिम वाणी (उपदेश) है।

परिनिर्वाण

९२. तब भगवान् प्रथम ध्यान को प्राप्त हुए। फिर प्रथम ध्यान से उठकर द्वितीय ध्यान को प्राप्त हुए। ...तृतीय ध्यान को....। ....चतुर्थ ध्यान को....। ...आकाशानन्त्यायतन को....। ...विज्ञानानन्त्यायतन को....। ...आकिञ्चन्यायतन को....। ....नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को....। .... संज्ञावेदयितनिरोध को प्राप्त हुए।

"नावुसो आनन्द, भगवा परिनिब्बुतो, सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो" ति।

अथ खो भगवा सञ्ञावेदयितनिरोधसमापत्तिया वुट्ठहित्वा नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समापज्जि। नेवसञ्ञानासञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकिञ्चञ्ञायतनं समापज्जि। आकिञ्चञ्ञायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा विञ्ञाणञ्चायतनं समापज्जि। विञ्ञाणञ्चायतनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा आकासानञ्चायतनं समापज्जि। आकासानञ्चायनसमापत्तिया वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा पठमं झानं समापज्जि। पठमज्झाना वुट्ठहित्वा दुतियं झानं समापज्जि। दुतियज्झाना वुट्ठहित्वा ततियं झानं समापज्जि। ततियज्झाना वुट्ठहित्वा चतुत्थं झानं समापज्जि। चतुत्थज्झाना वुट्ठहित्वा समनन्तरा भगवा परिनिब्बायि।

९३. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, महाभूमिचालो अहोसि भिंसनको सलोमहंसो। देवदुन्दुभियो च फलिंसु। परिनिब्बुते भगवति सह परिनिब्बाना, ब्रह्मा [R.157] सहम्पति इमं गाथं अभासि—

"सब्बेव निक्खिपिस्सन्ति, भूता लोके समुस्सयं। [B.129]
यत्थ एतादिसो सत्था, लोके अप्पटिपुग्गलो।
तथागतो बलप्पत्तो, सम्बुद्धो परिनिब्बुतो" ति॥

९४. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, सक्को देवानमिन्दो इमं गाथं अभासि—

"अनिच्चा वत सङ्खारा, उप्पादवयधम्मिनो।
उप्पज्जित्वा निरुज्झन्ति, तेसं वूपसमो सुखो" ति।

९५. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, आयस्मा अनुरुद्धो इमा गाथायो अभासि—

तब आयुष्मान् आनन्द ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा— "क्या भगवान् परिनिर्वृत हो गये?" "नहीं, आयुष्मन् आनन्द! भगवान् परिनिर्वृत नहीं हुए। वे तो संज्ञावेदयितनिरोध समापत्ति (सभी ध्यानों से ऊपर की समाधि) से समापन्न हैं।"

तब भगवान् प्रतिलोम क्रम से संज्ञावेदयितनिरोधसमापत्ति से उठ कर पुनः नैवसंज्ञानासंज्ञायतन को प्राप्त हुए। फिर वे नैवसंज्ञानासंज्ञायतन से उठकर....। ....आकिञ्चन्यायतन....। ....विज्ञानानन्त्यायतन....। ....आकाशानन्त्यायतन....। ....चतुर्थ ध्यान....। ....तृतीय ध्यान....। ..द्वितीय ध्यान....। ....प्रथम ध्यान को....। द्वितीय ध्यान को....। तृतीय ध्यान को....। ....चतुर्थ ध्यान को प्राप्त हुए। वे चतुर्थ ध्यान से उठने के अनन्तर (तत्काल ही) परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

९३. भगवान् के परिनिर्वृत हाने के साथ ही भीषण, लोमहर्षक महान् भूकम्प हुआ। दिव्य दुन्दुभियाँ बज उठीं। (क)

भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, ब्रह्मा सहम्पति ने यह गाथा कही—

"संसार के सभी लोभ (एक न एक दिन) जीवन की ऊँचाई से (नीचे की तरफ) गिरेंगे ही। जबकि लोक में ऐसे अद्वितीय पुरुष बलप्राप्त तथागत शास्ता बुद्ध भी परिनिर्वाण को प्राप्त हो गये।" (ख)

९४. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ देवेन्द्र शक्र ने यह गाथा कही—

'अरे! सभी संस्कार (= उत्पन्न वस्तुएँ) उत्पन्न और नष्ट होने वाले हैं। जो उत्पन्न होकर नष्ट (निरुद्ध) होते हैं, उनका उपशान्त रहना ही सुख है। (ग)

"नाहु अस्सासपस्सासो, ठितचित्तस्स तादिनो।
अनेजो सन्तिमारब्भ, यं कालमकरी मुनि॥
"असल्लीनेन चित्तेन, वेदनं अज्झवासयि।
पज्जोतस्सेव निब्बानं, विमोक्खो चेतसो अहू" ति॥

९६. परिनिब्बुते भगवति, सह परिनिब्बाना, आयस्मा आनन्दो इमं गाथं अभासि—
[N.121] "तदासि यं भिंसनकं, तदासि लोमहंसनं।
सब्बाकारवरूपेते, सम्बुद्धे परिनिब्बुते" ति॥

९७. परिनिब्बुते भगवति, ये ते तत्थ भिक्खू अवीतरागा अप्पेकच्चे बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति—"अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो [R.158] परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो" ति। ये पन ते भिक्खू वीतरागा ते सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—"अनिच्चा वत सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा" ति।

९८. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो भिक्खू आमन्तेसि—"अलं, आवुसो, मा सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। ननु एतं, आवुसो, भगवता पटिकच्चेव अक्खातं—'सब्बेहेव पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो अञ्ञथाभावो'। ते कुतेत्थ, आवुसो, लब्भा। यं तं जातं भूतं सङ्खतं [B.130] पलोकधम्मं तं वत मा पलुज्जी ति नेतं ठानं विज्जति। देवता, आवुसो, उज्झायन्ती" ति।

---

९५. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, आयुष्मान् अनुरुद्ध ने यह गाथा कही—

"स्थिरचित्त तथागत को अब श्वास–प्रश्वास नहीं रहा। शान्ति के लिये, बिना किसी कम्पन के, मुनि ने यह देहपात किया।।

अनासक्त चित्त से मुनि ने देवताओं को शान्त किया। तैल के न रहने पर दीपक के निर्वाण (बुझना) की तरह मुनि की चित्तविमुक्ति हो गी।।" (घ)

९६. भगवान् के परिनिर्वृत होने पर, परिनिर्वाण के साथ ही, आयुष्मान् आनन्द ने यह गाथा कही—

"उस सर्वविधरूपसम्पन्न तथागत के परिनिर्वृत होने पर भयानक रोमहर्ष हुआ।।" (ङ)

९७. भगवान् के परिनिवृत होने पर वहाँ उपस्थित कुछ भिक्षु, जिनका राग पूर्णतः क्षीण नहीं हो पाया था, अपनी भुजाएँ पकड़–पकड़ कर रोने लगे, भूमि पर पछाड़ खा–खा कर गिरने लगे, वहीं लोट–पोट हाते हुए यह कह–कहकर बिलखने लगे कि भगवान् बहुत जल्दी चले गये! सुगत बहुत शीघ्र कालकवलित हो गये! हमारा धर्मचक्षु (धर्ममार्गोपदेशक) हम से बहुत शीघ्र बिछुड़ गया! परन्तु जो भिक्षु वीतराग थे वे स्मृति–सम्प्रजन्य के साथ यही विचार कर भगवान् के वियोग के लिये अपने को सन्तोष देने लगे कि "ये संस्कार तो सर्वथा अनित्य हैं, उनका सातत्य किसे कब सुलभ रहा है!"

९८. तब आयुष्मान् अनुरुद्ध ने भिक्षुओं को समझाना प्रारम्भ किया– "रहने दो, भिक्षुओ! अधिक शोक–विलाप न करो। आयुष्मानो! भगवान् ने तो यह पहले ही कह दिया था– 'सभी प्रिय वस्तुओं से एक न एक दिन वियोग होना ही है, उनसे अन्यथाभाव होना ही है। वे सदा हमें कैसे मिलती रहेंगी'। जो कुछ भी उत्पन्न है, संस्कृत (कृत्रिम) है विनाशशील है वह एक न एक दिन नष्ट न हो– यह कैसे सम्भव है! हम अपनी बात छोड़ें। भगवान् के परिनिर्वाण से तो इस समय देवता भी खिन्न हैं।"

''कथम्भूता पन, भन्ते, आयस्मा अनुरुद्धो देवता मनसि करोती'' ति?

''सन्तावुसो आनन्द, देवता आकासे पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टान्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। सन्तावुसो आनन्द, देवता पथविया पथवीसञ्ञिनियो केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। या पन ता देवता वीतरागा ता सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—'अनिच्चा सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा' '' ति। अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो आयस्मा च आनन्दो तं रत्तावसेसं धम्मिया कथाय वीतिनामेसुं।

९९. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो आयस्मन्तं आनन्दं आमन्तेसि—''गच्छावुसो आनन्द, कुसिनारं पविसित्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेहि—'परिनिब्बुतो, वासेट्ठा, भगवा। यस्स दानि कालं मञ्ञथा' '' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो आयस्मतो [R.159] अनुरुद्धस्स पटिस्सुत्वा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय अत्तदुतियो कुसिनारं पाविसि। तेन खो पन समयेन कोसिनारका मल्ला सन्धागारे सन्निपतिता होन्ति तेनेव करणीयेन। [N.122] अथ खो आयस्मा आनन्दो येन कोसिनारकानं मल्लानं सन्धागारं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा कोसिनारकानं मल्लानं आरोचेसि—''परिनिब्बुतो, वासेट्ठा, भगवा। यस्स दानि कालं मञ्ञथा'' ति। इदमायस्मतो आनन्दस्स वचनं सुत्वा मल्ला च मल्लपुत्ता च मल्लसुणिसा च मल्लपजापतियो च अघाविनो दुम्मना चेतोदुक्खसमप्पिता अप्पेकच्चे केसे पकिरिय कन्दन्ति, बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खु लोके अन्तरहितो' ति।

(आनन्द ने पूछा–) ''भन्ते! आप अनुरुद्ध उन देवताओं को कैसी स्थिति में देख रहे हैं?''

''आयुष्मन् आनन्द! हैं वहाँ कुछ ऐसे भी देवता जो भगवान् के वियोग में आकाश को पृथ्वी समझ कर वहाँ अपने शिर के बाल बिखेरकर, बाँह पकड़कर रो रहे हैं, कटे वृक्ष की तरह गिर रहे हैं, इधर उधर लोट–पोट हो रहे हैं और कह रहे हैं कि– 'भगवान् इतना शीघ्र क्यों चले गये! सुगत इतना शीघ्र क्यों लुप्त हो गये! धर्मचक्षु इतना शीघ्र क्यों अन्तर्हित हो गया'। आयुष्मन् आनन्द! इस पृथ्वी पर भगवान् के दर्शन हेतु आगत देवताओं में से भी कुछ अवीतराग अपने बाल विखेर कर....अन्तर्हित हो गया! ....। इस तरह आयुष्मान् अनुरुद्ध एवं आयुष्मान् आनन्द ने अवशिष्ट रात्रिपर्यन्त धार्मिक कथाएँ कहते–सुनते वह समय बिताया।

९९. तब आयुष्मान् अनुरुद्ध ने आयुष्मान् आनन्द से कहा– ''आयुष्मन् आनन्द! जाओ और कुशीनारा में प्रवेश कर वहाँ के निवासी मल्लों से कहा– 'वासिष्ठो! भगवान् का परिनिर्वाण हो गया है, अब जैसा लोग उचित समझें।'' ''अच्छा, भन्ते!'' कहकर आनन्द ने, आयुष्मान् अनुरुद्ध को उत्तर देते हुए, प्रातःकाल ही तय्यार होकर पात्र–चीवर ले, एकाकी ही कुशीनारा में प्रविष्ट हुए। उस समय कुशीनारा के प्रायः सभी मल्ल किसी कार्यविशेष से कुशीनारा के पञ्चायत–भवन में एकत्र थे। तब आयुष्मान् आनन्द उस पञ्चायत–भवन गये और वहाँ पहुँचकर उन एकत्र मल्लों से कहा– ''वासिष्ठो! भगवान् परिनिर्वृत हो गये हैं।

२४. बुद्धसरीरपूजा

[B.131] १००. अथ खो कोसिनारका मल्ला पुरिसे आणापेसुं—''तेन हि, भणे, कुसिनारायं गन्धमालं च सब्बं च ताळावचरं सन्निपातेथा'' ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला गन्धमालं च सब्बं च ताळावचरं पञ्च च दुस्सयुगसतानि आदाय येन उपवत्तनं मल्लानं सालवनं येन भगवतो सरीरं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता चेलवितानानि करोन्ता मण्डलमाळे पटियादेन्ता एकदिवसं वीतिनामेसुं।

अथ खो कोसिनारकानं मल्लानं एतदहोसि—''अतिविकालो खो अज्ज भगवतो सरीरं झापेतुं। स्वे दानि मयं भगवतो सरीरं झापेस्सामा'' ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता चेलवितानानि करोन्ता मण्डलमाळे पटियादेन्ता दुतियं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... ततियं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... चतुत्थं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... पञ्चमं पि दिवसं वीतिनामेसुं.... छट्ठं पि दिवसं वीतिनामेसुं।

[R.160] अथ खो सत्तमं दिवसं कोसिनारकानं मल्लानं एतदहोसि—''मयं भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता दक्खिणेन दक्खिणं नगरस्स हरित्वा बाहिरेन बाहिरं दक्खिणतो नगरस्स भगवतो सरीरं झापेस्सामा'' ति।

१०१. तेन खो पन समयेन अट्ठ मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था

अब आप लोग जैसा उचित समझें।'' आयुष्मान् आनन्द से यह सुनकर वहाँ एकत्र मल्ल, मल्लपुत्र, मल्लों की सास एवं बहुएँ सभी दुःखी हो....पूर्ववत्....धर्मचक्षु बहुत शीघ्र अन्तर्हित हो गये।

२४. बुद्धशरीर–पूजा

१००. तब कुशीनारा के मल्लों ने कुछ पुरुषों को आज्ञा दी– ''तो, भाइयो! तुम जाओ, और कुशीनारा से एकत्र हो सकने योग्य सभी गन्ध-द्रव्य (घृत चन्दन आदि), माल्य एवं वाद्य एकत्र करो।'' तब कुशीनारा के वे पुरुष कुशीनारा में (प्राप्य) सभी गन्धद्रव्य, मालाएँ एवं वाद्ययन्त्र तथा पाँच सौ दुशालों को लेकर जहाँ उपवत्तन (वर्तमान–माथा कुँअर) शालवन था, जहाँ भगवान् का शरीर रखा हुआ ता; वहाँ पहुँचे। पहुँचकर उन्होंने भगवान् के शरीर का नृत्य, गीत, वाद्य, माला, गन्ध-विलेपन से सत्कार करते, गौरव करते, मानते–पूजते, रंग–बिरंगे वस्त्रों का वितान (चँदवा) बनाते हुए, मण्डप बनाते समग्र दिन बिता दिया।

तब कुसीनारा के उन मल्लों को यह विचार हुआ– ''आज तो भगवान् के शरीर की दाहक्रिया के लिये बहुत कुसमय (विकाल) हो गया। अब कल यह दाह–संस्कार होगा।'' तब दूसरे दिन भी कुशीनारा वासी उन मल्लों ने भगवान् के शरीर नृत्य, गीत, वाद्य....पूर्ववत्....अब कल यह दाह-क्रिया होगी। तीसरा दिन भी...चतुर्थ दिन भी...पञ्चम दिन भी...षष्ठ दिन भी...दाह–संस्कार होगी।''

तब सातवें दिन कुसीनारा मल्लों ने विचार किया– ''हम भगवान् के शरीर को नृत्य, गीत वाद्य से...मानते–पूजते हुए दक्षिणदिशा से बाहर ही बाहर जाकर नगर की दक्षिण दिशा में ले जाकर इस शरीर का दाह–संस्कार करें।''

१०१. उस समय उन मल्लों के आठ प्रमुख पुरुष शिर से स्नान कर नये वस्त्र पहन कर ''हम

''मयं भगवतो सरीरं उच्चारेस्सामा'' ति न सक्कोन्ति उच्चारेतुं। अथ खो कोसिनारका [N.123] मल्ला आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोचुं—''को नु खो, भन्ते अनुरुद्ध, हेतु, को पच्चयो, येनिमे अट्ठ मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था, 'मयं भगवतो सरीरं उच्चारेस्सामा' ति, न सक्कोन्ति उच्चारेतुं'' ति?

''अञ्ञथा खो, वासेट्ठा, तुम्हाकं अधिप्पायो, अञ्ञथा देवतानं अधिप्पायो'' ति।

''कथं पन, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो'' ति?

''तुम्हाकं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'मयं भगवतो सरीरं नच्चेहि गीतेहि [B.132] वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता दक्खिणेन दक्खिणं नगरस्स हरित्वा बाहिरेन बाहिरं दक्खिणतो नगरस्स भगवतो सरीरं झापेस्सामा' ति; देवतानं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'मयं भगवतो सरीरं दिब्बेहि नच्चेहि गीतेहि वादितेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता उत्तरेन उत्तरं नगरस्स हरित्वा उत्तरेन द्वारेन नगरं पवेसेत्वा मज्झेन मज्झं नगरस्स हरित्वा पुरत्थिमेन द्वारेन निक्खमित्वा पुरत्थिमतो नगरस्स मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं एत्थ भगवतो सरीरं झापेस्सामा''' ति।

''यथा, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो तथा होतू'' ति।

१०२. तेन खो पन समयेन कुसिनारा याव सन्धिसमलसङ्कटीरा जण्णुमत्तेन [R.161] ओधिना मन्दारपुप्फेहि सन्थता होति। अथ खो देवता च कोसिनारका च मल्ला भगवतो सरीरं दिब्बेहि च मानुसकेहि च नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करोन्ता गरुं करोन्ता मानेन्ता पूजेन्ता उत्तरेन उत्तरं नगरस्स हरित्वा उत्तरेन द्वारेन नगरं पवेसेत्वा मज्झेन मज्झं

भगवान् के शरीर को उठायेंगे''— यह निश्चय कर उसे उठाने लगे। परन्तु (बहुत शक्ति लगाने पर भी) वे उसे उठा न सके। तब उन मल्लों ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा— ''भन्ते अनुरुद्ध! क्या कारण है, क्या प्रत्यय है कि हम आठ मल्ल पुरुष शीर्ष स्नान कर नये वस्त्र पहनकर शुद्धता से मिलकर, पूरी शक्ति लगाकर चाह कर भी इस शरीर को उठा नहीं पा रहे हैं?

''वासिष्ठो! तुम्हारे मन में कुछ और है, देवताओं के मन में कुछ और। तब यह शरीर तुम से कैसे उठेगा?''

''भन्ते! देवताओं के मन में क्या है?''

''वासिष्ठो! तुम चाहते हो कि हम भगवान् के शरीर को नगर के दक्षिण दक्षिण ले जाकर बाहर बाहर नगर के दक्षिण तरफ भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार करें। उधर देवताओं का विचार है कि हम भगवान् के शरीर को दिव्य नृत्य, वाद्य....के साथ सत्कार करते....मानते–पूजते नगर के उत्तर उत्तर ले जाकर उत्तर द्वार से नगर में प्रवेश कर नगर के मध्य में घुमाते हुए पूर्व द्वार से निकल कर पूर्व दिशा की ओर मुकुटबन्धन नामक मल्लों के चैत्य (देवस्थान) में भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार करें।''

(मल्लों ने कहा–) ''तो, भन्ते! देवताओं का चाहा हुआ (इच्छा) ही पूर्ण हो।''

१०२. उस समय कुशीनारा के घरों के सन्धि स्थान, मैला फेंकने के स्थान, कूड़ा फेंकने के स्थान के साथ गली–सड़कों पर सभी जगह घुटने भर ऊँचे मन्दारव (पारिजात) फूलों की राशि बिछ गयी। तब देवता और कुशीनारा के मल्ल— सबने मिलकर भगवान् के शरीर को गीत, वाद्य, माला, गन्धद्रव्यों से सत्कार करते....मानते–पूजते, उत्तर से उत्तर नगर में ले जाकर, सम्पूर्ण नगर में घुमा कर

नगरस्स हरित्वा पुरत्थिमेन द्वारेन निक्खमित्वा पुरत्थिमतो नगरस्स मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं एत्थ च भगवतो सरीरं निक्खिपिंसु।

१०३. अथ खो कोसिनारका मल्ला आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोचु—"कथं मयं, भन्ते आनन्द, तथागतस्स सरीरे पटिपज्जामा" ति?

"यथा खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं" ति।

[N.124] "कथं पन, भन्ते आनन्द, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ती' ति?

"रञ्ञो, वासेट्ठा, चक्कवत्तिस्स सरीरं अहतेन वत्थेन वेठेन्ति, अहतेन वत्थेन वेठेत्वा विहतेन कप्पासेन वेठेन्ति, विहतेन कप्पासेन वेठेत्वा अहतेन वत्थेन वेठेन्ति। एतेन उपायेन पञ्चहि युगसतेहि रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं वेठेत्वा, आयसाय तेलदोणिया पक्खिपित्वा अञ्ञिस्सा आयसाय दोणिया पटिकुज्जित्वा, सब्बगन्धानं चितकं करित्वा रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरं झापेन्ति। चातुमहापथे रञ्ञो चक्कवत्तिस्स थूपं करोन्ति। एवं खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे [B.133] पटिपज्जन्ति। यथा खो, वासेट्ठा, रञ्ञो चक्कवत्तिस्स सरीरे पटिपज्जन्ति, एवं तथागतस्स सरीरे पटिपज्जितब्बं। चातुमहापथे तथागतस्स थूपो कातब्बो। एत्थ ये मालं वा गन्धं वा चुण्णकं वा आरोपेस्सन्ति वा अभिवादेस्सन्ति वा चित्तं वा पसादेस्सन्ति, तेसं तं भविस्सति दीघरत्तं हिताय सुखाया" ति।

१०४. अथ खो कोसिनारका मल्ला पुरिसे आणापेसुं—"तेन हि, भणे, मल्लानं [R.162] विहतं कप्पासं सन्निपातेथा" ति। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरं अहतेन

फिर पूर्वी द्वार से निकल कर नगर की पूर्व दिशा में मुकुटबन्धन नामक मल्लों के चैत्य पर लाकर रख दिया।

१०३. तब कुशीनारा के मल्लों ने आयुष्मान् आनन्द से पूछा— "अब, आयुष्मान् आनन्द! भगवान् के शरीर का दाह–संस्कार कैसे करें?"

"वासिष्ठो! जैसे चक्रवर्ती राजाओं के शरीर का दाह–संस्कार किया जाता है, वैसे ही आप भगवान् के इस शरीर का भी दाह–संस्कार करें।"

"तो, भन्ते! चक्रवर्ती राजा के शरीर का दाह–संस्कार कैसे किया जाता है?

"वासिष्ठो! राजा चक्रवर्ती शरीर को लोग नये (अहत) वस्त्र से लपेटते हैं, अहत वस्त्र से लपेटकर धुनी हुई रूई से लपेटते हैं, यों, इस रूई और कपड़े को पाँच सौ बार लपेटकर राजा चक्रवर्ती के शरीर को तैल से भरी आयस (सोने, ताम्बे या लोहे की) द्रोणी (नौका की तरह बनी हुई) में रखकर, दूसरी खाली द्रोणी से ढककर, सभी (चन्दन आदि) गन्ध–द्रव्यों की चिता पर रखकर उसे जलाते हैं। जलाने के बाद (नगर के) बड़े चौराहे पर उस चक्रवर्ती का स्तूप (स्मृति–स्तम्भ) बनाते हैं। वासिष्ठो! जैसे राजा चक्रवर्ती के शरीर के साथ ये मरणोत्तर सत्कार–क्रियाएँ की जाती हैं, वैसे ही तथागत के शरीर के साथ भी वही मरणोत्तर सत्कार–क्रियाएँ पूर्ण करनी चाहिये। चौराहे पर तथागत का स्तूप बनना चाहिये। उस पर जो श्रद्धालु जन माला, गन्ध, द्रव्य, गन्धचूर्ण आदि चढ़ायेंगे, उसको प्रणाम करेंगे, मन से श्रद्धा करेंगे उनके लिये यह सत्कर्म बहुत काल तक सुख देने वाला तथा हितकारक होगा।"

१०४. तब उन कुशीनारावासी मल्लों ने कुछ पुरुषों को आज्ञा दी— "तो, आप लोग जाओ और

वत्थेन वेठेत्वा विहतेन कप्पासेन वेठेसुं, विहतेन कप्पासेन वेठेत्वा अहतेन वत्थेन वेठेसुं। एतेन उपायेन पञ्चहि युगसतेहि भगवतो सरीरं वेठेत्वा आयसाय तेलदोणिया पक्खिपित्वा अञ्ञिस्सा आयसाय दोणिया पटिकुज्जित्वा सब्बगन्धानं चितकं करित्वा भगवतो सरीरं चितकं आरोपेसुं।

२५. महाकस्सपत्थेरवत्थु

१०५. तेन खो पन समयेन आयस्मा महाकस्सपो पावाय कुसिनारं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो होति महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो मग्गा ओक्कम्म अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले निसीदि। तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो आजीवको कुसिनाराय मन्दारपुप्फं गहेत्वा पावं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो होति। अद्दसा खो आयस्मा महाकस्सपो तं आजीवकं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वा तं आजीवकं एतदवोच—"अपावुसो, अम्हाकं सत्थारं जानासी" ति?

"आमावुसो, जानामि—अज्ज सत्ताहपरिनिब्बुतो समणो गोतमो। ततो मे इदं मन्दारपुप्फं गहितं" ति। तत्थ ये ते भिक्खू अवीतरागा अप्पेकच्चे बाहा पग्गय्ह कन्दन्ति, [N.125] छिन्नपातं पपतन्ति, आवट्टन्ति विवट्टन्ति—'अतिखिप्पं भगवा परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं सुगतो परिनिब्बुतो, अतिखिप्पं चक्खुं लोके अन्तरहितो' ति। ये पन ते भिक्खू वीतरागा ते सता सम्पजाना अधिवासेन्ति—'अनिच्चा सङ्खारा, तं कुतेत्थ लब्भा' " ति।

१०६. तेन खो पन समयेन सुभद्दो नाम वुद्धपब्बजितो तस्सं परिसायं [B.134] निसिन्नो होति। अथ खो सुभद्दो वुद्धपब्बजितो ते भिक्खू एतदवोच—"अलं, आवुसो, मा सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। सुमुत्ता मयं तेन महासमणेन। उपद्दुता च होम—'इदं वो कप्पति,

---

धुनी हुई रूई एकत्र करके लाओ।" (यों रूई एकत्र करने के बाद) कुशीनारा के मल्लों ने भगवान् के शरीर को नये वस्त्र से लपेटा, नये वस्त्र से लपेटने के बाद उसे धुनी हुई रूई से लपेटा। इस पद्धति (उपाय) से पाँच सौ दुहरे बन्धनों से भगवान् के शरीर को लपेटकर, ताम्बे या सोने या लोहे की तैल भरी द्रोणी में उस शरीर को रखकर ऊपर से वैसा ही द्रोणी पर ढक्कन ढककर, सभी गन्धमय द्रव्यों (काष्ठों) की चिता बनाकर, उस पर भगवान् के शरीर (वाली द्रोणी) को रख दिया।

२५. महाकाश्यप स्थविर

१०५. उस समय आयुष्मान् महाकाश्यप पाँच सौ भिक्षुओं के महासङ्घ के साथ पावा नगरी से कुशीनारा के रास्ते पर चारिका कर रहे थे। तब आयुष्मान् महाकाश्यप एक स्थान पर, रास्ते से हटकर एक तरफ किसी वृक्ष के नीचे बैठे थे। उस समय कोई आजीवक कुशीनारा से मन्दारपुष्प लेकर पावा की तरफ रास्ते से जा रहा था। आयुष्मान् महाकाश्यप ने उस आजीवक को दूर रास्ते पर आते हुए देखा। देखकर (पास आने पर) उस आजीवक से पूछा— "आयुष्मन्! क्या तुम हमारे शास्ता के विषय में भी कुछ जानते हो? "हाँ , आयुष्मन्! जानता हूँ। श्रमण गौतम को परिनिर्वृत हुए आज सात दिन बीत चुके हैं। वहीं से मुझे यह मन्दार-पुष्प मिला है।" यह सुनकर वहाँ जो भिक्षु अवीतराग थे वे....कहाँ मिलने वाला है!

१०६. उस समय बुढ़ापे में श्रमण बना सुभद्र नामक कोई भिक्षु बैठा था। उस बुढ़ापे में श्रमण बने सुभद्र ने उन शोकाकुल भिक्षुओं को यों समझाना प्रारम्भ किया— "आयुष्मानो! शोक न करो, न किसी प्रकार का विलाप ही करो। (तुम्हें तो प्रसन्न होना चाहिये कि) अब हम उस महाश्रमण (!) से

इदं वो न कप्पती' ति। इदानि पन मयं यं इच्छिस्साम तं करिस्साम, यं न इच्छिस्साम न तं करिस्सामा'' ति। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो भिक्खू आमन्तेसि—''अलं, आवुसो, मा [R.163] सोचित्थ, मा परिदेवित्थ। ननु एतं, आवुसो, भगवता पटिकच्चेव अक्खातं—'सब्बेहेव पियेहि मनापेहि नानाभावो विनाभावो अञ्ञथाभावो। तं कुतेत्थ, आवुसो, लब्भा। यं तं जातं भूतं सङ्खतं पलोकधम्मं तं तथागतस्सा पि सरीरं मा पलुज्जी ति नेतं ठानं विज्जती' '' ति।

१०७. तेन खो पन समयेन चत्तारो मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था—''मयं भगवतो चितकं आळिम्पेस्सामा'' ति न सक्कोन्ति आळिम्पेतुं। अथ खो कोसिनारका मल्ला आयस्मन्तं अनुरुद्धं एतदवोचुं—''को नु खो, भन्ते अनुरुद्ध, हेतु, को पच्चयो, येनिमे चत्तारो मल्लपामोक्खा सीसंन्हाता अहतानि वत्थानि निवत्था—'मयं भगवतो चितकं आळिम्पेस्सामा' ति न सक्कोन्ति आळिम्पेतुं'' ति?

''अञ्ञथा खो, वासेट्ठा, देवतानं अधिप्पायो'' ति।

''कथं पन, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो'' ति?

''देवतानं खो, वासेट्ठा, अधिप्पायो—'अयं आयस्मा महाकस्सपो पावाय कुसिनारं अद्धानमग्गप्पटिपन्नो महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि, न ताव भगवतो चितको पज्जलिस्सति यावायस्मा महाकस्सपो भगवतो पादे सिरसा न वन्दिस्सती' '' ति।

''यथा, भन्ते, देवतानं अधिप्पायो तथा होतू'' ति।

१०८. अथ खो आयस्मा महाकस्सपो येन कुसिनारा मकुटबन्धनं नाम मल्लानं चेतियं

छुटकारा पा गये हैं। उसने तो हमें सभी समय यह कहकर त्रस्त कर रखा था कि— 'यह करो, यह न करो! यह कर्म तुम्हें उचित है, यह कर्म उचित नहीं।' अब हम जो चाहेंगे वह करेंगे; जो न चाहेंगे वह न करेंगे।'' तब आयुष्मान् महाकाश्यप ने अपने उन साथी भिक्षुओं को समझाया— ''आयुष्मानो! शोक या विलाप न करो! आयुष्मानो! भगवान् ने तो पहले ही कह दिया था कि सभी प्रिय वस्तुओं से एक न एक दिन वियोग होने वाला है ही। .... वे निरन्तर कहाँ उपलब्ध रहने वाली हैं! जो शरीर संस्कृत है....वह नष्ट न हो— यह सम्भव नहीं है।''

१०७. उस समय शिर तक स्नान किये नये वस्त्र धारण किये कुशीनारा के चार मल्ल प्रमुख ये सोचकर कि हम भगवान् की चिता जलायेंगे', परन्तु वे प्रत्येक सम्भव उपाय करके भी उस चिता को नहीं जला पा रहे थे। तब कुशीनारा के उन मल्लो ने आयुष्मान् अनुरुद्ध से पूछा— ''भन्ते! यहाँ क्या हेतु या क्या प्रत्यय है कि ये चार मल्ल प्रमुख सिर से स्नान कर,नये वस्त्र पहन कर (पूर्णतः परिशुद्ध हो) चिता जलाने का निश्चय कर (उनके द्वारा सब तरह का प्रयास करने पर भी) वे चिता नहीं जला पा रहे हैं?

''वासिष्ठो! देवताओं का कुछ दूसरा ही विचार है।''

''भन्ते! देवताओं का क्या विचार है?''

''वासिष्ठो! देवताओं का विचार है कि आयुष्मान् महाकाश्यप बड़े भिक्षुसङ्घ के साथ पावा से कुशीनारा की ओर रास्ते में आ रहे हैं। यह चिता तब तक नहीं जलना प्रारम्भ होगी जब तक वे आयुष्मान् महाकाश्यप भगवान् के चरणों में अपना मस्तक नहीं रख देंगे।

(मल्ल बोले—) ''ठीक है, भन्ते! तब वही होगा जो देवता चाहते हैं।''

येन भगवतो चितको तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा एकंसं चीवरं कत्वा अञ्जलिं [N.126] पणामेत्वा तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं कत्वा भगवतो पादे सिरसा वन्दि। तानि पि खो पञ्चभिक्खुसतानि एकंसं चीवरं कत्वा अञ्जलिं पणामेत्वा तिक्खत्तुं चितकं पदक्खिणं [R.164] कत्वा भगवतो पादे सिरसा वन्दिंसु। वन्दिते च पनायस्मता महाकस्सपेन तेहि च पञ्चहि भिक्खुसतेहि सयमेव भगवतो चितको पज्जलि।

१०९. झायमानस्स खो पन भगवतो सरीरस्स यं अहोसि छवी ति वा चम्मं [B.135] ति वा मंसं ति वा न्हारू ति वा लसिका ति वा, तस्स नेव छारिका पञ्ञायित्थ न मसि; सरीरानेव अवसिस्सिंसु। सेय्यथापि नाम सप्पिस्स वा तेलस्स वा झायमानस्स नेव छारिका पञ्ञायति न मसि, एवमेव भगवतो सरीस्स झायमानस्स यं अहोसि छवी ति वा चम्मं ति वा मंसं ति वा न्हारू ति वा लसिका ति वा तस्स नेव छारिका पञ्ञायित्थ न मसि, सरीरानेव अवसिस्सिंसु। तेसं च पञ्चन्नं दुस्सयुगसतानं द्वेव दुस्सानि न डय्हिंसु यं च सब्बअब्भन्तरिमं यं च बाहिरं। दड्ढे च खो पन भगवतो सरीरे अन्तलिक्खा उदकधारा पातुभवित्वा भगवतो चितकं निब्बापेसिं। उदकसालतो पि अब्भुन्नमित्वा भगवतो चितकं निब्बापेसिं। कोसिनारका पि मल्ला सब्बगन्धोदकेन भगवतो चितकं निब्बापेसुं। अथ खो कोसिनारका मल्ला भगवतो सरीरानि सत्ताहं सन्धागारे सत्तिपञ्जरं करित्वा धनुपाकारं परिक्खिपापेत्वा नच्चेहि गीतेहि वादितेहि मालेहि गन्धेहि सक्करिंसु गरुं करिंसु मानेसुं पूजेसुं।

२६. सरीरधातुविभजनं

११०. अस्सोसि खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदहिपुत्तो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदहिपुत्तो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं

---

१०८. तब आयुष्मान् महाकाशयप, जहाँ कुशीनारा में मल्लों का मुकुटबन्धन चैत्य था, जहाँ कि भगवान् की चिता रखी हुई थी, वहाँ पहुँचे। पहुँचकर चीवर को एक कन्धे पर कर, दोनों हाथ जोड़कर, चिता को तीन बार परिक्रमा कर उसमें के चरण खोल कर उन्हें शिर से वन्दना की। उन पाँच सौ भिक्षुओं ने भी एक कन्धे पर चीवर कर करबद्ध प्रणाम कर चिता को तीन बार प्रदक्षिणा कर भगवान् के चरणों में शिर से वन्दना की। आयुष्मान् महाकाश्यप एवं पाँच सौ भिक्षुओं द्वारा प्रणाम करते ही चिता जल उठी।

१०९. चिता में रखे भगवान् के उस शरीर के जल उठने पर उसमें जो छवि (झिल्ली), चर्म, मांस, स्नायु या लसिका थीं वे सब ऐसी जल गयीं कि न उन की राख दिखायी दी न कोयला ही; जैसे कि जलते हुए घी या तैल की न तो राख (छारिका) दिखायी पड़ती है, न कोयला (मसी), इसी तरह....। भगवान् के शरीर पर लपेटे गये उन एक हजार वस्त्रों में से केवल सब से पहला और सब से अन्त का ही वस्त्र नहीं जल पाया। यों, भगवान् का शरीर जल जाने पर, आकाश से दिव्य जलधारा गिरने लगी जिससे वह चिता ठण्ढी हो गयी। उदकशाला से भी जलने स्वयं उठकर चिता को ठण्डा किया। इधर कुशीनारा के मल्लों ने भी सर्वगन्धमिश्रित जल से उस चिता को ठण्ढा किया। तब कुशीनारा के मल्लों ने भगवान् के शरीर की अस्थियों (के अवशेष) को संस्थागार में भाला और धनुष हाथ में लिये पुरुषों का घेरा (वृत्त) बनाकर उसके संरक्षण में रखा। और नृत्य, गीत, वाद्य...द्वारा सत्कार करते रहे....मानते पूजते रहे।

२६. स्तूपनिर्माणहेतु अस्थ्यवशेष का विभजन

११०. राजा मागध अजातशत्रु वैदेहीपुत्र ने सुना कि भगवान् कुशीनारा में परिनिर्वृत हो गये हैं,

पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, अहं पि खत्तियो, अहं पि अरहामि भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामी" ति। (१)

अस्सोसुं खो वेसालिका लिच्छवी—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। [R.165] अथ खो वेसालिका लिच्छवी कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (२)

[N.127] अस्सोसुं खो कपिलवत्थुवासी सक्या—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" [B.136] ति। अथ खो कपिलवत्थुवासी सक्या कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा अम्हाकं ञातिसेट्ठो, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (३)

अस्सोसुं खो अल्लकप्पका बुलयो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो अल्लकप्पका बुलयो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (४)

अस्सोसुं खो रामगामका कोळिका—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो रामगामका कोळिका कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, मयं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा" ति। (५)

अस्सोसि खो वेट्ठदीपको ब्राह्मणो—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो वेट्ठदीपको ब्राह्मणो कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, अहं पिस्मि ब्राह्मणो, अहं पि अरहामि भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्साम" ति। (६)

अस्सोसुं खो पावेय्यका मल्ला—"भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो" ति। अथ खो पावेय्यका मल्ला कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसि—"भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया,

---

तो उसने कुशीनारा के मल्लों के पास अपने दूत भेजकर उनसे कहलाया– "भगवान् भी जाति से क्षत्रिय थे, मैं भी क्षत्रिय हूँ, (अतः) मुझे भी भगवान् के शरीर का अस्थ्यवशेष चाहिये। मैं भी भगवान् के उस अस्थ्यवशेष पर स्तूप (स्मृतिस्तम्भ) बनवाकर महोत्सव करवाऊँगा।" (१)

वैशाली के लिच्छवियों ने सुना...पूर्ववत्....महोत्सव करेंगे। (२)

कपिलवस्तु के शाक्यों ने सुना....तो उन्होंने कुशीनारो के मल्लों के पास दूत भेजकर कहलवाया– 'भगवान् हमारे कुल में श्रेष्ठ थे हम भी भगवान् के शरीर पर....महोत्सव करेंगे। (३)

अल्लकप्प के बुलियों ने सुना....महोत्सव करेंगे। (४)

रामग्रामवासी कोलियों ने सुना....महोत्सव करेंगे। (५)

वेठद्वीप के ब्राह्मण ने सुना....महोत्सव करूँगा। (६)

पावा के मल्लों ने सुना....महोत्सव करायेंगे। (७)

मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, अहं पि भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामी'' ति। (७)

१११. एवं वुत्ते, कोसिनारका मल्ला ते सङ्घे गणे एतदवोचुं—''भगवा अम्हाकं [R.166] गामक्खेत्ते परिनिब्बुतो, न मयं दस्साम भगवतो सरीरानं भागं'' ति।

११२. एवं वुत्ते, दोणो ब्राह्मणो ते सङ्घे गणे एतदवोच—

''सुणन्तु भोन्तो मम एकवाचं, अम्हाकं बुद्धो अहु खन्तिवादो। [B.137]
न हि साधु यं उत्तमपुग्गलस्स, सरीरभागे सिया सम्पहारो॥
सब्बेव भोन्तो सहिता समग्गा, सम्मोदमाना करोमट्ठभागे॥ [N.128]
वित्थारिका होन्तु दिसासु थूपा, बहू जना चक्खुमतो पसन्ना'' ति॥

११३. ''तेन हि, ब्राह्मण, त्वञ्ञेव भगवतो सरीरानि अट्ठधा समं सविभत्तं विभजाही'' ति। ''एवं, भो'' ति खो दोणो ब्राह्मणो तेसं सङ्घानं गणानं पटिस्सुत्वा भगवतो सरीरानि अट्ठधा समं सविभत्तं विभजित्वा ते सङ्घे गणे एतदवोच—''इमं मे भोन्तो तुम्बं ददन्तु, अहं पि तुम्बस्स थूपं च महं च करिस्सामी'' ति। अदंसु खो ते दोणस्स ब्राह्मणस्स तुम्बं।

११४. अस्सोसुं खो पिप्पलिवनिया मोरिया—''भगवा किर कुसिनारायं परिनिब्बुतो'' ति। अथ खो पिप्पलिवनिया मोरिया कोसिनारकानं मल्लानं दूतं पाहेसुं—''भगवा पि खत्तियो, मयं पि खत्तिया, मयं पि अरहाम भगवतो सरीरानं भागं, भगवतो सरीरानं थूपं च महं च करिस्सामा'' ति।

---

१११. (उन दूतों द्वारा) ऐसा कहे जाने पर, कुशीनारा के मल्लों ने उन सभी सङ्घराज्यों एवं गणराज्यों (के दूतों) को यह उत्तर दिया— ''भगवान् हमारी ग्रामसीमा में परिनिर्वृत हुए हैं, अतः हम भगवान् के शरीर का यह अस्थ्यवशेष किसी अन्य को नहीं देंगे। (अपितु हम ही इस अस्थ्यवशेष पर स्तूप बनाकर इसका सत्कार...मान, पूजा करेंगे।) (८)

११२. (मल्लों द्वारा) ऐसा कहे जाने पर द्रोण ब्राह्मण ने उन सभी सङ्घों एवं गणों के प्रतिनिधियों से निवेदन किया—

''आप सभी मेरी एक नम्र वाणी (विनति) सुनें— हमारे बुद्ध तो क्षान्ति (क्षमा=सहिष्णुता) वादी थे। (उनके लिये या उनके कारण) हम लोगों का यह उचित कर्म नहीं होगा कि उनके इस अस्थ्यवशेष के लिये हम लोग परस्पर कलह या द्वन्द्व करें। यह हमारी सज्जनता पर एक प्रकार का कलङ्क ही होगा।

''अतः आप सब लोक मिल–बैठकर प्रसन्नतापूर्वक कोई उचित निर्णय करते हुए इसके आठ भाग इस तरह कर लें कि प्रदेश के सभी भागों में ये स्तूप बन सकें और उपासकगण भविष्य में भी इनके दर्शन कर पुण्यलाभ कर सकें। उस पुण्य के प्रभाव से वे सुखी (प्रसन्न) रह सकें।''

११३. ''तो, ब्राह्मण! आप ही इन अस्थ्यवशेषों का यथोचित विभाजन कर दें।'' ''अच्छा, जी!'' कहकर उस द्रोण ब्राह्मण ने भगवान् के उन अस्थ्यवशेषों को आठ समान भागों में सुविभक्त कर उन उपस्थित सङ्घों एवं गणों के प्रतिनिधियों से कहा— ''आप इस तूम्बे को मुझे दे दें, मैं इस तूम्बे पर स्मृतिस्तम्भ बनाकर इसका सत्कार....मान, पूजा करूँगा।''

११४. (इस घटना—अस्थ्यवशेष के विभाजन के बाद) पिप्पलीवन के मौर्यों ने सुना कि भगवान् का परिनिर्वाण हो गया है, तो उन पिप्पलीवन के मौर्यों ने अपने दूत यह कर दौड़ाये— ''भगवान् भी क्षत्रिय

"नत्थि भगवतो सरीरानं भागो। विभत्तानि भगवतो सरीरानि। इतो अङ्गारं हरथा" ति। ते ततो अङ्गारं हरिंसु।

धातुथूपपूजा

११५. अथ खो राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो राजगहे भगवतो सरीरानं थूपं [R.167] च महं च अकासि। वेसालिका पि लिच्छवी वेसालियं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। कपिलवत्थुवासी पि सक्या कपिलवत्थुस्मिं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। अल्लकप्पका पि बुलयो अल्लकप्पे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। रामगामका [B.138] पि कोळिया रामगामे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। वेट्ठदीपको पि ब्राह्मणो वेट्ठदीपे भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकासि। पावेय्यका पि मल्ला पावायं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। कोसिनारका पि मल्ला कुसिनारायं भगवतो सरीरानं थूपं च महं च अकंसु। दोणो पि ब्राह्मणो तुम्बस्स थूपं च महं च अकासि। पिप्पलिवनिया पि मोरिया पिप्पलिवने अङ्गारानं थूपं च महं च अकंसु। इति अट्ठ सरीरथूपा, नवमो, तुम्बथूपो, दसमो अङ्गारथूपो। एवमेतं भूतपुब्बं ति।

[N. 129] ११६. अट्ठदोणं चक्खुमतो सरीरं, सत्तदोणं जम्बुदीपे महेन्ति।
एकं च दोणं पुरिसवरुत्तमस्स, रामगामे नागराजा महेति॥
एका हि दाठा तिदिवेहि पूजिता, एका पन गन्धारपुरे महीयति।
कालिङ्गरञ्ञो विजिते पुनेकं, एकं पन नागराजा महेति॥

थे, हम भी क्षत्रिय है; हम भी चाहते हैं भगवान् अस्थ्यवशेष (के कुछ अंश).... हम उन पर स्मृतिस्तम्भ बनाकर उसका सत्कार....मान, पूजा करते रहें।"

(मल्लों ने उत्तर दिया–) "अस्थ्यवशेष का तो विभाजन हो चुका है, अब उसमें से कुछ नहीं बचा है। हाँ, ये चिता के बुझे हुए कोयले अवश्य अवशिष्ट हैं, इन्हें आप चाहें तों ले जा सकते हैं।" वे (मौर्य) वहाँ से कोयले ही ले गये।

धातुस्तूपपूजा

११५. तब राजा मागध अजातशत्रु वैदेहीपुत्र ने राजगृह में,.... वैशाली के लिच्छवियों ने वैशाली में....। कपिलवस्तु के शाक्यों ने कपिलवस्तु में....। अल्लकप्पक बुलियों ने अल्लकप्प में....। रामग्राम के कोलियों ने रामग्राम में....। वेठ द्वीप के ब्राह्मण ने वेठद्वीप में....पावा नगरी के वासी मल्लों ने पावा नगरी में....। तथा कुसीनारा के मल्लों ने कुसीनारा में भगवान् के अस्थ्यवशेषों पर स्तूप बनवाकर महोत्सव किया। द्रोण ब्राह्मण ने तूम्बे पर और पिप्पलीवन के मौर्यों ने अङ्गारों पर ही स्तूप बनवा कर उत्सव मनाया।

यों भगवान् के अस्थ्यवशेषों पर बने आठ स्तूप और एक तुम्बस्तूप तथा एक अङ्गारस्तूप– ये दश स्तूप (८+१+१=१०) पूर्वकाल में थे।

११६. चक्षुष्मान् (मार्गोपदेशक तथागत) के अस्थ्यवशेष आठ द्रोणों (इस माप के घड़ों) में भर कर रखे गये। इनमें सात द्रोणों की जम्बुद्वीप में पूजा होती है। और उस पुरुषोत्तम का एक द्रोण रामग्राम में नागराजा द्वारा पूजित होता है।

(भगवान् के उन्हीं अस्थ्यवशेषों में से) एक दाढा स्वर्ग में देवताओं द्वारा पूजित होती है, एक गान्धारपुर में, एक कलिङ्गराज के देश में तथा एक दाढा नागराज द्वारा पूजित होती है।

तस्सेव तेजेन अयं वसुन्धरा, आयागसेट्ठेहि मही अलङ्कता।
एवं इमं चक्खुमतो सरीरं, सुसक्कतं सक्कतसक्कतेहि॥
देविन्दनागिन्दनरिन्दपूजितो, मनुस्सिन्दसेट्ठेहि तथेव पूजितो। [R.168]
तं वन्दथ पञ्जलिका लभित्वा, बुद्धो हवे कप्पसतेहि दुल्लभो'' ति॥
चत्तालीस समा दन्ता, केसा लोमा च सब्बसो।
देवा हरिंसु एकेकं, चक्कवाळपरम्परा[१] ति॥

महापरिनिब्बानसुत्तं निट्ठितं ततियं॥

उन्हीं के तेज से यह धन–धान्य समलंकृत पृथ्वी अलंकृत है। इस तरह चक्षुष्मान् (=बुद्ध) का यह शरीर सत्कृतों से भी सत्कृत पुरुषों द्वारा भलीभाँति सत्कृत (पूजित=सम्मानित) हुआ।

वह तो देवेन्द्रों, नागेन्द्रों एवं नरेन्द्रों तथा समाज में प्रतिष्ठित पुरुषों द्वारा भी पूजित है। उस को सामने पाकर, उसे हाथ जोड़कर प्रणाम करो; क्योंकि बुद्ध का होना या मिलना सौ कल्प में भी दुर्लभ है।

उसके चालीस दाँत, केश, लोभ– सभी को एक–एक कर देवताओं ने ब्रह्माण्डों में सर्वत्र पहुँचा दिया।।

तृतीय महापरिनिर्वाणसूत्र समाप्त॥

---

१. ये पाँचों गाथाएँ त्रिपिटिक-संग्रह के बाद ताम्रपर्णी द्वीप वासी महास्थविरों ने यहाँ प्रक्षिप्त की हैं– ऐसा अट्ठकथाकार आचार्य बुद्धघोष का मन्तव्य है। —सं०।

४. महासुदस्सनसुत्तं

[N.130, B.139, R.169] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा कुसिनारायं विहरति उपवत्तने मल्लानं सालवने अन्तरेन यमकसालानं परिनिब्बानसमये। अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"मा, भन्ते, भगवा इमस्मिं खुद्दकनगरके उज्जङ्गलनगरके साखानगरे परिनिब्बायि। सन्ति, भन्ते, अञ्ञानि महानगरानि, सेय्यथिदं—चम्पा, राजगहं, सावत्थि, साकेतं, कोसम्बी, बाराणसी। एत्थ भगवा परिनिब्बायतु। एत्थ बहू खत्तियमहासाला ब्राह्मणमहासाला गहपतिमहासाला तथागते अभिप्पसन्ना। ते तथागतस्स सरीरपूजं करिस्सन्ती" ति।

"मा हेवं, आनन्द, अवच; मा हेवं, आनन्द, अवच—'खुद्दकनगरकं उज्जङ्गलनगरकं साखानगरकं' ति।

१. कुसावती राजधानी

२. "भूतपुब्बं, आनन्द, राजा महासुदस्सनो नाम अहोसि खत्तियो मुद्धावसित्तो चातुरन्तो [R.170] जनपदत्थावरियप्पत्तो। रञ्ञो, आनन्द, महासुदस्सनस्स अयं कुसिनारा कुसावती नाम राजधानी अहोसि, पुरत्थिमेन च पच्छिमेन च द्वादसयोजनानि आयामेन, उत्तरेन च दक्खिणेन च सत्तयोजनानि वित्थारेन। कुसावती, आनन्द, राजधानी इद्धा चेव अहोसि, फीता च बहुजना च आकिण्णमनुस्सा च सुभिक्खा च। सेय्यथापि, आनन्द, देवानं आळकमन्दा

---

४. महासुदर्शनसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) कुसीनारा के उपवत्तन मल्लों के शालवन में परिनिर्वाण के समय दो युगल शाल वृक्षों के बीच में लेटे हुए थे। तब आयुष्मान् आनन्द जहाँ भगवान् लेटे हुए थे वहाँ पहुँचे। पहुँच कर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से निवेदन किया— "भन्ते ! भगवान् इस क्षुद्र नगले में, जंगली नगले में, साधारण से दीखने वाले छोटे से नगले में परिनिर्वाण न लें। भन्ते! और भी बहुत से नगर हैं; जैसे— चम्पा, राजगृह, श्रावस्ती, साकेत, कौसाम्बी और वाराणसी। इन में से किसी भी नगर में भगवान् परिनिर्वाण स्वीकार करें। यहाँ बहुत से क्षत्रिय धनपति हैं, ब्राह्मण गृहपति हैं, गृहपति धनपति भी हैं, जो तथागत में श्रद्धा रखते हैं। वे तथागत के शरीर की पूजा तथा सत्कार करेंगे।"

भगवान् बोले— "आनन्द! ऐसा न कहो, ऐसा न बोलो कि यह (उपवत्तन मल्लों का शालवन) क्षुद्र, जंगली या साधारण सा दीखने वाला, (वह भी स्वतन्त्र नहीं) किसी दूसरे छोटे नगले से जुड़ा हुआ नगला है।"

१. कुशावती राजधानी

१९. तं किं मञ्ञन्ति, भोन्तो देवा तावतिंसा, याव सुपञ्ञत्ता चिमे तेन भगवता जानता पस्सता अरहता सम्मासम्बुद्धेन सत्त समाधिपरिक्खारा सम्मासमाधिस्स परिभावनाय सम्मासमाधिस्स पारिपूरिया। कतमे सत्त? सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, [R.217] सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति। या खो, भो, इमेहि सत्तहङ्गेहि चित्तस्स [N.163] एकग्गता परिक्खता, अयं वुच्चति, भो, अरियो सम्मासमाधि सउपनिसो इति पि सपरिक्खारो इति पि। सम्मादिट्ठिस्स, भो, सम्मासङ्कप्पो पहोति, सम्मासङ्कप्पस्स सम्मावाचा पहोति, सम्मावाचस्स सम्माकम्मन्तो पहोति, सम्माकम्मन्तस्स सम्माआजीवो पहोति,

---

स्मृतिप्रस्थान (शास्त्र में) बताये गये हैं वे चारों स्मृतिप्रस्थान उस भगवान्....को भली भाँति ज्ञात हैं! कौन से चार? (१) साधक भिक्षु अपनी काया में कायानुपश्यी होकर साधना करता है। उद्योगरत, सावधान, स्मृतिमान्, अभिध्या (लोभ) और दौर्मनस्य (मानसिक अशान्ति) को दबाते हुए अपनी काया में कायानुपश्यना करते हुए उस साधक के वे धर्म समाधि में आते हैं, विशेषतया निर्मल हो जाते हैं। वह भलीभाँति समाहित एवं प्रसन्न होकर बाहर दूसरों के शरीर को निर्मल करके अपने ज्ञान–दर्शन में प्रवृत्त होता है। (२) ....अपनी आन्तरिक वेदनाओं में वेदनानुपश्यना करता हुआ साधना करता है....। (३)....अपने आन्तरिक चित्त में चित्तानुपश्यना करता हुआ साधना करता है....। (४) ....अपने आन्तरिक मनोधर्मों में धर्मानुपश्यना करता हुआ साधना करता है....। ये चार स्मृतिप्रस्थान कुशलप्राप्ति के लिये भगवान्....ने बताये हैं।

सात समाधि–परिष्कार– 'भन्ते! ब्रह्मा....ने यह बात कही। यह कहकर ब्रह्मा....ने उन त्रायस्त्रिंश देवों को पुनः सम्बोधित किया—

१९. क्या आप त्रायस्त्रिंश देव जानते हैं कि सम्यक्समाधि की भावना और परिशुद्धि हेतु सात समाधि–साधन (समाधिपरिष्कार) उन भगवान्....ने भलीभाँति बतलाये हैं! कौन से सात? सम्यग्दृष्टि, सम्यक्सङ्कल्प, सम्यग्वाक्, सम्यक्कर्म, सम्यगाजीव, सम्यग्व्यायाम एवं सम्यक्स्मृति। जो इन सात अङ्गों के साथ चित्त की एकाग्रता तथा परिष्कृति (पात्रता) है वही उपनिषद् एवं परिष्कारसहित 'सम्यक्समाधि' कहलाती है। सम्यग्दृष्टि पुरुष के ही सम्यक्सङ्कल्प से सम्भव है। सम्यक्सङ्कल्प से सम्यग्वाक्, सम्यग्वाक्

सम्माआजीवस्स सम्मावायामो पहोति, सम्मावायामस्स सम्मासति पहोति, सम्मासतिस्स सम्मासमाधि पहोति, सम्मासमाधिस्स सम्माञाणं पहोति, सम्माञाणस्स सम्माविमुत्ति पहोति। यञ्हि तं, भो, सम्मा वदमानो वदेय्य—स्वाक्खातो भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूहि, अपारुता अमतस्स द्वारा ति [B.176] इदमेव तं सम्मा वदमानो वदेय्य—स्वाक्खातो हि, भो, भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूहि, अपारुता अमतस्स द्वारा। ये हि केचि, भो, बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता, धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता, सङ्घे अवेच्चप्पसादेन समन्नागता, अरियकन्तेहि सीलेहि समन्नागता। ये चिमे ओपपातिका धम्मविनीता [R.218] सातिरेकानि चतुवीसतिसतसहस्सानि मागधका परिचारका अब्भतीता कालङ्कता तिण्णं संयोजनानं परिक्खया सोतापन्ना अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा। अत्थि चेवेत्थ सकदागामिनो।

अत्थायं इतरा पजा, पुञ्ञभागा ति मे मनो।
सङ्घातुं नो पि सक्कोमि, मुसावादस्स ओत्तप्पं ति॥

२०.' इममत्थं, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो भासित्थ। इममत्थं, भन्ते, ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स भासतो वेस्सवणस्स महाराजस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—अच्छरियं वत भो, अब्भुतं वत भो, एवरूपो पि नाम उळारो सत्था भविस्सति! एवरूपं उळारं धम्मक्खानं, एवरूपा उळारा विसेसाधिगमा पञ्ञायिस्सन्ती ति! अथ, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो वेस्सवणस्स महाराजस्स चेतसा चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय वेस्सवणं महाराजानं एतदवोच—तं किं मञ्ञति भवं वेस्सवणो महाराजा, अतीतं पि अद्धानं एवरूपो उळारो सत्था अहोसि, एवरूपं उळारं धम्मक्खानं,

---

से सम्यक्कर्मान्त, सम्यक्कर्मान्त से सम्यगाजीव, सम्यक्गाजीव से सम्यग्वायाम एवं सम्यग्व्यायाम से सम्यक्स्मृति तथा सम्यक्समाधि सम्भव होती है। तब उस सम्यक्समाधि के आलम्बन से सम्यग्ज्ञान एवं इस सम्यग्ज्ञान से चित्त की दोषों से सम्यग्विमुक्ति हो पाती है। सम्यग्विमुक्ति से इस साधनसमूह को पाकर विज्ञ जन उस वास्तविक धर्म का वर्णन करते हुए कहते हैं— भगवान् द्वारा उपदिष्ट धर्म ही स्वाख्यात (सुन्दरता से कहा गया), अकालिक (कालान्तर में नहीं अपितु सद्यःफलप्रद), एहिपश्यिक (परीक्षा किया जा सकने वाला), औपनयिक (निर्वाण तक पहुँचाने वाला), विज्ञजनों को पृथक् पृथक् अक्षरशः विदित होने वाला है, जिसके आत्मसात् कर लेने के बाद साधक के लिये अमृतद्वार खुल जाते हैं। जो लोग बुद्ध में, धर्म में, सङ्घ में स्थायी रूप से सतत श्रद्धा एवं प्रेम प्रकट करते हैं, उत्तम शील से युक्त हैं, उनके लिये मानो अमृत का द्वार ही खुल गया समझो। जैसे कि ये चौबीस लाख से भी अधिक धर्मविनीत औपपातिक (अयोनिजदेवता) बने मगधवासी परिचारक अतीत काल में मार के तीन बन्धनों के कट जाने से स्रोतआपन्न हो गये। वे फिर आगे कभी तीन अपायों (नरकों) में नहीं गिर सकते और वे नियत रूप से सम्बोधि–प्राप्ति में लगे हैं। इस समय वे सकृदागामी हैं।

मैं जानता हूँ कि यहाँ दूसरे लोग भी पुण्य के भागी हैं। कहीं मिथ्या भाषण न हो जाय— इसलिये मैं उन्हें गणनापूर्वक नहीं बता रहा हूँ।

२०. 'भन्ते! ब्रह्मा....ने यह धर्म–व्याख्यान किया। भन्ते! ब्रह्मा....के इतना कहने कर (वहाँ उपस्थित) वैश्रवण महाराज के यह विचार (मन में) आया— आश्चर्य है, अद्भुत है; इस प्रकार के उदार (श्रेष्ठ) शास्ता फिर भी कभी उत्पन्न हों तो ऐसे उदार धर्मोपदेश और ऐसे उच्च कोटि के ज्ञान देखे–सुने

एवरूपा उळारा विसेसाधिगमा पञ्ञायिंसु; अनागतं पि अद्धानं एवरूपो उळारो सत्था भविस्सति एवरूपं उळारं धम्मक्खानं एवरूपा उळारा विसेसाधिगमा पञ्ञायिस्सन्ती ति।

२१. 'इममत्थं, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो देवानं तावतिंसानं अभासि, इममत्थं वेस्सवणो [N.164, B.177] महाराजा ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स देवानं तावतिंसानं भासतो सम्मुखा सुतं [R.219] सम्मुखा पटिग्गहितं सयं परिसायं आरोचेसि' ''।

इममत्थं जनवसभो यक्खो वेस्सवणस्स महाराजस्स सयं परिसायं भासतो सम्मुखा सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं भगवतो आरोचेसि। इममत्थं भगवा जनवसभस्स यक्खस्स सम्मुखा सुत्वा सम्मुखा पटिग्गहेत्वा सामञ्च अभिञ्ञाय आयस्मतो आनन्दस्स आरोचेसि। इममत्थमायस्मा आनन्दो भगवतो सम्मुखा सुत्वा सम्मुखा पटिग्गहेत्वा आरोचेसि भिक्खूनं भिक्खुनीनं उपासकानं उपासिकानं। तयिदं ब्रह्मचरियं इद्धं चेव फीतं च वित्थारिकं बाहुजञ्ञं पुथुभूतं याव देवमनुस्सेहि सुप्पकासितं ति॥

जनवसभसुत्तं निट्ठितं पञ्चमं॥

जाँय। भन्ते! ब्रह्मा ने वैश्रवण महाराज के चित्त के उस विचार को स्वचित्त से जान कर यह कहा— वैश्रवण महाराज! क्या आप नहीं जानते कि अतीत काल में भी इस प्रकार श्रेष्ठ शास्ता....देखे गये थे। भविष्य में भी इस प्रकार के उदार शास्ता....होंगे.... देखे जायँगें।

२१. 'भन्ते! ब्रह्मा....ने त्रायस्त्रिंश देवों से यह कहा। त्रायस्त्रिंश देवों के सामने ब्रह्मा....ने जो कुछ कहा उसे सामने सुनकर और सामने ग्रहण कर वैश्रवण महाराज ने अपनी सभा में कह सुनाया'।''

यह बात जनवृषभ यक्ष ने वैश्रवण महाराज द्वारा स्वयं अपनी सभा में कही जाते हुए सुनकर भगवान् को सुनायी। भगवान् ने जनवृषभ यक्ष से सुनकर, प्रत्यक्ष जान कर आयुष्मान् आनन्द से कही। और आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से सुनकर भिक्षुओं, भिक्षुणियों, उपासकों एवं उपासिकाओं से कही। वही ब्रह्मचर्य (भगवदुपदिष्ट धर्म) ऋद्धिमय, उन्नत, विस्तारप्राप्त, प्रसिद्धिप्राप्त और विशाल होकर देवताओं तथा मनुष्यों में प्रकाशित हुआ।।

पञ्चम जनवृषभसूत्र समाप्त॥

६. महागोविन्दसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे विहरति [N.165, R.220, B.178] गिज्झकूटे पब्बते। अथ खो पञ्चसिखो गन्धब्बपुत्तो अभिक्कन्ताय रत्तिया अभिक्कन्तवण्णो केवलकप्पं गिज्झकूटं पब्बतं ओभासेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। एकमन्तं ठितो खो पञ्चसिखो गन्धब्बपुत्तो भगवन्तं एतदवोच— "यं खो मे, भन्ते, देवानं तावतिंसानं सम्मुखा सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं आरोचेमि तं भगवतो" ति। "आरोचेहि मे त्वं, पञ्चसिखा" ति भगवा अवोच।

१. सुधम्मा देवसभा

२. "पुरिमानि, भन्ते, दिवसानि पुरिमतरानि तदहुपोसथे पन्नरसे पवारणाय पुण्णाय पुण्णमाय रत्तिया केवलकप्पा च देवा तावतिंसा सुधम्मायं सभायं सन्निसिन्ना होन्ति सन्निपतिता, महती च दिब्बपरिसा समन्ततो निसिन्ना होति, चत्तारो महाराजानो चतुद्दिसा निसिन्ना होन्ति। पुरत्थिमाय दिसाय धतरट्ठो महाराजा पच्छिमाभिमुखो निसिन्नो होति देवे पुरक्खत्वा; दक्खिणाय दिसाय विरूळ्हको महाराजा उत्तराभिमुखो निसिन्नो होति देवे पुरक्खत्वा; पच्छिमाय [R.221] दिसाय विरूपक्खो महाराजा पुरत्थाभिमुखो निसिन्नो होति देवे पुरक्खत्वा; उत्तराय दिसाय वेस्सवणो महाराजा दक्खिणाभिमुखो निसिन्नो होति देवे पुरक्खत्वा। यदा पन, भन्ते, केवलकप्पा च देवा तावतिंसा सुधम्मायं सभायं सन्निसिन्ना होन्ति सन्निपतिता, महती च दिब्बपरिसा समन्ततो निसिन्ना होति, चत्तारो च महाराजानो चतुद्दिसा निसिन्ना होन्ति, इदं नेसं होति आसनस्मिं; अथ पच्छा अम्हाकं आसनं होति।

---

६. महागोविन्दसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) राजगृह के गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। तब एक समय देदीप्यमान शरीर वाला गन्धर्वपुत्र पञ्चशिख चाँदनी रात्रि में गृध्रकूट पर्वत को प्रकाशित करता हुआ, जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा। पहुँचकर भगवान् को प्रणाम कर एक ओर खड़ा हो गया। एक ओर खड़े हुए उस पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र ने भगवान् से यों निवेदन किया– "भन्ते! त्रायस्त्रिंश देवों से जैसा मैंने सुना और समझा, (यदि भगवान् कहें तो) उसे भगवान् को सुनाऊँ?" भगवान् बोले– "हाँ, पञ्चशिख! तुम मुझे वह सब सुनाओ।"

१. सुधर्मा देवसभा

२. "भन्ते! बहुत दिन हुए, एक प्रवारणा (आश्विन मास) की पूर्णिमा के अवसर पर, पूर्ण चाँदनी रात में प्रायः (केवलकल्प) सभी त्रायस्त्रिंशक देवता सुधर्मा देवसभा में एकत्र बैठे थे। उनके चारों तरफ देवपरिषद् भी बैठी हुई थी। चारों दिशाओं में चातुर्महाराजिक देवता भी विराजमान थे। उनमें, पूर्व दिशा में धृतराष्ट्र महाराज पश्चिम की ओर मुँह करके बैठे थे। पश्चिमदिशा में विरूपाक्ष महाराज पूर्व की ओर.... दक्षिण दिशा में विरूढक महाराज उत्तर की ओर.... और उत्तर दिशा में वैश्रवण महाराज दक्षिण की ओर मुँह करके बैठे थे। जब, भन्ते! सुधर्मा सभा में प्रायः सभी त्रायस्त्रिंश देव.... चारों दिशाओं में बैठे थे तो यही उन देवों की उस सभा में बैठने की पद्धति थी। उनके पीछे हम (गन्धर्व) लोगों के बैठने का अवसर आता था।

"ये ते, भन्ते, देवा, भगवति ब्रह्मचरियं चरित्वा अधुनूपपन्ना तावतिंसकायं ते अञ्ञे देवे अतिरोचन्ति वण्णेन चेव यससा च। तेन सुदं, भन्ते, देवा तावतिंसा अत्तमना होन्ति [B.179] पमुदिता पीतिसोमनस्सजाता; दिब्बा वत, भो, काया परिपूरेन्ति, हायन्ति असुरकाया ति।

[N.166] ३. "अथ खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवानं तावतिंसानं सम्पसादं विदित्वा इमाहि गाथाहि अनुमोदि—

'मोदन्ति वत भो देवा, तावतिंसा सहिन्दका।
तथागतं नमस्सन्ता, धम्मस्स च सुधम्मतं॥
'नवे देवे च पस्सन्ता, वण्णवन्ते यसस्सिनो।
सुगतस्मिं ब्रह्मचरियं, चरित्वान इधागते॥
'ते अञ्ञे अतिरोचन्ति, वण्णेन यससायुना।
सावका भूरिपञ्ञस्स, विसेसूपगता इध॥
'इदं दिस्वान नन्दन्ति तावतिंसा सहिन्दका।
तथागतं नमस्सन्ता, धम्मस्स च सुधम्मतं' ति॥

[R.222] "तेन सुदं, भन्ते, देवा तावतिंसा भिय्योसो मत्ताय अत्तमना होन्ति पमुदिता पीतिसोमनस्सजाता; दिब्बा वत, भो, काया परिपूरेन्ति, हायन्ति असुरकाया ति।

२. भगवतो अट्ठ यथाभुच्चा वण्णा

४. "अथ खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवानं तावतिंसानं सम्पसादं विदित्वा देवे तावतिंसे आमन्तेसि—'इच्छेय्याथ नो तुम्हे, मारिसा, तस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे सोतुं' ति? 'इच्छाम मयं, मारिस, तस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे सोतुं' ति।

"अथ खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवानं तावतिंसानं भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे

"भन्ते! जो देवता भगवान् के द्वारा उपदिष्ट धर्म का पालन कर उसके पुण्य प्रभाव से अभी अब इस त्रायस्त्रिंश देवलोक में उत्पन्न हुए थे। वे अन्य देवों की अपेक्षा वर्ण और यश के आधिक्य में विशेष थे। भन्ते! इसी कारण अन्य देवता प्रसन्न, प्रमुदित एवं प्रीति–सौमनस्ययुक्त हो रहे थे कि देवलोक समृद्ध रहा है तथा असुरलोक क्षीण हो रहा है।

३. "तब, भन्ते! देवेन्द्र शक्र ने देवताओं को प्रसन्न, प्रमुदित एवं प्रीति–सौमनस्ययुक्त देखकर, उनकी प्रसन्नता का इन गाथाओं में अनुमोदन किया—

'अरे! ये सभी इन्द्र सहित त्रायस्त्रिंश वासी देवजन...पूर्ववत्....धर्म की सुधर्मता (अच्छाइयों) को देखकर अत्यधिक प्रसन्न हो रहे हैं।

"भन्ते! इस शक्रकृत अनुमोदन से वे देवता और अधिक प्रसन्न हुए कि देवताओं की शक्ति बढ़ रही है और असुरशक्ति क्षीण हो रही है।

२. भगवान् के आठ यथार्थ गुण

४. "तब देवेन्द्र शक्र ने त्रायस्त्रिंश देवों को प्रसन्न देखकर उन्हें सम्बोधित किया—'मार्ष! क्या आप लोग भगवान् के आठ यथार्थ गुणों को सुनना चाहते हैं?' देवता बोले—'हाँ, मार्ष! हम सुनना चाहते हैं।'

पयिरुदाहासि—'तं किं मञ्ञन्ति, भोन्तो देवा तावतिंसा, यावं च सो भगवा बहुजनहिताय पटिपन्नो बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं। एवं बहुजनहिताय पटिपन्नं बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (१)

'स्वाक्खातो खो पन तेन भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहि-[B.180] पस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूहि। एवं ओपनेय्यिकस्स धम्मस्स देसेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता।(२)

'इदं कुसलं ति खो पन तेन भगवता सुपञ्ञत्तं, इदं अकुसलं ति सुपञ्ञत्तं, [N.167] इदं सावज्जं इदं अनवज्जं इदं सेवितब्बं इदं न सेवितब्बं इदं हीनं इदं पणीतं इदं [R.223] कण्हसुक्कसप्पटिभागं ति सुपञ्ञत्तं। एवं कुसलाकुसलसावज्जानवज्ज-सेवितब्बासेवितब्ब-हीनपणीत-कण्हसुक्कसप्पटिभागानं धम्मानं पञ्ञापेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (३)

'सुपञ्ञत्ता खो पन तेन भगवता सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। संसन्दति निब्बानं च पटिपदा च। सेय्यथापि नाम गङ्गोदकं यमुनोदकेन संसन्दति समेति, एवमेव सुपञ्ञत्ता तेन भगवता सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। संसन्दति निब्बानं च पटिपदा च। एवं निब्बानगामिनिया पटिपदाय पञ्ञापेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि अञ्ञत्र तेन भगवता। (४)

तब देवेन्द्र शक्र ने उन त्रायस्त्रिंश देवों के सम्मुख भगवान् के आठ गुणों का वर्णन करना यों प्रारम्भ किया— (१) आप त्रायस्त्रिंश देव क्या नहीं जानते कि भगवान् जनहित, जनसुख एवं लोकानुकम्पा को ध्यान में रखकर देव–मनुष्य प्रजा के लिये उपदेश करते हैं। ऐसा उपदेश करने वाले शास्ता न हमने अतीत काल में कोई अन्य देखा, न वर्तमान में किसी को देख रहे हैं, न भविष्य में ही किसी अन्य को देख पायेंगे, भगवान् को छोड़कर।

(२) 'भगवान् का धर्म स्वाख्यात है, सान्दृष्टिक है, अकालिक है, एहिपश्यिक है, औपनयिक है, विज्ञों द्वारा प्रत्यात्म (पृथक् पृथक्, अक्षरशः) वेदनीय है। इस निर्वाण तक पहुँचाने वाले धर्म का ऐसा अन्य कोई शास्ता न भूतकाल में कोई देखा है, न वर्तमान काल में, न भविष्यत्काल में दिखायी देगा, केवल भगवान् को छोड़कर।

(३) 'यह अच्छा है', 'यह बुरा है', 'यह निन्द्य है', 'यह अनिन्द्य है', 'यह करणीय है', 'यह अकरणीय है', 'यह हीन है', 'यह श्रेष्ठ है', 'यह अच्छाई–बुराई— दोनों से युक्त है'— ऐसा भलीभाँति किसी ने नहीं समझाया। यों, कुशल–अकुशल, निन्द्य–स्तुत्य, कर्तव्य–अकर्तव्य, हीन–श्रेष्ठ, कृष्ण–शुक्ल कर्मों का मिश्रण आदि धर्मों के विषय में सब कुछ भलीभाँति समझाने वाला कोई अन्य शास्ता....भगवान् को छोड़कर।

(४) 'उस भगवान् ने निर्वाण की ओर जाने वाला मार्ग भलीभाँति बतलाया है। उस के उपदेशों में निर्वाण और मार्ग— दोनों अनुकूल हैं। जैसे— गङ्गा और यमुना का जल परस्पर मिलकर एक दूसरे के अनुकूल होकर बहता है, उसी तरह उनके उपदेशों में निर्वाण और मार्ग–दोनों अनुकूल होकर ही परस्पर मेल खाते हैं। ऐसे मार्ग का बोधक कोई अन्य शास्ता न अतीत में....कोई होगा, भगवान् को छोड़कर।

'अभिनिप्फन्नो खो पन तस्स भगवतो लाभो, अभिनिप्फन्नो सिलोको। याव मञ्ञे खत्तिया सम्पियायमानरूपा विहरन्ति, विगतमदो खो पन सो भगवा आहारं आहारेति। एवं [R.224] विगतमदं आहारं आहरयमानं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (५)

'लद्धसहायो खो पन सो भगवा सेखानं चेव पटिपन्नानं खीणासवानं च वुसितवतं। ते भगवा अपनुज्ज एकारामतं अनुयुत्तो विहरति। एवं एकारामतं अनुयुत्तं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (६)

'यथावादी खो पन सो भगवा तथाकारी, यथाकारी तथावादी। इति यथावादी तथाकारी, यथाकारी तथावादी। एवं धम्मानुधम्मप्पटिपन्नं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (७)

[B.181] 'तिण्णविचिकिच्छो खो पन सो भगवा विगतकथङ्कथो परियोसितसङ्कप्पो अज्झासयं आदिब्रह्मचरियं। एवं तिण्णविचिकिच्छं विगतकथङ्कथं परियोसितसङ्कप्पं अज्झासयं आदिब्रह्मचरियं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र [N.168] तेन भगवता' ति। (८)

५. ''इमे खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवानं तावतिंसानं भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे पयिरुदाहासि। तेन सुदं, भन्ते, देवा ताव तिंसा भिय्योसो मत्ताय अत्तमना होन्ति पमुदिता पीतसोमनस्सजाता भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे सुत्वा। तत्र, भन्ते, एकच्चे देवा एवमाहंसु– 'अहो वत, मारिसा, चत्तारो सम्मासम्बुद्धा लोके उप्पज्जेय्युं धम्मं च देसेय्युं यथरिव भगवा

---

(५) 'उन भगवान् को महान् लाभ हुआ है, उन का यश चारों और अत्यधिक रूप से फैला हुआ है। वे क्षत्रिय आदि सभी जातियों के समान रूप से प्रिय हैं। वे भगवान् जो आहार (भोजन) लेते हैं, वह मद के लिये नहीं होता। इस प्रकार मदरहित आहार का आहर्ता कोई अन्य शास्ता.... नहीं.... भगवान् को छोड़कर।

(६) 'उन भगवान् ने शैक्ष, मार्गारूढ़, क्षीणास्रव (अर्हत्) तथा ब्रह्मचर्य व्रत को पूर्ण करने वाले भिक्षुओं का साथ किया है। वे उनको छोड़कर एकान्त में धर्मसाधना करते रहते हैं। एकान्त में साधना करने वाला ऐसा अन्य शास्ता.... नहीं.... भगवान् को छोड़कर।

(७) 'भगवान् जैसा कहते हैं वैसा करते हैं, जैसा करते हैं वैसा ही कहते हैं। इस तरह भगवान् यथावादी तथाकारी एवं यथाकारी तथावादी हैं। यों भगवान् निरन्तर धर्म मार्ग पर आरूढ़ रहते हैं। यह धर्ममार्गारोहण की निरन्तरता न किसी अन्य शास्ता में.... भगवान् को छोड़कर।

(८) 'भगवान् को अपने सिद्धान्तों या दार्शनिक तत्त्वों में कोई सन्देह नहीं रह गया है *(तिण्णविचिकिच्छो)*, उनकी तद्विषयक सभी शङ्काएँ दूर हो गयी है *(विगतकथङ्कथी)*, उनके सभी सङ्कल्प पूर्ण हो चुके हैं *(परियोसितसङ्कप्प)* इस तरह इनकी धर्मसाधना भी उक्त अङ्गों से परिपूर्ण हैं। अतः ऐसा शास्ता हमने अन्यत्र.... नहीं देखा है, भगवान् को छोड़कर।'

५. ''भन्ते! उन त्रायस्त्रिंश देवों ने (शक्र के मुख से) भगवान् के आठ गुणों को सुनकर अपना अत्यन्त सन्तोष, प्रमोद एवं प्रीति, सौमनस्य प्रकट किया। भन्ते! वहाँ उपस्थित कुछ देवताओं ने तो यहाँ तक कह डाला कि 'यदि इन आठ गुणों से युक्त भगवान् के समान चार और शास्ता लोक में उत्पन्न हो

तदस्स बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं' ति। एकच्चे देवा एवमाहंसु—'तिट्ठन्तु, मारिसा, चत्तारो सम्माम्बुद्धा। अहो वत, मारिसा, तयो सम्मासम्बुद्धा लोके उप्पज्जेय्युं धम्मं च देसेय्युं यथरिव भगवा तदस्स बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं' ति। एकच्चे देवा एवमाहंसु—'तिट्ठन्तु, मारिसा, तयो सम्मासम्बुद्धा। अहो वत, मारिसा, द्वे सम्मासम्बुद्धा लोके उप्पज्जेय्युं धम्मं च देसेय्युं यथरिव भगवा तदस्स बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं' ति।

६. "एवं वुत्ते, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवे तावतिंसे एतदवोच—'अट्ठानं [R.225] खो एतं, मारिसा अनवकासो यं एकिस्सा लोकधातुया द्वे अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा अपुब्बं अचरिमं उप्पज्जेय्युं, नेतं ठानं विज्जति। अहो वत, मारिसा, सो भगवा अप्पाबाधो अप्पातङ्को चिरं दीघमद्धानं तिट्ठेय्य तदस्स बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं' ति। अथ खो, भन्ते, येनत्थेन देवा तावतिंसा सुधम्मायं सभायं [B.182] सन्निसिन्ना होन्ति सन्निपतितातं अत्थं चिन्तयित्वा, तं अत्थं मन्तयित्वा, वुत्तवचना पि तं चत्तारो महाराजानो तस्मिं अत्थे होन्ति, पच्चानुसिट्ठवचना पि तं चत्तारो महाराजानो तस्मिं अत्थे होन्ति सकेसु सकेसु आसनेसु ठिता अविपक्कन्ता।

ते वुत्तवाक्या राजानो, पटिग्गय्हानुसासनिं।
विप्पसन्नमना सन्ता, अट्ठंसु सम्हि आसने ति॥

३. ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स पातुभावो

७. "अथ खो, भन्ते, उत्तराय दिसाय उळारो आलोको सञ्जायि ओभासो पातुरहोसि अतिक्कम्मेव देवानं देवानुभावं। अथ खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो देवे तावतिंसे [N.169]

जाते तो इस लोक का और भी अधिक कल्याण होता।' (यह सुनकर) दूसरे कुछ देवों ने यह कहा— 'मार्ष! चार तो क्या! तीन भी....दो भी शास्ता भगवान् के समान....अधिक कल्याण होता।'

६. देवताओं द्वारा ऐसा कहे जाने पर देवेन्द्र शक्र ने कहा— "मार्षो! ऐसा नहीं होता। एक समय में एक ही लोक धातु में दो सम्यक्सम्बुद्ध नहीं हुआ करते। अतः मार्षो! (इससे तो अच्छा यह रहेगा कि हम यह मनावें—) ये ही भगवान् ये ही भगवान् स्वस्थ, नीरोग एवं दीर्घायु रहते हुए जगत् (लोक) के हित–सुख–कल्याण के लिये ऐसा ही अष्टाङ्गयुक्त धर्मोपदेश करते रहें।

"भन्ते! तदनन्तर वे त्रायस्त्रिंश देवगण उस सुधर्म सभा में जिस विशेष कार्य पर विचारहेतु एकत्र बैठे थे, उस कार्य पर विचार कर निर्णय कर तथा उस निर्णय पर चारों महाराजाओं द्वारा भी अनुमोदन कर दिये जाने पर, बिना वहाँ से अन्यत्र गये अपने आसनों (पर्यङ्कों) पर ही स्थित हो गये।

ये चारों महाराज भी, सभा का अनुशासन स्वीकार करते हुए प्रसन्न मन से अपने अपने आसनों पर स्थित रहे।

३. सनत्कुमार ब्रह्मा का प्राकट्य

७. "भन्ते! तब वहाँ उत्तर दिशा से एक अत्यन्त चमकीला तेज (आलोक) दिखायी देने लगा। वह आलोक उन उपस्थित देवों के दिव्यानुभाव से भी अधिक प्रकाश वाला था। भन्ते! तब देवेन्द्र शक्र ने

आमन्तेसि—'यथा खो, मारिसा, निमित्तानि दिस्सन्ति उळारो आलोको सञ्जायति ओभासो पातु भवति, ब्रह्मा पातु भविस्सति; ब्रह्मुनो हेतं पुब्बनिमित्तं पातुभावाय यदिदं आलोको सञ्जायति ओभासो पातु भवती ति।

'यथा निमित्ता दिस्सन्ति, ब्रह्मा पातु भविस्सति।
ब्रह्मुनो हेतं निमित्तं, ओभासो विपुलो महा' ति॥

[R.226] ८. "अथ खो, भन्ते, देवा तावतिंसा यथासकेसु आसनेसु निसीदिंसु—'ओभासमेतं ञस्साम यंविपाको भविस्सति सच्छिकत्वा व नं गमिस्सामा' ति। चत्तारो पि महाराजानो यथासकेसु आसनेसु निसीदिंसु—'ओभासमेतं ञस्साम यंविपाको भविस्सति, सच्छिकत्वा व नं गमिस्सामा' ति। इदं सुत्वा देवा तावतिंसा एकग्गा समापज्जिंसु—'ओभासमेतं ञस्साम यंविपाको भविस्सति, सच्छिकत्वा व नं गमिस्सामा' ति।

"यदा, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो देवानं तावतिंसानं पातु भवति, ओळारिकं अत्तभावं अभिनिम्मिनित्वा पातु भवति। यो खो पन, भन्ते, ब्रह्मुनो पकतिवण्णो अनभिसम्भवनीयो सो देवानं तावतिंसानं चक्खुपथस्मिं। यदा, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो देवानं तावतिंसानं पातु भवति, सो अञ्ञे देवे अतिरोचति वण्णेन चेव यससा च। सेय्यथापि, भन्ते, सो वण्णो विग्गहो मानुसं [B.183] विग्गहं अतिरोचति; एवमेव खो, भन्ते, यदा ब्रह्मा सनङ्कुमारो देवानं तावतिंसानं पातुभवति, सो अञ्ञे देवे अतिरोचति वण्णेन चेव यससा च। यदा, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो देवानं तावतिंसानं पातु भवति, न तस्सं परिसायं कोचि देवो अभिवादेति वा पच्चुट्ठेति वा आसनेन वा निमन्तेति। सब्बेव तुण्हीभूता पञ्जलिका पल्लङ्केन निसीदन्ति—'यस्स दानि देवस्स पल्लङ्कं इच्छिस्सति ब्रह्मा सनङ्कुमारो तस्स देवस्स पल्लङ्के निसीदिस्सती' ति। यस्स खो पन, भन्ते, देवस्स ब्रह्मा सनङ्कुमारो पल्लङ्के निसीदति, उळारं सो लभति देवो वेदपटिलाभं, उळारं [R.227] सो लभति देवो सोमनस्सपटिलाभं। सेय्यथापि, भन्ते, राजा खत्तियो मुद्धावसित्तो अधुनाभिसित्तो रज्जेन उळारं सो लभति वेदपटिलाभं, उळारं सो लभति सोमनस्सपटिलाभं;

उन त्रायस्त्रिंश देवों को बताया— "मार्ष! जैसा यह अद्वितीय निमित्त दिखायी दे रहा है, उससे तो यही प्रकट होता है कि यह ब्रह्मा सनत्कुमार के प्रकट होने का पूर्व निमित्त है।

'जैसे पूर्वनिमित्त दिखायी दे रहे हैं उनसे तो यही द्योतित होता है कि ब्रह्मा....प्रकट होने वाले हैं।'

८. "भन्ते! तब वे त्रायस्त्रिंश देव....चातुर्महारजिक देव....प्रत्यक्ष देखकर ही जाँयगें।

"भन्ते! ब्रह्मा....जब त्रायस्त्रिंश देवों के बीच प्रकट होते हैं तो अपना विशाल आकार संवृत करके प्रकट होते हैं; क्योंकि ब्रह्मा का वास्तविक विशाल तेजस्वी रूप देवताओं की आँखों से देखने में चकाचौंध पैदा करता है। उस ब्रह्मा का वास्तविक रूप मनुष्यों की अपेक्षा तो विशाल होता ही है, त्रायस्त्रिंश देवों के शरीर की अपेक्षा भी विशाल होता है। न केवल विशालता में, अपितु वर्ण एवं यक्ष में भी वह ब्रह्मा देवों की अपेक्षा अधिक होता है। ब्रह्मा....जब देवपरिषद् में आते हैं, तब वे देव न उसके अभ्युत्थान में स्वयं खड़े होते हैं, न उन्हें प्रणाम करते हैं अपितु वे चुपचाप हाथ जोड़कर पद्मासन लगाकर अपने पर्यङ्क पर बैठे रहते हैं। उस समय ब्रह्मा जिस देवता के पर्यङ्क पर बैठना चाहते हैं, बैठ जाते हैं। ब्रह्मा जिस देवता के पर्यङ्क पर बैठते हैं, वह देवता अपने में गर्व एवं सौमनस्य का अपेक्षाकृत अधिक अनुभव करता है। भन्ते! जैसे कोई क्षत्रिय युवक, अचानक राजा बना दिये जाने पर, अधिक प्रीति–सौमनस्य

एवमेव खो, भन्ते, यस्स देवस्स ब्रह्मा सनङ्कुमारो पल्लङ्के निसीदति उळारं सो लभति देवो वेदपटिलाभं, उळारं सो लभति देवो सोमनस्सपटिलाभं। अथ, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो [N.170] देवानं तावतिंसानं सम्पसादं विदित्वा अन्तरहितो इमाहि गाथाहि अनुमोदि—

'मोदन्ति वत भो देवा, तावतिंसा सहिन्दका।
तथागतं नमस्सन्ता, धम्मस्स च सुधम्मतं॥
'नवे देवे च पस्सन्ता, वण्णवन्ते यसस्सिने।
सुगतस्मिं ब्रह्मचरियं, चरित्वान इधागते॥
'ते अञ्ञे अतिरोचन्ति, वण्णेन यससायुना॥
सावका भूरिपञ्ञस्स, विसेसूपगता इध॥
'इदं दिस्वान नन्दन्ति, तावतिंसा सहिन्दका।
तथागतं नमस्सन्ता, धम्मस्स च सुधम्मतं' ति॥

९. "इममत्थं, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो अभासित्थ। इममत्थं, भन्ते, ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स भासतो अट्ठङ्गसमन्नागतो सरो होति—विस्सट्ठो च विञ्ञेय्यो च मञ्जु च सवनीयो च बिन्दु च अविसारी च गम्भीरो च निन्नादी च। यथापरिसं खो पन, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो सरेन विञ्ञापेति। न चस्स बहिद्धा परिसाय घोसो निच्छरति। यस्स खो पन, भन्ते, एवं अट्ठङ्गसमन्नागतो सरो होति सो वुच्चति 'ब्रह्मस्सरो' ति। अथ खो, भन्ते, देवा तावतिंसा ब्रह्मानं [B.184] सनङ्कुमारं एतदवोचुं—'साधु, महाब्रह्मो, एतदेव मयं सङ्घाय मोदाम। अत्थि च सक्केन [R.228] देवानमिन्देन तस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चा वण्णा भासिता; ते च मयं सङ्घाय मोदामा' ति।

१०. "अथ, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो सक्कं देवानमिन्दं एतदवोच—'साधु, देवानमिन्द, मयं पि तस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे सुणेय्यामा' ति। 'एवं, महाब्रह्मे' ति खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे पयिरुदाहासि—

अनुभव करता है, उसी तरह वह देवता भी.... अनुभव करता है। तब, भन्ते! ब्रह्मा.... ने उन त्रायस्त्रिंश देवों को प्रसन्न अनुभव करते हुए अदृश्य रहते हुए ही ये गाथाएँ कहीं—

'इन्द्र सहित आप सभी देवता....पूर्ववत्.... धर्म की सुधर्मता को स्वीकार करते हुए बुद्ध और धर्म को प्रणाम कर रहे हैं।

९. "भन्ते! ब्रह्मा.... ने ये गाथाएँ कहीं। भन्ते! ये गाथाएँ बोलते हुए ब्रह्मा का स्वर इन आठ अङ्गों से युक्त था। जैसे— विस्पष्ट, विज्ञेय, मञ्जु, श्रवणीय, विन्दुवत्, अविसारी, गम्भीर एवं निन्नादी। परिषद् के अनुसार ही वे तीव्र–मन्द स्वर में ऐसा बोलते थे कि उनका स्वर परिषद् से बाहर नहीं जाता था। ऐसा स्वर 'ब्रह्मस्वर' कहलाता है। भन्ते! तब वे देवता ब्रह्मा.... से यों बोले— 'साधु महाब्रह्मन्! इसीलिये तो हम लोग प्रसन्न हो रहे थे। उसके बाद देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के जिन आठ गुणों का वर्णन किया, उन्हें सुनकर तो हमें और अधिक प्रीति–सौमनस्य पैदा हुआ।'

१०. "भन्ते! तब ब्रह्मा...ने देवेन्द्र शक्र से कहा— 'साधु देवेन्द्र शक्र! हम भी भगवान् के उन आठ गुणों का वर्णन सुनें। 'ठीक है ब्रह्मन्'— कहकर देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के वे आठ गुण सुनाने प्रारम्भ किये—

'तं किं मञ्ञसि, महाब्रह्मा, यावं च सो भगवा बहुजनहिताय पटिपन्नो बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं। एवं बहुजनहिताय पटिपन्नं बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (१)

[N.171] 'स्वाक्खातो खो पन तेन भगवता धम्मो सन्दिट्ठिको अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यिको पच्चत्तं वेदितब्बो विञ्ञूहि। एवं ओपनेय्यिकस्स धम्मस्स देसेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (२)

'इदं कुसलं ति खो पन तेन भगवता सुपञ्ञत्तं, इदं अकुसलं ति सुपञ्ञत्तं, इदं सावज्जं इदं अनवज्जं इदं सेवितब्बं इदं न सेवितब्बं इदं हीनं इदं पणीतं इदं कण्हसुक्कसप्पटिभागं ति सुपञ्ञत्तं। एवं कुसलाकुसलसावज्जानवज्जसेवितब्बासेवितब्बहीनपणीतकण्हसुक्कसप्पटि-

[R.229] भागानं धम्मानं पञ्ञापेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (३)

'सुपञ्ञत्ता खो पन तेन भगवता सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। संसन्दति निब्बानं

[B.185] च पटिपदा च। सेय्यथापि नाम गङ्गोदकं यमुनोदकेन संसन्दति समेति, एवमेव सुपञ्ञत्ता तेन भगवता सावकानं निब्बानगामिनी पटिपदा। संसन्दति निब्बानं च पटिपदा च। एवं निब्बानगामिनिया पटिपदाय पञ्ञापेतारं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (४)

'अभिनिप्फन्नो खो पन तस्स भगवतो लाभो, अभिनिप्फन्नो सिलोको, याव मज्झे खत्तिया सम्पियायमानरूपा विहरन्ति। विगतमदो खो पन सो भगवा आहारं आहारेति। एवं विगतमदं आहारं आहरयमानं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (५)

'लद्धसहायो खो पन सो भगवा सेखानं चेव पटिपन्नानं खीणासवानं च वुसितवतं। ते भगवा अपनुज्ज एकारामतं अनुयुत्तो विहरति। एवं एकारामतं अनुयुत्तं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (६)

'यथावादी खो पन सो भगवा, तथाकारी, यथाकारी तथावादी; इति यथावादी तथाकारी, यथाकारी तथावादी। एवं धम्मानुधम्मप्पटिप्पन्नं इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता। (७)

'तिण्णविचिकिच्छो खो पन सो भगवा विगतकङ्खथो परियोसितसङ्कप्पो अज्झासयं

[N.172, R.230] आदिब्रह्मचरियं। एवं तिण्णविचिकिच्छं विगतकथङ्कथं परियोसितसङ्कप्पं अज्झासयं आदिब्रह्मचरियं। इमिनापङ्गेन समन्नागतं सत्थारं नेव अतीतंसे समनुपस्साम न पनेतरहि, अञ्ञत्र तेन भगवता' ति। (८)

११. ''इमे खो, भन्ते, सक्को देवानमिन्दो ब्रह्मुनो सनङ्कुमारस्स भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे

'तो क्या मानते हो महाब्रह्मन्! कि भगवान्....पूर्ववत्.... (पृ० ४६३) भगवान् को छोड़कर'।

वण्णे पयिरुदाहासि। तेन सुदं, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो अत्तमनो होति पमुदितो पीतिसोमनस्सजातो भगवतो अट्ठ यथाभुच्चे वण्णे सुत्वा। अथ, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो ओळारिकं अत्तभावं अभिनिम्मिनित्वा, कुमारवण्णी हुत्वा, पञ्चसिखो देवानं तावतिंसानं पातुरहोसि। सो [B.186] वेहासं अब्भुग्गन्त्वा आकासे अन्तलिक्खे पल्लङ्केन निसीदि। सेय्यथापि, भन्ते, बलवा पुरिसो सुपच्चत्थते वा पल्लङ्के समे वा भूमिभागे पल्लङ्केन निसीदेय्य; एवमेव खो, भन्ते, ब्रह्मा सनङ्कुमारो वेहासं अब्भुग्गन्त्वा आकासे अन्तलिक्खे पल्लङ्केन निसीदित्वा देवे तावतिंसे आमन्तेसि—

४. गोविन्दब्राह्मणवत्थु

१२. 'तं किं मञ्ञन्ति, भोन्तो देवा तावतिंसा, याव दीघरत्तं महापञ्ञो व सो भगवा अहोसि।

'भूतपुब्बं, भो, राजा दिसम्पति नाम अहोसि। दिसम्पतिस्स रञ्ञो गोविन्दो नाम ब्राह्मणो पुरोहितो अहोसि। दिसम्पतिस्स रञ्ञो रेणु नाम कुमारो पुत्तो अहोसि। गोविन्दस्स ब्राह्मणस्स जोतिपालो नाम माणवो पुत्तो अहोसि। इति रेणु च राजपुत्तो जोतिपालो च [R.231] माणवो अञ्ञे च छ खत्तिया इच्चेते अट्ठ सहाया अहेसुं। अथ खो, भो, अहोरत्तानं अच्चयेन गोविन्दो ब्राह्मणो कालमकासि। गोविन्दे ब्राह्मणे कालङ्कते राजा दिसम्पति परिदेवेसि— यस्मिं वत, भो, मयं समये गोविन्दे ब्राह्मणे सब्बकिच्चानि सम्मा वोस्सज्जित्वा पञ्चहि कामगुणेहि समङ्गीभूता परिचारेम, तस्मिं नो समये गोविन्दो ब्राह्मणो कालङ्कतो ति। एवं वुत्ते, भो, रेणु राजपुत्तो राजानं दिसम्पतिं एतदवोच—मा खो त्वं, देव, गोविन्दे ब्राह्मणे कालङ्कते अतिबाळ्हं परिदेवेसि; अत्थि, देव, गोविन्दस्स ब्राह्मणस्स जोतिपालो नाम माणवो पुत्तो पण्डिततरो चेव

---

११. ''भन्ते! इस तरह देवेन्द्र शक्र ने उन ब्रह्मा....के सम्मुख भगवान् के इन आठ यथार्थ गुणों का वर्णन किया। वह सुनकर वे ब्रह्मा....सन्तुष्ट, सौमनस्यसम्पन्न हुए। भन्ते! तब ब्रह्मा....ने अपना विशाल शरीर (रूप) संक्षिप्त कर बालक पञ्चशिख के रूप में उन देवताओं के सामने अपने को प्रकट किया। वे आकाश में जाकर वहीं पद्मासन लगाकर बैठ गये। जैसे कोई बलवान् पुरुष अच्छी तरह बिछे हुए पलंग पर या सम भूमिभाग पर पद्मासन लगाकर बैठता है, उसी तरह वे ब्रह्मा आकाश में पद्मासन से बैठकर त्रायस्त्रिंश देवों से कहने लगे—

४. गोविन्दब्राह्मण की कथा

१२. 'तो क्या आप त्रायस्त्रिंश देव यह नहीं जानते कि वे भगवान् बहुत समय पहले से ही ऐसे प्रज्ञावान् थे।

'पहले किसी समय, दिशाम्पति नाम का एक राजा हुआ था। उस राजा के गोविन्द नाम का ब्राह्मण पुरोहित था और रेणु नाम का पुत्र था। गोविन्द ब्राह्मण को भी ज्योतिःपालमाणव नामक पुत्र था। यों वह रेणु राजपुत्र, ज्योतिःपाल नामक पुरोहित पुत्र एवं अन्य छह क्षत्रिय (पुत्र)— ये आठों परस्पर मित्र थे। बहुत समय बीतने पर एक दिन गोविन्द ब्राह्मण का देहपात हो गया। गोविन्द ब्राह्मण का देहपात हो जाने पर राजा दिशाम्पति यों विलाप करने लगा— अरे! जिस गोविन्द ब्राह्मण पर राज्य के सभी शासन कार्यों का भार डालकर हम दिन रात पाँचों कामभोगों के सेवन में लगे रहते थे, आज वही गोविन्द ब्राह्मण मर गया! ऐसा विलाप करते राजा को उस का पुत्र रेणु समझाने लगा— देव! आप गोविन्द ब्राह्मण के मर जाने पर, इतना विलाप न कीजिये! क्योंकि उसी गोविन्द ब्राह्मण का पुत्र ज्योतिःपाल अपने पिता की

पितरा अलमत्थदस्सतरो चेव पितरा; ये पिस्स पिता अत्थे अनुसासि ते पि जोतिपालस्सेव माणवस्स अनुसासनिया' ति।

[N.173] 'एवं, कुमारा' ति? 'एवं, देवा' ति।

महागोविन्दो

१३. 'अथ खो, भो, राजा दिसम्पति अञ्ञतरं पुरिसं आमन्तेसि—एहि त्वं, अम्भो पुरिस, येन जोतिपालो नाम माणवो तेनुपसङ्कम; उपसङ्कमित्वा जोतिपालं माणवं एवं वदेहि—भवमत्थु भवन्तं जोतिपालं माणवं, राजा दिसम्पति भवन्तं जोतिपालं माणवं आमन्तयति, राजा दिसम्पति भोतो जोतिपालस्स दस्सनकामो ति। एवं देवा ति खो, भो, सो पुरिसो दिसम्पतिस्स [B.187] रञ्ञो पटिस्सुत्वा येन जोतिपालो माणवो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा जोतिपालं [R.232] माणवं एतदवोच—भवमत्थु भवन्तं जोतिपालं, राजा दिसम्पति भवन्तं जोतिपालं माणवं आमन्तयति, राजा दिसम्पति भोतो जोतिपालस्स माणवस्स दस्सनकामो ति। एवं, भो, ति खो, भो, जोतिपालो माणवो तस्स पुरिसस्स पटिस्सुत्वा येन राजा दिसम्पति तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा दिसम्पतिना रञ्ञा सद्धिं सम्मोदि; सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि; एकमन्तं निसिन्नं खो, भो, जोतिपालं माणवं राजा दिसम्पति एतदवोच—अनुसासतु नो भवं जोतिपालो, मा नो भवं जोतिपालो अनुसासनिया पच्चब्याहासि, पेत्तिके तं ठाने ठपेस्सामि, गोविन्दिये अभिसिञ्चिस्सामी ति। एवं, भो, ति खो, भो, सो जोतिपालो माणवो दिसम्पतिस्स रञ्ञो पच्चस्सोसि। अथ खो, भो, राजा दिसम्पति जोतिपालं माणवं गोविन्दिये अभिसिञ्चि, तं पेत्तिके ठाने ठपेसि। अभिसित्तो जोतिपालो माणवो गोविन्दिये पेत्तिके ठाने ठपितो येपिस्स पिता अत्थे अनुसासि ते पि अत्थे अनुसासति, येपिस्स पिता

अपेक्षा अधिक पण्डित है, अधिक कार्यकुशल (अर्थदर्शी) है। अतः जिन कार्यों की देख-भाल गोविन्द ब्राह्मण करते थे, उन को ज्योतिःपाल माणव भी कर सकते हैं, उन पर यह भार डाल दीजिये।

'कुमार! ऐसी बात है?'

'हाँ, देव!'

महागोविन्द— १३. 'तब राजा दिशाम्पति ने किसी अनुचर को बुलाकर आज्ञा दी— अरे पुरुष! जहाँ ज्योतिःपाल माणव हैं वहाँ जाओ और जाकर उन ज्योतिःपाल माणव से कहो— राजा दिशाम्पति आप ज्योतिःपाल के दर्शनों को उत्सुक हैं, राजा आप से मिलना चाहते हैं। अच्छा, देव! कहकर वह अनुचर ज्योतिःपाल माणव के पास जाकर उनसे बोला— ज्योतिःपाल माणव का शुभ हो! राजा दिशाम्पति आपसे मिलना चाह रहे हैं, उन्हें आप के दर्शनों की अत्यधिक उत्कण्ठा है। अच्छा भाई! —यों उस अनुचर से कहकर वह ज्योतिःपाल माणव राजा से मिलने चल पड़ा। राजा के पास पहुँचकर उस ज्योतिःपाल ने राजा से स्वस्तिवाचन किया। स्वस्तिवाचन के बाद एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठे ज्योतिःपाल माणव से राजा ने निवेदन किया— 'आप ज्योतिःपाल मेरे शासन-कार्यों में परामर्श दिया करें। आप इस परामर्शदान का निषेध न करें। आप को मैं आप के पिता के स्थान पर नियुक्त करता हूँ। उनके सभी अधिकार आप को सौंपता हूँ। अच्छा, श्रीमन्! कहकर ज्योतिःपाल माणव ने राजा को स्वीकृति दे दी। तब राजा दिशाम्पति ने ज्योतिःपाल माणव को उसके पिता के स्थान पर नियुक्त कर दिया। शासनाधिकारी पद पर नियुक्ति हो जाने पर ज्योतिःपाल माणव शासन के उस सभी कार्यों की देख-भाल करने लगा

अत्थे नानुसासि ते पि अत्थे नानुसासति; येपिस्स पिता कम्मन्ते अभिसम्भोसि ते पि कम्मन्ते अभिसम्भोति, येपिस्स पिता कम्मन्ते नाभिसम्भोसि ते पि कम्मन्ते नाभिसम्भोति। तमेनं मनुस्सा एवमाहंसु—गोविन्दो वत, भो, ब्राह्मणो; महागोविन्दो वत, भो, ब्राह्मणो ति। इमिना खो एवं, भो, परियायेन जोतिपालस्स माणवस्स गोविन्दो महागोविन्दो त्वेव समञ्ञा उदपादि।

रज्जसंविभजनं

१४. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन ते छ खत्तिया तेनुपसङ्कमि; [N.174] उपसङ्कमित्वा ते छ खत्तिये एतदवोच—दिसम्पति खो, भो, राजा जिण्णो वुद्धो [R.233] महल्लको अद्धगतो वयोअनुप्पत्तो। को नु खो पन, भो, जानाति जीवितं! ठानं खो पनेतं विज्जति यं दिसम्पतिम्हि रञ्ञे कालङ्कते राजकत्तारो रेणुं राजपुत्तं रज्जे अभिसिञ्चेय्युं। आयन्तु भोन्तो, येन रेणु राजपुत्तो तेनुपसङ्कमथ; उपसङ्कमित्वा रेणुं राजपुत्तं एवं वदेथ—मयं [B.188] खो भोतो रेणुस्स सहाया पिया मनापा अप्पटिकूला। यंसुखो भवं तंसुखा मयं, यंदुक्खो भवं तंदुक्खा मयं। दिसम्पति खो, भो, राजा जिण्णो वुद्धो महल्लको अद्धगतो वयोअनुप्पत्तो। को नु खो पन, भो, जानाति जीवितं! ठानं खो पनेतं विज्जति यं दिसम्पतिम्हि रञ्ञे कालङ्कते राजकत्तारो भवन्तं रेणु रञ्ञे अभिसिञ्चेय्युं। सचे भवं रेणु रज्जं लभेथ, संविभजेथ नो रज्जेना ति। एवं, भो, ति खो, भो, ते छ खत्तिया महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स पटिस्सुत्वा येन रेणु राजपुत्तो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा रेणुं राजपुत्तं एतदवोचुं—मयं खो भोतो रेणुस्स सहाया पिया मनापा अप्पटिकूला; यंसुखो भवं तंसुखा मयं, यंदुक्खो भवं तंदुक्खा मयं। दिसम्पति खो, भो, राजा जिण्णो वुद्धो महल्लको अद्धगतो वयोअनुप्पत्तो। को नु खो पन जानाति जीवितं! ठानं खो पनेतं विज्जति यं दिसम्पतिम्हि रञ्ञे कालङ्कते राजकत्तारो भवन्तं रेणुं रज्जे अभिसिञ्चेय्युं। सचे भवं रेणु रज्जं लभेथ, संविभजेथ नो रज्जेना ति।

को नु खो, भो, अञ्ञो मम विजिते सुखो भवेथ, अञ्ञत्र भवन्तेभि! सचाहं, भो, रज्जं लभिस्सामि, संविभजिस्सामि वो रज्जेना ति।

जिन्हें उनका पिता देखता था और उन कार्यों की देखभाल करने लगा जिन्हें उनका पिता नहीं देख पाता था। उसकी यह विशेषता देखकर लोग आश्चर्यचकित होते थे कि यह तो गोविन्द ब्राह्मण की तरह ही, युवक होते हुए भी सब कार्य सम्पन्न कर रहा है। अपितु इसे इसी वैशिष्ट्य के कारण 'महागोविन्द' कहना चाहिये। तब से लोग उस ज्योतिःपाल माणव को 'महागोविन्द' ही कहने लगे।

राज्य-विभाजन का उपक्रम— १४. तब महागोविन्द, जहाँ उसके मित्र छह क्षत्रिय थे, वहाँ गये। जाकर वे उन छह क्षत्रियों से बोले— दिशाम्पति राजा अब जीर्ण, वृद्ध, पुराने एवं वयस्क हो चुके हैं। किसी के जीवन के विषय में कौन जानता है? बात यह है कि हो सकता है— राजा दिशाम्पति के मरणानन्तर राजपुत्र रेणु को लोग नया राजा बना दें। चलिये, आप वहाँ जाइये जहाँ राजपुत्र रेणु हैं और उनसे कहिये—हमलोग आपके सहायक हैं, प्रिय हैं, मनोऽनुकूल हैं और आगे भी सदा आपके अप्रतिकूल (आप के पक्ष में) ही रहने वाले हैं। आपको जिस बात से सुख मिले उसी से हम भी सुख मानते हैं, आप जिस में दुःख मानते हों, उसे हम भी दुःखद ही समझते हैं। दिशाम्पति राजा जीर्ण....पूर्ववत्.... कौन जानता है। ....आपको नया राजा बना दें। यदि आप राज्य पावें तो हम लोगों को भी राज्य का (उचित) भाग दें। बहुत

[R.234] १५. 'अथ खो, भो, अहोरत्तानं अच्चयेन राजा दिसम्पति कालमकासि। दिसम्पतिम्हि रञ्ञे कालङ्कते राजकत्तारो रेणुं राजपुत्तं रज्जे अभिसिञ्चिंसु। अभिसित्तो रेणु रज्जेन पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितो समङ्गीभूतो परिचारेति। अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन ते छ खत्तिया तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा ते छ खत्तिये एतदवोच—दिसम्पति खो, भो, राजा कालङ्कतो, अभिसित्तो रेणु रज्जेन पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितो समङ्गीभूतो परिचारेति। को नु [N.175] खो पन, भो, जानाति! मदनीया कामा। आयन्तु भोन्तो येन रेणु राजा तेनुपसङ्कमथ; उपसङ्कमित्वा रेणु राजानं एवं वदेथ—दिसम्पति खो, भो, राजा कालङ्कतो, अभिसित्तो भवं रेणु रज्जेन, सरति भवं तं वचनं ति?

[B.189] १६. 'एवं, भो, ति खो, भो, ते छ खत्तिया महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स पटिस्सुत्वा येन रेणु राजा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा रेणुं राजानं एतदवोचुं— दिसम्पति खो, भो, राजा कालङ्कतो। अभिसित्तो भवं रेणु रज्जेन। सरति भवं तं वचनं ति?

सरामहं, भो, तं वचनं। को नु खो, भो, पहोति, इमं महापथविं उत्तरेन आयतं दक्खिणेन सकटमुखं सत्तधा समं सुविभत्तं विभजितुं ति?

को नु खो, भो, अञ्ञो पहोति, अञ्ञत्र महागोविन्देन ब्राह्मणेना ति?

'अथ खो, भो, रेणु राजा अञ्ञतरं पुरिसं आमन्तेसि—एहि त्वं, अम्भो पुरिस, येन [R.235] महागोविन्दो ब्राह्मणो तेनुपसङ्कम; उपसङ्कमित्वा महागोविन्दं ब्राह्मणं एवं वदेहि—राजा तं, भन्ते, रेणु आमन्तेती ति। एवं देवा ति खो, भो, सो पुरिसो रेणुस्स रञ्ञो पटिस्सुत्वा

अच्छा— कहकर वे छहों क्षत्रियपुत्र जहाँ रेणु राजपुत्र थे वहाँ गये। और बोले— हम लोग आपके सहायक .... दुःखद ही समझते हैं । दिशाम्पति राजा अब जीर्ण....पूर्ववत्.... उचित भाग दें।

(राजपुत्र बोले—) हाँ, मेरे राज्य पाने पर आप लोगों को छोड़कर दूसरा कौन प्रमुदित होगा। यदि मैं राज्य पाऊँगा तो आप लोगों को भी उस राज्य में उचित भाग दूँगा।

१५. 'कुछ समय बीतने पर, राजा दिशाम्पति का देहपात हो गया। दिशाम्पति का देहपात हो जाने पर, राज्य के मन्त्रियों ने रेणु राजपुत्र को गद्दी पर बैठा दिया। रेणु भी अपने इस राज्याभिषेक के बाद पाँचों कामभोगों का यथेच्छ उपभोग करने लगा। तब वह महागोविन्द ब्राह्मण उन छह क्षत्रियों के पास गये और बोले— राजा दिशाम्पति का देहपात हो गया और रेणु राज्याभिषिक्त हो गया अब वह पाँचों कामसुख भोग रहा है। मदोन्मादक इन कामभोगों का क्या ठिकाना कि वे कब किस की मति फेर दें! अतः आप लोग जाइये और राजा रेणु से अपना भाग (हिस्सा) माँगिये। उनसे कहिये— राजा तो मर गये, आप राज्याभिषिक्त हो गये क्या आपको अपने वचन का स्मरण है?

१६. बहुत अच्छा—कह कर वे क्षत्रियपुत्र राजा रेणु के पास गये और बाले— राजा दिशाम्पति का देहपात....पूर्ववत्....आप को अपने प्रतिज्ञावचन का स्मरण है?

हाँ, मुझे अपना प्रतिज्ञावचन स्मृत है। परन्तु इस महापृथ्वी को, जो उत्तर दिशा में अतीव विस्तृत है और दक्षिण दिशा के अन्त में जाकर गाड़ी (शकट) के अग्रभाग की तरह सङ्कीर्ण हो गयी है, सात भागों में कौन विभक्त कर सकता है? *(भारत के मानचित्र से तुलना कीजिये—सं०)*

(क्षत्रिय बोले—) महागोविन्द ब्राह्मण के अतिरिक्त कौन इस पृथ्वी का सात भागों में विभाजन कर सकता है!

येन महागोविन्दो ब्राह्मणो तेनुपसङ्कमि उपसङ्कमित्वा महागोविन्दं ब्राह्मणं एतदवोच— राजा तं, भन्ते, रेणु आमन्तेती ति। एवं, भो, ति खो, भो, सो महागोविन्दो ब्राह्मणो तस्स पुरिसस्स पटिस्सुत्वा येन रेणु राजा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा रेणुना रञ्ञा सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो, भो, महागोविन्दं ब्राह्मणं रेणु राजा एतदवोच—एतु भवं गोविन्दो, इमं महापथविं उत्तरेन आयतं दक्खिणेन सकटमुखं सत्तधा समं सुविभत्तं विभजतू ति। एवं, भो, ति खो सो महागोविन्दो ब्राह्मणो रेणुस्स रञ्ञो पटिस्सुत्वा इमं महापथविं उत्तरेन आयतं दक्खिणेन सकटमुखं सत्तधा समं सुविभत्तं विभजि, सब्बानि सकटमुखानि पट्ठपेसि। तत्र सुदं मज्झे रेणुस्स रञ्ञो जनपदो होति।

१७. दन्तपुरं कलिङ्गानं, अस्सकानं च पोतनं।
माहिस्सति अवन्तीनं, सोवीरानं च रोरुकं॥
मिथिला च विदेहानं, चम्पा अङ्गेसु मापिता।
बाराणसी च कासीनं, एते गोविन्दमापिता ति॥

१८.'अथ खो, भो, ते छ खत्तिया यथासकेन लाभेन [N.176, B.190, R.236] अत्तमना अहेसुं परिपुण्णसङ्कप्पा—यं अभिपत्थितं तं नो लद्धं ति।

सत्तभू ब्रह्मदत्तो च, वेस्सभू भरतो सह।
रेणु द्वे धतरट्ठा च, तदासुं सत्त भारता ति॥

पठमभाणवारो निट्ठितो॥

महापृथ्वी का विभाजन— 'तब राजा रेणु ने एक अनुचर को आदेश दिया— अरे! तुम महागोविन्द ब्राह्मण के पास जाओ और उनसे कहो कि राजा रेणु ने आप को बुलाया है। अच्छा, देव! यों कहकर राजा की आज्ञा स्वीकारते हुए महागोविन्द ब्राह्मण के पास गया और बोला— श्रीमन् आप को राजा रेणु ने स्मरण किया है। अच्छा! कहकर महागोविन्द ब्राह्मण राजा के पास गये, राजा को स्वस्तिवाचन कर एक ओर बैठ गये। राजा ने उनसे कहा— आइये, श्रीमन् महागोविन्द! आप इस महापृथ्वी (हमारे राज्य) को सात भागों में बाँट दें। अच्छा श्रीमन्! कहकर इस महापृथ्वी को, जो कि उत्तर में अतिविस्तीर्ण एवं दक्षिण में शकटमुखवत् सङ्कीर्ण है, ठीक प्रकार से सात भागों में बाँट दिया। सब सङ्कीर्ण स्थानों को व्यवस्थित कर दिया। इस विभाजन में बीच का भाग राजा रेणु का रखा गया।

१७. 'कलिङ्ग (उड़ीसा) में दन्तपुर, अश्वक (आन्ध्र) में पोतन (पैठन, हैदराबाद), अवन्ति देश (मालवा) में माहिष्मती (महेश्वर, इन्दौर), सौवीर (सिन्ध) देश में रोरुक (रोड़ी–सिन्ध, वर्तमान में पाकिस्तान), विदेह (तिरहुत) में मिथिला, अङ्ग (भागलपुर, मुंगेर जिले) में चम्पा और काशी प्रदेश में वाराणसी— यों उस महागोविन्द ने राजा रेणु के राज्य का सात भागों में विभाजन किया।

१८. 'तब वे छहों क्षत्रिय अपने–अपने भाग में आयी पृथ्वी के शासन में लगे रहकर अत्यन्त प्रमुदित हुए। उन्हें लगा कि अब हमारा सङ्कल्प पूर्ण हुआ, हमें यथाभिलषित मिल गया, हमारा अभीष्ट आकांक्षित या अभिप्रेत हमें उपलब्ध हो गया।

सत्तभू, ब्रह्मदत्त, विश्वभू, भरत, रेणु और दो धृतराष्ट्र (समान नाम वाले)— यों ये सात 'भारत' कहलाये। *(जिनके नाम से इस पृथ्वी (खण्ड) का नाम 'भारत' पड़ा।)*

प्रथम भाणवार समाप्त॥

१९. 'अथ खो, भो, ते छ खत्तिया येन महागोविन्दो ब्राह्मणो तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा महागोविन्दं ब्राह्मणं एतदवोचुं— यथा खो भवं गोविन्दो रेणुस्स रञ्ञो सहायो पियो मनापो अप्पटिकूलो, एवमेव खो भवं गोविन्दो अम्हाकं पि सहायो पियो मनापो अप्पटिकूलो। अनुसासतु नो भवं गोविन्दो; मा नो भवं गोविन्दो अनुसासनिया पच्चब्याहासी ति। एवं, भो, ति खो सो महागोविन्दो ब्राह्मणो तेसं छन्नं खत्तियानं पच्चस्सोसि। अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो सत्त च राजानो खत्तिये मुद्धावसित्ते रज्जे अनुसासि, सत्त च ब्राह्मणमहासाले सत्त च न्हातकसतानि मन्ते वाचेसि।

५. महागोविन्दस्स पटिसल्लानं

[R.237] २०. 'अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स अपरेन समयेन एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अभुग्गच्छि—सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, सक्खि महागोविन्दो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स एतदहोसि— मय्हं खो एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, [B.191] सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं ब्रह्मानं पस्सामि न ब्रह्मुना साकच्छेमि न ब्रह्मुना सल्लपामि न ब्रह्मुना मन्तेमि। सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—यो वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयति करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति ब्रह्मुना साकच्छेति ब्रह्मुना सल्लपति ब्रह्मुना मन्तेती ति। यन्नूनाहं वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयेय्यं करुणं झानं झायेय्यं ति।

२१. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन रेणु राजा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा [N.177] रेणुं राजानं एतदवोच—मय्हं खो, भो, एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—

---

१९. 'तब वे छहों क्षत्रिय राजा महागोविन्द ब्राह्मण के पास गये और निवेदन किया— भो गोविन्द! जैसे आप राजा रेणु के सहायक प्रिय....अप्रतिकूल हैं, वैसे ही आप हमारे भी....होइये। हमें भी आप गोविन्द राज्य–शासन के कार्यों में सहायता एवं परामर्श दें। आप हमारे निवेदन को ठुकरायें नहीं। बहुत अच्छा— कहकर उन छहों क्षत्रियों का निवेदन स्वीकार कर लिया। और वे महागोविन्द उन छह क्षत्रियों को शासन में परामर्श देने लगे। तथा सात महाधनिक ब्राह्मणों को एवं सात सौ अन्तेवासी स्नातकों को वेदमन्त्रों का वाचन कराने लगे।

५. महागोविन्द का एकान्त साधना

२०. 'तब कुछ समय और बीतने पर, उस महागोविन्द ब्राह्मण की ऐसी ख्याति (=कीर्तिशब्द) फैल गयी— यह महागोविन्द ब्राह्मण तो साक्षात् ब्रह्मा को देखता है, ब्रह्मा से बातें करता है, सँल्लाप करता है, मन्त्रणा करता है। तब महागोविन्द ब्राह्मण को यह विचार हुआ— अरे! मेरी तो लोक में ऐसी ख्याति फैल गयी है कि मैं साक्षात् ब्रह्मा को देखता हूँ....मन्त्रणा करता हूँ। परन्तु सचाई यह है कि न मैं ब्रह्मा को देख ही पाया हूँ....उससे मन्त्रणा की बात तो बहुत दूर है! मैंने पुराने वयःप्राप्त बड़े–बूढ़ों ब्राह्मणों से सुना है कि जो वर्षाकाल के चतुर्मास में एकान्त स्थान में रहकर करुणा की भावना करता है, समाधि लगाता है, वह ब्रह्मा को देख पाता है....उस से मन्त्रणा कर पाता है। अतः मैं वर्षा काल के चतुर्मासपर्यन्त एकान्त में रहकर करुणा भावना करता हुआ समाधि लगाऊँगा।'

२१. 'तब महागोविन्द ब्राह्मण राजा रेणु के पास गये, उसके पास जाकर यों बोले— 'मेरी ऐसी

सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं, भो, ब्रह्मानं पस्सामि, न ब्रह्मुना साकच्छेमि, न ब्रह्मुना सल्लपामि, न ब्रह्मुना मन्तेमि। सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—यो वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयति, करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति, ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। इच्छामहं, भो, वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयितुं, करुणं झानं झायितुं; नम्हि केनचि उपसङ्कमितब्बो, अञ्ञत्र एकेन भत्ताभिहारेना ति।

यस्स दानि भवं गोविन्दो कालं मञ्ञती ति।

२२. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन ते छ खत्तिया तेनुपसङ्कमि; [R.238] उपसङ्कमित्वा ते छ खत्तिये एतदवोच—मय्हं खो, भो, एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं, भो, ब्रह्मानं पस्सामि, न ब्रह्मुना साकच्छेमि, न ब्रह्मुना सल्लपामि, न ब्रह्मुना मन्तेमि। सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—यो वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयति, करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति, ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। इच्छामहं, भो, वस्सिके चत्तारो मासं पटिसल्लीयतुं, करुणं झानं झायितुं; नम्हि केनचि उपसङ्कमितब्बो, अञ्ञत्र एकेन भत्ताभिहारेना ति।

यस्स दानि भवं गोविन्दो कालं मञ्ञती ति।

२३. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन सत्त च ब्राह्मणमहासाला सत्त [B.192] च न्हातकसतानि तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा सत्त च ब्राह्मणमहासाले सत्त च न्हातकसतानि एतदवोच—मय्हं खो, भो, एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं, भो, ब्रह्मानं पस्सामि, न ब्रह्मुना साकच्छेमि, न ब्रह्मुना सल्लपामि, न ब्रह्मुना मन्तेमि। सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—यो [N.178] वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयति, करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति, ब्रह्मुना साकच्छेति,

---

ख्याति जनता में फैलती जा रही है कि मैं (महागोविन्द) साक्षात् ब्रह्मा से बातें करता हूँ,....मन्त्रणा करता हूँ। परन्तु वस्तुतः ऐसा कुछ नहीं है, न मैं...मन्त्रणा करता हूँ....पूर्ववत्....समाधि लगाऊँगा। उस समय मुझसे मिलने के लिये, केवल एक भोजन पहुँचाने वाले को छोड़कर, मेरे पास कोई न आवे।

(राजा ने कहा—) जैसा आप उचित समझते हों वही करें।

२२. 'इसके बाद महागोविन्द ब्राह्मण जहाँ वे छह क्षत्रिय राजा थे, उनके पास पहुँचे। पहुँचकर उनसे यों बोले— 'श्रीमानो! मेरे विषय में जनता में यह ख्याति....पूर्ववत्....कोई न आवे। *(राजा रेणु से हुए संवाद को यहाँ भी विस्तृत करें)।*

(क्षत्रियों ने कहा—) जैसा आप उचित समझते हों, वही करें।

२३. 'इसके बाद, महागोविन्द ब्राह्मण जहाँ सात धनिक ब्राह्मणप्रमुख एवं सात सौ स्नातक थे, वहाँ पहुँचे। पहुँच कर उन से भी कहा— 'सज्जनो! मेरे विषय में जनता में यह ख्याति....पूर्ववत्...मेरे पास कोई न आवे।

ब्रह्मुना सल्लपति, ब्रह्मुना मन्तेती ति। तेन हि, भो, यथासुते यथापरियत्ते मन्ते वित्थारेन सज्झायं करोथ, अञ्ञमञ्ञं च मन्ते वाचेथ; इच्छामहं, भो, वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयितुं, करुणं झानं झायितुं; नम्हि केनचि उपसङ्कमितब्बो, अञ्ञत्र एकेन भत्ताभिहारेना ति।

यस्स दानि भवं गोविन्दो कालं मञ्ञती ति।

[R.239] २४. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन चत्तारीसा भरिया सादिसियो तेनुपसङ्कमि; उसङ्कमित्वा चत्तारीसा भरिया सादिसियो एतदवोच—मय्हं खो, भोती, एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो—सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं पस्सति, सक्खि महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं, भोती, ब्राह्मणानं पस्सामि, न ब्रह्मुना साकच्छेमि, न ब्रह्मुना सल्लपामि, न ब्रह्मुना मन्तेमि। सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आचरियपाचरियानं भासमानानं—यो वसिस्के चत्तारो मासे पटिसल्लीयति, करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति, ब्रह्मुना साकच्छेति, ब्रह्मुना सल्लपति, ब्रह्मुना मन्तेती ति। इच्छामहं, भोती, वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयितुं, करुणं झानं झायितुं; नम्हि केनचि उपसङ्कमितब्बो, अञ्ञत्र एकेन भत्ताभिहारेना ति।

यस्स दानि भवं गोविन्दो कालं मञ्ञती ति।

२५. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो पुरत्थिमेन नगरस्स नवं सन्धागारं कारापेत्वा [B.193] वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयि, करुणं झानं झायि; नास्सुध कोचि उपसङ्कमति, अञ्ञत्र एकेन भत्ताभिहारेन। अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स चतुन्नं मासानं अच्चयेन अहुदेव उक्कण्ठना अहु परितस्सना—सुतं खो पन मेतं ब्राह्मणानं वुद्धानं महल्लकानं आयरियपाचरियानं भासमानानं—यो वस्सिके चत्तारो मासे पटिसल्लीयति, करुणं झानं झायति, सो ब्रह्मानं पस्सति, ब्रह्मुना साकच्छेति सल्लपति मन्तेती ति। न खो पनाहं ब्रह्मानं पस्सामि, न ब्रह्मुना साकच्छेमि, न ब्रह्मुना सल्लपामि, न ब्रह्मुना मन्तेमी ति।

६. ब्रह्मुना सनङ्कुमारेन साकच्छा

[N.179, R.240] २६. 'अथ खो, भो, ब्रह्मा सनङ्कुमारो महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स चेतसा

(उन्होंने भी कहा–) जैसा आप उचित समझें, वही करें।

२४. 'इसके बाद महागोविन्द ब्राह्मण, जहाँ उसके परिवार की चालीस स्त्रियाँ थीं वहाँ, पहुँचा। पहुँच कर उनसे भी कहा– श्रीमतियो! मेरे विषय में....पूर्ववत्.....मेरे पास कोई न आवे।

(स्त्रियों ने कहा–) जैसा आप उचित समझें, वही करें।

२५. 'तब महागोविन्द ब्राह्मण ने नगर की पूर्व दिशा में एक नया संस्थागार (ध्यान आदि के लिये अनुकूल स्थान) बनवाकर वर्षाकाल के चार मास तक उस एकान्त स्थान में रहकर समाधि भावना करने लगे, करुणाभ्यास करने लगे। वहाँ उनसे मिलने के लिये एक भोजन ले जाने वाले को छोड़कर कोई नहीं जाता था। तब उनको, चार मास बीतने पर, यह उत्कण्ठा एवं उत्सुकता हुई– मैंने पुराने बड़े–बूढ़ों आचार्य–प्राचार्यों को यह कहते सुना था– जो वर्षाकाल के चार मास तक एकान्त स्थान में रहकर ध्यान–भावना करता है वह ब्रह्मा के साथ....मन्त्रणा करता है। किन्तु मैं तो अभी तक न तो ब्रह्मा को देख ही पाया हूँ.... न मन्त्रणा ही कर पाया हूँ।

चेतोपरिवितक्कमञ्ञाय—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो समिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य पसारितं वा बाहं समिञ्जेय्य; एवमेव—ब्रह्मलोके अन्तरहितो महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स सम्मुखे पातुरहोसि। अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स अहुदेव भयं अहु छम्भितत्तं अहु लोमहंसो यथा तं अदिट्ठपुब्बं रूपं दिस्वा। अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो भीतो संविग्गो लोमहट्ठजातो ब्रह्मानं सनङ्कुमारं गाथाय अज्झभासि—

वण्णवा यसवा सिरिमा, को नु त्वमसि मारिस!
अजानन्ता तं पुच्छाम, कथं जानेमु तं मयं ति?॥
मं वे कुमारं जानन्ति, ब्रह्मलोके सनन्तनं।
सब्बे जानन्ति मं देवा, एवं गोविन्द जानहि॥
आसनं उदकं पज्जं, मधुपाकञ्च ब्रह्मुनो।
अग्घे भवन्तं पुच्छाम, अग्घं कुरुतु नो भवं॥
पटिग्गण्हाम ते अग्घं, यं त्वं गोविन्द भाससि।
दिट्ठधम्महितत्थाय, सम्पराय सुखाय च।
कतावकासो पुच्छस्सु, यं किञ्चि अभिपत्थितं ति॥

२७. 'अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स एतदहोसि—कतावकासो [B.194] खोम्हि ब्रह्मुना सनङ्कुमारेन; किं नु खो अहं ब्रह्मानं सनङ्कुमारं पुच्छेय्यं दिट्ठधम्मिकं [R.241] वा अत्थं सम्परायिकं वा ति? अथ खो, भो, महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स एतदहोसि—कुसलो

---

६. ब्रह्मा सनत्कुमार से साक्षात्कार

२६. 'तब ब्रह्मा सनत्कुमार ने महागोविन्द ब्राह्मण के चित्त की बात स्वचित्त से जानकर, जैसे बलवान् पुरुष....ब्रह्मा सनत्कुमार महागोविन्द के सम्मुख प्रकट हुए। उस समय ब्रह्मा का रूप देख कर महागोविन्द ब्राह्मण को स्तब्धता, भय एवं रोमाञ्च होने लगा। तब महागोविन्द ने यों भयभीत, स्तब्ध एवं रोमहृष्ट होकर, ब्रह्मा से, इन गाथाओं के माध्यम से यों कहा—

मार्ष! सुन्दर रूपवाले, यशस्वी एवं श्रीमान् आप कौन हैं? आप के विषय में हम कुछ नहीं जानते, इसीलिये आप से पूछ रहे हैं। भला, हम आप के विषय में अन्यथा जान भी कैसे सकते हैं?

(ब्रह्मा ने उत्तर दिया—) ब्रह्मलोक में मुझे सभी देवगण सनत्कुमार नाम से जानते हैं; गोविन्द! तुम भी मुझे ऐसा ही जानो।

(तब महागोविन्द ने कहा—) आसन, पैर धोने के लिये जल, पाद्य अर्घ्य (तैल) एवं मधुपर्क (दही, घी, मधु, जल और शर्करा का योग) से मैं आप ब्रह्मा की पूजा करता हूँ। कृपया इन वस्तुओं को आप स्वीकार करें।

(ब्रह्मा बोले—) इसी जन्म में तुम्हारे हित-सुख के लिये, तुम्हारी स्वर्गप्राप्ति के लिये, तुम्हारा दिया यह अर्घ्य स्वीकार करता हूँ और तुम्हें मुझसे कुछ भी पूछने का अवसर देता हूँ।

२७. 'तब महागोविन्द ब्राह्मण के मन में यह विचार हुआ— ब्रह्मा ने तो मुझको उनसे कुछ भी पूछने का अवसर दे दिया। अब मैं इनसे क्या पूछूँ? सांसारिक बातें पूछूँ या परलोकसम्बन्धी बातें! तब गोविन्द महाब्राह्मण के यह बात ध्यान में आयी कि सांसारिक बातों के निर्णय में तो मैं स्वयं ही कुशल हूँ,

खो अहं दिट्ठधम्मिकानं अत्थानं, अञ्ञे पि मं दिट्ठधम्मिकं अत्थं पुच्छन्ति; यन्नूनाहं ब्रह्मानं सनङ्कुमारं सम्परायिकञ्ञेव अत्थं पुच्छेय्यं ति। अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो ब्रह्मानं सनङ्कुमारं गाथाय अज्झभासि—

पुच्छामि ब्रह्मानं सनङ्कुमारं, कङ्खी अकङ्खि परवेदियेसु।
कत्थट्ठितो किम्हि च सिक्खमानो, पप्पोति मच्चो अमतं ब्रह्मलोकं ति?
[N.180] हित्वा ममत्तं मनुजेसु ब्रह्मे, एकोदिभूतो करुणाधिमुत्तो।
निरामगन्धो विरतो मेथुनस्मा, एत्थट्ठितो एत्थ च सिक्खमानो।
पप्पोति मच्चो अमतं ब्रह्मलोकं ति।

२८. *हित्वा ममत्तं* ति अहं भोतो आजानामि। इधेकच्चो अप्पं वा भोगक्खन्धं पहाय महन्तं वा भोगक्खन्धं पहाय, अप्पं वा ञातिपरिवट्टं पहाय महन्तं वा ञातिपरिवट्टं पहाय, केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजति—इति [R.242] हित्वा ममत्तं ति अहं भोतो आजानामि। *एकोदिभूतो* ति अहं भोतो आजानामि। इधेकच्चो विवित्तं सेनासनं भजति अरञ्ञं रुक्खमूलं पब्बतं कन्दरं गिरिगुहं सुसानं वनपत्थं अब्भोकासं पलालपुञ्जं—इति एकोदिभूतो ति अहं भोतो आजानामि। *करुणाधिमुत्तो* ति अहं भोतो आजानामि। इधेकच्चो करुणासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरति तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थं; इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं करुणासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरति—

तो क्यों न मैं इनसे परलोकसम्बन्धी बातें ही पूछ लूँ। तब महागोविन्द ब्राह्मण ने उन ब्रह्मा से इन गाथाओं के माध्यम से यह पूछा—

श्रेष्ठ विद्वानों द्वारा ज्ञातव्य बातों से मुझे शङ्का सन्देह है, उनके विषय में मैं आप विगतशङ्क ब्रह्मा से मैं पूछना चाहता हूँ कि कहाँ रहकर, कैसे अभ्यास कर मनुष्य अमृतमय ब्रह्मलोक की प्राप्ति कर सकता है?

ब्रह्मा बोले— ब्राह्मण! मनुष्यों में ममत्व त्याग कर एकान्त में रहते हुए करुणा की भावना करना, पापों की गन्ध (लेशमात्र) से भी दूर रहना एवं मैथुन कर्म से विरत रहना— इन्हीं सत्कर्मों का अभ्यास (साधना) करके ही मनुष्य अमृतमय ब्रह्मलोक प्राप्त कर सकता है।

२८. (ब्राह्मण ने पूछा)— ऊपर बताये गये अमृतमय ब्रह्मलोकप्राप्ति के साधनों में से मनुष्यों में ममत्व छोड़ने की बात तो मेरी समझ में आ रही है । मैंने यह साधना पूरी कर ली है; क्योंकि ममत्व छोड़ने की यही विधि है कि कोई पुरुष अल्प या अधिक भोग–विलासों को त्याग कर शिर–दाढ़ी के केश मुंडवा कर प्रव्रजित हो जाता है। मैं जानता हूँ कि मैंने उस ममत्व को त्याग दिया है। (१) यह भी मैं जानता हूँ कि मैंने एकान्तवास भी सिद्ध कर लिया है। उस एकान्तवास की विधि यह है— कोई मनुष्य, साधना के लिये अपना आसन एकान्त स्थान में लगाता है; जैसे— अरण्य, किसी वृक्ष के नीचे, पर्वत–कन्दरा, पहाड़ की गुफा, श्मशान, जंगल, खुले मैदान, या तृण और पुआल की राशि में 'एकान्त स्थान' होता है; यह भी मैंने सिद्ध कर लिया है। (२) और यह भी मैं जानता हूँ कि मैं करुणाभ्यास कर चुका हूँ। करुणाभ्यास की विधि यह है— कोई साधक पुरुष करुणासहगतचित्त से एक दिशा की ओर ध्यान करते हुए साधना करता है, दूसरी.... तीसरी.... चौथी.... ऊपर.... नीचे.... आड़े.... तिरछे.... सभी तरंह से सभी ओर, सारे

इति करुणाधिमुत्तो ति अहं भोतो आजानामि। *आमगन्धे* च खो अहं भोतो भासमानस्स न आजानामि।

के आमगन्धा मनुजेसु ब्रह्मे, एते अविद्धा इध ब्रूहि धीर? [B.195]
केनावटा वाति पजा कुरुतु, आपायिका निवुतब्रह्मलोका? ति॥
कोधो मोसवज्जं निकति च दुब्भो, कदरियता अतिमानो उसूया। [R.243]
इच्छा विविच्छा परहेठना च, लोभो च दोसो च मदो च मोहो।
एतेसु युत्ता अनिरामगन्धा, आपायिका निवुतब्रह्मलोका ति॥ [N.181]

यथा खो अहं भोतो आमगन्धे भासमानस्स आजानामि, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

यस्स दानि भवं गोविन्दो कालं मञ्ञती ति।

७. महागोविन्दस्स पब्बज्जा

२९. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन रेणु राजा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा रेणुं राजानं एतदवोच—अञ्ञं दानि भवं पुरोहितं परियेसतु यो भोतो रज्जं अनुसासिस्सति। इच्छामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं पब्बजितुं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो अगारस्मा अनगारियं ति।

संसार को निर्वैर, द्रोहरहित, विपुल, अत्यधिक शुद्ध चित्त से साधनारत रहता है। मैं जानता हूँ कि ऐसी साधना मैं पूर्ण कर चुका हूँ। (३) परन्तु आप की कही 'निरामगन्ध' वाली बात मेरे समझ में नहीं आयी ? क्योंकि मैं आपके कहने पर भी 'आमगन्ध' के विषय में कुछ नहीं जानता।

ब्रह्मन्! मनुष्यों में वे आमगन्ध कौन से हैं?— कृपया बतायें; क्योंकि मैं इस विषय में अज्ञानी (अविद्वान्) हूँ। ब्रह्मलोक से गिरकर नारकीय जन (प्रजा) किन मलों (दुर्गुणों) से लिप्त होकर दुर्गन्धयुक्त हो जाते हैं?

(ब्रह्मा बोले—) क्रोध, मिथ्याभाषण, वञ्चना (ठगी), मित्रद्रोह, कृपणता (कञ्जूसी=दान करना), अभिमान (अपने में न हुए का वृथा गर्व), ईर्ष्या, तृष्णा, विचिकित्सा, दूसरों को कष्ट देना, लोभ, द्वेष, मद और मोह इन्हीं मलों (दुर्गुणों) से युक्त होकर नारकीय जन ब्रह्मलोक से गिरकर दुर्गन्धयुक्त (=अनिरामगन्ध) होते हैं।

(ब्राह्मण बोले—) श्रीमन्! आप के बताने से अब मैं आमगन्धों को जान गया। आपके द्वारा बताये ये दुर्गण, गृहस्थ कर्म में लगे रहते हुए दूर नहीं किये जा सकते। अतः मैं घर छोड़कर प्रव्रजित होऊँगा।

(ब्रह्मा बोले—) आप गोविन्द! जैसा उचित समझें, करें।

७. महागोविन्द द्वारा प्रव्रज्याग्रहण की सूचना

२९. 'तब वे महागोविन्द ब्राह्मण राजा रेणु के पास गये। जाकर वे राजा से यों बोले— अब आप अपना दूसरा पुरोहित खोज लें, जो राज्यसञ्चालन में आपको परामर्श दे सके। मैं अब घर छोड़ बेघर हो प्रव्रजित होना चाहता हूँ। क्योंकि मैंने ब्रह्मा सनत्कुमार के श्रीमुख से आमगन्धों की बुराइयों के विषय में सबकुछ सुन लिया है। गृहस्थ पुरुष के लिये ये आमगन्ध छोड़ना बहुत कठिन है। अतः मैं अब घर से बेघर हो प्रव्रजित होऊँगा।

आमन्तयामि राजानं, रेणुं भूमिपतिं अहं।
त्वं पजानस्सु रज्जेन, नाहं पोरोहिच्चे रमे॥
सचे ते ऊनं कामेहि, अहं परिपूरयामि ते।
यो तं हिंसति वारेमि, भूमिसेनापती अहं।
तुवं पिता अहं पुत्तो, मा नो गोविन्द पाजहि॥
न मेत्थि ऊनं कामेहि, हिंसिता मे न विज्जति।
अमनुस्सवचो सुत्वा, तस्माहं न गहे रमे॥
[B.196, R.244] अमनुस्सो कथंवण्णो, किं ते अत्थं अभासथ।
यं च सुत्वा जहासि नो, गेहे अम्हे च केवली॥
उपवुत्थस्स मे पुब्बेब, यिट्ठकामस्स मे सतो।
अग्गि पज्जलितो आसि, कुसपत्तपरित्थतो॥
ततो मे ब्रह्मा पातुरहु, ब्रह्मलोका सनन्तनो।
सो मे पञ्हं वियाकासि, तं सुत्वा न गहे रमे॥
[N.182] सद्दहामि अहं भोतो, यं त्वं गोविन्द भाससि।
अमनुस्सवचो सुत्वा, कथं वत्तेथ अञ्ञथा॥
ते तं अनुवत्तिस्साम, सत्था गोविन्द नो भवं।
मणि यथा वेळुरियो, अकाचो विमलो सुभो।
एवं सुद्धा चरिस्साम, गोविन्दस्सानुसासने ति॥

मैं राजा रेणु भूपति को सम्बोधित करता हूँ कि आप अपने राज्य को देखें, मैं अब आपका पौरोहित्य कर्म नहीं कर सकता; क्योंकि इसमें अब मेरा मन नहीं लगता।'

(राजा बोले–) यदि आप को कामभोगों की प्राप्ति में कोई कमी पड़ रही है तो, उसे मैं पूर्ण कर दूँगा। यदि आप को कोई विरोधी कुछ कष्ट दे रहा हो तो मैं उसका भी वारण कर दूँगा, क्योंकि मैं इतनी बड़ी सेना का अधिपति हूँ। आप मेरे पिता हैं, मैं आपका पुत्र हूँ। गोविन्द! आप हम लोगों का त्याग न करें।'

(ब्राह्मण ने कहा–) मेरे कामभोगों में कोई कमी नहीं है, न कोई मेरा शत्रु ही है (कि उससे मुझे कोई कष्ट मिले) देवता (=अमनुष्य) की बात सुनने के बाद अब गृहस्थ में मेरा मन नहीं लगता।

(राजा ने पूछा–) वह अमनुष्य (देवता) कैसा था? उसने आप से क्या कहा कि जिसे सुनकर आप हम सबकों छोड़ना चाह रहे हैं?

(ब्राह्मण ने बताया–) पहले मैंने यज्ञ करने की इच्छा से अग्नि प्रज्वलित की, कुश और पत्ते बिछाये। उसी समय ब्रह्मा सनत्कुमार प्रकट हुए। उन्होंने मेरे प्रश्नों (सन्देहों) का उत्तर दिया। अतः संसार के प्रति सन्देह निवृत्त होने के बात (संसार की निःसारता जानकर) अब मेरा इस गृहस्थ धर्म में मन नहीं लगता।

(राजा ने कहा–) हे गोविन्द! आप जो कह रहे हैं उसे मैं श्रद्धा (विश्वास) पूर्वक मान ले रहा हूँ। देवता की तथ्यतापरक बात सुनने के बाद अब आप कोई अन्य हीन कर्म कैसे कर सकते हैं!

किन्तु हम लोग भी आप के अनुगामी होंगे। गोविन्द! आप हम लोगों के गुरु बनें।

सचे भवं गोविन्दो अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सति, मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

छक्खत्तियआमन्तना

३०. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन ते छ खत्तिया तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा ते छ खत्तिये एतदवोच—अञ्ञं दानि भवन्तो पुरोहितं परियेसन्तु यो भवन्तानं रज्जे अनुसासस्सिति। इच्छामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं पब्बजितुं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, [R.245] अगारस्मा अनगारियं ति। अथ खो, भो, ते छ खत्तिया एकमन्तं अपक्कम्म एवं समचिन्तेसुं—इमे खो ब्राह्मणा नाम धनलुद्धा; यन्नून मयं महोगोविन्दं ब्राह्मणं धनेन सिक्खेय्यामा ति। ते महागोविन्दं ब्राह्मणं उपसङ्कमित्वा एवमाहंसु—संविज्जति खो, भो, इमेसु सत्तसु रज्जेसु पहूतं सापतेय्यं, ततो भोतो यावतकेन अत्थो तावतकं आहरीयतं ति।

अलं, भो! ममपिदं पहूतं सापतेय्यं भन्तानंयेव वाहसा तमहं सब्बं पहाय [B.197] अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सामि। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

'अथ खो, भो, ते छ खत्तिया एकमन्तं अपक्कम्म एवं समचिन्तेसुं—इमे खो ब्राह्मणा नाम इत्थिलुद्धा; यन्नून मयं महागोविन्दं ब्राह्मणं इत्थीहि सिक्खेय्यामा ति। ते महागोविन्दं ब्राह्मणं उपसङ्कमित्वा एवमाहंसु—संविज्जन्ति खो, भो, इमेसु सत्तसु रज्जेसु पहूता [N.183] इत्थियो, ततो भोतो यावतिकाहि अत्थो तावतिका आनीयतं ति।

जैसे वैदूर्यमणि श्लक्ष्ण, निर्मल (बेदाग), और शुभ्र (स्वच्छ) होती है; उसी तरह आप गोविन्द के अनुशासन में हम लोगों का आचरण भी रहेगा। अर्थात् शुद्ध निष्कलङ्क चरित्र होकर आप के अनुशासन में साधनारत रहेंगे।

यदि आप गोविन्द घर से बेघर हो प्रव्रजित होंगे तो हम भी वैसे ही प्रव्रजित हो जायँगे। तब जो आप की गति (परिणाम) होगी वही हमारी भी हो जायगी।'

छह क्षत्रियों को प्रव्रज्या की सूचना— ३०. 'तब, श्रीमन्! महागोविन्द ब्राह्मण जहाँ वे छह क्षत्रिय थे, वहाँ गये। जाकर उन छहों क्षत्रियों को भी यों बोले— आप अब अपना दूसरा पुरोहित.....पूर्ववत (पैरा सं॰ २९)....प्रव्रजित होऊँगा।

'तब उन छह क्षत्रियों ने एक तरफ जाकर विचार करने लगे कि ये ब्राह्मण धन के लोभी होते हैं, तो क्यों न इन महागोविन्द ब्राह्मण को धन का लोभ देकर इन्हें प्रव्रज्या से विरत करें। वे पुनः महागोविन्द के पास आकर यों बोले— ब्राह्मण! यदि आप हमारे इन सात राज्यों के प्रभूत धन को देखकर संविग्न हो रहे हों तो इन सात राज्यों में बहुत धन है, आप को जितना चाहिये इसमें से उतना ले लें।

अजी! जाने भी दो! धन तो अब तक आप लोगों ने जितना दिया है, उसे भी छोड़कर मैं घर से बेघर हो प्रव्रजित हो रहा हूँ। मैंने तो जब से ब्रह्मा....के मुख से मानव–दुर्गणों के विषय में सुन लिया है तब से मेरा मन गृहस्थ के काम–धन्धों से सर्वथा उदासीन हो गया है; क्योंकि घर से बेघर हुए विना उन से छुटकारा पाया ही नहीं जा सकता।

तब पुनः वे छहों क्षत्रिय एकान्त में जाकर विमर्श करने लगे कि सम्भवतः इस ब्राह्मण को हमारे

अलं, भो, ममपिमा चत्तारीसा भरिया सादिसियो तापाहं सब्बा पहाय अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सामि। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

[R.246] ३१. सचे भवं गोविन्दो अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सति, मयं पि अगारस्मा अनागरियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

सचे जहथ कामानि, यत्थ सत्तो पुथुज्जनो।
आरम्भव्हो दळ्हा होथ, खन्तिबलसमाहिता॥
एस मग्गो उजुमग्गो, एस मग्गो अनुत्तरो।
सद्धम्मो सब्भि रक्खितो, ब्रह्मलोकूपपत्तिया ति॥

तेन हि भवं गोविन्दो सत्त वस्सानि आगमेतु। सत्तन्नं वस्सानं अच्चयेन मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

अतिचिरं खो, भो, सत्त वस्सानि। नाहं सक्कोमि भवन्ते सत्त वस्सानि आगमेतुं। को नु खो पन, भो, जानाति जीवितानं! गमनीयो सम्परायो मन्तायं बोद्धब्बं कत्तब्बं कुसलं चरितब्बं ब्रह्मचरियं, नत्थि जातस्स अमरणं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

तेन हि भवं गोविन्दो छब्बस्सानि आगमेतु....पे०....पञ्च वस्सानि आगमेतु....चत्तारि वस्सानि आगमेतु....तीणि वस्सानि आगमेतु....द्वे वस्सानि आगमेतु....एकं वस्सं आगमेतु, [B.198] एकस्स वस्सस्स अच्चयेन मयं पि अगारस्मा अनागरियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

सात राज्यों की स्त्रियों पर दृष्टि गड़ गयी है तो इसे सुन्दर–सुन्दर स्त्रियों का प्रलोभन देकर इसके लक्ष्य से च्युत किया जाय! यह विचार कर वे छहों क्षत्रिय महागोविन्द के पास आकर यों बोले– आप को जितनी स्त्रियों की कामना हो, उतनी स्त्रियाँ हमारे सातों राज्यों से छांट लें।

(ब्राह्मण ने उनको फटकारा–) अरे जाने भी दो स्त्रियों की बात! मैं तो अपनी स्त्रियों को छोड़कर ही....प्रव्रजित हो रहा हूँ .... छुटकारा नहीं पाया जा सकता।

३१. (तब क्षत्रिय बोले–) यदि आप गोविन्द घर से बेघर हो प्रव्रजित होंगे तो हम भी....प्रव्रजित हो जायँगें। तब (उसके बाद) आपं की जो गति होगी वही गति हमारी भी हो। (हम इसी में सन्तुष्ट हैं।)

(ब्राह्मण बोला–) 'यदि आप लोग भी उन कामभोगों को त्याग रहे हैं, जिनमें पृथग्जन (सांसारिक लोग) आसक्त रहते हैं, तो उन्हें अभी से त्यागने का कार्य क्षान्ति बल से समाहित होकर दृढ़तापूर्वक आरम्भ करें। यही मार्ग सरल और अद्वितीय है। सभी बुद्धों से रक्षित यह धर्म ही ब्रह्मलोक को प्राप्त कराने वाला है।

(क्षत्रिय बोले–) तो आप गोविन्द! सात वर्ष प्रतीक्षा करें। सात वर्ष बाद हम लोग भी आप के साथ घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाँयगें। तब आप की जो गति....हमारी भी वही होगी।

(ब्राह्मण बोला–) श्रीमानो! मेरे लिये सात वर्ष प्रतीक्षा करना तो बहुत दूर की बात है! इस जीवन के विषय में कौन जानता है! परलोक जाना (मरण) ध्रुव है। अतः ज्ञानप्राप्ति तत्काल करनी चाहिये, कुशल कर्म करने चाहियें। धर्माराधना भी करनी चाहिये। कोई पैदा हो, वह मरे नहीं– यह सम्भव ही नहीं। जैसे

अतिचिरं खो, भो, एकं वस्सं। नाहं, सक्कोमि भन्ते एकं वस्सं आगमेतुं। को [R.247] नु खो पन, भो, जानाति जीवितानं! गमनीयो सम्परायो मन्तायं बोद्धब्बं कत्तब्बं [N.184] कुसलं चरितब्बं ब्रह्मचरियं, नत्थि जातस्स अमरणं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

तेन हि भवं गोविन्दो सत्त मासानि आगमेतु। सत्तन्नं मासानं अच्चयेन मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

अतिचिरं खो, भो, सत्त मासानि। नाहं सक्कोमि भवन्ते सत्त मासानि आगमेतुं। को नु खो पन, भो, जानाति जीवितानं! गमनीयो सम्परायो मन्तायं बोद्धब्बं कत्तब्बं कुसलं चरितब्बं ब्रह्मचरियं, नत्थि जातस्स अमरणं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

तेन हि भवं गोविन्दो छ मासानि आगमेतु....पे०....पञ्च मासानि आगमेतु.....चत्तारि मासानि आगमेतु....तीणि मासानि आगमेतु....द्वे मासानि आगमेतु....एकं मासं आगमेतु.... अद्धमासं आगमेतु, अद्धमासस्स अच्चयेन मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

अतिचिरं खो, भो, अद्धमासो। नाहं सक्कोमि भवन्ते अद्धमासं आगमेतुं। को नु खो पन, भो, पजानाति जीवितानं! गमनीयो सम्परायो मन्तायं बोद्धब्बं कत्तब्बं कुसलं चरितब्बं ब्रह्मचरियं। नत्थि जातस्स अमरणं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

तेन हि भवं गोविन्दो सत्ताहं आगमेतु याव मयं सके पुत्तभातरो रज्जेन [R.248] अनुसासिस्साम। सत्ताहस्स अच्चयेन मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। [B.199] अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

न चिरं, खो, भो, सत्ताहं। आगमेस्सामहं भवन्ते सत्ताहं ति।

मैंने ब्रह्मा के मुख से पापकर्मों की भयङ्करता सुनी है, वे पाप कर्म गृहस्थ धर्म में रहकर किसी भी स्थिति में नहीं त्यागे जा सकते। अतः मैं तो अभी....प्रव्रजित होऊँगा।

(क्षत्रिय बोले—) 'तो आप गोविन्द छह वर्ष ही प्रतीक्षा करें....पाँच वर्ष ही....चार वर्ष ही....तीन वर्ष ही....दो वर्ष ही....एक वर्ष ही प्रतीक्षा करें एक व र्ष के बाद हम भी....हमारी भी होगी।

(ब्राह्मण बोला—) एक वर्ष भी बहुत है। मैं इतने समय तक भी प्रतीक्षा नहीं कर सकता!....।

(क्षत्रिय बोले—) तो आप....सात मास....छह मास....पाँच मास....चार मास....तीन मास....दो मास....एक मास....आधा मास....सात दिन ही प्रतीक्षा करें; ताकि हम लोग अपनी पुत्रों या भाइयों को अपने अपने राज्य की शासन–व्यवस्था सौंप दे। एक सप्ताह बीतने के बाद हम लोग भी....प्रव्रजित हो जायँगें।

(ब्राह्मण बोला—) हाँ, एक सप्ताह कोई अधिक समय नहीं है। मैं आप लोगों की एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करूँगा।

ब्राह्मणमहासालादीनं आमन्तनं

३२. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन ते सत्त च ब्राह्मणमहासाला सत्त च [N.185] न्हातकसतानि तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा सत्त च ब्राह्मणमहासाले सत्त च न्हातकसतानि एतदवोच—अञ्ञं दानि भवन्तो आचरियं परियेसन्तु यो भवन्तानं मन्ते वाचेस्सति। इच्छामहं, भो, अगारस्मा अनगारियं पब्बजितुं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भो, अगारस्मा अनागरियं ति।

मा भवं गोविन्दो अगारस्मा अनगारियं पब्बजि। पब्बज्जा, भो, अप्पेसक्खा च अप्पलाभा च; ब्रह्मञ्ञं महेसक्खं च महालाभं चा ति।

मा भवन्तो एवं अवचुत्थ—पब्बज्जा अप्पेसक्खा च अप्पलाभा च, ब्रह्मञ्ञं महेसक्खं च महालाभं चा ति। को नु खो, भो, अञ्ञत्र मया महेसक्खतरो वा महालाभतरो वा! अहं हि, भो, एतरहि राजा व रञ्ञं ब्रह्मा व ब्रह्मानं देवता व गहपतिकानं । तमहं सब्बं पहाय अगारस्मा [R.249] अनगारियं पब्बजिस्सामि। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अगारं अज्झावसता। पब्बजिस्साहं, भो, अगारस्मा अनगारियं ति।

सचे भवं गोविन्दो अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सति, मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

भरियानं आमन्तना

३३. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो येन चत्तारीसा भरिया सादिसियो तेनुपसङ्कमि; [B.200] उपसङ्कमित्वा चत्तारीसा भरिया सादिसियो एतदवोच—या भोतीनं इच्छति सकानि

ब्राह्मणमहासालों को प्रव्रज्या की सूचना— ३२. 'तब वे महागोविन्द ब्राह्मण जहाँ वे सात धनाढ्य ब्राह्मण महासाल और सात सौ स्नातक कार्य करते थे वहाँ गये। और उनसे बोले— आप लोग अब अपना नया आचार्य खोज लें, जो आप को वेदमन्त्र पढ़ा सके। मैं तो....प्रव्रजित होना चाहता हूँ। जैसा कि मैंने ब्रह्मा के मुख से...पूर्ववत्....प्रव्रजित होऊँगा।

(ब्राह्मण महासाल—) आप गोविन्द प्रव्रजित न हों। प्रव्रज्या में क्या रखा है, न वह कोई अच्छी चीज है, न कोई उससे लाभ है। इसके विपरीत, ब्राह्मणत्व काम की चीज है, वह अत्यधिक महत्वपूर्ण है!

(महागोविन्द—) आप लोग ऐसा न कहें कि प्रव्रज्या अकिञ्चन है! उससे कोई लाभ नहीं। मुझे अब हानि—लाभ से कोई प्रयोजन नहीं रह गया। दूसरी बात है है कि आज मुझसे बढ़कर कौन महानुभाव है! इस समय मैं राजाओं का राजा, ब्राह्मणों में श्रेष्ठ ब्राह्मण हूँ और गृहस्थों में श्रेष्ठ गृहस्थ हूँ, उनमें देवता की तरह पूजा जाता हूँ। इन सब श्रेष्ठताओं को छोड़कर में घर से बेघर हो प्रव्रजित हो रहा हूँ। भयङ्कर आमगन्धों के विषय में जैसा मैंने ब्रह्मा....के मुख से सुना है, उनका, गृहस्थ धर्म में रहते, छूटना अत्यन्त कठिन है। अतः मैं तो....प्रव्रजित होऊँगा।

(ब्राह्मण महासाल—) तब तो यदि आप....प्रव्रजित होंगे तो हम भी आप के साथ ही....प्रव्रजित हो जायँगें।

पत्नियों को प्रव्रज्या की सूचना— ३३. 'तब महागोविन्द ब्राह्मण समान वंश वाली अपनी चालीस पत्नियों के पास गया और बोला— आप लोग अपनी इच्छानुसार अपने माता—पिता या नाते—रिश्तेदारों के यहाँ

वा ञातिकुलानि गच्छतु अञ्ञं वा भत्तारं परियेसतु। इच्छामहं, भोती, अगारस्मा अनगारियं पब्बजितुं। यथा खो पन मे सुतं ब्रह्मुनो आमगन्धे भासमानस्स, ते न सुनिम्मदया अज्झावसता। पब्बजिस्सामहं, भोती, अगारस्मा अनगारियं ति।

त्वञ्ञेव नो ञाति ञातिकामानं, त्वं पन भत्ता भत्तुकामानं। सचे भवं गोविन्दो अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्सति, मयं पि अगारस्मा अनगारियं पब्बजिस्साम। अथ या ते गति सा नो गति भविस्सती ति।

महागोविन्दो पब्बजि

३४. 'अथ खो, भो, महागोविन्दो ब्राह्मणो तस्स सत्ताहस्स अच्चयेन केसमस्सुं [N.186] ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजि। पब्बजितं पन महागोविन्दं ब्राह्मणं सत्त च राजानो खत्तिया मुद्धावसित्ता सत्त च ब्राह्मणमहासाला सत्त च न्हातकसतानि चत्तारीसा च भरिया सादिसियो अनेकानि च खत्तियसहस्सानि अनेकानि च ब्राह्मणसहस्सानि अनेकानि च गहपतिसहस्सानि अनेकेहि च इत्थागारेहि इत्थियो केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा महागोविन्दं ब्राह्मणं अगारस्मा अनगारियं पब्बजितं अनुपब्बजिंसु। ताय सुदं, भो, परिसाय परिवुतो महागोविन्दो ब्राह्मणो गामनिगमराजधानीसु चारिकं चरति। यं खो पन, भो, तेन समयेन महागोविन्दो ब्राह्मणो गामं वा निगमं [R.250] वा उपसङ्कमति, तत्थ राजा व होति रञ्ञं, ब्रह्मा व ब्रह्मानं देवता व गहपतिकानं। तेन खो पन समयेन मनुस्सा खिपन्ति वा उपक्खलन्ति वा ते एवमाहंसु—नमत्थु महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स, नमत्थु सत्त पुरोहितस्सा ति।

३५. 'महागोविन्दो, भो, ब्राह्मणो मेत्तासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहासि;

जा सकती हैं। या आप लोग अपना कोई दूसरा पति खोज सकती हैं; क्योंकि मैं तो अब....प्रव्रजित होना चाहता हूँ। मैंने ब्रह्मा के मुख से....प्रव्रजित होऊँगा।

(पत्नियाँ बोलीं—) आप ही हमारे सम्बन्धी हैं, आप ही हमारे पति हैं। यदि आप....प्रव्रजित होंगे तो हम लोग भी आप के साथ....प्रव्रजित हो जायँगीं। आप के समान ही हमारा भी जो होना होगा, होगा। (हमें वह सब स्वीकार है।)

महागोविन्द की प्रवज्या— ३४. 'तब वह महागोविन्द, उस सप्ताह के बीतने पर, शिर और दाढ़ी—मूँछ मुँड़ाकर, प्रव्रजित हो गये। महागोविन्द ब्राह्मण के प्रव्रजित हो जाने पर, वे सात मूर्धाभिषिक्त क्षत्रिय राजा, सात ब्राह्मणमहाशाल, सात सौ स्नातक, समान वंश वाली चालीस स्त्रियाँ, अनेक सहस्र क्षत्रिय, अनेक सहस्र ब्राह्मण, अनेक सहस्र गृहपति (वैश्य) और अनेक अन्तःपुरों की अनेक स्त्रियाँ....महागोविन्द के साथ ही घर छोड़कर बेघर हो प्रव्रजित हो गयीं। इन सब लोगों के साथ महागोविन्द...ग्राम—ग्राम, निगम—निगम घूमकर चारिका करने लगे। इस तरह वे महागोविन्द जिस ग्राम या जिस निगम में भी जाते थे, वहाँ वे राजाओं के राजा, ब्राह्मणों के ब्राह्मण और गृहपतियों के लिये देवतास्वरूप हो जाते थे। उस समय उनकी जनता के हृदय में उनके प्रति ऐसी पूज्य भावना बन गयी थी कि कुछ भी अशुभ होने (छींक आदि आने) पर उक्त अशुभ की निवृत्ति हेतु 'नमोऽस्तु महागोविन्दाय ब्राह्मणाय', 'नमोऽस्तु सप्तपुरोहिताय'— यों उनके नाम का मन्त्र उच्चारण करते थे।

३५. 'तब उस महागोविन्द ब्राह्मण ने मैत्रीसहगत चित्त से.... पूर्ववत्.... करुणासहगत चित्त

तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं मेत्तासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहासि। करुणासहगतेन चेतसा....पे०....मुदितासहगतेन चेतसा....पे०....उपेक्खासहतेन चेतसा....पे०.... अब्यापज्जेन फरित्वा विहासि, सावकानं च ब्रह्मलोकसहब्यताय मग्गं देसेसि।

[B.201] ३६. 'ये खो पन, भो, तेन समयेन महागोविन्दस्स ब्राह्मणस्स सावका सब्बेन सब्बं सासनं आजानिंसु ते कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं ब्रह्मलोकं उपपज्जिंसु। ये न सब्बेन सब्बं [R.251] सासनं आजानिंसु ते कायस्स भेदा परं मरणा अप्पेकच्चे परनिम्मितवसवत्तीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे निम्मानरतीनं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे तुसितानं [N.187] देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे यामानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे तावतिंसानं देवानं सहब्यतं उपपज्जिंसु, अप्पेकच्चे चातुमहाराजिकानं देवानं उपपज्जिंसु। ये सब्बनिहीनं कायं परिपूरेसुं ते गन्धब्बकायं परिपूरेसुं। इति खो, भो, सब्बेसं येव तेसं कुलपुत्तानं अमोघा पब्बज्जा अहोसि अवञ्झा सफला सउद्रया' ति।

३७. ''सरति तं भगवा'' ति? ''सरामहं, पञ्चसिख। अहं तेन समयेन महागोविन्दो ब्राह्मणो अहोसिं। अहं तेसं सावकानं ब्रह्मलोकसहब्यताय मग्गं देसेसिं। तं खो पन मे, पञ्चसिख, ब्रह्मचरियं न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति, यावदेव ब्रह्मलोकूपपत्तिया। इदं खो पन मे, पञ्चसिख, ब्रह्मचरियं एकन्तनिब्बिदाय विरागाय निरोधाय उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति। कतमं च तं, पञ्चसिख, ब्रह्मचरियं एकन्तनिब्बिदाय विरागाय निरोधाय उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति? अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो, सेय्यथिदं–

से.... मुदितासहगत चित्त से.... उपेक्षासहगत चित्त से एक दिशा की ओर ध्यान लगाया, वैसी ही दूसरी दिशा....तीसरी दिशा....अपने श्रावकों को ब्रह्मलोक का मार्ग बताया।

३६. 'उस समय उस महागोविन्द ब्राह्मण के जो शिष्य उनकी बतायी धर्म–साधना को भलीभाँति सर्वाङ्गतया अभ्यास कर चुके थे, वे सभी अपनी काया को छोड़, मरणानन्तर, सुगतिमय ब्रह्मलोक को प्राप्त हुए। और जो उस धर्मसाधना को सर्वाङ्गतया अभ्यस्त कर पाये थे, इसी बीच उन का देहपात हो जाने पर, उनमें से कुछ परनिम्मितवशवर्ती देवों के साथ, कुछ निर्माणरति देवों के साथ, कुछ तुषित देवों के साथ, कुछ याम देवों के साथ, कुछ त्रायस्त्रिंश देवों के साथ और कुछ चातुर्महाराजिक देवों के साथ (उन्हीं के लोकों में) उत्पन्न हुए। उनमें, जिन्होंने सब से हीन (तुच्छ) शरीर पाया वे भी गन्धर्वलोक में उत्पन्न हुए। इस प्रकार उन सभी कुलपुत्रों की साधना सफलता के साथ सार्थक एवं उन्नति की तरफ ही बढ़ी।'

बुद्ध–धर्म का माहात्म्य– ३७. ''क्या भगवान् को यह सब कुछ स्मरण है?'' ''हाँ, पञ्चशिख! मुझे स्मरण है। मैं ही उस समय महागोविन्द ब्राह्मण था। मैंने ही उन श्रावकों को ब्रह्मलोक–प्राप्ति के मार्ग का उपदेश किया था। पञ्चशिख! मेरा वह ब्रह्मचर्य (धर्मोपदेश) न निर्वेद, न विराग, न इन्द्रियनिरोध, न चित्तोपशम, न अभिज्ञा, न सम्बोधि और न निर्वाण के लिये ही था। वह तो केवल ब्रह्मलोकप्राप्ति तक का मार्ग था। और पञ्चशिख! आज मेरे द्वारा बताया गया यह धर्म मार्ग ऐकान्तिक निर्वेद, विराग, निरोध, उपशम, अभिज्ञा, सम्बोधि और निर्वाण की प्राप्ति के लिये है। पञ्चशिख! कौन सा धर्म मार्ग निर्वेद...निर्वाण की प्राप्ति के लिये

सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि। इदं खो तं, पञ्चसिख, ब्रह्मचरियं एकन्तनिब्बिदाय विरागाय निरोधाय उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।

३८. "ये खो पन मे, पञ्चसिख, सावका सब्बेन सब्बं सासनं आजानन्ति ते आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा [R.252] उपसम्पज्ज विहरन्ति; ये न सब्बेन सब्बं सासनं आजानन्ति ते पञ्चन्नं ओरम्भागियानं [B.202] संयोजनानं परिक्खया ओपपातिका होन्ति, तत्थ परिनिब्बायिनो, अनावत्तिधम्मा तस्मा लोका। ये न सब्बेन सब्बं सासनं आजानन्ति अप्पेकच्चे तिण्णं संयोजनानं परिक्खया रागदोसमोहानं तनुत्ता सकदागामिनो होन्ति, सकिदेव इमं लोकं आगन्त्वा दुक्खस्सन्तं करिस्सन्ति। ये न सब्बेन सब्बं सासनं आजानन्ति अप्पेकच्चे तिण्णं संयोजनानं परिक्खया सोतापन्ना होन्ति अविनिपातधम्मा नियता सम्बोधिपरायणा। इति खो, पञ्चसिख, सब्बेसं येव इमेसं [N.188] कुलपुत्तानं अमोघा पब्बज्जा अवज्झा सफला सउद्रया" ति।

इदमवोच भगवा। अत्तमनो पञ्चसिखो गन्धब्बपुत्तो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा तत्थेवन्तरधायी ति।

महागोविन्दसुत्तं निट्ठितं छट्ठं॥

है? यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग; जैसे– सम्यग्दृष्टि....एवं सम्यक्समाधि। पञ्चशिख! यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग के उपदेश वाला धर्म–मार्ग ही एकान्तिक निर्वेद...निर्वाण की प्राप्ति के लिये है।

३८. "पञ्चशिख! जो मेरे श्रावक मदुपदिष्ट इस धर्म को सर्वाङ्गतया समाहित (अभ्यस्त) कर चुके हैं, वे आस्रवों (चित्तमलों) का क्षय होने से, आस्रवरहित चित्तविमुक्ति, प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में जानकर उसका साक्षात्कार कर साधना करते हैं। और जो इस धर्ममार्ग का सर्वाङ्गतया अभ्यास करने में समर्थ नहीं हुए, उनमें से कुछ पाँच संयोजनों का क्षय करके औपपातिक (देवता) होते हैं और उस देवयोनि से उनका पतन नहीं होता। और ऐसे कुछ श्रावक तीन संयोजनों का क्षय करके, राग–द्वेष–मोह की अल्पता के कारण सकृदागामी (एक बार इस लोक में आने वाले) होते हैं। वे एक बार इस लोक में आकर अपने सभी दुःखों का अन्त (क्षय) कर लेंगे। और ऐसे ही कुछ अन्य श्रावक तीन संयोजनों का परितः क्षय कर स्रोतआपन्न होकर इस धर्ममार्ग से कभी न च्युत होकर सम्बोधि के लिये प्रयासरत रहेंगे। यों पञ्चशिख! मेरे द्वारा बतायी गयी साधना में लगे इन सभी कुलपुत्रों की साधना सफलता के साथ सार्थक एवं उन्नति की तरफ ही बढ़ती है।"

भगवान् ने यह कहा। प्रसन्नमना वह गन्धर्वपुत्र पञ्चशिख भगवान् के इस भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन कर, भगवान् को प्रणाम–प्रदक्षिणा कर वहीं अन्तर्हित हो गया।

छठा महागोविन्दसूत्र समाप्त॥

७. महासमयसुत्तं

१. चतुन्नं सुद्धावासकायिकानं देवानं गाथा

[N.189, B.203, R.253] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं महावने महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सब्बेहेव अरहन्तेहि; दसहि च लोकधातूहि देवता येभुय्येन सन्निपतिता होन्ति भगवन्तं दस्सनाय भिक्खुसङ्घं च। अथ खो चतुन्नं सुद्धावासकायिकानं देवानं एतदहोसि—"अयं खो भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं महावने महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं पञ्चमत्तेहि भिक्खुसतेहि सब्बेहेव अरहन्तेहि; दसहि च लोकधातूहि देवता येभुय्येन सन्निपतिता होन्ति भगवन्तं दस्सनाय भिक्खुसङ्घं च। यन्नून मयं पि येन भगवा तेनुपसङ्कमेय्याम; उपसङ्कमित्वा भगवतो सन्तिके पच्चेकं गाथं भासेय्यामा" ति।

२. अथ खो ता देवता—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो समिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य पसारितं वा बाहं समिञ्जेय्य, एवमेव—सुद्धावासेसु देवेसु अन्तरहिता भगवतो पुरतो पातुरहेसुं। [R.254] अथ खो ता देवता भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। एकमन्तं ठिता खो एका देवता भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"महासमयो पवनस्मिं, देवकाया समागता।
आगतम्ह इमं धम्मसमयं, दक्खिताये अपराजितसङ्घं" ति।

अथ खो अपरा देवता भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

"तत्र भिक्खवो समादहंसु चित्तमत्तनो उजुकं अकंसु।
सारथीव नेत्तानि गहेत्वा, इन्द्रियानि रक्खन्ति पण्डिता" ति॥

अथ खो अपरा देवता भगवतो सन्तिके इमं गाथं अभासि—

---

७. महासमयसुत्त

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) शाक्य प्रदेश की नगरी कपिलवस्तु के महावन में विशाल भिक्षुसङ्घ के साथ, जिसकी सङ्ख्या पाँच सौ थी और जो सभी अर्हत् थे, साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय भगवान् एवं भिक्षुसङ्घ के दर्शनहेतु दश लोक धातुओं (चक्रवालों) से बहुत से देवता भी एकत्र हो गये। तब चातुर्महाराजिक देवों के मन में यह विचार आया— "ये भगवान् शाक्य प्रदेश की नगरी....में विराजमान हैं.....देवता भी एकत्र हुए हैं। तो क्यों न हम भी भगवान् जहाँ विराजमान हैं वहाँ चलें और वहाँ भगवान् के सम्मुख उनका श्लोकमय गुणगान करें।"

२. तब वे देवता, जैसे कोई बलवान् पुरुष पसारी हुई बाहु को सिकोड़ ले....उसी तरह शुद्धावास देवलोक से अन्तर्हित होकर भगवान् के सम्मुख प्रकट हुए। वहाँ वे देवता भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे उन देवताओं में से एक ने गाथा में यों कहा—

"इस महावन में देवताओं का यह विशालसमूह एकत्र हुआ है। हम लोग भी (मार द्वारा) अपराजेय सङ्घ के दर्शनहेतु इस धर्म-सम्मेलन में आये हुए हैं।" (१)

तब दूसरे देवता ने भगवान् के सम्मुख यह गाथा कही—

'भिक्षुजन स्वचित्त को सरल (ऋजु) कर वैसे ही समाहित ध्यानमग्न रहते हैं, जैसे कोई कुशल

"छेत्वा खीलं छेत्वा पलिघं, इन्दखीलं ऊहच्च मनेजा।
ते चरन्ति सुद्धा विमला, चक्खुमता सुदन्ता सुसुनागा" ति॥

अथ खो अपरा देवता भगवतो सन्तिके इमं गाथं [N.190, B.204, R.255] अभासि—

"ये केचि बुद्धं सरणं गतासे, न ते गमिस्सन्ति अपायभूमिं।
पहाय मानुसं देहं, देवकायं परिपूरेस्सन्ती" ति॥

३. अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"येभुय्येन, भिक्खवे, दससु लोकधातूसु देवता सन्निपतिता होन्ति तथागतं दस्सनाय भिक्खुसङ्घं च। ये पि ते, भिक्खवे, अहेसुं अतीतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा, तेसं पि भगवन्तानं एतंपरमायेव देवता सन्निपतिता अहेसुं, सेय्यथापि मय्हं एतरहि। ये पि ते, भिक्खवे, भविस्सन्ति अनागतमद्धानं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा तेसं पि भगवन्तानं एतंपरमायेव देवता सन्निपतिता भविस्सन्ति सेय्यथापि मय्हं एतरहि। आचिक्खिस्सामि, भिक्खवे, देवकायानं नामानि; कित्तयिस्सामि, भिक्खवे, देवकायानं नामानि; देसेस्सामि, भिक्खवे, देवकायानं नामानि। तं सुणाथं, साधुकं मनसिकरोथ, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं।

२. भगवता सन्निपतितानं देवतानं नामकित्तनं

४. भगवा एतदवोच—

"सिलोकमनुकस्सामि, यत्थ भुम्मा तदस्सिता।
ये सिता गिरिगब्भरं, पहितत्ता समाहिता॥

सारथि घोड़ों की लगाम (रस्सी) खींचकर उन्हें अपने वश में रखता है। पण्डितजन इसी तरह अपना इन्द्रियनिग्रह किया करते हैं।" (२)

तब तीसरे देवता ने भगवान् के सम्मुख यह गाथा कही—

"कण्टकसदृश राग, शिलाखण्ड या अर्गला जैसे परिघ को (धर्मसाधना द्वारा) नष्ट कर ज्ञानी जन शुद्ध, विमल, दान्त एवं श्रेष्ठ होकर इस संसार में विचरण करते हैं।।" (३)

तब चौथे देवता ने बुद्ध के यशःकीर्तन में यह गाथा कही—

"जो लोग बुद्ध की शरण में चले गये, वे यह मनुष्य शरीर को छोड़कर देवशरीर (ही) पायेंगे।" (४)

३. तब भगवान् ने भिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा— "भिक्षुओ! आज तथागत एवं भिक्षुसङ्घ के दर्शनहेतु ये देवतालोग दशों लोकधातुओं से आकर यहाँ एकत्र हुए हैं। भिक्षुओ! अतीतकाल में जो अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध हो गये हैं, उनके भी दर्शनहेतु इतने ही देवता एकत्र हुए थे, जितने कि आज ये मेरे दर्शनहेतु देवता आये। भिक्षुओ! अनागत काल में जो अर्हत्....होंगे उन्हें भी देखने के लिये इतने ही देवता एकत्र होंगे।.... भिक्षुओ! मैं देवशरीरधारियों के नाम बताऊँगा, उनके नामों का विशद वर्णन करूँगा। उन्हें सुनो और भलीभाँति मन में बैठा लो।"

"अच्छा, भन्ते!"

२. एकत्र हुए देवताओं का बुद्ध द्वारा नामकीर्तन

४. भगवान् बोले—

"पुथूसीहा व सल्लीना, लोमहंसाभिसम्भुनो।
ओदातमनसा सुद्धा विप्पसन्नमनाविला॥
[R.256] "भिय्यो पञ्चसते ञत्वा, वने कापिलवत्थवे।
ततो आमन्तयी सत्था, सावके सासने रते॥
"देवकाया अभिक्कन्ता, ते विजानाथ भिक्खवो।
ते च आतप्पमकरुं, सुत्वा बुद्धस्स सासनं॥
"तेसं पातुरहु ञाणं, अमनुस्सानदस्सनं।
अप्पेके सतमद्दक्खुं, सहस्सं अथ सत्तरिं॥
[N.191, B.205] "सतं एके सहस्सानं, अमनुस्सानमद्दसुं।
अप्पेकेनन्तमद्दक्खुं, दिसा सब्बा फुटा अहुं॥
"तं च सब्बं अभिञ्ञाय, ववत्थित्वान चक्खुमा।
ततो आमन्तयी सत्था, सावके सासने रते॥
"देवकाया अभिक्कन्ता, ते विजानाथ भिक्खवो।
ये वोहं कित्तयिस्सामि, गिराहि अनुपुब्बसो॥
५. "सत्तसहस्सा ते यक्खा, भुम्मा कापिलवत्थवा।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"छसहस्सा हेमवता, यक्खा नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥

"पृथ्वी पर भिन्न–भिन्न स्थानों में, पर्वतों की कन्दराओं में रहने वाले जो संयमी एवं समाहितचित्त देवता हैं, उनके विषय में बताता हूँ, सुनो।

"सिंह के समान दृढ़, निर्भय, रोमाञ्चरहित, पवित्रमना, शुद्ध, प्रसन्न, निर्दोष उन पाँच सौ बुद्धधर्मरत श्रावकों को उस कपिलवस्तु के महावन में बुद्ध ने सम्बोधित किया।।

"जो देवशरीरधारी (यहाँ आये हुए हैं, उन्हें जान लो। उन भिक्षुओं ने, बुद्ध की आज्ञा मानकर उन देवताओं के नाम– श्रवण में उत्साह प्रकट किया।।

देवों के दर्शनहेतु उन (भिक्षुओं) को ज्ञानचक्षु (दिव्य दृष्टि) प्रादुर्भूत हुआ। तब कितने ही भिक्षुओं ने सौ, हजार या सत्तर हजार देवता देखे।।

कितनों ने सौ हजार देवता देखे। कितनों ने सभी दिशाओं को अनन्त देवताओं से परिपूर्ण देखा।।

इस समग्र दृश्य को देखकर और जानकर धर्मरत श्रावकों को भगवान् ने यों सम्बोधित किया–

"जितने ये देवशरीरधारी आये हुए हैं उन्हें जान लो। मैं उनके विषय में क्रमशः बताता हूँ।।

५. कपिलवस्तुवासी ऋद्धिमान्, द्युतिमान्, रूपवान्, यशस्वी, श्रद्धालु भूमिदेवता यक्ष प्रसन्नतापूर्वक इस वन में यह भिक्षुसमवाय देखने के लिये आये हुए हैं।।

"सातागिरा तिसहस्सा, यक्खा नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"इच्चेते सोळससहस्सा, यक्खा नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
[R.257] "वेस्सामित्ता पञ्चसता, यक्खा नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"कुम्भीरो राजगहिको, वेपुल्लस्स निवेसनं।
भिय्यो नं सतसहस्सं, यक्खानं पयिरुपासति।
कुम्भीरो राजगहिको, सोपागा समितिं वनं॥
६. "पुरिमञ्च दिसं राजा, धतरट्ठो पसासति।
गन्धब्बानं अधिपति, महाराजा यसस्सि सो॥
"पुत्ता पि तस्स बहवो, इन्दनामा महब्बला। [N.192, B.206]
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"दक्खिणं च दिसं राजा, विरूळ्हो तं पसासति।
कुम्भण्डानं अधिपति, महाराजा यसस्सि सो॥
"पुत्ता पि तस्स बहवो, इन्दनामा महब्बला।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"पच्छिमं च दिसं राजा, विरूपक्खो पसासति।

"हिमालय पर्वत में रहनेवाले छह सहस्र यक्ष जो कि नाना वर्ण वाले, ऋद्धि, आनुभाव, वर्ण और यश से सम्पन्न थे, प्रसन्नतापूर्वक उस भिक्षुसङ्घ के दर्शनहेतु उस वन में आये।।

"सातगिरि पर्वत पर रहनेवाले तीन हजार यक्ष.....।।

"विश्वामित्र पर्वत पर रहनेवाले पाँच सौ यक्ष....।।

"राजगृह के वैपुल्य पर्वत का निवासी कुम्भीर यक्ष, जिसके साथ एक लाख से भी अधिक यक्ष थे, इस वन में भिक्षुओं के दर्शन हेतु आया हुआ है।।

६. "गन्धर्वाधिपति यशस्वी राजा धृतराष्ट्र जो कि पूर्व दिशा का शासन करती हैं, उनके ऋद्धिमान्....इन्द्र नामक अनेक महाबली पुत्र भी भिक्षुसङ्घ के दर्शनार्थ आये हैं।।

"कुम्भाण्डों के अधिपति यशस्वी राजा महाराज विरूढक जो कि दक्षिण दिशा के शासक हैं, उनके ऋद्धिमान्....इन्द्र नामक....।।

नागानं च अधिपति, महाराजा यसस्सिसो॥
"पुत्ता पि तस्स बहवो, इन्दनामा महब्बला।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"उत्तरं च दिसं राजा, कुवेरो तं पसासति।
यक्खानं च अधिपति, महाराजा यसस्सि सो॥
[R.258] "पुत्ता पि तस्स बहवो, इन्दनामा महब्बला।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"पुरिमं दिसं धतरट्ठो, दक्खिणेन विरूळ्हको।
पच्छिमेन विरूपक्खो, कुवेरो उत्तरं दिसं॥
"चत्तारो ते महाराजा, समन्ता चतुरो दिसा।
दद्दल्लमाना अट्ठंसु, वने कापिलवत्थवे॥
७. "तेसं मायाविनो दासा, आगुं वञ्चनिका सठा।
माया कुटेण्डु विटेण्डु, विटुच्च विटुटो सह॥
"चन्दनो कामसेट्ठो च, किन्निघण्डु निघण्डु च।
पनादो ओपमञ्ञो च, देवसूतो च मातलि॥
[N.193, B.207] "चित्तसेनो च गन्धब्बो, नळो राजा जनेसभो।
आगा पञ्चसिखो चेव, तिम्बरू सुरियवच्चसा॥
"एते चञ्ञे च राजानो, गन्धब्बा सह राजुभि।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
८. "अथागुं नागसा नागा, वेसाला सहतच्छका।
कम्बलस्सतरा आगुं, पायागा सह ञातिभि॥

"नागों के अधिपति....विरूपाक्ष जो कि पश्चिम दिशा के शासक हैं....।।

यक्षों के अधिपति....वैश्रवण (कुबेर) जो कि उत्तर दिशा के शासक हैं....।।

"पूर्व में धृतराष्ट्र, दक्षिण में विरूढक, पश्चिम में विरूपाक्ष और उत्तर में वैश्रवण– कपिलवस्तु के वन में ये चारों महाराज चारों दिशाओं में देदीप्यमान हैं।।

७. "उनके मायावी, वञ्चक एवं शठ दासभृत्य भी भिक्षुसङ्घ के दर्शनार्थ आये हुए हैं; जिनमें से कुछ के नाम यह हैं– माया, कूटेण्डु, विटेण्डु, विटुच्च, विटुट, चन्दन, कामश्रेष्ठ, किन्नुघण्डु, निघण्डु, पनाद, औपमन्यु और देवपुत्र मातलि, चित्रसेन तथा जननायक नलराजा, पञ्चशिख, तिम्बरु एवं सूर्यवर्चसा– इसी तरह के दूसरे गन्धर्व-राजा भी अन्य राजाओं के साथ भिक्षुसङ्घ के दर्शनहेतु इस वन में आये हुए हैं।।

८. "आकाश और वैशाली के वासी नाग, तक्षक के साथ, तथा प्रयाग के निवासी कम्बलाश्वतर भी अपने अपने नाते–रिश्तेदारों के साथ....।।

"यामुना धतरट्ठा च, आगू नागा यसस्सिनो।
एरावणो महानागो, सोपागा समितिं वनं॥
"ये नागराजे सहसा हरन्ति, दिब्बा दिजा पक्खि विसुद्धचक्खू।
वेहायसा ते वनमज्झपत्ता, चित्रा सुपण्णा इति तेस नामं॥ [R.259]
"अभयं तदा नागराजानमासि, सुपण्णतो खेममकासि बुद्धो।
सण्हाहि वाचाहि उपव्हयन्ता, नागा सुपण्णा सरणं अकंसु बुद्धं॥

९. "जिता वजिरहत्थेन, समुद्दं असुरासिता।
भातरो वासवस्सेते, इद्धिमन्तो यसस्सिनो॥
"कालकञ्जा महाभीस्मा, असुरा दानवेघसा।
वेपचित्ति सुचित्ति च, पहारादो नमुची सह॥
"सतं च बलिपुत्तानं, सब्बे वेरोचनामका।
सन्नय्हित्वा बलिसेनं, राहुभद्दमुपागमुं।
समयो दानि भद्दन्ते, भिक्खूनं समितिं वनं॥

१०. "आपो च देवा पथवी, तेजो वायो तदागमुं।
वरुणा वारणा देवा, सोमो च यससा सह।
मेत्ता करुणा कायिका, आगुं देवा यसस्सिनो॥
"दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो। [N.194]
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो। [B.208]
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"वेण्डुदेवा सहलि च, असमा च दुवे यमा।
चन्दस्सूपनिसा देवा, चन्दमागुं पुरक्खत्वा॥

"यमुना में रहने वाले यशस्वी धार्तराष्ट्र नाग भी यहाँ....। इसी तरह ऐरावण नाग भी....।।

"वे विशुद्ध दिव्यचक्षुष्क पक्षी भी, जो कि इन नागराजाओं को सहसा भोजनहेतु उठा ले जाते हैं, आकाशमार्ग से इस वन में भिक्षुसङ्घ के दर्शनहेतु आये हुए हैं। इनके नाम हैं– चित्र और सुपर्ण।

"यहाँ इन नागराजों को उनसे कोई भय नहीं है; क्योंकि भगवान् बुद्ध ने उनको इन पक्षियों से यहाँ अभय रहने का वर देखा है। (अतएव) यहाँ वे दोनों (नाग और पक्षी) बुद्ध की शरण में बैठे परस्पर मीठी–मीठी बातों से सँलाप करते हुये दिखायी दे रहे हैं।।

९. "समुद्र में आश्रय लिये हुए ऋद्धिमान् द्युतिमान् असुर, जिनको कभी वज्र हाथ में लेकर इन्द्र ने पराजित किया था, वे आज इन्द्र से सुलह कर उसके भाई बन गये हैं।

"कालक नामक महाभयङ्कर (महाभीष्म) असुर प्रबल वेग से आया। तथा वेपचित्ति, सुवित्ति, प्रह्लाद एवं नमुचि के साथ सौ वैरोचन नामक बलिपुत्र बलिसेवा को सन्नद्ध कर राहुभद्र के पास गये और बोले– 'श्रीमन्! महावन में भिक्षुओं का सम्मेलन हो रहा है। (उसके दर्शनहेतु चला जाय)"।।

१०. "वरुण, वारण एवं सोम नामक जल, पृथ्वी, तेज एवं वायु के अधिष्ठातृ देवता यहाँ आये हुये हैं। ये सभी यशस्वी मैत्री एवं करुणाभावना से युक्त हैं।।

"दशधा शरीर वाले, नाना वर्ण, ऋद्धिमान्....ये दश देवता यहाँ आये हुए हैं।।

"सुरियस्सूपनिसा देवा, सुरियमागुं पुरक्खत्वा।
नक्खत्तानि पुरक्खत्वा, आगुं मन्दवलाहका।
[R.260] वसूनं वासवो सेट्ठो, सक्कोपागा पुरिन्ददो॥
"दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"अथागुं सहभू देवा, जलमग्गिसिखारिव।
अरिट्ठका च रोजा च, उमापुप्फनिभासिनो॥
"वरुणा सहधम्मा च, अच्चुता च अनेजका।
सूलेय्यरुचिरा आगुं, आगुं वासवनेसिनो।
दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो॥
"इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"समाना महासमाना, मानुसा मानुसुत्तमा।
खिड्डापदोसिका आगुं, आगुं मनोपदोसिका॥
"अथागुं हरयो देवा, ये च लोहितवासिनो।
पारगा महापारगा, आगुं देवा यसस्सिनो॥
"दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥

"चन्द्रलोक के अधिष्ठातृ देवता वेण्डुदेव एवं सहलि भी चन्द्रमा के साथ यहाँ आये हुए हैं।।

"सूर्यलोक के अधिष्ठातृ देवता भी सूर्य के नेतृत्व में यहाँ आये हैं।।

"नक्षत्र लोक से छोटे छोटे तारागण (मन्दबलाहक) भी बड़े नक्षत्रों की प्रधानता में यहाँ आये हुए हैं।।

"वसु देवताओं में श्रेष्ठ वासक, शक्र, इन्द्र भी यहाँ आये हुए हैं।।

"ये दश प्रकार के शरीर वाले, नानावर्ण, ऋद्धिमान्.....दश देवता प्रसन्नतापूर्वक इस भिक्षु-सम्मेलन के दर्शनार्थ इस वन में आये हुए हैं।।

"अग्निशिखा की तरह जाज्वल्यमान सहभूदेव एवं उमापुष्प (अलसी के फूल) की तरह आभा वाले अरिष्ट राजा भी यहाँ....आये हैं।।

"वरुण, सहधर्म, अच्युत, अनेजक, शूलेय, रुचिर, और वासवन-निवासी देवता भी यहाँ....आये हुए हैं।।

ये दश प्रकार के शरीर वाले, नानावर्ण दश देवता भी यहाँ भिक्षु-दर्शन के निमित्त आये हुए हैं।।

"समान, महासमान, मानुष, मानुषोत्तम, क्रीड़ाप्रदूषक एवं मनःप्रदूषक देवता भी यहाँ आये हुए हैं।।

"सुक्का करम्भा अरुणा, आगुं वेघनसा सह। [N.195]
ओदातगय्हा पामोक्खा, आगुं देवा विचक्खणा॥
"सदामत्ता हारगजा, मिस्सका च यसस्सिनो। [B.209]
थनयं आग पज्जुन्नो, यो दिसा अभिवस्सति॥
"दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"खेमिया तुसिता यामा, कट्ठका च यसस्सिनो। [R.261]
लम्बीतका लोमसेट्ठा, जोतिनामा च आसवा।
निम्मानरतिनो आगुं, अथागुं परनिम्मिता॥
"दसेते दसधा काया, सब्बे नानत्तवण्णिनो।
इद्धिमन्तो जुतीमन्तो, वण्णवन्तो यसस्सिनो।
मोदमाना अभिक्कामुं, भिक्खूनं समितिं वनं॥
"सट्ठेते देवनिकाया, सब्बे नानत्तवण्णिनो।
नामन्वयेन आगच्छुं, ये चञ्ञे सदिसा सह॥
"पवुत्थजातिमखिलं, ओघतिण्णमनासवं।
दक्खेमोघतरं नागं, चन्दं व असितातिगं॥
११. "सुब्रह्मा परमत्तो च, पुत्ता इद्धिमतो सह।
सनङ्कुमारो तिस्सो च, सोपाग समितिं वनं॥
"सहस्सं ब्रह्मलोकानं, महाब्रह्माभितिट्ठति।

"लोहित नगरवासी हरिदेव भी यहाँ आये हैं। इसी तरह पारग और महापारग नामक यशस्वी देवता भी यहाँ आये हुए हैं।।

"ये दशविध शरीर वाले, नानावर्ण, ऋद्धिमान्....दश देवता भी....आये हैं।।

"शुक्र, करम्भ, अरुण, वैरवानस, अवदातग्राह्य– ये सभी विचक्षण देवता एक साथ यहाँ .... आये हैं।।

"सदामत्त, हारगज, और यशस्वी मिश्रक देवता....आये हैं।।

पर्जन्य नामक देवता भी अपनी दिशा से यहाँ तक गर्जते, बरसते हुए ही.... आये हैं।।

"ये दश प्रकार के शरीर वाले नानावर्ण .... आये हैं।।

"ये क्षेमीय, तुषित, याम और यशस्वी काष्ठक, लम्बितक, लोमश्रेष्ठ, ज्योति और आसव नामक निर्माणरति एवं परिनिर्मित देवता भी... आये हैं।।

"ये दशविध शरीर वाले नाना वर्ण....आये हैं।।

"और इसी प्रकार के साठ अन्य देवनिकाय भी इसी निमित्त यहाँ आये हुए हैं। जो सभी नानावर्ण एवं नाना जाति वाले ऋद्धिमान्.... हैं।।

"यहाँ, हम जन्म–मरण एवं रागादि मलों से रहित, भव–सागर को पार करने वाले, आस्रवरहित, निष्कलङ्क चन्द्रमा– जैसे नाग (श्रेष्ठ) (देवता) को भी देखेंगे।।

उपपन्नो जुतीमन्तो, भीस्मकायो यसस्सि सो॥
"दसेत्थ इस्सरा आगुं, पच्चेकवसवत्तिनो।
तेसं च मज्झतो आग, हारितो परिवारितो॥

१२. "ते च सब्बे अभिक्कन्ते, सइन्दे देवे सब्रह्मके।
[N.196] मारसेना अभिक्कामि, पस्स कण्हस्स मन्दियं॥
[R.262] "एथ गण्हथ बन्धथ, रागेन बद्धमत्थु वो।
समन्ता परिवारेथ, मा वो मुञ्चित्थ कोचि नं॥
[B.210] "इति तत्थ महासेनो, कण्हो सेनं अपेसयि।
पाणिना तलमाहच्च, सरं कत्वान भेरवं॥
"यथा पावुस्सको मेघो, थनयन्तो सविज्जुको।
तदा सो पच्चुदावत्ति, सङ्कद्धो असयंवसे॥

१३. "तं च सब्बं अभिञ्ञाय, ववत्थित्वान चक्खुमा।
ततो आमन्तयी सत्था, सावके सासने रते॥
"मारसेना अभिक्कन्ता, ते विजानाथ भिक्खवो।
ते च आतप्पमकरुं, सुत्वा बुद्धस्स सासनं।
वीतरागेहि पक्कामुं, नेसं लोमा पि इञ्जयुं॥

---

११. "सुब्रह्मा, परमात्मा, ऋद्धिमान् के पुत्र सनत्कुमार और तिष्य भी यहाँ भिक्षुदर्शनहेतु साथ–साथ आये हैं।।

"हजारों ब्रह्मलोकों से ऊपर रहने वाले, महाब्रह्मा भी यहाँ आये हुए हैं, जो कि द्युतिमान, यशस्वी एवं विशाल आकार वाले हैं।।

"यहाँ प्रत्येक वशवर्ती लोक के दश ईश्वर (स्वामी) और उनसे घिरे हुए हारित भी यहाँ भिक्षुदर्शन निमित्त आये हैं।।

मार–सेना का भी पहुँचना– १२. "ब्रह्मा, इन्द्र आदि नेतृत्व में सभी देवताओं के आ जाने पर उस महावन में मार–सेना भी आ पहुँची। यह (इस सेना का इस समय यहाँ पहुँचना) उस कृष्ण वर्ण (मार) का मन्दभाग्य ही था!

"जैसे वर्षाकाल में, बिजली की कड़क के साथ, काला मेघ गर्जता है , उसी तरह गर्जकर, भयङ्कर शब्द करते हुए, भूमि पर हाथ पटकते हुये, उस मार के क्रोध के वशीभूत होकर– 'जाओ, पकड़ो, बाँधों, राग से सभी को वश में कर लो, चारों ओर से घेर लो, किसी को मत छोड़ो'– यह आदेश देते हुए अपनी विशाल सेना को भेजकर पीछे–पीछे क्रुद्ध मार भी वहाँ आया।

१३. "सेनासहित मार को पहुँचा हुआ देखकर सर्वद्रष्टा भगवान् बुद्ध ने भिक्षुसङ्घ को बताया।।

"भिक्षुओ! मारसेना पहुँच गयी है! सावधान हो जाओ।"

"बुद्ध का आदेश सुनकर समग्र भिक्षुसङ्घ धैर्यपूर्वक सचेत हो गया। इस तरह उस भिक्षुसङ्घ को वीतराग जानकर वह मारसेना विवश होकर वहाँ से भाग चली। उन भिक्षुओं का वह एक रोम भी टेढ़ा न कर सकी।।

''सब्बे विजितसङ्गामा, भयातीता यसस्सिनो।
मोदन्ति सह भूतेहि, सावका ते जनेसुता'' ति॥

महासमयसुत्तं निट्ठितं सत्तमं॥

क्योंकि वे सभी भिक्षु प्रसिद्ध (जनश्रुत) संग्रामविजयी एवं यशस्वी थे और वीतराग प्राणियों (आर्य देवता तथा मनुष्यों) के साथ सर्वथा प्रमुदित थे।।

सप्तम महासमयसूत्र समाप्त॥

८. सक्कपञ्हसुत्तं

१.पञ्चसिखो भगवन्तं वीणं अस्सावेसि

[N.197, B.211, R.263] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा मगधेसु विहरति, पाचीनतो राजगहस्स अम्बसण्डा नाम ब्राह्मणगामो तस्सुत्तरतो, वेदियके पब्बते इन्दसालगुहायं। तेन खो पन समयेन सक्कस्स देवानमिन्दस्स उस्सुक्कं उदपादि भगवन्तं दस्सनाय। अथ खो सक्कस्स देवानमिन्दस्स एतदहोसि—''कहं नु खो भगवा एतरहि विहरति अरहं सम्मासम्बुद्धो'' ति? अद्दसा खो सक्को देवानमिन्दो भगवन्तं मगधेसु विहरन्तं, पाचीनतो राजगहस्स अम्बसण्डा नाम ब्राह्मणगामो तस्सुत्तरतो, वेदियके पब्बते इन्दसालगुहायं। दिस्वान देवे तावतिंसे आमन्तेसि—''अयं, मारिसा, भगवा मगधेसु विहरति, पाचीनतो राजगहस्स अम्बसण्डा ब्राह्मणगामो तस्सुत्तरतो, वेदियके पब्बते इन्दसालगुहायं। यदि पन, मारिसा, मयं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्याम अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं'' ति? ''एवं भद्दन्तवा'' ति खो देवा तावतिंसा सक्कस्स देवानमिन्दस्स पच्चस्सोसुं।

[R.264] २. अथ खो सक्को देवानमिन्दो पञ्चसिखं गन्धब्बपुत्तं आमन्तेसि—''अयं, तात पञ्चसिख, भगवा मगधेसु विहरति, पाचीनतो राजगहस्स अम्बसण्डा नाम ब्राह्मणगामो तस्सुत्तरतो, वेदियके पब्बते इन्दसालगुहायं। यदि पन, तात पञ्चसिख, मयं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्याम अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं'' ति? ''एवं भद्दन्तवा'' ति खो पञ्चसिखो गन्धब्बदेवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा बेलुवपण्डुवीणं आदाय सक्कस्स देवानमिन्दस्स अनुचरियं उपागमि।

३. अथ खो सक्को देवानमिन्दो देवेहि तावतिंसेहि परिवुतो पञ्चसिखेन गन्धब्बदेवपुत्तेन पुरक्खतो—सेय्यथापि नाम बलवा पुरिसो समिञ्जितं वा बाहं पसारेय्य, पसारितं वा बाहं

---

८. शक्रप्रश्नसूत्र

१. पञ्चशिख गन्धर्व का भगवान् के सम्मुख वीणावादन

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) मगध देश में प्राचीन राजगृह से पूर्व अम्बषण्ड नामक ब्राह्मण ग्राम से उत्तर वेदियक पर्वत की इन्द्रशाल गुफा में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय देवराज इन्द्र के मन में भगवान् के दर्शन की उत्कण्ठा हुई। उसने मन में सोचा— ''भगवान्....इस समय कहाँ विराजमान होंगे?'' तब देवेन्द्र शक्र को मगध में प्राचीन राजगृह....इन्द्रशाल गुफा में विराजमान भगवान् दिखायी दिये। उन्हें देखकर उसने त्रायस्त्रिंश देवों से यह कहा— ''मार्षो! ये भगवान् इस समय.... इन्द्रशाल गुफा में विराजमान हैं। क्यों न हम उन भगवान्....के दर्शन के लिये वहाँ चलें!'' उन देवताओं ने ''ठीक है, श्रीमन्!''— यों उत्तर दिया।

२. तब देवेन्द्र शक्र ने पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र को यह आदेश दिया— ''तात पञ्चशिख! ये भगवान्....इस समय....इन्द्रशाल गुफा में विराजमान हैं। हम उनके दर्शनहेतु वहाँ चलना चाहते हैं।'' ''अच्छा, श्रीमन्''— यों कहकर वह पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र वेलुवपण्डु (बांस की बनी पीली) वीणा (तन्दूरा) को लेकर इन्द्र के पीछे चलने के लिये सन्नद्ध हो गया।

३. देवेन्द्र शक्र त्रायस्त्रिंश देवों को साथ कर और पञ्चशिख गन्धर्व को आगे कर, जैसे कोई

समिञ्जेय्य; एवमेव देवेसु तावतिंसेसु अन्तरहितो, मगधेसु पाचीनतो राजगहस्स अम्बसण्डा नाम ब्राह्मणगामो तस्सुत्तरतो, वेदियके पब्बते पच्चुट्ठासि। तेन खो पन समयेन वेदियको पब्बतो अतिरिव ओभासजातो होति अम्बसण्डा च ब्राह्मणगामो—यथा तं देवानं [B.212] देवानुभावेन। अपिस्सुदं परितो गामेसु मनुस्सा एवमाहंसु—"आदित्तस्सु नामज्ज [N.198] वेदियको पब्बतो, झायतिसु नामज्ज वेदियको पब्बतो, जलतिसु नामज्ज वेदियको पब्बतो, किंसु नामज्ज वेदियको पब्बतो अतिरिव ओभासजातो, अम्बसण्डा च ब्राह्मणगामो" ति, संविग्गा लोमहट्ठजाता अहेसुं।

४. अथ खो सक्को देवानमिन्दो पञ्चसिखं गन्धब्बदेवपुत्तं आमन्तेसि—"दुरुपसङ्कमा खो, तात पञ्चसिख, तथागता मादिसेन झानरता तदन्तरं पटिसल्लीना। यदि पन त्वं, [R.265] तात पञ्चसिख, भगवन्तं पठमं पसादेय्यासि! तया, तात, पठमं पसादितं पच्छा मयं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमेय्याम अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं" ति। "एवं भद्दन्तवा" ति खो पञ्चसिखो गन्धब्बदेवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा बेलुवपण्डुवीणं आदाय येन इन्दसालगुहा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा, "एत्तावता मे भगवा नेव अतिदूरे भविस्सति नाच्चासन्ने, सद्दं च सोस्सती" ति एकमन्तं अट्ठासि।

५. एकमन्तं ठितो खो पञ्चसिखो गन्धब्बदेवपुत्तो बेलुवपण्डुवीणं अस्सावेसि इमा च गाथा अभासि बुद्धूपसञ्हिता धम्मूपसञ्हिता सङ्घूपसञ्हिता अरहन्तूपसञ्हिता कामूपसञ्हिता—

"वन्दे ते पितरं भद्दे, तिम्बरुं सुरियवच्छसे।
येन जातासि कल्याणी, आनन्दजननी मम॥
"वातो व सेदतं कन्तो, पानीयं व पिपासतो।
अङ्गीरसि पियामेसि, धम्मो अरहतामिव॥

बलवान् पुरुष पसारी हुई बाँह को.... वैसे ही त्रायस्त्रिंश लोक से अन्तर्हित होकर....वेदियक पर्वत पर प्रकट हुआ। उस समय वह वेदियक पर्वत और वह अम्बषण्ड ब्राह्मणग्राम उन देवताओं की कान्ति से अत्यधिक देदीप्यमान हुआ। आस-पास के ग्रामों के रहने वाले मनुष्यों के मुख से यह बात अचानक निकल पड़ी कि 'अरे! आज यह वेदियक पर्वत और यह अम्बषण्ड ग्राम इतने अधिक क्यों चमक (प्रकाशमान हो) रहे हैं।' वे ग्रामवासी, यह देखकर अत्यधिक उद्विग्न तथा रोमाञ्चपूर्ण हो उठे।

४. तब देवेन्द्र शक्र ने पञ्चशिख गन्धर्व देवपुत्र को कहा— "तात पञ्चशिख! ध्यानमग्न, समाधिस्थ तथागत के पास मेरे जैसा कोई सहसा नहीं जा सकता। अच्छा हो, यदि तुम पहले जाकर प्रसन्न कर लो। तब हम उन तथागत....का दर्शन करने हेतु उनके पास चलें।" "जैसी आज्ञा, श्रीमन्"— कहकर पञ्चशिख अपनी सूखे बाँस की पीली वीणा को लेकर इन्द्रशाल गुफा के न अधिक निकट और न अधिक दूर, जहाँ से भगवान् उसकी वीणा के स्वर सुन सकें, एक तरफ खड़ा हो गया।

५. एक ओर खड़ा वह पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र अपनी वीणा पर ये गाथाएँ सुनाने लगा, जो कि बुद्ध, धर्म, सङ्घ, ज्ञान एवं कामभोगों के वर्णन से सम्पृक्त थीं—

"भद्रे सूर्यवर्चसे! तेरे पिता तिम्बरु की वन्दना करता हूँ, जिससे, हे कल्याणि! मेरे लिये आनन्द-प्रदात्री तूँ उत्पन्न हुई।

[R.266] "आतुरस्सेव भेसज्जं, भोजनं व जिघच्छतो।
परिनिब्बापय मं भद्दे, जलन्तमिव वारिना॥

[N.199, B.213] "सीतोदकं पोक्खरणिं, युत्तं किञ्जक्खरेणुना।
नागो घम्माभितत्तो व, ओगाहे ते थनूदरं॥

"अच्चङ्कुसो व नागो व, जितं मेत्ततोमरं।
कारणं नप्पजानामि, सम्मत्तो लक्खणूरुया॥

"तयि गेधितचित्तोस्मि, चित्तं विपरिणामितं।
पटिगन्तुं न सक्कोमि, वङ्कघस्तोव अम्बुजो॥

"वामूरु सज मं भद्दे, सज मं मन्दलोचने।
पलिस्सज मं कल्याणि, एतं मे अभिपत्थितं॥

"अप्पको वत मे सन्तो, कामो वेल्लितकेसिया।
अनेकभावो समुप्पादि, अरहन्तेव दक्खिणा॥

"यं मे अत्थि कतं पुञ्ञं, अरहन्तेसु तादिसु।
तं मे सब्बङ्गकल्याणि, तया सद्धिं विपच्चतं॥

[R.267] "यं मे अत्थि कतं पुञ्ञं, अस्मिं पथविमण्डले।
तं मे सब्बङ्गकल्याणि, तया सद्धिं विपच्चतं॥

"सक्यपुत्तो व झानेन, एकोदि निपको सतो।
अमतं मुनि जिगिंसानो, तमहं सुरियवच्छसे॥

"जैसे पसीने से भीगे क्लान्त (थके) पुरुष के लिये वायु, प्यासे को जल एवं ज्ञानियों को ज्ञान प्रिय होता है, उसी तरह आङ्गिरसे! तूँ मुझे प्रिय है।

"जैसे रोगी को औषध, भूखे को भोजन, जलते हुए को जल शान्ति प्रदान करता है, वैसे ही तूँ भी मुझे शान्ति प्रदान कर।

"पुष्परेणु (पराग) से परिपूर्ण शीतल जल वाली पुष्करिणी को अवगाहन करनेवाले धूप में सन्तप्त हाथी की तरह मैं तुम्हारे स्तनोदर का अवगाहन करूँ।

"भाले तथा अंकुश द्वारा निरंकुश मत्त गज की भाँति तुमने मुझको जीत लिया। मैं समझ नहीं पा रहा हूँ कि सुन्दर (श्लक्ष्ण) जांघों वाली तुम ने मुझ को इतना पागल कैसे बना दिया!

"मेरा मन तुझ में आसक्त है, मैंने अपना हृदय तुझ पर वार दिया है! पंक में फँसे कमल की भाँति मैं अब पीछे लौटने में असमर्थ हूँ।

वामोरु! भद्रे! मेरा आलिङ्गन कर! मन्दलोचने! मुझे आलिङ्गित कर! हे कल्याणि! मुझ से गले मिल! यही मेरी हार्दिक इच्छा (अभिप्रार्थित) है!

"हे घुँघराले बालों वाली! (तुम ने मुझसे इतने समय तक) न मिलकर मेरे उन्माद को (निराशा में बदलकर) कुछ तो शान्त किया है, परन्तु इससे तुम्हारा तो कोई लाभ नहीं हुआ, अपितु इससे मेरा मन अर्हतों के प्रति अधिक आदरभावयुक्त हो गया है।

"हे सर्वाङ्गशोभने! मैंने अर्हत् तथागतों में मन लगाकर जो कुछ भी पुण्य किया है, वह सब तेरे साथ भोगने में लगे।

"यथा पि मुनि नन्देय्य, पत्वा सम्बोधिमुत्तमं।
एवं नन्देय्यं कल्याणि मिस्सीभावं गतो तया॥
"सक्को चे मे वरं दज्जा, तावतिंसानमिस्सरो।
ताहं भद्दे वरेय्याहे, एवं कामो दळ्हो मम॥
"सालं व न चिरं फुल्लं, पितरं ते सुमेधसे।
वन्दमानो नमस्सामि, यस्सा सेतादिसी पजा" ति॥

६. एवं वुत्ते भगवा पञ्चसिखं गन्धब्बदेवपुत्तं एतदवोच—"संसन्दति खो ते, [N.200] पञ्चसिख, तन्तिस्सरो गीतस्सरेन गीतस्सरो च तन्तिस्सरेन; न च पन, पञ्चसिख, तन्तिस्सरो गीतस्सरं अतिवत्तति गीतस्सरो च तन्तिस्सरं। कदा संयूळ्हा पन ते, पञ्चसिख, [B.214] इमा गाथा बुद्धूपसञ्हिता धम्मूपसञ्हिता सङ्घूपसञ्हिता अरहन्तूपसञ्हिता कामूपसञ्हिता" ति?

"एकमिदं, भन्ते, समयं भगवा उरुवेलायं विहरति नज्जा नेरञ्जराय तीरे अजपालनिग्रोधे पठमाभिसम्बुद्धो। तेन खो पनाहं, भन्ते, समयेन भद्दा नाम सुरियवच्छसा तिम्बरुनो [R.268] गन्धब्बरञ्ञो धीता तमभिकङ्खामि। सा खो पन, भन्ते, भगिनी परकामिनी होति; सिखण्डी नाम मातलिस्स सङ्गाहकस्स पुत्तो तमभिकङ्खति। यतो खो अहं, भन्ते, तं भगिनिं नालत्थं केनचि परियायेन, अथाहं बेलुवपण्डुवीणं आदाय येन तिम्बरुनो गन्धब्बरञ्ञो निवेसनं

"हे सर्वाङ्गसुखदे! मैंने इस पृथ्वीमण्डल पर जो कुछ भी पुण्य किया है, वह सब तेरे साथ भोग करने में व्यय हो जाय।

"हे सूर्यवर्चसे! जैसे शाक्यपुत्र मुनि ध्यान द्वारा एकाग्र, एकान्तसेवी, स्मृतिसंयुक्त हो अमृत पाना चाहते हैं, वैसे ही मैं तुम्हें पाना चाहता हूँ।

"कल्याणि! जैसे मुनि (बुद्ध) उत्तम सम्बोधि (परम ज्ञान) प्राप्त कर आनन्दित हुए, वैसे ही मैं भी तुम्हें पाकर आनन्दित होना चाहता हूँ।

"यदि त्रायस्त्रिंश लोक के स्वामी देवेन्द्र शक्र (तुम्हारे बदले में) कोई और वर देना चाहें तो मेरा प्रेम तुम्हारे प्रति इतना दृढ़ है कि मैं उस वर को भी अस्वीकार कर दूँगा।

"भो सुमेधे! कुछ ही समय पहले फूले सालवन की तरह तेरे पिता को मैं स्तुतिपूर्वक, नमस्कार करता हूँ। जिसको तुम्हारे जैसी (सुन्दर) पुत्री मिली है।"

६. (पञ्चशिख द्वारा गायी) इन गाथाओं को सुनने के बाद, भगवान् उस पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र को यों बोले— "पञ्चशिख! तुम्हारी वीणा का स्वर तुम्हारे स्वर से और तुम्हारे स्वर से तुम्हारी वीणा के स्वर सर्वथा मिलते हैं। रे पञ्चशिख! न तो तुम्हारी वीणा का स्वर तुम्हारे स्वर से इधर–उधर जाता है और न ही तुम्हारा स्वर तुम्हारी वीणा के स्वर से इधर–उधर जाता है। तुमने इन बुद्ध–धर्म–सङ्घ–ज्ञान–भोग सम्बन्धी गाथाओं की रचना कब की?"

"भन्ते! जिस समय भगवान् ऊरुवेला में नेरञ्जरा नदी के किनारे अजपाल न्यग्रोध वृक्ष के प्रथम सम्बोधि प्राप्ति हेतु प्रयासरत थे, उस समय, भन्ते! मैं तिम्बरु गन्धर्वराज की कन्या भद्रा सूर्यवर्चसा पर आसक्त था। किन्तु भन्ते! वह स्त्री किसी दूसरे, मातलि सङ्गाहक के पुत्र, शिखण्डी गन्धर्व पर आसक्त थी। भन्ते! जब मैं उस स्त्री को किसी भी उपाय से अपनी ओर नहीं खींच पाया तो मैं अपनी यह सूखे बाँस

तेनुपसङ्कमिं; उपसङ्कमित्वा बेलुवपण्डुवीणं अस्सावेसिं, इमा च गाथायो अभासिं बुद्धूपसञ्हिता धम्मूपसञ्हिता सङ्घूपसञ्हिता अरहन्तूपसञ्हिता कामूपसञ्हिता—

'वन्दे ते पितरं भद्दे, तिम्बरुं सुरियवच्छसे।
येन जातासि कल्याणी, आनन्दजननी मम॥ .... पे० ....॥
'सालं व न चिरं फुल्लं, पितरं ते सुमेधसे।
वन्दमानो नमस्सामि, यस्सा सेतादिसी पजा' ति।

''एवं वुत्ते, भन्ते, भद्दा सुरियवच्छसा मं एतदवोच—'न खो मे, मारिस, सो भगवा सम्मुखा दिट्ठो, अपि च सुतोयेव मे सो भगवा देवानं तावतिंसानं सुधम्मायं सभायं उपनच्चन्तिया। [R.269] यतो खो त्वं, मारिस, तं भगवन्तं कित्तेसि, होतु नो अज्ज समागमो' ति। सोयेव नो, भन्ते, तस्सा भगिनिया सद्धिं समागमो अहोसि, न च दानि ततो पच्छा'' ति।

२. सक्को देवानमिन्दो भगवन्तं उपसङ्कमि

७. अथ खो सक्कस्स देवानमिन्दस्स एतदहोसि—''पटिसम्मोदति पञ्चसिखो गन्धब्बदेवपुत्तो भगवता, भगवा च पञ्चसिखेना'' ति। अथ खो सक्को देवानमिन्दो पञ्चसिखं गन्धब्बदेवपुत्तं आमन्तेसि—''अभिवादेहि मे त्वं, तात पञ्चसिख, भगवन्तं—'सक्को, भन्ते, देवानमिन्दो सामच्चो सपरिजनो भगवतो पादे सिरसा वन्दती' '' ति। ''एवं भद्दन्तवा'' ति खो [N.201] पञ्चसिखो गन्धब्बदेवपुत्तो सक्कस्स देवानमिन्दस्स पटिस्सुत्वा भगवन्तं अभिवादेसि— [B.215] ''सक्को, भन्ते, देवानमिन्दो सामच्चो सपरिजनो भगवतो पादे सिरसा वन्दती'' ति।

''एवं सुखी होतु, पञ्चसिख, सक्को देवानमिन्दो सामच्चो सपरिजनो; सुखकामा हि देवा मनुस्सा असुरा नागा गन्धब्बा ये चञ्ञे सन्ति पुथुकाया'' ति।

८. एवं च पन तथागता एवरूपे महेसक्खे यक्खे अभिवदन्ति। अभिवदितो सक्को

वाली पीली वीणा लेकर तिम्बरु गन्धर्वराज के आवास पर पहुँचा और वहाँ पहुँचकर इस वेणुवीणा पर मैंने ये गाथाएँ, जिनमें कि बुद्ध, धर्म, सङ्घ, ज्ञान एवं काम का मिश्रण है, उसे सुनायीं—

'भद्रे! सूर्यवर्चसे! तुम्हारे पिता तुम्बरु की वन्दना....पूर्ववत्....जिसको तुम्हारे जैसी सुन्दर पुत्री मिली है।'

''भन्ते! ये गाथाएँ गाने के बाद भद्रा सूर्यवर्चसा मुझ से बोली— मार्ष! उन भगवान् के मैंने प्रत्यक्ष दर्शन नहीं किये हैं, किन्तु जब त्रायस्त्रिंश देवसभा (सुधर्मा) में जब मैं नृत्य करने गयी थी तो उन भगवान् के विषय में सुना था। मार्ष! आप उन का कीर्तन करते हैं, इसलिये आज हम लोगों का समागम हो।' उसके साथ वहीं समागम हुआ है, उसके बाद आजतक फिर वह कभी नहीं मिली।''

२. देवेन्द्र शक्र का भगवान् के सम्मुख गमन

७. तब देवेन्द्र शक्र के मन में यह हुआ— 'अब, भगवान् प्रसन्न होकर पञ्चशिख से बात कर रहे हैं।' तब देवेन्द्र शक्र ने पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र से कहा— ''पञ्चशिख! मेरी तरफ से भगवान् को प्रणाम करो— 'भन्ते! देवेन्द्र शक्र आप को प्रणाम करते हैं।' '' ''अच्छा, श्रीमन्''— इस तरह पञ्चशिख ने देवेन्द्र को उत्तर देकर भगवान् से कहा— ''भन्ते! देवेन्द्र शक्र आपको शिर झुकाकर प्रणाम करते हैं।'' ''पञ्चशिख! देवेन्द्र शक्र अपने अमात्यों तथा परिजनों के साथ सुखी रहें।''

८. तथागत इन लोगों इसी तरह आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद-प्राप्त देवेन्द्र शक्र भगवान् की

देवानमिन्दो भगवतो इन्दसालगुहं पविसित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि। देवा पि तावतिंसा इन्दसालगुहं पविसित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। पञ्चसिखो पि गन्धब्बदेवपुत्तो इन्दसालगुहं पविसित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं अट्ठासि।

तेन खो पन समयेन इन्दसालगुहा विसमा सन्ती समा समपादि, सम्बाधा सन्ती [R.270] उरुन्दा समपादि, अन्धकारो गुहायं अन्तरधायि, आलोको उदपादि—यथा तं देवानं देवानुभावेन।

९. अथ खो भगवा सक्कं देवानमिन्दं एतदवोच—"अच्छरियमिदं आयस्मतो कोसियस्स, अब्भुतमिदं आयस्मतो कोसियस्स, ताव बहुकिच्चस्स बहुकरणीयस्स यदिदं इधागमनं" ति।

"चिरपटिकाहं, भन्ते, भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमितुकामो; अपि च देवानं तावतिंसानं केहिचि किच्चकरणीयेहि ब्यावटो; एवाहं नासक्खिं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमितुं। एकमिदं, भन्ते, समयं भगवा सावत्थियं विहरति सलळागारके। अथ ख्वाहं, भन्ते, सावत्थिं अगमासिं भगवन्तं दस्सनाय। तेन खो पन, भन्ते, समयेन भगवा अञ्ञतरेन समाधिना निसिन्नो होति, भूजति च नाम वेस्सवणस्स महाराजस्स परिचारिका भगवन्तं पच्चुपट्ठिता होति पञ्जलिका नमस्समाना तिट्ठति। अथ ख्वाहं, भन्ते, भूजतिं एतदवोचुं—'अभिवादेहि मे त्वं, भगिनि, भगवन्तं—सक्को, भन्ते, देवानमिन्दो सामच्चो सपरिजनो भगवतो पादे सिरसा वन्दती' ति। एवं वुत्ते, भन्ते, सा भूजति मं एतदवोच—'अकालो खो, मारिस, भगवन्तं दस्सनाय; [N.202] पटिसल्लीनो भगवा' ति।

'तेन हि, भगिनि, यदा भगवा तम्हा समाधिम्हा वुट्ठितो होति अथ मम [R.271] वचनेन भगवन्तं अभिवादेहि—सक्को, भन्ते, देवानमिन्दो सामच्चो सपरिजनो भगवतो [B.216] पादे सिरसा वन्दती' ति।

इन्द्रशाल–गुफा में प्रवेश कर भगवान् को प्रणाम कर एक तरफ खड़ा हो गया। त्रायस्त्रिंश देव भी....खड़े हो गये। पञ्चशिख गन्धर्वपुत्र भी.... खड़ा हो गया। उस समय इन्द्रशाल गुफा का जो भाग टेढ़ा–मेढ़ा था, जो सङ्कीर्ण था, वह विस्तृत हो गया और देवों के देवानुभाव से वह गुफा प्रकाश से भर गयी।

९. तब देवेन्द्र शक्र से भगवान् ने कहा– "आश्चर्य है आयुष्मन् कौशिक, अद्भुत है आयुष्मन् कौशिक! आप जैसे कार्यव्यस्त को इधर आने का अवकाश आज कैसे मिल गया!"

"भन्ते! मैं तो बहुत समय से आपके दर्शनहेतु आना चाहता था, परन्तु क्या बताऊँ इन त्रायस्त्रिंश देवों के आगे से आगे ऐसे कार्य आते गये कि उनमें व्यस्त होकर इधर आने का समय ही नहीं निकाल सका। एक समय, भन्ते! भगवान् श्रावस्ती के सललागार (गन्धकुटी) में विराजमान थे। तब मैं आपके दर्शन हेतु श्रावस्ती गया था। भन्ते! उस समय आप किसी समाधिविशेष में मग्न थे। और वैश्रवण महाराज की परिचारिका भूजति भगवान् की परिचर्या में लगी हुई हाथ जोड़े, सिर झुकाये खड़ी थी। तब, भन्ते! मैं उस भूजति परिचारिका से यों बोला– 'भगिनि! मेरी ओर से भगवान् से निवेदन करो– 'शक्र देवेन्द्र अमात्य एवं परिजनों सहित आपको शिर झुका कर प्रणाम करता है।' ऐसा कहने पर वह भूजति मुझसे बोली– 'मार्ष! भगवान् के दर्शन का यह समय नहीं है। भगवान् इस समय समाधिस्थ हैं।'

'भगिनि! तो भगवान् जब समाधि से उठें तो तभी मेरी ओर से उन्हें प्रणाम कर निवेदन करना कि देवेन्द्र शक्र.... आप को प्रणाम करता है।'

"कच्चि मे सा, भन्ते, भगिनी भगवन्तं अभिवादेसि? सरति भगवा तस्सा भगिनिया वचनं" ति?

"अभिवादेसि मं सा, देवानमिन्दो, भगिनी। सरामहं तस्सा भगिनिया वचनं। अपि चाहं आयस्मतो नेमिसद्देन तम्हा समाधिम्हा वुट्ठितो" ति।

"ये ते, भन्ते, देवा अम्हेहि पठमतरं तावतिंसकायं उपपन्ना तेसं मे सम्मुखा सुतं सम्मुखा पटिग्गहितं—'यदा तथागता लोके उप्पज्जन्ति अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा, दिब्बा काया परिपूरेन्ति, हायन्ति असुरकाया' ति। तं मे इदं, भन्ते, सक्खिदिट्ठं—यतो तथागतो लोके उप्पन्नो अरहं सम्मासम्बुद्धो, दिब्बा काया परिपूरेन्ति, हायन्ति असुरकाया ति।

गोपकवत्थु

१०. "इधेव, भन्ते, कपिलवत्थुस्मिं गोपिका नाम सक्यधीता अहोसि बुद्धे पसन्ना धम्मे पसन्ना सङ्घे पसन्ना सीलेसु परिपूरकारिनी। सा इत्थित्तं विराजेत्वा पुरिसत्तं भावेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपन्ना देवानं तावतिंसानं सहब्यतं अम्हाकं पुत्तत्तं अज्झुपगता। तत्र पि नं एवं जानन्ति—'गोपको देवपुत्तो, गोपको देवपुत्तो' ति। अञ्ञे पि, भन्ते, तयो भिक्खू भगवति ब्रह्मचरियं चरित्वा हीनं गन्धब्बकायं उपपन्ना। ते पञ्चहि कामगुणेहि समप्पिता समङ्गीभूता परिचारयमाना अम्हाकं उपट्ठानं आगच्छन्ति अम्हाकं पारिचरियं। ते [R.272] अम्हाकं उपट्ठानं आगते अम्हाकं पारिचरियं गोपको देवपुत्तो पटिचोदेसि—'कुतोमुखा नाम तुम्हे मारिसा तस्स भगवतो धम्मं अस्सुत्थ— अहं हि नाम इत्थिका समाना बुद्धे पसन्ना धम्मे पसन्ना सङ्घे पसन्ना सीलेसु परिपूरकारिनी इत्थित्तं विराजेत्वा पुरिसत्तं भावेत्वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपन्ना देवानं तावतिंसानं सहब्यतं सक्कस्स देवानमिन्दस्स

"भन्ते! क्या उसने मेरी ओर से आप को प्रणाम किया था? भगवान् को क्या उसकी कही बात का स्मरण है?"

"हाँ! देवेन्द्र उसने अभिवादन किया था। मुझे उसकी कही बात का स्मरण है। अपितु कहना चाहिये कि आपके रथ की गड़गड़ाहट से ही मेरी समाधि टूटी थी।"

"भन्ते! त्रायस्त्रिंश देवलोक में हम से पहले जो देवता हुए थे, उनको यह कहते हुए मैंने सुना है कि जब तथागत अर्हत्....संसार में पैदा होते हैं तब असुरों की संख्या कम होकर देवताओं की बढ़ती है। भन्ते! उसे मैंने आँखों से देख लिया कि तथागत जब....।

गोपककथा— १०. "भन्ते! इसी कपिलवस्तु में बुद्ध–धर्म–सङ्घ में श्रद्धालु एवं शील से युक्त गोपिका नाम की एक शाक्यपुत्री थी। वह स्त्रीचित्त से विरत रहती एवं पुरुष–चित्त की भावना करती हुई मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न हुई और त्रायस्त्रिंश देवलोक में हमारा पुत्र होकर पैदा हुई। वहाँ उसकी ख्याति 'गोपक देवपुत्र' नाम से हुई। इसी के साथ अन्य तीन भिक्षु भी भगवान् के धर्म का पालन करते हुए मरणानन्तर हीन गन्धर्वलोक में उत्पन्न हुए। वे पाँचों कामभोगों से सम्पन्न होकर हमलोगों की परिचर्या में, हमारे आवास में उपस्थित रहते हैं। एक बार, हम लागों की सेवा में आने पर, उनसे गोपक देवपुत्र ने कहा— 'मार्ष! आप लोगों ने भगवान् के उपदेशों को ध्यानपूर्वक क्यों नहीं सुना! और धर्मसाधना भलीभाँति क्यों नहीं की? मैं स्त्री होकर भी बुद्ध....में श्रद्धा....स्वर्गलोक में देवेन्द्र शक्र के पुत्ररूप में उत्पन्न हुआ हूँ। यहाँ भी लोग मुझे 'गोपक देवपुत्र' ही कहते हैं। मार्ष! एक तरफ आप लोग हैं कि भगवान्

पुत्तत्तं अज्झुपगता। इधा पि मं एवं जानन्ति— गोपको देवपुत्तो गोपको देवपुत्तो ति। [N.203] तुम्हे पन, मारिसा, भगवति ब्रह्मचरियं चरित्वा हीनं गन्धब्बकायं उपपन्ना। दुद्दिट्ठरूपं वत, भो, अद्दसाम, ये मयं अद्दसाम सहधम्मिके हीनं गन्धब्बकायं उपपन्ने' ति। तेसं, भन्ते, [B.217] गोपकेन देवपुत्तेन पटिचोदितानं द्वे देवा दिट्ठेव धम्मे सतिं पटिलभिंसु कायं ब्रह्मपुरोहितं, एको पन देवो कामे अज्झावसि।

११. 'उपासिका चक्खुमतो अहोसिं, नामं पि मय्हं अहु गोपिका ति।
बुद्धे च धम्मे च अभिप्पसन्ना, सङ्घञ्चुपट्ठासिं पसन्नचित्ता॥
'तस्सेव बुद्धस्स सुधम्मताय, सक्कस्स पुत्तोम्हि महानुभावो।
महाजुतीको तिदिवूपपन्नो, जानन्ति मं इधा पि 'गोपको' ति॥
'अथद्दसं भिक्खवो दिट्ठपुब्बे, गन्धब्बकायूपगते वसीने।
इमेहि ते गोतमसावकासे, ये च मयं पुब्बे मनुस्सभूता॥
'अन्नेन पानेन उपट्ठहिम्हा, पादूपसङ्गय्ह सके निवेसने।
कुतोमुखा नाम इमे भवन्तो, बुद्धस्स धम्मानि पटिग्गहेसुं॥ [R.273]
'पच्चत्तं वेदितब्बो हि धम्मो, सुदेसितो चक्खुमतानुबुद्धो।
अहं हि तुम्हेव उपासमानो, सुत्वान अरियान सुभासितानि॥
'सक्कस्स पुत्तोम्हि महानुभावो, महाजुतीको तिदिवूपपन्नो।
तुम्हे पन सेट्ठमुपासमाना, अनुत्तरं ब्रह्मचरियं चरित्वा॥ [N.204]
'हीनं कायं उपपन्ना भवन्तो, अनानुलोमा भवतूपपत्ति।
दुद्दिट्ठरूपं वत अद्दसाम, सहधम्मिके हीनकायूपपन्ने॥ [B.218]

के शासन में धर्म–साधना करके भी यहाँ अपेक्षाकृत हीन गन्धर्वलोक में ही उत्पन्न हो पाये! यह बहुत बुरा लगता है कि एक ही धर्म में साधना करके कोई स्वर्ग में आये और कोई हीन गन्धर्वलोक में उत्पन्न हो!'

"भन्ते! गोपक देवपुत्र के ऐसा कहने पर, उन (तीन देवपुत्रों) में से दो देवपुत्र देखते ही देखते स्मृति–लाभ कर, सावधान हो, ब्रह्मपुरोहित (देवता) के शरीर को प्राप्त हुए और एक (फिर भी) उसी कामलोक में ही रह गया।

११. 'चक्षुष्मान् (तथागत) की मैं उपासिका थी। मेरा नाम गोपिका था। बुद्ध, धर्म एवं सङ्घ के प्रति श्रद्धा रखते हुए उनकी सेवा करती थी।

'उसी बुद्ध के धर्मबल से आज मैं स्वर्गलोक में शक्र देवेन्द्र के महातेजस्वी पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ हूँ। यहाँ भी मुझे लोग गोपक देवपुत्र कहते हैं।

'मैंने अपने पूर्व परिचित (तीन) भिक्षुओं को इस हीन गन्धर्व–काय को प्राप्त हुए देखा। वे भी पहले मनुष्यलोक में भगवान् के धर्म की साधना करते थे।

'उस समय मैंने (गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए) इन लोगों के पैर धोये थे। अच्छे भोज्य, पेय पदार्थों से इनकी सेवा की थी; क्योंकि ये उस समय बुद्ध–धर्म को ग्रहण कर भिक्षु बने हुए थे। इन्होंने किस गलत ढंग से बुद्ध–धर्म का अभ्यास किया!

'बुद्धोपदिष्ट यह धर्म तो स्वयं साक्षात्कार करने योग्य है। मैंने तो आप लोगों की सेवा करते–करते ही इस धर्म के आनुभाव से यह पद प्राप्त किया है।

'गन्धब्बकायूपगता भवन्तो, देवानमागच्छथ पारिचरियं।
अगारे वसतो मय्हं, इमं पस्स विसेसतं॥
'इत्थी हुत्वा स्वज्ज पुमोम्हि देवो, दिब्बेहि कामेहि समङ्गिभूतो'।
ते चोदिता गोतमसावकेन, संवेगमापादु समेच्च गोपकं॥
'हन्द वियायाम ब्यायाम, मा नो मयं परपेस्सा अहुम्हा'।
[R.274] तेसं दुवे विरियमारभिंसु, अनुस्सरं गोतमसासनानि॥
'इधेव चित्तानि विराजयित्वा, कामेसु आदीनवमद्दसंसु।
ते कामसंयोजनबन्धनानि, पापिमयोगानि दुरच्चयानि॥
'नागो व सन्नानि गुणानि छेत्वा, देवे तावतिंसे अतिक्कमिंसु।
सइन्दा देवा सपजापतिका, सब्बे सुधम्माय सभायुपविट्ठा॥
[N.205] 'तेसं निसिन्नानं अभिक्कमिंसु, वीरा विरागा विरजं करोन्ता।
ते दिस्वा संवेगमकासि वासवो, देवाभिभू देवगणस्स मज्झे॥
[B.219] 'इमेहि ते हीनकायूपपन्ना, देवे तावतिंसे अभिक्कमन्ति'।
संवेगजातस्स वचो निसम्म, सो गोपको वासवमज्झभासि॥

'इसी के कारण आज मैं देवेन्द शक्र का अत्यधिक तेजस्वी पुत्र हूँ। स्वर्गलोक में उत्पन्न हुआ हूँ। इधर आप लोग हैं कि श्रेष्ठ बुद्ध की सेवा में रहकर तथा अनुपम ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करके भी।

'अयोग्य हीन काया को प्राप्त हुए हैं। यह देखने–सुनने में कष्टदायक ही लगता है कि एक ही धर्म का समान रूप से पालन करके भी कोई उत्तम लोक में उत्पन्न हो और कोई हीन लोक में।

'अब यही विशेषता देखिये– आप लोग साक्षात् भगवान् से प्रव्रज्या प्राप्त कर धर्म–साधना करते हुए भी अभी तक गन्धर्वलोक तक पहुँचे हैं; और मैं परम्परया, आप लोगों की सेवा करते हुए भी, उसी बुद्ध–धर्म का सम्यक्तया पालन कर स्वर्गलोक में उत्पन्न हो गया।

'उस लोक में स्त्री होकर भी (बुद्ध धर्मों का सम्यक्तया पालन कर) आज दिव्य काम भोगों का सेवन कर रहा हूँ।

'इत तरह वे भिक्षु गन्धर्व गोपक देवपुत्र द्वारा सम्प्रेरित होकर संवेग (उद्वेग=पश्चात्ताप) को प्राप्त हुए।

'उन्होंने सोचा– कितने शोक की बात है हम लोग उस श्रेष्ठ धर्म का ठीक से पालन न करने के कारण ही इस दास–भाव (गन्धर्व–शरीर) को प्राप्त हुए हैं। उनमें से दो ने पुनः वीर्यपूर्वक प्रयत्न कर बुद्धानुशासन का ठीक से पालन किया। और वे लौकिक कामभोगों में आदीनव देखकर उन से अपने चित्त को विरक्त कर पाये। जैसे हाथी बाँधी हुई रस्सियों को तोड़ देता है, वैसे ही कामसंयोजक बन्धनों को, जिनसे कि पापमय अकुशल धर्मों में प्रवृत्ति होती है, तोड़कर वे त्रायस्त्रिंश देवलोक में उत्पन्न हुए।

'उस समय वे इन्द्र और प्रजापति के साथ देवताओं की सुधर्मा सभा में बैठे। वे वैराग्य के सहारे अत्यन्त निर्मलचित्त होकर उन देवों से भी विशेष शोभा से समन्वित थे। उन्हें देखकर देवगणों में बैठे देवराज (देवाभिभू) इन्द्र को अत्यधिक संवेग हुआ–

'अरे ये कभी हीन काय में उत्पन्न हुए आज ये त्रायस्त्रिंश देवों से भी बढ़कर देदीप्यमान हैं।' देवेन्द्र शक्र के ये संवेगजन्य वचन सुनकर गोपक देवपुत्र ने यह कहा–

'बुद्धो जनिन्दत्थि मनुस्सलोके, कामाभिभू सक्यमुनी ति ञायति।
तस्सेव ते पुत्ता सतिया विहीना, चोदिता मया ते सतिमज्झलत्थुं॥

'तिण्णं तेसं आवसिनेत्थ एको, गन्धब्बकायूपगतो वसीनो। [R.275]
द्वे च सम्बोधिपथानुसारिनो, देवे पि हीळेन्ति समाहितत्ता॥

'एतादिसी धम्मप्पकासनेत्थ, न तत्थ किंकङ्खति कोचि सावको।
नितिण्णओघं विचिकिच्छछिन्नं, बुद्धं नमस्साम जिनं जनिन्दं'॥

''यं ते धम्मं इधञ्ञाय, विसेसं अज्झगंसु ते।
कायं ब्रह्मपुरोहितं, दुवे तेसं विसेसगू॥

''तस्स धम्मस्स पत्तिया, आगतम्हासि मारिस।
कतावकासा भगवता, पञ्हं पुच्छेमु मारिसा'' ति॥ [N.206]

१२. अथ खो भगवतो एतदहोसि—''दीघरत्तं विसुद्धो खो अयं यक्खो। यं किञ्चि मं पञ्हं पुच्छिस्सति सब्बं तं अत्थसञ्हितं येव पुच्छिस्सति नो अनत्थसञ्हितं। यञ्चस्साहं पुट्ठो ब्याकरिस्सामि तं खिप्पमेव आजानिस्सती'' ति।

१३. अथ खो भगवा सक्कं देवानमिन्दं गाथाय अज्झभासि— [B.200]

''पुच्छ वासव मं पञ्हं, यं किञ्चि मनसिच्छसि।
तस्स तस्सेव पञ्हस्स, अहं अन्तं करोमि ते'' ति॥

पठमभाणवारो निट्ठितो॥

'हे इन्द्र! मनुष्यलोक में कामभोगों पर विजय प्राप्त करने वाले शाक्य मुनि बुद्ध प्रसिद्ध हैं। उन्हीं के ये पुत्र स्मृतिविहीन हो गये थे, परन्तु मेरे प्रेरित करने पर पुनः स्मृति–प्राप्त हुए हैं।

'ये लोग कामभोगों की परवशता पार कर गये हैं। इन तीनों में से एक गन्धर्वलोक में ही रह गया। तथा दो सम्बोधि के मार्ग पर चल कर एकाग्रचित्त होते हुए त्रायस्त्रिंश देवों से भी आगे बढ़ गये।

'बुद्ध की ऐसी धर्मदेशना सुनकर किसी भिक्षु को कोई सन्देह–शङ्का नहीं रह जाती। अतः भवसागरपारगामी विगतसन्देह होकर जननेतृत्व करने वाले भगवान् बुद्ध को हम प्रणाम करते हैं।

'उन्हीं आपके इस धर्म को समझ कर ये इस वैशिष्ट्य को प्राप्त हुए हैं। इन दोनों ने ब्रह्मपुरोहित देव काय प्राप्त किया है।

''मार्ष! उसी धर्मश्रवण के लिये हम लोग आप की सेवा में उपस्थित हुए हैं। यदि आपका आदेश हो तो हम उस धर्म के विषय में कुछ प्रश्न करें।''

१२. तब भगवान् के मन में यह हुआ— ''यह शक्र बहुत दिनों से विशुद्धचित्त है। अब यह जो कुछ भी पूछेगा वह सार्थक ही होगा, निरर्थक नहीं। और मैं जो कुछ भी इसे बताऊँगा यह उसे तत्काल समझ लेगा।''

१३. तब भगवान् ने इस गाथा के माध्यम से शक्र को कहा—

''देवेन्द्र शक्र! तुम्हारे मन में मुझ से जो कुछ भी पूछने की इच्छा हो, पूछ सकते हो। तुम्हारे उस प्रश्न का उत्तर देकर मैं तुम्हें विगतसन्देह कर दूँगा।''

प्रथम भाणवार समाप्त॥

३. सक्कपञ्हविस्सज्जनं

इस्सामच्छरियसंयोजना सत्ता

[R.276] १४. कतावकासो सक्को देवानमिन्दो भगवता इमं भगवन्तं पठमं पञ्हं अपुच्छि— "किंसंयोजना नु खो, मारिस, देवा मनुस्सा असुरा नागा गन्धब्बा ये चञ्ञे सन्ति पुथुकाया ते—'अवेरा अदण्डा असपत्ता अब्यापज्जा विहरेमु अवेरिनो' ति इति च नेसं होति, अथ च पन सवेरा सदण्डा ससपत्ता सब्यापज्जा विहरन्ति सवेरिनो' ति? इत्थं सक्को देवानमिन्दो भगवन्तं पञ्हं अपुच्छि। तस्स भगवा पञ्हं पुट्ठो ब्याकासि—

"इस्सामच्छरियसंयोजना खो, देवानमिन्द, देवा मनुस्सा असुरा नागा गन्धब्बा ये चञ्ञे सन्ति पुथुकाया ते—'अवेरा अदण्डा असपत्ता अब्यापज्जा विहरेमु अवेरिनो' ति इति च नेसं होति, अथ च पन सवेरा सदण्डा ससपत्ता सब्यापज्जा विहरन्ति सवेरिनो" ति। इत्थं भगवा सक्कस्स देवानमिन्दस्स पञ्हं पुट्ठो ब्याकासि।

अत्तमनो सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दि अनुमोदि—"एवमेवं, भगवा, एवमेतं,सुगत। तिण्णा मेत्थ कङ्खा विगता कथङ्कथा भगवतो पञ्हवेय्याकरणं सुत्वा" ति (१)

इस्सामच्छरियं पियाप्पियपभवं

[N.207, R.277] १५. इतिह सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—

"इस्सामच्छरियं पन, मारिस, किंनिदानं किंसमुदयं किंजातिकं किंपभवं; किस्मिं सति इस्सामच्छरियं होति; किस्मिं असति इस्सामच्छरियं न होती" ति?

"इस्सामच्छरियं खो, देवानमिन्द, पियाप्पियनिदानं पियाप्पियसमुदयं पियाप्पियजातिकं पियाप्पियपभवं; पियाप्पिये सति इस्सामच्छरियं होति, पियाप्पिये असति इस्सामच्छरियं न होती" ति। (२)

---

३. देवेन्द्र शक्र के प्रश्नों का उत्तर

ईर्ष्या–मात्सर्यबद्ध प्राणी– १४. भगवान् से आज्ञा पाकर देवेन्द्र शक्र ने भगवान् से यह पहला प्रश्न पूछा–

"मार्ष! देव, मनुष्य, नाग, गन्धर्व एवं दूसरे प्राणी किस बन्धन से बन्धे हुए हैं कि वे यह चाहते हुए भी– 'हम वैररहित, दण्डरहित, शत्रुभावरहित एवं अहिंसारत होकर ही सब प्राणियों से व्यवहार करें', वे बैरी बन कर शत्रुता रखते हुए दण्ड–शस्त्र आदि द्वारा किसी भी प्राणी की हत्या करने में तत्पर हो जाते हैं?"– इन्द्र (शक्र) ने भगवान् से यह प्रश्न पूछा। भगवान् ने उसका यों उत्तर दिया–

"देवेन्द्र! ईर्ष्या एवं मात्सर्य के बन्धनों से बन्ध कर वे देव, मनुष्य, नाग, गन्धर्व एवं अन्य साधारण प्राणी यह चाहते हुए भी....पूर्ववत्....हत्या करने में तत्पर हो जाते हैं और परस्पर बैरी बन जाते हैं।" यों भगवान् ने उस देवेन्द्र शक्र के प्रथम प्रश्न का उत्तर दिया।

सन्तुष्ट होकर देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन किया– "ठीक है भगवन्! ठीक है सुगत! आप से प्रश्न का उत्तर सुनकर मेरे सभी सन्देह निवृत्त हो गये। (१)

ईर्ष्या और मात्सर्य का कारण– १५. यों, देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन कर भगवान् से दूसरा प्रश्न पूछा–

पियाप्पियं छन्दपभवं

"पियाप्पियं खो पन, मारिस, किंनिदानं किंसमुदयं किंजातिकं किंपभवं; [B.221] किस्मिं सति पियाप्पियं होति; किस्मिं असति पियाप्पियं न होती" ति?

"पियाप्पियं खो, देवानमिन्द, छन्दनिदानं छन्दसमुदयं छन्दजातिकं छन्दपभवं; छन्दे सति पियाप्पियं होति; छन्दे असति पियाप्पियं न होती" ति। (३)

छन्दो वितक्कपभवो

"छन्दो खो पन, मारिस, किंनिदानो किंसमुदयो किंजातिको किंपभवो; किस्मिं सति छन्दो होति; किस्मिं असति छन्दो न होती" ति?

"छन्दो खो, देवानमिन्द, वितक्कनिदानो वितक्कसमुदयो वितक्कजातिको वितक्कपभवो; वितक्के सति छन्दो होति; वितक्के असति छन्दो न होती" ति। (४)

वितक्को पपञ्चसञ्ञासङ्खापभवो

"वितक्को खो पन, मारिस, किंनिदानो किंसमुदयो किंजातिको किंपभवो; किस्मिं सति वितक्को होति; किस्मिं असति वितक्को न होती" ति?

"वितक्को खो, देवानमिन्द, पपञ्चसञ्ञासङ्खानिदानो पपञ्चसञ्ञासङ्खासमुदयो पपञ्चसञ्ञासङ्खाजातिको पपञ्चसञ्ञासङ्खापभवो; पपञ्चसञ्ञासङ्खाय सति वितक्को होति; पपञ्चसञ्ञासङ्खाय असति वितक्को न होती" ति। (५)

पपञ्चसञ्ञासङ्खानिरोधगामिनी पटिपदा

"कथंपटिपन्नो पन, मारिस, भिक्खु पपञ्चसञ्ञासङ्खानिरोधसारुप्पगामिनिं [N.208] पटिपदं पटिपन्नो होती" ति?

१६. "सोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि [R.278]

"मार्ष! इन ईर्ष्या और मात्सर्य का क्या कारण, क्या समुदय, क्या जाति और क्या प्रभव है? और किस के न होने पर ये नहीं होते?"

"देवेन्द्र! ये ईर्ष्या और मात्सर्य प्रिय एवं अप्रिय के कारण उत्पन्न होते हैं, समुदित होते हैं, प्रभूत होते हैं। इन प्रिय–अप्रिय के न होने पर ये ईर्ष्या–मात्सर्य नहीं होते।" (२)

प्रिय–अप्रिय का कारण– "इन ईर्ष्या–मात्सर्य के उत्पादक प्रिय–अप्रियों का कारण छन्द (चाह) है। इस छन्द के होने से ये बाते हैं, न होने पर नहीं होते।" (३)

छन्द का कारण– "इस छन्द का उत्पादक कारण है– वितर्क। वितर्क के होने पर ही छन्द होता है। वितर्क के न होने पर छन्द भी नहीं होता।" (४)

वितर्क का कारण– "मार्ष वितर्क का क्या...है? किसके होने पर यह होता है? किसके न होने पर नहीं होता?"

"देवेन्द्र! वितर्क का कारण है– प्रपञ्च संज्ञा संख्या (यहाँ त्रिविध 'प्रपञ्च' यों जानने चाहिये– १. तृष्णाप्रपञ्च, २. मानप्रपञ्च एवं ३. दृष्टिप्रपञ्च)। इस प्रपञ्च के होने पर वितर्क का उद्भव होता है। न होने पर, नहीं होता।" (५)

प्रपञ्चसंज्ञासङ्ख्यानिरोधगामिनी प्रतिपदा– "मार्ष! क्या करने से साधक भिक्षु इस प्रपञ्चसंज्ञासङ्ख्या के निरोध–मार्ग पर आरूढ़ होता है?"

असेवितब्बं पि। दोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। उपेक्खं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि।

१७.''सोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा सोमनस्सं' इमं खो मे सोमनस्सं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपं सोमनस्सं न [B.222] सेवितब्बं। तत्थ यं जञ्ञा सोमनस्सं 'इमं खो मे सोमनस्सं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपं सोमनस्सं सेवितब्बं। तत्थ यं चे सवितक्कं सविचारं, यं चे अवितक्कं अविचारं, ये अवितक्के अविचारे, ते पणीततरे। सोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१८.''दोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा दोमनस्सं 'इमं खो मे दोमनस्सं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपं दोमनस्सं न सेवितब्बं। तत्थ यं जञ्ञा दोमनस्सं 'इमं खो मे दोमनस्सं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपं दोमनस्सं सेवितब्बं। तत्थ यं चे सवितक्कं सविचारं, यं चे अवितक्कं अविचारं, ये अवितक्के अविचारे, ते पणीततरे। दोमनस्सं पाहं, देवानमिन्द, [R. 279] दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

१९.''उपेक्खं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा उपेक्खं 'इमं खो मे उपेक्खं सेवतो [N.209] अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपा उपेक्खा न सेवितब्बा। तत्थ यं जञ्ञा उपेक्खं 'इमं खो मे उपेक्खं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपा उपेक्खा सेवितब्बा। तत्थ यं चे सवितक्कं सविचारं,

---

१६.''देवेन्द्र! सौमनस्य (=मन की प्रसन्नता) द्विविध होता है— एक सेवनीय दूसरा असेवनीय। देवेन्द्र! दौर्मनस्य (चित्त–खेद) भी द्विविध होता है— एक सेवनीय और दूसरा असेवनीय। उपेक्षा भी द्विविध होती है— एक सेवनीय और दूसरा असेवनीय।

१७.''देवेन्द्र! 'सौमनस्य द्विविध होता है....' यह जो कहा है, वह किस कारण कहा है? जिस सौमनस्य को जाने कि उसके सेवन से अकुशल धर्म बढ़ते हों और कुशल धर्म घटते हों वह असेवनीय है। और जिस सौमनस्य को जाने कि उसके सेवन से अकुशल धर्म घटते हैं और कुशल धर्म बढ़ते हैं, वह सौमनस्य सेवनीय है। वैसे ही उस अवस्था में सवितर्क और सविचार तथा अवितर्क और अविचार में जो अवितर्क अविचार है वही श्रेष्ठ है। देवेन्द! 'सौमनस्य द्विविध होता है....' वह इसीलिये कहा है। (क)

१८.''देवेन्द्र 'दौर्मनस्य दो प्रकार का है....' यह जो कहा है, वह किस कारण से? साधक भिक्षु जिस दौर्मनस्य के विषय में जाने कि उसके सेवन से अकुशल धर्म बढ़ते हैं....वही श्रेष्ठ है। देवेन्द 'दौर्मनस्य द्विविध....वह इसीलिये कहा है। (ख)

यं चे अवितक्कं अविचारं, ये अवितक्के अविचारे, ते पणीततरे। उपेक्खं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं। एवं पटिपन्नो खो,देवानमिन्द, भिक्खु पपञ्चसञ्ञासङ्खानिरोधसारुप्पगामिनिं पटिपदं पटिपन्नो होती'' ति। (६)

२०. इत्थं भगवा सक्कस्स देवानमिन्दस्स पञ्हं पुट्ठो ब्याकासि। अत्तमनो सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दि अनुमोदि—''एवमेतं, भगवा, एवमेतं, सुगत। [B.223] तिण्णा मेत्थ कङ्खा विगता कथङ्कथा भगवतो पञ्हवेय्याकरणं सुत्वा'' ति।

पातिमोक्खसंवरपटिपदा

२१. इतिह सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—

''कथं पटिपन्नो पन, मारिस, भिक्खु पातिमोक्खसंवराय पटिपन्नो होती'' ति?

''कायसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। वचीसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। परियेसनं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि।

''कायसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं [R.280] पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा कायसमाचारं 'इमं खो मे कायसमाचारं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपो कायसमाचारो न सेवितब्बो। तत्थ यं जञ्ञा कायसमाचारं 'इमं खो मे कायसमाचारं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपो कायसमाचारो सेवितब्बो। कायसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

---

१९. देवेन्द्र! 'उपेक्षा भी द्विविध....पूर्ववत्....। (ग)

''देवेन्द्र! इस तरह साधना करने से भिक्षु प्रपञ्चसंज्ञासङ्ख्या के निरोधमार्ग पर आरूढ़ होता है।

२०. इस प्रकार भगवान् ने देवेन्द्र शक्र द्वारा पूछे गये द्वितीय प्रश्न का उत्तर दिया। उत्तर सुनकर प्रसन्नमना देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन किया– ''ठीक है भगवन्! ठीक है सुगत! आपका उपदेश सुनने से इस विषय में मेरी सभी शङ्काएँ, मेरे सभी सन्देह (ऊहापोह) निवृत्त हो गये हैं।

प्रातिमोक्षसंवर–मार्ग– २१. यों, देवेन्द शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन कर भगवान् से आगे फिर पूछा–

''क्या करने से, भगवन्! साधक भिक्षु प्रातिमोक्षसंवर (भिक्षुसंयम) मार्ग पर आरूढ़ होता है?''

''देवेन्द्र! कायिक आचरण (कायसमाचार) दो प्रकार का होता है– सेवनीय एवं असेवनीय। वाचिक आचरण (वाक्समाचार) दो....। पर्येषण (मानसिक समाचार) द्विविध होता है– सेवनीय एवं असेवनीय।

''देवेन्द! 'कायिक आचरण....सेवनीय एवं असेवनीय'–यह जो कहा, वह किसलिये कहा? जिस कायिक आचरण के विषय में....इसलिये कहा है।

[N.210] ''वचीसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा वचीसमाचारं 'इमं खो मे वचीसमाचारं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपो वचीसमाचारो न सेवितब्बो। तत्थ यं जञ्ञा वचीसमाचारं 'इमं खो मे वचीसमाचारं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपो वचीसमाचारो सेवितत्तब्बो। वचीसमाचारं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं।

[B.224] ''परियेसनं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति खो पनेतं वुत्तं किञ्चेतं पटिच्च वुत्तं? तत्थ यं जञ्ञा परियेसनं 'इमं खो मे परियेसनं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ती' ति, एवरूपा परियेसना न सेवितब्बा। तत्थ यं जञ्ञा परियेसनं 'इमं खो मे परियेसनं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ती' ति, एवरूपा परियेसना सेवितब्बा। परियेसनं पाहं, देवानमिन्द, [R.281] दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी ति। इति यं तं वुत्तं इदमेतं पटिच्च वुत्तं। एवं पटिपन्नो खो, देवानमिन्द, भिक्खु पातिमोक्खसंवराय पटिपन्नो होती'' ति। (७)

इत्थं भगवा सक्कस्स देवानमिन्दस्स पञ्हं पुट्ठो ब्याकासि। अत्तमनो सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दि अनुमोदि—''एवमेतं, भगवा, एवमेतं, सुगत। तिण्णा मेत्थ कङ्खा विगता कथङ्कथा भगवतो पञ्हवेय्याकरणं सुत्वा'' ति।

इन्द्रियसंवरपटिपदा

२२. इतिह सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—

''कथं पटिपन्नो पन, मारिस, भिक्खु इन्द्रियसंवराय पटिपन्नो होती'' ति?

''चक्खुविञ्ञेय्यं रूपं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। सोतविञ्ञेय्यं सद्दं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। घानविञ्ञेय्यं गन्धं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। जिव्हाविञ्ञेय्यं रसं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पि। काय-[N.211] विञ्ञेय्यं फोट्ठब्बं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि— सेवितब्बं पि असेवितब्बं

'देवेन्द्र! वाचिक आचरण....पर्येषण (मनः समाचार)....इसलिये कहा है।

''देवेन्द्र! इस प्रकार के आचरण से भिक्षु प्रातिमोक्ष संवर मार्ग पर आरूढ़ होता है।''

इस प्रकार भगवान् ने देवेन्द्र शक्र के प्रश्नों का....पूर्ववत्....मेरे सभी सन्देह निवृत्त हो गये हैं।

इन्द्रियसंवर मार्ग— २२. यों देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन–अनुमोदन कर भगवान् से आगे दूसरा प्रश्न किया— ''मार्ष! क्या करने से साधक भिक्षु इन्द्रियसंवरमार्ग पर आरूढ़ होता है?''

''देवेन्द्र! चक्षु से ज्ञेय रूप दो प्रकार के होते हैं— सेवनीय एवं असेवनीय। श्रोत्र से ज्ञेय शब्द....घ्राण से ज्ञेय गन्ध....जिह्वा से ज्ञेय रस....काया से ज्ञेय स्पर्श....मन से ज्ञेयधर्म भी....असेवनीय भी।''

पि। मनोविञ्ञेय्यं धम्मं पाहं, देवानमिन्द, दुविधेन वदामि—सेवितब्बं पि असेवितब्बं पी'' ति।

एवं वुत्ते, सक्को देवानमिन्दो भगवन्तं एतदवोच—''इमस्स खो अहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामि—यथारूपं, भन्ते, चक्खुविञ्ञेय्यं रूपं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ति, एवरूपं चक्खुविञ्ञेय्यं रूपं न सेवितब्बं। यथारूपं च खो, भन्ते, चक्खुविञ्ञेय्यं रूपं सेवतो अकुसला धम्मा [B.225] परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, एवरूपं चक्खुविञ्ञेय्यं रूपं सेवितब्बं। यथारूपं च खो, भन्ते, सोतविञ्ञेय्यं सद्दं सेवतो ....पे० ....घानविञ्ञेय्यं गन्धं सेवतो .... [R.282] जिव्हाविञ्ञेय्यं रसं सेवतो .... कायविञ्ञेय्यं फोट्ठब्बं सेवतो .... मनोविञ्ञेय्यं धम्मं सेवतो अकुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, कुसला धम्मा परिहायन्ति, एवरूपो मनोविञ्ञेय्यो धम्मो न सेवितब्बो। यथारूपं च खो, भन्ते, मनोविञ्ञेय्यं धम्मं सेवतो अकुसला धम्मा परिहायन्ति, कुसला धम्मा अभिवड्ढन्ति, एवरूपो मनोविञ्ञेय्यो धम्मो सेवितब्बो। इमस्स खो मे, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानतो तिण्णा मेत्थ कङ्खा, विगता कथङ्कथा, भगवतो पञ्हवेय्याकरणं सुत्वा'' ति। (८)

नानाधातुलोको

२३. इतिह सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं उत्तरिं पञ्हं अपुच्छि—

''सब्बेव नु खो, मारिस, समणब्राह्मणा एकन्तवादा एकन्तसीला एकन्तच्छन्दा एकन्तअज्झोसाना'' ति?

''नो खो, देवानमिन्द, सब्बे समणब्राह्मणा एकन्तवादा एकन्तसीला एकन्तच्छन्दा एकन्तअज्झोसाना'' ति।

(भगवान् द्वारा) ऐसा कहने पर, देवेन्द्र शक्र ने भगवान् से कहा— ''भन्ते! मैं भगवान् से इस संक्षिप्त उपदेश का अर्थ विस्तार से यों समझता हूँ—

''भन्ते! जिस चक्षुर्ज्ञेय रूप का सेवन करने से अकुशल धर्मों का प्रहाण होता हो, कुशल धर्मों की वृद्धि होती हो वह सेवनीय है और....सेवन से अकुशल धर्मों की वृद्धि एवं कुशल धर्मों का ह्रास होता है, वह असेवनीय है। 'जिस श्रोत्रविज्ञेय शब्द से....। 'जिस घ्राणविज्ञेय गन्ध से....। 'जिस जिह्वाविज्ञेय रस से....। 'जिस कायविज्ञेय स्प्रष्टव्य से....। 'जिस मनोविज्ञेय धर्म से....।

''भन्ते! मैं आपके इस संक्षिप्त उपदेश का अर्थ यों विस्तारपूर्वक समझ पाया हूँ। अब इस विषय में आप का उत्तर सुनकर मेरी सभी शङ्काएँ एवं सन्देह दूर हो गये हैं।

नानाधातुलोक— २३. यों देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन अनुमोदन कर भगवान् से आगे प्रश्न किया—

''मार्ष! क्या सभी श्रमण–ब्राह्मण एक ही सिद्धान्त के प्रतिपादक, एक (समान) ही शील का आचरण करने वाले, एक ही विचार के मानने वाले (समान विचारक) होते हैं?''

''देवेन्द्र! सभी श्रमण–ब्राह्मण एक ही सिद्धान्त के....नहीं हैं।''

''मार्ष! सभी श्रमण–ब्राह्मण एक ही सिद्धान्त के....क्यों नहीं है?'

"कस्मा पन, मारिस, न सब्बे समणब्राह्मणा एकन्तवादा एकन्तसीला एकन्तच्छन्दा एकन्तअज्झोसाना" ति?

[N.212] "अनेकधातु नानाधातु खो, देवानमिन्द, लोको। तस्मिं अनेकधातुनानाधातुस्मिं लोके यं यदेव सत्ता धातुं अभिनिविसन्ति तं तदेव थामसा परामासा अभिनिविस्स वोहरन्ति— 'इदमेव सच्चं, मोघमञ्ञं' ति। तस्मा न सब्बे समणब्राह्मणा एकन्तवादा एकन्तसीला एकन्तच्छन्दा एकन्तअज्झोसाना" ति।

"सब्बेव नु खो, मारिस, समणब्राह्मणा अच्चन्तनिट्ठा अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्त-ब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसाना" ति?

[R.283] "न खो, देवानमिन्द, सब्बे समणब्राह्मणा अच्चन्तनिट्ठा अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्त-ब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसाना" ति।

[B.226] "कस्मा पन, मारिस, न सब्बे समणब्राह्मणा अच्चन्तनिट्ठा अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्तब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसाना" ति?

"ये खो, देवानमिन्द, भिक्खू तण्हासङ्खयविमुत्ता ते अच्चन्तनिट्ठा अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्तब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसाना। तस्मा न सब्बे समणब्राह्मणा अच्चन्तनिट्ठा अच्चन्तयोगक्खेमी अच्चन्तब्रह्मचारी अच्चन्तपरियोसाना" ति।

इत्थं भगवा सक्कस्स देवानमिन्दस्स पञ्हं पुट्ठो ब्याकासि। अत्तमनो सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दि अनुमोदि—"एवमेतं, भगवा, एवमेतं सुगत। तिण्णा मेत्थ कङ्खा विगता कथङ्कथा पञ्हवेय्याकरणं सुत्वा" ति।

२४. इतिह सक्को देवानमिन्दो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा भगवन्तं एतदवोच—

"एजा, भन्ते, रोगो, एजा गण्डो, एजा सल्लं, एजा इमं पुरिसं परिकड्ढति तस्स तस्सेव

"देवेन्द्र! संसार के सभी लोगों के अनेक एवं भिन्न-भिन्न शारीरिक धातुओं के बने रहने के कारण, जो जीव जिस धातु का बना (अभिनिविष्ट) रहता है, उसी को हठपूर्वक दृढ़तापूर्वक अभिनिवेश (आग्रह) करके ग्रहण कर लेता है— 'यही सच्चा है, अन्य सब मिथ्या हैं'। इसीलिए सभी श्रमण, ब्राह्मण एक सिद्धान्त के प्रतिपादक नहीं हो पाते।"

"मार्ष! क्या सभी श्रमण-ब्राह्मण अत्यन्त निष्ठावान्, अत्यन्त योगक्षेमी, अत्यन्त ब्रह्मचारी, अत्यन्त पर्यवसान (लक्ष्य) वाले हैं?"

"नहीं, देवेन्द्र! सभी....अत्यन्त निष्ठावान्....नहीं हैं।"

"मार्ष! सभी....अत्यन्त निष्ठावान्....क्यों नहीं है?"

"देवेन्द्र! क्योंकि जो तृष्णा के विचार (सङ्ख्या) से विमुक्त हैं, वे ही अत्यन्त निष्ठावान् हैं। अतः सभी श्रमण-ब्राह्मण अत्यन्त निष्ठावान्....नहीं हैं।"

यों भगवान् ने देवेन्द्र शक्र के प्रश्न का उत्तर दिया। सन्तुष्ट होकर देवेन्द्र शक्र ने भगवान् के भाषण का अभिनन्दन-अनुमोदन किया।....सन्देह दूर हुए।

२४. देवेन्द्र शक्र ने....भगवान् से यों कहा—

भवस्स अभिनिब्बत्तिया। तस्मा अयं पुरिसो उच्चावचमापज्जति। येसाहं, भन्ते, पञ्हानं इतो बहिद्धा अञ्ञेसु समणब्राह्मणेसु ओकासकम्मं पि नालत्थं ते मे भगवता ब्याकता। दीघरत्तानुसयितं च पन मे विचिकिच्छाकथङ्कथासल्लं, तं च भगवता अब्बुळ्हं'' ति। (९)

अञ्ञे समणब्राह्मणा

''अभिजानासि नो त्वं, देवानमिन्द, इमे पञ्हे अञ्ञे समणब्राह्मणे पुच्छिता'' ति?

''अभिजानामहं, भन्ते, इमे पञ्हे अञ्ञे समणब्राह्मणे पुच्छिता'' ति। [N.213]

''यथा कथं पन ते, देवानमिन्द, ब्याकंसु? सचे ते अगरु भासस्सू'' ति।

''न खो मे, भन्ते, गरु यत्थस्स भगवा निसिन्नो भगवन्तरूपो चा'' ति।

''तेन हि, देवानमिन्द, भासस्सू'' ति।

''येस्वाहं, भन्ते, मञ्ञामि समणब्राह्मणा आरञ्ञिका पन्तसेनासना ति, त्याहं उपसङ्कमित्वा इमे पञ्हे पुच्छामि। ते मया पुट्ठा न सम्पायन्ति। असम्पायन्ता ममं येव पटिपुच्छन्ति—'को नामो आयस्मा' ति? तेसाहं पुट्ठो ब्याकरोमि—'अहं खो, मारिस, सक्को देवानमिन्दो' ति। ते ममं येव उत्तरि पटिपुच्छन्ति—'किं पनायस्मा, देवानमिन्द, कम्मं कत्वा इमं ठानं पत्तो' ति? तेसाहं यथासुतं यथापरियत्तं धम्मं देसेमि। ते तावतकेनेव [B.227] अत्तमना होन्ति—'सक्को च नो देवानमिन्दो दिट्ठो, यं च नो अपुच्छिम्हा तं च नो ब्याकासी' ती। ते अञ्ञदत्थु ममं येव सावका सम्पज्जन्ति न चाहं तेसं। अहं खो पन, भन्ते, भगवतो सावको सोतापन्नो अविनिपातधम्मो नियतो सम्बोधिपरायणो'' ति। (१०)

''भन्ते! तृष्णा (एजा) रोग है, व्रण है, शल्य रूप है। यह तृष्णा ही पुरुष को उन योनियों में ले जाने के लिये खींचती है। इसी के कारण ही पुरुष की हानि या वृद्धि होती रहती है।

''भन्ते! जिन प्रश्नों का उत्तर मैं दूसरे श्रमण ब्राह्मणों से नहीं पा सकता था, उन्हें भगवान् ने बहुत ही सरलता से समझा दिया। मेरी सभी शङ्काएँ, सभी ऊहापोह (द्वैविध्य) जो बहुत समय से नष्ट नहीं हो रहे थे, उन्हें आज आपने दूर कर दिया।

दूसरे श्रमण–ब्राह्मण– देवेन्द्र! क्या तुमने कभी पहले भी किसी अन्य श्रमण–ब्राह्मण से ये प्रश्न पूछे थे?''

''हाँ, भन्ते! पूछे तो थे।''

''यदि, देवेन्द्र! तुम्हें कोई भार न हो तो, उनका दिया हुआ उत्तर हमें भी सुनाओ।''

''भन्ते! जहाँ आप जैसे भगवान् (सर्वसमर्थ) बैठे हों वहाँ मुझे भारी क्या होगा!''

''तो, देवेन्द्र! सुनाओ।''

''भन्ते! जो श्रमण–ब्राह्मण निर्जन, एकान्त वन प्रदेश में वास करते थे, जिन्हें मैं समझता कि वे विद्वान् हैं, उन के पास जाकर मैं पूछता था। पूछने पर वे मुझे सन्तुष्ट न कर पाते। अपितु, इनका उत्तर मुझ से ही पूछने लगते थे कि ''आप कौन हैं?'' मैं उत्तर देता था– 'मार्ष! मैं देवेन्द्र शक्र हूँ।' तब वे फिर मुझसे पूछते थे– 'आयुष्मन् देवेन्द्र! आपने क्या पुण्य कर्म या क्या साधना करके यह स्थान पाया है?' तब मैं उनको यथाज्ञान यथाशक्ति आपसे सुने धर्म का उपदेश करता था। वे उतने से ही सन्तुष्ट हो जाते कि हमने देवेन्द्र शक्र से साक्षात्कार किया है और उनसे संवाद किया है। यों वे ही उलटकर मेरे शिष्य (श्रावक) बन जाते थे, मैं उनका श्रावक क्या बनता! भन्ते! मैं तो भगवान् (आप) का स्रोतआपन्न, कभी भी हीनयोनि में न गिरने वाला (अभिनिपातधर्मा) नियत सम्बोधिमार्ग पर आरुढ़ श्रावक हूँ।

सक्कस्स सोमनस्सपटिलाभस्स छ अत्थवसा

२५. "अभिजानासि नो त्वं, देवानमिन्द, इतो पुब्बे एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्स-पटिलाभं" ति?

[R.285] "अभिजानामहं, भन्ते, इतो पुब्बे एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्सपटिलाभं" ति।

"यथा कथं पन त्वं, देवानमिन्द, अभिजानासि इतो पुब्बे एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्सपटिलाभं" ति?

"भूतपुब्बं, भन्ते, देवासुरसङ्गामो समुपब्यूळ्हो अहोसि। तस्मिं खो पन, भन्ते, सङ्गामे देवा जिनिंसु, असुरा पराजिंसु। तस्स मय्हं, भन्ते, तं सङ्गामं अभिविजिनित्वा विजितसङ्गामस्स [N.214] एतदहोसि—'या चेव दानि दिब्बा ओजा या च असुरा ओजा उभयमेतं देवा परिभुञ्जिस्सन्ती' ति। सो खो पन मे, भन्ते, वेदपटिलाभो सोमनस्सपटिलाभो सदण्डावचरो ससत्थावचरो, न निब्बिदाय न विरागाय न निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। यो खो पन मे अयं, भन्ते, भगवतो धम्मं सुत्वा वेदपटिलाभो सोमनस्सपटिलाभो सो अदण्डावचरो असत्थावचरो एकन्तनिब्बिदाय विरागाय निरोधाय उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तती" ति।

२६. "किं पन त्वं, देवानमिन्द, अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्सपटिलाभं पवेदेसी" ति?

"छ खो अहं, भन्ते, अत्थवसे सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्सपटिलाभं पवेदेमि।

"इधेव तिट्ठमानस्स, देवभूतस्स मे सतो।
पुनरायु च मे लद्धो, एवं जानाहि, मारिस॥

[B.228, R.286] "इमं खो अहं, भन्ते, पठमं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्सपटिलाभं पवेदेमि। (१)

शक्र की सौमनस्यप्राप्ति के छह कारण— २५. (भगवान् ने पूछा—) "देवेन्द्र! क्या तुम्हें इससे पूर्व भी कभी ऐसा सन्तोष एवं सौमनस्य मिला था। कुछ स्मरण है?"

"हाँ, भन्ते! इससे पूर्व भी मुझे ऐसा सन्तोष तथा सौमनस्य हो चुका है— ऐसा मुझे श्रवण है।"

"यदि...तुम्हें स्मरण है तो हमें भी उस विषय में बताओ?"

"भन्ते! बहुत दिन हुए कि एक देवासुरसंग्राम हुआ था। उस संग्राम में देवों की विजय हुई और असुरों की पराजय। उस संग्राम को जीतकर मेरे मन में यह हुआ कि अब जो दिव्य ओज और असुर ओज है, दोनों का देव लोग ही उपभोग करेंगे। भन्ते! मेरा वह सन्तोष और सौमनस्य युद्ध के विषय में था, निर्वेद के लिये नहीं, न विराग के लिये, न निरोध या शान्ति के लिये, न ज्ञान, सम्बोधि या निर्वाण के लिये। भन्ते! अब जो यह भगवान् का धर्मोपदेश सुनकर सन्तोष एवं सौमनस्य हुआ है वह युद्धविषयक नहीं, अपितु निर्वेद...निर्वाण के लिये है।"

२६. "देवेन्द्र! क्या देख कर कह रहे हो कि तुमने ऐसा सौमनस्य एवं सन्तोष पाया?"

"भन्ते! छह बातों को देखकर कह रहा हूँ कि मैंने ऐसा सन्तोष एवं सौमनस्य पाया। जैसे—

"मार्ष! देवरूप में रहते-रहते ही मैंने फिर आयु प्राप्त की है, इस प्रकार आप जानें।"

"चुताहं दिविया काया, आयुं हित्वा अमानुसं।
अयूळ्हो गब्भमेस्सामि, यत्थ मे रमती मनो॥

"इमं खो अहं, भन्ते, दुतियं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्स-पटिलाभं पवेदेमि। (२)

"स्वाहं अमूळ्हपञ्ञस्स, विहरं सासने रतो।
ञायेन विहरिस्सामि, सम्पजानो पटिस्सतो॥

"इमं खो अहं, भन्ते, ततियं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्स-पटिलाभं पवेदेमि। (३)

"ञायेन मे चरतो च, सम्बोधि चे भविस्सति।
अञ्ञाता विहरिस्सामि, स्वेव अन्तो भविस्सति॥

"इमं खो अहं, भन्ते, चतुत्थं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्स-पटिलाभं पवेदेमि। (४)

"चुताहं मानुसा काया, आयुं हित्वान मानुसं।
पुन देवो भविस्सामि, देवलोकम्हि उत्तमो॥

"इमं खो अहं, भन्ते, पञ्चमं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं [N.215] सोमनस्सपटिलाभं पवेदेमि। (५)

"ते पणीततरा देवा, अकनिट्ठा यसस्सिनो।
अन्तिमे वत्तमानम्हि, सो निवासो भविस्सति॥

"इमं खो अहं, भन्ते, छट्ठं अत्थवसं सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं [R.287] सोमनस्सपटिलाभं पवेदेमि। (६)

"इमे खो अहं, भन्ते, छ अत्थवसे सम्पस्समानो एवरूपं वेदपटिलाभं सोमनस्स-पटिलाभं पवेदेमि।

"भन्ते! यह पहला कारण है जिसके कारण मैंने ऐसा....। (१)

"दिव्य आयु के क्षीण होने पर इस शरीर से च्युत होकर, मैं अपनी इच्छानुसार जहाँ मन होगा उसी गर्भ में प्रवेश–करूँगा।

"भन्ते! इस दूसरे कारण से मैंने ऐसा सन्तोष....। (२)

"ऐसा मैं तथागत के धर्मानुशासन में रत रहकर स्मृतिमान् तथा सावधान होकर ज्ञानपूर्वक विहार करूँगा।

"भन्ते! यह तीसरा कारण है जिस के सहारे मैंने ऐसा....। (३)

"ज्ञानपूर्वक आचरण करते हुए मुझे सम्बोधि प्राप्त होगी। मैं परमार्थ जानता हुआ साधना करूँगा– यही इसका अन्त होगा।

"भन्ते! यह चौथा प्रयोजन है जिसके कारण मैंने ऐसा....। (४)

"तब उस मानव देह से च्युत होकर मैं पुनः देवलोक में जाकर उत्तम देव बनूँगा।

"भन्ते! यह पाँचवाँ कारण है जिसके कारण मैं ऐसा....। (५)

"अकनिष्ठ नामक देवलोक के वासी यशस्वी देवों में मेरा अन्तिम जन्म होगा।

[B.229] २७. "अपरियोसितसङ्कप्पो, विचिकिच्छो कथङ्कथी।
विचरिं दीघमद्धानं, अन्वेसन्तो तथागतं॥
"यस्सु मञ्ञामि समणे, पविवित्तविहारिनो।
सम्बुद्धा इति मञ्ञानो, गच्छामि ते उपासितुं॥
"कथं आराधना होति, कथं होति विराधना?
इति पुट्ठा न सम्पायन्ति, मग्गे पटिपदासु च॥
"त्यस्सु यदा मं जानन्ति, सक्को देवानमागतो।
त्यस्सु ममेव पुच्छन्ति, किं कत्वा पापुणी इदं?
"तेसं यथासुतं धम्मं, देसयामि जनेसुतं।
तेन अत्तमना होन्ति, दिट्ठो नो वासवो ति च॥
"यदा च बुद्धमद्दक्खिं, विचिकिच्छावितारणं।
सोम्हि वीतभयो अज्ज, सम्बुद्धं पयिरुपासिय॥
"तण्हासल्लस्स हन्तारं, बुद्धं, अप्पटिपुग्गलं।
अहं वन्दे महावीरं, बुद्धमादिच्चबन्धुनं॥
[R.288] "यं करोमसि ब्रह्मुनो, समं देवेहि मारिस।
तदज्ज तुय्हं दस्साम, हन्द सामं करोम ते॥
"त्वमेव असि सम्बुद्धो, तुवं सत्था अनुत्तरो।
सदेवकस्मिं लोकस्मिं, नत्थि ते पटिपुग्गलो" ति॥

"भन्ते! यह छठा कारण है जिसके कारण मैं ऐसा....। (६)

"भन्ते! इन्हीं छह कारणों को देखकर मैंने ऐसा सन्तोष और सौमनस्य अनुभव किया।

२७. "तथागत के अन्वेषण में मैं बहुत समय तक अपूर्णसङ्कल्प रहते हुए नाना शङ्काओं और ऊहापोहों में डूबते–उतराते हुए भटक रहा था।

"एकान्त वास करने वाले साधारण श्रमणों को भी मैं सम्बुद्ध समझकर (उनसे ज्ञानप्राप्ति हेतु) उनकी उपासना (सेवा) में जाता था।

"किन्तु– 'मोक्ष–प्राप्ति का क्या उपाय है'– यह पूछने पर न तो वे मुझे कोई सत्य मार्ग बता पाते थे, न कोई सरल सा उपाय ही।

"उलटे– जब उन्हें ज्ञात होता कि मैं शक्र हूँ, तो मुझसे ही पूछने लगते कि मैंने यह दिव्य पद एवं रूप किस तरह प्राप्त किया है?

"भगवान्! जब मैंने यथाशक्ति यथाज्ञान उन लोगों को उपदेश किया तो वे सन्तुष्ट हो गये कि हमने इन्द्र को देख लिया।

"इधर, जब मैंने सभी शङ्का–सन्देहों के विनाशक भगवान् बुद्ध को देखा तो मैं आज उनकी उपासना कर निर्भय हो गया हूँ।

"यह मैं, तृष्णारूपी शल्य के उद्धर्ता, असाधारण, सूर्यवंश में उत्पन्न (तेजस्वी), महावीर बुद्ध को प्रणाम करता हूँ।

"मार्ष! आज तक जो मैं अपने देवों के साथ ब्रह्मा को प्रणाम करता था, वह मैं अब आप को

२८. अथ खो सक्को देवानमिन्दो पञ्चसिखं गन्धब्बपुत्तं आमन्तेसि—[N.216] "बहूपकारो खो मेसि त्वं, तात पञ्चसिख, यं त्वं भगवन्तं पठमं पसादेसि। तया, तात, पठमं पसादितं पच्छा मयं तं भगवन्तं दस्सनाय उपसङ्कमिम्हा अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं। [B.230] पेत्तिके वा ठाने ठपयिस्सामि, गन्धब्बराजा भविस्ससि, भद्दं च ते सुरियवच्छसं दम्मि। सा हि ते अभिपत्थिता" ति।

अथ खो सक्को देवानमिन्दो पाणिना पथविं परामसित्वा तिक्खत्तुं उदानं उदानेसि—

"नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्सा" ति।

इमस्मिं च पन वेय्याकरणस्मिं भञ्ञमाने सक्कस्स देवानमिन्दस्स विरजं वीतमलं धम्मचक्खुं उदपादि—"यं किञ्चि समुदयधम्मं सब्बं तं निरोधधम्मं" ति। अञ्ञेसं च [R.289] असीतिया देवतासहस्सानं।

इति ये सक्केन देवानमिन्देन अज्झिट्ठपञ्हा पुट्ठा ते भगवता ब्याकता; तस्मा इमस्स वेय्याकरणस्स सक्कपञ्हा त्वेव अधिवचनं ति।

सक्कपञ्हसुत्तं निट्ठितं अट्ठमं॥

ही प्रणाम करूँगा। आप ही सम्यक्सम्बुद्ध हैं, आप ही अनुपम उपदेशक (शास्ता) हैं, देवताओं सहित समग्र लोकों में आपके समान अन्य कोई भी नहीं है।"

२८. तब देवेन्द्र शक्र ने देवपुत्र पञ्चशिख गन्धर्व को सम्बोधित किया— "तात पञ्चशिख! आपने मेरा बहुत उपकार किया कि आपने पहले अपने सङ्गीत के प्रभाव से भगवान् को प्रसन्न किया। आपके प्रसन्न कर देने पर ही हम भगवान् के सम्मुख आने का साहस कर सके। आज से मैं आपको अपने पिता के (समान आदरणीय) स्थान पर रखूँगा। आज से मैं आपको 'गन्धर्वराज' पद पर प्रतिष्ठित करता हूँ और भद्रा सूर्यवर्चसा को आपको सौंपता हूँ जो कि आपको अत्यधिक प्रिय है।

तब देवराज शक्र ने हाथ से तीन वार पृथ्वी को छूकर तीन बार यह भगवत्प्रणामरूप हृदयोद्गार प्रकट किया—

"उस भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम है"....।

इतना कहते–कहते देवेन्द्र शक्र को यह निर्दोष, निर्मल धर्मचक्षु उत्पन्न हो गया कि "जो कुछ समुदय (उत्पन्न होने वाला) धर्म है, वह सब निरोध (नष्ट होने वाला) धर्म है।

इसी तरह साथ आये अस्सी हजार देवताओं को भी यह धर्म चक्षु उत्पन्न हो गया।

इस प्रकार भगवान् ने देवेन्द्र शक्र द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों का उत्तर दे दिया, अतः इस सूत्र का नाम 'शक्रप्रश्न' (सक्कपञ्ह) पड़ा ॥

आठवाँ शक्रप्रश्नसूत्र समाप्त॥

९. महासतिपट्ठानसुत्तं

१. उद्देसो

[N.217, B.231, R.290] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा कुरूसु विहरति कम्मासधम्मं नाम कुरूनं निगमो। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चसोसुं। भगवा एतदवोच—

२. "एकायनो अयं, भिक्खवे, मग्गो सत्तानं विसुद्धिया, सोकपरिदेवानं समतिक्कमाय, दुक्खदोमनस्सानं अत्थङ्गमाय, ञायस्स अधिगमाय, निब्बानस्स सच्छिकिरियाय—यदिदं चत्तारो सतिपट्ठाना।

"कतमे चत्तारो? इध, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं। वेदनासु वेदनानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं। चित्तं चित्तानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं। धम्मेसु धम्मानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं।

२. कायानुपस्सना

(क) आनापानस्सति

[R.291] ३. "कथं च पन, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति? इध भिक्खवे, भिक्खु अरञ्ञगतो वा रुक्खमूलगतो वा सुञ्ञागारगतो वा निसीदति पल्लङ्कं आभुजित्वा, उजुं

---

९. महासतिपट्ठानसुत्त

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) कुरुप्रदेश के कम्मासधम्म नामक कुरुवासियों के एक निगम (कस्बा) में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को 'भिक्षुओ' कहकर अपने पास बुलाया। भिक्षुओं ने भी "भन्ते! आज्ञा करें"— कहकर प्रत्युत्तर दिया।

१. चार स्मृतिप्रस्थान (संक्षिप्त संकेत)

२. उस समय भगवान् ने भिक्षुओं का यह उपदेश किया— "भिक्षुओ! इन चार (नीचे लिखे) स्मृतिप्रस्थानों की भावना ही प्राणियों की चित्त–विशुद्धि के लिये, शोक आदि से छुटकारा दिलाने के लिये, दु:ख–दौर्मनस्य के पूर्णतः अतिक्रमण के लिये, सत्यमार्ग की प्राप्ति के लिये एवं निर्वाण की अधिगति के लिये एकमात्र मार्ग (एक अयन) है।

"कौन से चार? (१) यहाँ (मेरे इस सद्धर्म में दीक्षित) कोई भिक्षु इस शरीर के अङ्गों को ही शरीर की वास्तविकता समझते हुए (=काये कायानुपश्यी), उद्योगशील, अनुभव एवं ज्ञान से युक्त, स्मृतिसम्पन्न रहता हुआ लोभ (शरीर) सम्बन्धी लोग और दु:ख–दौर्मनस्य का संवरण कर अभ्यास करता है। (२) वेदनाओं में वेदनानुपश्यी होते हुए....अभ्यास करता है। (३) चित्त में चित्तानुपश्यी होते हुए....अभ्यास करता है। (४) धर्म में धर्मानुपश्यी होते हुए....अभ्यास करता है।

२. कायानुपश्यना

(क) **आनापानस्मृति**— ३. "कैसे, भिक्षुओ! कोई साधक भिक्षु काया में कायानुपश्यी होकर अभ्यास करता है? भिक्षुओ! वह भिक्षु वन में जाकर या वृक्षों के नीचे या किसी शून्य आवास में आसन लगाकर, शरीर

कायं पणिधाय, परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा। सो सतो व अस्ससति, सतो व पस्ससति। दीघं वा अस्ससन्तो 'दीघं अस्ससामी' ति पजानाति, दीघं वा पस्ससन्तो 'दीघं पस्ससामी' ति पजानाति। रस्सं वा अस्ससन्तो 'रस्सं अस्ससामी' ति पजानाति, रस्सं वा पस्ससन्तो 'रस्सं पस्ससामी' ति पजानाति। सब्बकायपटिसंवेदी अस्ससिस्सामी ति सिक्खति, 'सब्बकायपटिसंवेदी पस्ससिस्सामी' ति सिक्खति। 'पस्सम्भयं कायसङ्खारं अस्ससिस्सामी' ति सिक्खति, [B.232] 'पस्सम्भयं कायसङ्खारं पस्ससिस्सामी' ति सिक्खति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे दक्खो भमकारो वा भमकारन्तेवासी वा दीघं वा [N.218] अञ्छन्तो 'दीघं अञ्छामी' ति पजानाति, रस्सं वा अञ्छन्तो 'रस्सं अञ्छामी' ति पजानाति; एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु दीघं वा अस्ससन्तो 'दीघं अस्ससामी' ति पजानाति; दीघं वा पस्ससन्तो 'दीघं पस्ससामी' ति पजानाति, रस्सं वा अस्ससन्तो 'रस्सं अस्ससामी' ति पजानाति, रस्सं वा पस्ससन्तो 'रस्सं पस्ससामी' ति पजानाति; 'सब्बकायपटिसंवेदी अस्ससिस्सामी' ति सिक्खति, 'सब्बकायपटिसंवेदी पस्ससिस्सामी' ति सिक्खति, 'पस्सम्भयं कायसङ्खारं अस्ससिस्सामी' ति सिक्खति, 'पस्सम्भयं कायसङ्खारं पस्ससिस्सामी' ति सिक्खति। [R.292] इति अज्झत्तं वा काये कायानुपस्सी विहरति, बहिद्धा वा काये कायानुपस्सी विहरति, अज्झत्तबहिद्धा वा काये कायानुपस्सी विहरति, समुदयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, वयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, समुदयवयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, अत्थि कायो ति वा पनस्स सति पच्चुपट्ठिता होति। यावदेव ञाणमत्ताय पटिस्सतिमत्ताय अनिस्सितो च विहरति, न च किञ्चि लोके उपादियति। एवं पि खो, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति।

को सीधा कर एवं स्मृति को सामने रखकर अभ्यास करता है। वह स्मृतियुक्त रहते हुए ही श्वास लेता–छोड़ता है। वह लम्बी श्वास लेता हुआ 'लम्बी श्वास ले रहा हूँ'– यह जानता है। लम्बी श्वास छोड़ते समय 'लम्बी श्वास छोड़ता हूँ'– यह जानता है। छोटी श्वास लेता हुआ.... छोटी श्वास छोड़ते समय 'छोटी श्वास छोड़ रहा हूँ'– यह जानता है। 'समग्र काया (शरीर) का अनुभव करते हुए श्वास लूँगा'– यह अभ्यास करता है। 'समग्र काया को अनुभव करते हुए श्वास छोडूँगा'– यह अभ्यास करता है। 'काया के संस्कार (गति या क्रिया) को शान्त करता हुआ श्वास लूँगा'– यह अभ्यास करता है। 'काया के संस्कार को शान्त करता हुआ श्वास छोडूँगा'– यह अभ्यास करता है।

''भिक्षुओ! जैसे कुशल भ्रमकार (बढ़ई) या उसका कोई शिष्य लकड़ी को अधिक काटता हुआ जानता है कि वह अधिक काट रहा है, कम काटता हुआ भी जानता है कि वह कम काट रहा है; इसी तरह, भिक्षुओ! लम्बा या छोटा श्वास लेता हुआ योगावचर भिक्षु 'लम्बी श्वास लेता हूँ'– यह जानता है,.... छोटी श्वास लेता हुआ भी जानता है....'समग्र काया को अनुभव करते हुए श्वास छोडूँगा'– यह अभ्यास करता है। इस प्रकार काया के आन्तरिक भाग....बाह्य भाग....आन्तरिक और बाह्य भाग में....अभ्यास करता है। काया के समुदय (उत्पत्ति) धर्म को समझता हुआ अभ्यास करता है, काया के व्यय (नाश) धर्म को....। इसकी 'काया है'– यह स्मृति इसके ज्ञान और स्मृति को पाने के लिये उपस्थित रहती है। यह तृष्णा आदि से निरपेक्ष रहकर लोक में विचरण करता है। यह 'मैं' 'मेरा'– ऐसा भाव कहीं नहीं रखता। इस तरह भी, भिक्षुओ! वह योगावचर भिक्षु काया में कायानुपश्यना करता हुआ अभ्यास करता है।

(ख) इरियापथस्सति

४. ''पुन च परं, भिक्खवे, गच्छन्तो वा 'गच्छामी' ति पजानाति, ठितो वा 'ठितोम्ही' ति पजानाति, निसिन्नो वा 'निसिन्नोम्ही' ति पजानाति, सयानो वा 'सयानोम्ही' ति पजानाति। यथा यथा वा पनस्स कायो पणिहितो होति, तथा तथा नं पजानाति। इति अज्झत्तं वा काये [B.233] कायानुपस्सी विहरति, बहिद्धा वा काये कायानुपस्सी विहरति, अज्झत्तबहिद्धा वा काये कायानुपस्सी विहरति, समुदयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, वयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, समुदयवयधम्मानुपस्सी वा कायस्मिं विहरति, अत्थि कायो ति वा पनस्स सति पच्चुपट्ठिता होति। यावदेव ञाणमत्ताय पटिस्सतिमत्ताय अनिस्सितो च विहरति, न च किञ्चि लोके उपादियति। एवं पि खो, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति।

(ग) सम्पजानकारी

